***236. श्री विलास मुत्तेमवार:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने सरकारी अस्पतालों द्वारा विशेषकर दिल्ली में प्रसव के समय निर्धन गर्भवती महिलाओं को दाखिल करने से इंकार करने के कारण उनके समक्ष आ रही कठिनाइयों पर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत दो वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान लेडी हार्डिंग अस्पताल सहित अस्पताल-वार ऐसी कितनी घटनाओं का पता चला है; और

(ग) सरकार द्वारा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए क्या सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) से (ग) चूंकि स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए ऐसी कोई सूचना केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखी जाती है। जहां तक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान तथा दिल्ली में स्थित केन्द्र सरकार के अस्पतालों अर्थात सफदरजंग अस्पताल, लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज एवं संबंद्ध अस्पतालों का संबंध है। अस्पतालों में आने वाली सभी गर्भवती महिलाओं का चिकित्सीय उपचार किया जाता है। इन अस्पतालों में उपचार के लिए आने वाली किसी गर्भवती महिला को दाखिला देने से इनकार करने का कोई मामला नहीं है। तथापि, सुचेता कृपलानी अस्पताल में एक मामला ऐसा था जिसमें किसी रोगी ने स्त्री रोग इमरजेंसी के फर्श पर बच्चे को जन्म दिया। प्राधिकारी द्वारा की गई जांच से प्रकट हुआ कि रोगी 5.12.2011 को प्रातः 11.30 बजे स्त्री

रोग कैजुअल्टी में आई। यह अस्पताल में उसका पहला आगमन था। उस समय दाखिले के लिए प्रतीक्षारत बड़ी संख्या प्रसवाधीन गर्भवती महिलाएं थी। इस प्रक्रिया के दौरान, रोगी ने 12.20 बजे अपराह्न में पूर्वसूचना के बगैर बच्चे को जन्म दे दिया। उसकी स्त्री रोग केजुअल्टी के चिकित्सा अधिकारी द्वारा तत्काल ही परिचर्या की गई तथा मां और बच्चे को प्रसव कक्ष में दाखिल किया गया। उन्हें सभी आवश्यक चिकित्सा परिचर्या प्रदान की गई। रोगी को उसके स्वस्थ बच्चे के साथ डिस्चार्ज कर दिया गया। यह घटना गर्भवती महिलाओं की भीड़भाड़ की वजह से हुई न कि अस्पताल प्राधिकरण द्वारा दाखिला देने से इनकार किए जाने के कारण।

गर्भवती महिलाओं को उचित समय पर प्रसवपूर्व जांच के लिए तथा अस्पताल में रिपोर्ट करने की सलाह दी जाती है, यदि वे प्रसवाधीन होती हैं। तथापि, कभी-कभी क्षमता के इष्टम उपयोग एवं एकल बिस्तर पर दो रोगियों को जगह देने के बावजूद, रिक्त बिस्तर सर्वदा उपलब्ध नहीं रहते हैं। इसलिए केवल बुक की गई गर्भवती महिलाओं को पहले आओ, पाओ आधार पर दाखिला दिया जाता है। उपर्युक्त अस्पतालों में अग्रवर्ती चरण के प्रसव एवं प्रसूति आपात स्थितियों वाली रोगियों का पहले उपचार किया जाता है तथा स्थिति स्थिर होने के बाद उन्हें एक डॉक्टर के साथ अस्पताल की एम्बूलेंस में निकटवर्ती अस्पतालों मे भेजा जाता है।

उपर्युक्त अस्पतालों जो तृतीयक एवं द्वितीयक स्तरीय अस्पताल हैं, में रेफरल अस्पतालों से रेफर किए गए जटिल मामलों को ही नेमी रोगियों की अपेक्षा प्राथमिकता दी जाती है।

पान मसाला में हानिकारक पदार्थ

***237. श्री हंसराज गं. अहीरः**
श्री रमेश बैसः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में पान मसाला और धुआंरहित अन्य तम्बाकू उत्पादों मे विभिन्न पदार्थों के लिए कोई मानदंड और सीमा निर्धारित की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या पान मसाला तथा धुआंरहित अन्य तम्बाकू उत्पादों में निर्धारित मानदंड/अनुमत्य स्तर से अधिक मात्रा में तम्बाकू तथा अन्य हानिकारक पदार्थ पाए गए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उत्पादों का विनिर्माण करने वाली दोषी कंपनियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई है/किए जाने का प्रस्ताव है; और

(ङ) देश में इन उत्पादों के उपयोग को हतोत्साहित करने तथा इनकी बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) और (ख) तम्बाकू युक्त पान मसाला के लिए इस समय भरत सरकार द्वारा कोई विनियामक मानक एवं सीमाएं निर्धारित नहीं हैं। तथापि, भारतीय मानक ब्यूरो ने टुकड़ेदार चबाए जाने वाले तम्बाकू, पत्तीदार चबाए जाने वाले तम्बाकू (जर्दा) और क्यूवाम के लिए मानक निर्धारित किए हैं। इन मानकों में अन्य अपेक्षाओं के अलावा निम्नलिखित नियत किए गए हैं;

1. सामग्री किसी भी फफूंदी (मोल्ड) आक्रमण से मुक्त होगी।
2. सामग्री में कोई हानिकारक तत्व नहीं होंगे और
3. यदि कोई तत्व मिलाए जाते हैं तो ये उस प्रकृति एवं शुद्धता के होंगे जो खाद्य योजकों के रूप में प्रयोग के लिए समुचित होंगे तथा जो खाद्य अपमिश्रण नियमावली (खाद्य अपमिश्रण अधिनियम, 1955 के स्थान पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 और उनमें विनियम बना लिए गए हैं) के अंतर्गत अनुमत्य होंगे।

इसके अतिरिक्त, पान मसाला के सुरक्षा मानक, खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पादक मानक एवं खाद्य योजक) विनियमन, 2011 (उद्धरण संलग्न विवरण में दिया गया हैं) के अध्याय-2 के खंड 2.11.5 के अंतर्गत निर्धारित किए गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं मानक (बिक्री निषेध एवं प्रतिबंध) विनियम, 2011 के विनियम 2.3.4 में यह उपबंध किया गया है कि तम्बाकू और निकोटीन का प्रयोग किसी भी खाद्य उत्पाद में तत्व के रूप में नहीं किया जाएगा।

(ग) और (घ) खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार की है। इस संबंध में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें पान मसाला सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के रेंडम नमूने नियमित रूप से लेती हैं तथा जहां नमूने अधिनियम और इसके अंतर्गत बनाए गए विनियमों एवं नियमों के उपबंधों के अनुरूप नहीं पाए जातें हैं, वैसे मामलों में दोषियों के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाती है।

माननीय उच्चतम न्यायालय के निदेश के अनुसार राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य संस्थान ने गुटका, तम्बाकू, पान मसाला और देश में विनिर्मित ऐसी ही सामग्री के घटकों तथा ऐसी सामग्री के उपभोग के हानिकारक प्रभावों का व्यापक विश्लेषण एवं अध्ययन किया था। इस रिपोर्ट के अनुसार नाइट्रोसेमिंग, बेंजो (ए) पायरिन तथा भारी धातु जैसे कि लेड, आर्सेनिक, कैडमियम, सेलेनियम, निकिल, मर्करी क्रोमियम आदि की काफी मात्रा विभिन्न धुआं रहित तम्बाकू उत्पादों में पाई जाती हैं।

(ङ) भारत सरकार ने जोखिम समूहों अर्थात गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए नागरिकों को तम्बाकू के धुएं के अनैच्छिक एक्सपोजर से बचाने के लिए और निम्नलिखित विभिन्न विनियामक उपाय करके पान मसाला एवं गुटका सहित सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों के उपभोग को हतोत्साहित करने के लिए "सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन निषेध और व्यापक एवं वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति और वितरण विनियमन) अधिनियम, 2003" भी अधिनियमित किया है:-

1. सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध (धारा-4)।
2. तम्बाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष विज्ञापन पर प्रतिबंध (धारा-5)।
3. 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तम्बाकू उत्पादों की बिक्री करने पर प्रतिबंध और शैक्षिक संस्थाओं के 100 गंज के भीतर तम्बाकू उत्पादों की बिक्री करने पर प्रतिबंध (धारा-6)।
4. तम्बाकू उत्पादों पर विनिर्दिष्ट स्वास्थ्य चेतावनियां (धारा-7)।

सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन निषेध और व्यापार एवं वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति और वितरण विनियमन) अधिनियम, 2003 और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों को प्रभावी ढंग से कार्यान्वित करने तथा विश्वस्वास्थ्य संगठन-तम्बाकू नियंत्रण कार्यढांचा सम्मेलन (एफसीटीसी) के अंतर्गत दायित्वों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम 21 राज्यों के 42 जिलों में शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्नलिखित की परिकल्पना की गई है:-

राष्ट्रीय स्तर

1. जागरूकता पैदा करने और व्यवहार संबंधी परिवर्तन के लिए जन जागरूकता/मास मीडिया अभियान।
2. सीओटीपीए, 2003 के अंतर्गत यथापेक्षित विनियामक क्षमता का निर्माण करने के लिए तम्बाकू उत्पाद जांच प्रयोगशालाओं की स्थापना।
3. एनआरएचएम कार्य ढांचे के अंतर्गत स्वास्थ्य प्रदाय तंत्र के भाग के रूप में कार्यक्रम घटकों को मुख्य धारा में लाना।
4. अन्य नोडल मंत्रालयों के साथ वैकल्पिक फसलों और आजिविकाओं पर अनुसंधान और प्रशिक्षण को मुख्य धारा में लाना।
5. निगरानी सहित मानीटरिंग और मूल्यांकन अर्थात वयस्क तम्बाकू सर्वेक्षण।

राज्य स्तर

1. तम्बाकू रोधी पहलों के कारगर कार्यान्वयन और मानीटरिंग के लिए समर्पित तम्बाकू नियंत्रण सेल।

जिला स्तर

1. स्वास्थ्य और सामाजिक कार्यकर्ताओं, गैर सरकारी संगठनों, स्कूल अध्यापकों आदि का प्रशिक्षण।
2. स्थानीय आईईसी कार्यकलाप।
3. स्कूल कार्यक्रम।
4. तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम की मानीटरिंग।

धुआं रहित तम्बाकू उत्पादों पर प्रतिबंध से संबंधित मामला अंकुर गुटका इंडियन अस्थमा सोसायटी के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष है।

विवरण

पान मसाला से सामान्यतया ऐसे खाद्य पदार्थ अभिप्रेत हैं जो इसी रूप में या पान के साथ लिए जाते हैं, इसमें निम्नलिखित हो सकते हैं:-

सुपारी, चूना, नारियल, कत्था, केसर, इलायची, ड्राई फ्रुट्स, मुलेठी, सबनरमुसा, अन्य एरोमेटिक जड़ी-बूटियां एवं मसाले, चीनी, ग्लिसरीन, ग्लूकोज, अनुमत्य प्राकृतिक रंग, मेंथाल एवं गैर निषिद्ध सुगंधित पदार्थ। यह योजित कोलतार, रंगीन पदार्थ और कोई भी अन्य तत्व, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं, से मुक्त होगा। यह निम्नलिखित मानकों के अनुरूप भी होगा नामतः-

कुल राख	भार में 8 प्रतिशत से अधिक नहीं (सूखे आधार पर)
तनुकृत एचसीएल अम्ल में अघुलनशील राख	भार में 0.5 प्रतिशत से अधिक नहीं (सूखे आधार पर)

[अनुवाद]

कुपोषण और एनीमिया के कारण मौतें

***238. श्री मनीष तिवारीः** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2009 से 2011 के दौरान राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुपोषण एनीमिया और इनके कारण होने वाली बच्चों की मौतों से सर्वाधिक प्रभावित जिले कौन-कौन से हैं;

(ख) कुपोषण और एनीमिया से पूरे देश में प्रतिवर्ष राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितने बच्चों की मौतें हो रही हैं;

(ग) क्या जनजातीय तथा अल्पसंख्यक समुदायों में कुपोषण/एनीमिया और इनके कारण होने वाली मौतों राष्ट्रीय औसत से अधिक हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) से (घ) कुपोषण और रक्ताल्पता, बच्चों में मृत्यु के प्रत्यक्ष कारण नहीं है किन्तु वे संक्रमणों के लिए प्रतिरोध क्षमता कम करके रूग्णता एवं मृत्यु में वृद्धि कर सकते हैं। देश में बच्चों में कुपोषण एवं रक्ताल्पता के कारण होने वाली मौतों की संख्या से संबंधित आंकड़े केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखे जाते हैं।

वर्ष 2005-06 में आयोजित किए गए राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार अखिल भारत और अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य जनसंख्या समूह के पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में कुपोषण एवं रक्ताल्पता की व्याप्तता नीचे दी गई है:-

जाति/जनजाति	कम वजन वाले बच्चों का प्रतिशत	रक्ताल्पता वाले बच्चों का प्रतिशत
अनुसूचित जाति	47.9	72.2
अनुसूचित जनजाति	54.5	76.8
अन्य पिछड़ा वर्ग	43.2	70.3
भारत कुल	42.5	69.5

(ङ) सरकार ने देश के बच्चों सहित असुरक्षित लोगों की स्वास्थ्य एवं पौषणिक स्थिति में सुधार लाने के लिए विभिन्न उपाय किए हैं जो निम्नलिखित हैं:-

1. मंत्रालयों के बीच नीतिगत निदेश, समीक्षा और प्रभावकारी समन्वय के लिए अक्टूबर, 2008 में भारत की पोषण संबंधी चुनौतियों पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय परिषद स्थापित की गई जो पूर्ण रूप से पोषण की चुनौति से निपटने के लिए जिम्मेदारी होगी।

2. राष्ट्रीय पोषण नीति वर्ष 1993 में अपनाई गई है तथा राष्ट्रीय पोषण कार्य योजना (1995), विभिन्न सरकारी विभागों के जरिए कार्यान्वित की जा रही है। राष्ट्रीय पोषण मिशन स्थापित किया गया है।

3. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत निम्न स्वास्थ्य संकेतकों वाले जनजाति जिलों सहित 264 जिलों की पहचान समेकित प्रयास किए जाने के लिए की गई है। ये प्रयास हैं।

   - स्तनपान को बढ़ावा देने सहित शिशु एवं छोटे बच्चें के समुचित आहार पर जोर देना।
   - बच्चों का रोग प्रतिरक्षण
   - अतिसार के प्रबंधन के लिए जिंक के सम्पूरण सहित ओआरएस को बढ़ावा देना।
   - सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में स्थापित पोषण पुनर्वास केन्द्रों के जरिए अति गंभीर कुपोषण का उपचार।
   - विटामिन ए, आयरन एवं फोलिक एसिड जैसे सूक्ष्मपोषक तत्वों की कमी को रोकने एवं इनसे निपटने के लिए विशिष्ट कार्यक्रम। पांच (5) वर्ष तक की आयु के बच्चों को विटामिन ए का सम्पूरण। 6 महीने से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को आयरन एवं फोलिक एसिड का सिरप।
   - परिवार स्तर पर आयोडीन युक्त नमक के उपयोग के उपभोग को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण कार्यक्रम।
   - जागरूकता बढ़ाने और स्तनपान एवं आहार विविधीकरण को बढ़ावा देने सहित आहार पद्धतियों में वांछित परिवर्तन लाने के लिए पोषण शिक्षा को, एकीकृत

बाल विकास सेवा योजना (आईसीडीएस) और राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन दोनों के अंतर्गत प्रोत्साहित किया जा रहा है।

- एकीकृत नवजात शिशु और बाल्यावस्था रूग्णता एवं कुपोषण प्रबंधन।

4. पौषणिक स्थिति में सुधार के लक्ष्य वाली अन्य योजनाएं निम्नलिखित हैं:

क. एकीकृत बाल विकास सेवा योजना (आईसीडीएस)

ख. राजीव गांधी किशोरी सशक्तिकरण योजना (आरजीएसईएजी)-(सबला)।

ग. इंदिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना (आईजीएमएसवाई)।

घ. राष्ट्रीय प्राथमिक शिक्षा पौषणिक सहायता कार्यक्रम (मध्याह्न भोजन कार्यक्रम)।

ङ महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना सहित विभिन्न आय सृजक योजनाओं के माध्यम से लागों की क्रय शक्ति में सुधार करना।

च. लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए रियायती लागत पर अनिवार्य खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता।

जनस्वास्थ्य विकास प्राधिकरण

***239 श्री आनंदराव अडसुलः**
श्री गजानन ध. बाबरः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में स्वास्थ्य क्षेत्र में उपयुक्त गवर्नेन्स, विनियमन गुणवत्ता आश्वासन और सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना की आवश्यकता महसूस की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार जनस्वास्थ्य विकास प्राधिकरण की स्थापना करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) और (ख) जी, हां। स्वास्थ्य राज्य का विषय है और स्वास्थ्य परिचर्या क्षेत्र का संचालन प्राथमिक तौर पर राज्य सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है। फिर भी, भारत सरकार राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन और अन्य कार्यक्रमों के अन्तर्गत राज्यों को क्षमता निर्माण सहित उनकी संचालन संरचना को बेहतर बनाने के लिए सहायता देती है। विनियमन एवं गुणवत्ता आश्वासन के संदर्भ में, भारत सरकार ने देश में नैदानिक प्रतिष्ठानों के पंजीकरण और विनियमन और उससे जुड़े अथवा उसके प्रासंगिक मामलों के लिए प्रावधान करने के उद्देश्य से नैनादिक प्रतिष्ठान (पंजीकरण एवं नियमन) अधिनियम, 2010 प्रख्यापित किया है। साथ ही, मानव उपभोग हेतु सुरक्षित एवं पौष्टिक खाद्य की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों के लिए विज्ञान आधारित मानदंडों का निर्धारण करने एवं उनके विनिर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री एवं आयात का विनियमन करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की स्थापना की गई है। औषध विनियामक तंत्र को मजबूत बनाने के लिए कदम उठाए गए हैं इनमें जनशक्ति का सुदृढ़ीकरण, प्रयोगशालाओं का नए उपकरणों सहित सुदृढ़ीकरण केन्द्रीय औषध सुरक्षा एवं मानक संगठन के नए अंचल एवं उप-अंचल कार्यालयों की स्थापना करना, औषध की प्रतिकूल प्रतिक्रिया का पता लगाने के लिए फार्माकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया नामक एक नए कार्यक्रम की शुरूआत करना, दाण्डिक उपबंधों को और अधिक कठोर बनाने हेतु औषध एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम में संशोधन करना तथा कई राज्यों में विशेष अदालतों की स्थापना करना शामिल है।

जिला एवं उप जिला स्तर पर ऑनलाइन डाटा प्राप्त करने और उसके राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारण के लिए एक वेब आधारित स्वास्थ्य प्रबंध सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) विकसित व परिचालित की गई है। गर्भवती महिलाओं का नाम के आधार पर पता लगाने के लिए मदर एंड चाइल्ड ट्रेकिंग सिस्टम (एमसीटीएस) की शुरूआत की गई है ताकि संस्थागत प्रसवों को बढ़ावा देने के अलावा यह सुनिश्चित किया जा सके कि गर्भवती महिलाओं की पर्याप्त प्रसव-पूर्व एवं प्रसवोत्तर परिचर्या मिल रही है। इस प्रणाली का उद्देश्य नवजात शिशु का पता लगाना भी है ताकि उन्हे समय पर एवं पूर्ण रोग प्रतिरक्षण दिया जाना सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा, सरकार द्वितीयक एवं तृतीयक स्वास्थ्य परिचर्या तक पहुंच में सुधार करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों दूरस्थ चिकित्सा (टेलीमेडिसिन) की शुरूआत को बढ़ावा दे रही है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

प्रयोगशालाओं और छोटे ऑपरेशन थियेटरों की सुविधाएं

***240. श्री संजय सिंह चौहानः**
श्री विजय बहादुर सिंहः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकारी कर्मचारियों के लिए दिल्ली सहित देश के सभी सरकारी अस्पतालों में छोटे ऑपरेशन थियटरों सहित पर्याप्त प्रोसिजर्स और लैब सुविधाएं मौजूद हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और सफदरजंग अस्पताल सहित सभी सरकारी अस्पतालों में यह सुविधा कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है;

(घ) क्या सरकार ने सरकारी अस्पतालों में विभिन्न जांच प्रयोगशालाओं में जांच नमूनों स्वयं रोगियों या उनके परिचारकों द्वारा ले जाने पर ध्यान दिया है; और

(ङ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं या उठाए जाने का प्रस्ताव हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) से (ङ) चूंकि स्वास्थ्य राज्य का विषय है इसलिए केन्द्र स्तर पर इस प्रकार की किसी सूचना का रख-रखाव नहीं किया जाता है।

जहां तक दिल्ली में स्थित केन्द्र सरकार के अस्पतालों नामतः सफदरजंग अस्पताल, डा. आर. एम एल अस्पताल और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज तथा संबंध अस्पतालों का संबंध है, अस्पतालों में मरीज परिचर्या के लिए अपेक्षित लघु-आपरेशन थियेटरों सहित मौजूदा जांच प्रक्रियाएं और प्रयोगशाला सुविधाएं, सरकारी कर्मचारियों सहित सभी लोगों के लिए उपलब्ध हैं। जांच सुविधाओं में प्लाज्मा ग्लूकोज, ग्लायकेटिड एच बी, माइक्रो-एल्ब्युमिन, ग्लूकोज चैलेंज जांच, हीमाटोलाजी यूरिन, विशेष जांच (टी 3 टी 4, टी एस एच, एचबीसी रोधी, एच बी ई ए बी आदि) जैव रसायन, हिस्टोपैथोलाजिकल जांच, नैदानिक सुविधाएं आदि शामिल होती हैं। सरकारी अस्पतालों में और अधिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए अतिरिक्त आधारभूत ढांचे, जनशक्ति आदि के सृजन और इसकी मौजूदा सुविधाओं के आधुनिकीकरण की एक सतत् प्रक्रिया, आवश्यकता के आधार पर और उपलब्ध वित्तीय संसाधनों के भीतर यह शुरू की जाती है। इन तीनों केन्द्रीय अस्पतालों में संबंधित वाड्र्स और ऑपरेशन थिएटर्स से जांच नमूने इस प्रयोजनार्थ नियुक्त, अस्पताल परिचारकों द्वारा लाए जाते हैं। तथापि, कभी-कभार आपाती मामले में मरीजों के सगे-संबंधी/मित्र, जांच नमुनों को प्रयोगशालाओं में ले जाने का प्रस्ताव करते हैं।

[अनुवाद]

भवनों के लिए पर्यावरण रेंटिंग

2531. श्री के.जे.एस.पी. रेड्डीः क्या **नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की भवनों के लिए पर्यावरण रेंटिंग शुरू करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हा, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए क्या मापदंड अपनाए गए हैं; और

(ग) इस संबंध में विशेषज्ञों और गैर-सरकारी संगठनों की क्या राय है?

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (डॉ. फारूक अब्दुल्ला): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) इस संबंध में मंत्रालय ने गैर-सरकारी संगठनों से कोई मत या विचार प्राप्त नहीं किए हैं।

विदेशी चिकित्सा/नर्सिंग संस्थान

2532. श्री ई. जी. सुगावनमः
श्री जी.एम. सिद्देश्वरः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार चिकित्सा संस्थानों को विदेशों में अपने कैम्पस खोलने की अनुमति देने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इनकी स्थापना के लिए अभी तक कितने संस्थानों ने आवेदन किया है;

(घ) क्या देश में निजी और विदेशी संस्थाओं को नए नर्सिंग कॉलेज/विद्यालय खोलने और मूल नर्सिंग पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति देने का कोई प्रस्ताव भी सरकार के पास विचाराधीन है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) और (ख) चिकित्सा संस्थानों द्वारा विदेश में कैम्पस स्थापित करने की अनुमति देने के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम, 1956 में कोई प्रावधान नहीं है। भारत सरकार में मानव संसाधन विकास मंत्रालय यू जी सी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अधीन प्राइवेट विश्व विद्यालयों तथा सम (डीम्ड) विश्व विद्यालयों को विदेश में कैम्पस स्थापित करने की अनुमति देता है जिसकी क्रियाविधि का विनियमन चिकित्सा पाठ्यक्रमों के संबंध में स्वास्थ्य और परिवार और परिवार कल्याण मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (प्राइवेट विश्वविद्यालय में मानदंडों की स्थापना तथा अनुरक्षण) द्वारा किया जाता है।

(ग) उच्चतर शिक्षा विभाग से सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

(घ) और (ङ) भारतीय नर्सिंग परिषद ने सूचित किया है कि देश में नर्सिंग कॉलेज/स्कूल खोलने के लिए किसी भी विदेशी विश्वविद्यालय ने परिषद के पास आवेदन नहीं किया है। तथापि, वर्ष 2010 तक 1256 निजी संस्थानों ने नर्सिंग कॉलेज/स्कूल खोने के लिए परिषद के पास आवेदन किया है।

भेषज शिक्षा में गुणवत्ता आश्वासन

2533. श्री पोन्नम प्रभाकरः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में भेषज शिक्षा की गुणवत्ता और मानक को बढ़ाने के लिए सरकार ने अभी तक क्या उपाय किए हैं;

(ख) क्या भारतीय भेषज परिषद ने भेषज शिक्षा में गुणवत्ता आश्वासन के लिए राष्ट्रीय कृतिक बल नामक एक बहु-क्षेत्रीय समन्वय तंत्र का गठन किया है और आगामी शैक्षिक वर्ष से प्रत्येक भेषज महाविद्यालय में इसे लागू करने का प्रस्ताव किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) देश में भेषज शिक्षा में इस प्रस्तावित कदम का क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) देश में भेषज शिक्षा की गुणवत्ता और मानक में सुधार लाने के लिए हाल ही में निम्नलिखित उपाय किए गए हैं जो इस प्रकार हैं:

(i) भेषज अधिनियम, 1948 के अंतर्गत बनाए गए विनियम समय-समय पर संशोधित/अद्यतन किए जाते हैं।

(ii) वर्ष 2008 में भेषज व्यवसाय का प्रैक्टिस करने के लिए पंजीयनयोग्य अर्हता के रूप में 6 कालावधि का फार्म डी. पाठ्यक्रम शुरू किया गया।

(iii) फर्मासिस्टों द्वारा कौशलों को अद्यतन करने और नए कौशलों को अधिग्रहित करने के लिए पहचान किए गए संस्थानों को भारतीय भेषज परिषद के माध्यम से निधियां प्रदान की जाती हैं।

(iv) ऐसे उन्नयन की 85% लागत को पूरा करने के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करके "राज्य भेषज संस्थानों का सुदृढ़ीकरण और उन्नयन करने के लिए" एक योजना बनाई गई है। योजना के अंतर्गत 85.00 करोड़ रूपए का परिव्यय किया गया है।

(v) वैयक्तिक भेषज संस्थानों के वेब आधारित संकाय आंकड़ों को भारतीय भेषज परिषद की वेबसाईड पर अप लोड कर दिया गया है।

(ख) और (ग) जी हां, राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यदल की स्थापना करने के लिए एक राष्ट्रीय कार्य समूह गठित किया गया था। कार्यसमूह की सिफारिशों पर केन्द्रीय परिषद द्वारा विचार विमर्श किया गया और केन्द्रीय परिषद ने कार्य समूह द्वारा बनाए गए प्रत्यायन मानदंड इत्यादि से संबंधित सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए "भेषज शिक्षा गुणवत्ता आश्वासन बोर्ड" के गठन की सिफारिश की।

(घ) भारत में भेषज शिक्षा/समग्र वृद्धि के लिए निम्नलिखित के संबंध में प्रस्तावति कार्रवाई का निर्देश दिया गया है:-

(1) स्नातक पूर्व और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों पर फर्मास्युटिकल, जैव-चिकित्सा, सामाजिक/व्यवहार्य/प्रशासनिक और नैदानिक विज्ञान में एक सुदृढ़ आधार।

(2) भेषज कार्यक्रमों, अनुसंधान और अन्य विद्धतापूर्ण क्रियाकलापों के परिणाम को आगे बढ़ाने के लिए संगठनात्मक ढांचा और संबंध स्थापित करना।

(3) मान्य विधियों द्वारा विद्यार्थियों का मूल्यांकन करने के लिए तंत्र को शुरू करना।

दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961

2534. श्रीमती जे. शांताः क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार का विचार दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 में संशोधन करने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ): (क) और (ख) राष्ट्रीय महिला आयोग ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इस अधिनियम में संशोधन करने का सुझाव दिया है। इन सिफारिशों की जांच की जा रही है और उसके निष्कर्ष के उपरान्त ही उक्त अधिनियम में संसोधन का निर्णय लिया जाएगा।

नौका जेट्टी

2535. श्री कोडिकुन्नील सुरेशः क्या **पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का केरल सहित विभिन्न पर्यटक स्थलों पर नौका जेट्टियों का पुनरूद्धार करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार को नौका जेट्टियों के पुनरूद्धार के संबंध में केरल सहित विभिन्न राज्य सरकारों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उठाए गए हैं/प्रस्तावित किए गए हैं?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुल्तान अहमद): (क) से (घ) महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों पर नौका जेट्टियों सहित पर्यटन अवसंरचना का विकास और संवर्धन मुख्यतः राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र(यूटी) प्रशासनों की जिम्मेदारी है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को उनके साथ की गई चर्चा के आधार पर प्राथमिकता प्रदत्त पर्यटन परियोजनाओं के लिए निधियों की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता एवं योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन की शर्त पर, केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय को नौका जेट्टियों के पुनरूद्धार के लिए केरल से कोई भी प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए प्रभार में वृद्धि

2536. श्री एम. श्रीनिवासुलु रेड्डीः क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने छात्रावास में न रहने वाले (डे स्कॉलर) अनुसूचित जनजाति (एसटी) के छात्रों के लिए अध्ययन दौरा प्रभार, थीसिस टंकण प्रभार, मुद्रण प्रभार, पत्राचार पाठ्यक्रम, पुस्तक मुद्रण प्रभारत में वृद्धि की है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला) : (क) जी, हां।

(ख) जनजातीय कार्य मंत्रालय ने 01.07.2010 से अनुसूचित जनजातीय (अनु.जन.) छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति की योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति की दरें बढाई हैं। अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए पत्राचार पाठ्यक्रमों हेतु अध्ययन दौरा प्रभार, थीसिस टंकण/मुद्रण प्रभार और पुस्तक अनुदान के संबंध में वृद्धि का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति की योजना के अंतर्गत अन्य भत्तों की संशोधित दरें। (01.07.2010 से लागू)

(रुपए में)

	मद	संशोधन पूर्व दरें	संशोधित दरें
1.	अध्ययन दौरा प्रभार (प्रतिवर्ष)	1000	1600
2.	थीसिस टंकण/मुद्रण प्रभार (प्रतिवर्ष)	1000	1600
3.	पत्राचार पाठ्यक्रमों के लिए पुस्तक अनुदान (प्रतिवर्ष)	750	1200

[हिन्दी]

आयकर प्रतिदाय

2537. श्री जय प्रकाश अग्रवालः
श्रीमती सुशीला सरोजः
श्रीमती उषा वर्माः
श्रीमती सीमा उपाध्यायः
श्री महेश्वर हजारीः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने कि कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान आज तक आयकर प्रतिदाय के रूप में और विलंब के कारण ब्याज के रूप में क्षेत्र-वार कितनी धनराशि का भुगतान किया गया तथा विलंब होने के क्या कारण हैं;

(ख) भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संबंध में दावों की तुलना में किए गए प्रतिदाय का ब्यौरा क्या है; और

(ग) लंबित प्रतिदाय दावों का ब्यौरा क्या है और ऐसे लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जाने का प्रस्ताव है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस पलानीमनिकम): (क) आयकर प्रतिदाय के लिए क्षेत्रवार डाटा अनुरक्षित नहीं किया जाता है। तथापि, प्रतिदाय उस पर अदा किए गए ब्याज के लिए अखिल भारतीय डाटा नीचे सारणी में दिया गया है:-

क्र.सं.	वित्तीय वर्ष	प्रतिदाय (करोड़ रुपये में)	प्रतिदाय पर अदा ब्याज (करोड़ रुपये में)
1.	2008-09	39097	5790
2.	2009-10	57251	6876
3.	2010-11	75160	9943*
4.	2011-12 (नवम्बर, 2011)	68994*	उपलब्ध नहीं

*अनन्तिम

निर्धारितियों को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 244क के उपबंधों के अनुसार प्रतिदाय ब्याज अदा किया जाता है जिसमें निर्धारित किया गया है कि ब्याज, कर निर्धारण वर्ष के 1 अप्रैल से आय की विवरणी संसाधित करने की तारीख तक देय होता है। इस प्रकार, ब्याज का भुगतान, सभी मामलों में कम से कम निर्धारण के 1 अप्रैल से आय की विवरणी दायर करने की तारीख तक की अवधि में और इसके बाद, आय की विवरणी को संसाधित किए जाने तक अनिवार्य रूप से किया जाना होता है। आय की विवरणी के संसाधन को उस वित्तीय वर्ष की समाप्ति से एक वर्ष के भीतर पूरा किया जाता है जिसमें इसे दायर किया गया था और ब्याज सहित प्रतिदाय, यदि देय पाया जाता है, जारी किया जाता है। तथापि, संसाधन में कई बार निम्नलिखित कारणों से विलम्ब हो सकता हैः

1. आय विवरणी में निर्धारिती द्वारा पैन गलत उल्लेख।
2. निर्धारिती द्वारा आय विवरणी में पते को अस्पष्ट रूप से दर्ज करना।
3. निर्धारिती द्वारा कर-निर्धारण अधिकारी को नए/परिवर्तित पते के बारे में रिपोर्ट न करना।
4. बैंक खाते के बारे में गलत ब्यौरे देना।
5. डाटा के बेमेल होने के कारण अदा किए गए या काटे गए करों की जांच में कठिनाई।

(ख) संबंधित डाटा निम्न प्रकार हैः

(लाख में)

अप्रैल-सितम्बर, 2011 के दौरान संसाधित प्रतिदाय का दावा करने वाली आय विवरणियों की संख्या	45.42*
प्रतिदाय बैंकर योजना के जरिए भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी किया गया प्रतिदाय	45*

*अन्तिम

(ग) दिनांक 1.10.2011 की स्थिति के अनुसार प्रतिदाय का दावा करने वाली संसाधन के लिए लंबित आय विवरणियों की संख्या 19.41 लाख (अंनतिम) है। प्रतिदाय दावों को तुरंत जारी किए जाने के लिए आयकर विभाग ने निम्नलिखित कदम उठाए हैं:-

1. त्वरित संसाधन के लिए आयकर विवरणियों की ई-फाईलिंग को प्रोत्साहित करना।
2. केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा क्षेत्रीय कार्यालयों को उन आय विवरणियों को प्राथमिकता आधार पर संसाधित करने के लिए मार्ग-निर्देश जारी किए गए हैं। जिनमें प्रतिदाय का दावा किया गया है।

3. पूरे देश की ई-फाइल की गई विवरणियों को और कर्नाटक और गोवा क्षेत्र की कागज पर दायर की गई विवरणियों को संसाधित करने के लिए बंगलूरू में केन्द्रीकृत संसाधन केन्द्र (सीपीसी) स्थापित किया गया है। बाकी देश में कागज पर दायर की गई विवरणियों का संसाधन करने के लिए ऐसे दो और केन्द्रीकृत संसाधन केन्द्र स्थापित किए जाने पर विचार किया जा रहा है।

4. विभाग द्वारा जारी किए गए नागरिक घोषणा पत्र और अन्य प्रेस विज्ञप्तियों के जरिए करदाताओं से आय विवरणी में प्रासंगिक ब्यौरों का सावधानीपूर्वक उल्लेख करने और जैसा कि ऊपर भाग (क) में उल्लेख किया गया है, विषेश रूप से आम गलतियों को न करने का अनुरोध किया जाता है।

5. स्रोत पर काटे जाने वाले कर के कटौतीकर्ताओं को तिमाही आधार पर अपने स्रोत काटे गए कर की विवरणियों को अनिवार्य रूप से ई-फाइल करना अपेक्षित है।

6. दायर टीडीएस की तिमाही विवरणी में कटौती करवाने वाले स्थायी लेखा संख्या उद्धृत करने को अनिवार्य बनाया गया है।

7. धारा 206-कक के तहत कटौतीकर्त्ताओं को कटौती करवाने वाले द्वारा अपना स्थायी लेखा संख्या (पैन) प्रस्तुत करना अनिवार्य है जिसके न होने पर अधिक दर पर कटौती की जाएगी।

8. करदाताओं को फार्म 26-कध में कर क्रेडिट विवरण को देखने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है ताकि वे अपनी आय विवरणी को प्रस्तुत करने से पहले टीडीएस विवरणों की जांच कर सकें और त्रुटियां, यदि कोई हो, का सुधार करने के लिए कटौतीकर्ताओं के साथ उचित कदम उठा सकें।

9. प्रतिदायों को शीघ्रता से जारी करने, उनका प्रेषण करने और डिलीवरी करने के लिए प्रतिदाय बैंकर स्कीम आरंभ की गई थी और अब इसे गैर-निगमित करदाताओं के लिए सम्पूर्ण भारत में लागू किया गया है।

[अनुवाद]

औषधियों की खरीद

2538. श्री जगदीश ठाकोरः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार पूर्ति और निपटान महानिदेशालय (डी जी एस एंड डी) के माध्यम से मूल्य अनुबंध पर सभी औषधियों और दवाइयों की खरीद करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और;

(ग) क्या सरकार ने उक्त मूल्य अनुबंध पर खरीदी जाने वाली औषधियों और दवाइयों के ब्यौरे को अंतिम रूप देने के लिए उच्च अधिकार प्राप्त समिति का गठन किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद):

(क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

बैंकिंग ओम्बड्समैन

2539. श्री प्रताप सिंह बाजवाः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग ओम्बड्समैन की भूमिका को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश के विशेषकर पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों से इस योजना को कोई उल्लेखनीय प्रतिक्रिया मिली है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का बैंकिंग ओम्बड्समैन की शक्तियों को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और बैंकिंग ओम्बड्समैन की शक्तियों को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) से (ग) बैंकिंग लोकपाल स्कीम के बारे में, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, जागरूकता लाने के लिए, देशभर में 15 बैंकिंग लोकपाल कार्यालय खुले हुए हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि इस स्कीम के बारे में लागों को और अधिक जानकारी मिले, गहन जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। वित्तीय समावेशन एवं साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बैंकिंग लोकपाल विभिन्न प्रकार के जागरुकता अभियानों में भाग लेते हैं और अपने संबंधित क्षेत्रीय अधिकार के अंतर्गत विभिन्न जिलों में बहुत से गावों का दौरा करते हैं। बैंकिंग लोकपाल कार्यालपों के अधिकारियों द्वारा की जाने वाली अन्य पहलों में शामिल हैं- राज्य के महत्वपूर्ण मेलों और उत्सवों में भाग लेना, ब्लॉक स्तर पर विभिन्न स्थानों में जनसाधारण से प्रत्यक्ष सम्पर्क कायम करना, भारत सरकार द्वारा आरबीआई के आयोजित संगोष्ठियों में भाग लेना। बैंकिंग लोकपाल कार्यालयों में ग्रामीण क्षेत्रों से वर्ष 2008-09 में प्राप्त शिकायतों की संख्या 13915 थी जो वर्ष 2009-10 में बढ़कर 25055 हो गई लेकिन, बाद में वर्ष 2010-11 में यह संख्या घटकर 7818 रह गई। हालांकि, बैंकिंग लोकपाल के चण्डीगड़ स्थित कार्यालय में पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों से 2009-10 में 446 शिकायतें प्राप्त हुईं जो 2010-11 में बढ़कर 477 हो गई।

(घ) और (ङ) वर्तमान में, बैकिंग लोकपाल स्कीम बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35क के अंतर्गत अधिसूचित की जाती है और यह एक वैकल्पिक विवाद निपटान तंत्र है जो वैकल्पिक एवं स्वैच्छिक है। बैंकिंग लोकपाल स्कीम बैंकिंग लोकपाल की शक्ति और क्षेत्राधिकार का सुस्पष्ट निर्धारण करता है और इसका भारतीय रिजर्व बैंक के ऐसे वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संचालन किया जाता है जिनके पास अपने संबंधित क्षेत्राधिकारों के भीतर शिकायतों का न्यायनिर्णयन करने की पूर्ण प्रकार्यात्मक एवं परिचालनगत स्वतंत्रता होती है। स्कीम को कारगर एवं पारदर्शी बनाने को ध्यान में रखकर अपील की सुविधा भी दी गई और भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गर्वनर को अपीलीय प्राधिकारी बनाया गया है। समानता के सिद्धान्त को ध्यान में रखकर अपील का अधिकार बैंक के साथ-साथ ग्राहकों को भी दिया गया है।

स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के लिए मानदण्ड

2540. श्री सुरेश कुमार शेटकरः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार/बीमा विनियामक विकास प्राधिकरण (इरडा) द्वारा पालिसीधारकों की ओर से उनके स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं को बदलने के संबंध में नए मानदण्ड तैयार किए गए हैं/किए जाने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त मानदण्ड पालिसीधारकों के लिए किस प्रकार सहायक होंगे;

(घ) क्या इस क्षेत्र के विशेषज्ञों की राय ली गई थी; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उनकी राय को किस सीमा तक शामिल किया गया है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायण मीणा): (क) और (ख) बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीए) ने जीवनेतर बीमा कंपनियों के बीच स्वास्थ्य बीमा पालिसियों की 01.10.2011 से सुवाह्यता सुनिश्चित करने के लिए दिनांक 9.9.2011 के परिपत्र के तहत दिशानिर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य बीमा पालिसीधारक उक्त परिपत्र के आधार पर नवीकरण के समय, निम्नलिखित का चयन कर सकते हैं-

(i) एक बीमा कंपनी से अपनी पसन्द बीमा कंपनी; अथवा

(ii) उसी बीमा कंपनी की एक बीमा योजना से दूसरी बीमा योजना।

इस प्रक्रिया के द्वारा, पालिसीधारक को पूर्व विद्यमान शर्तों के लिए प्रतीक्षा अवधि, समयबद्ध अपवर्जन, आदि के लिए अर्जित जमाओं की हानि नहीं होगी।

(ग) स्वास्थ्य बीमा पालिसीधारक अपनी पालिसियों के नवीकरण के समय इसी प्रकार के उत्पाद हेतु किसी अन्य बीमा कंपनी का चयन विद्यमान कंपनी में नवीकरण होने की स्थिति में अर्जित जमा की हानि के बिना कर सकता है, यदि वह किसी कारणवश वर्तमान बीमा कंपनी से संतुष्ट नहीं है। ऐसा पहले नहीं होता था क्योंकि बीमा कंपनी अथावा योजना में परिवर्तन होने से इन जमाओं की हानि हो जाती थी और पालिसियां नई पालिसियों की तरह प्रारम्भ होती थी, जिसमें नए सिरे से अब तक की सीमाएं होती हैं।

इस प्रकार 'सुवाह्यता' सभी बीमा कंपनियों के लिए समान अवसर क्षेत्र प्रदान करने में मदद करती है तथा ग्राहक उत्पादों एवं कंपनियों के चयन एवं इनके लाभ की तुलना कर सकता है। आईआरडीए ने एक सुवाह्यता पोर्टल भी प्रदान किया है जिससे बीमा कंपनियों के बीच आंकड़ों का अंतरण आसान हो गया है।

(घ) और (ङ) आईआरडीए द्वारा दिनांक 9.9.2011 के सुवाहयता परिपत्र को तैयार करते समय साधारण बीमा परिषद तथा जीवन बीमा परिषद द्वारा दिए गए विचार ध्यान में रखे गए थे।

पंचायतों का कम्प्यूटरीकरण

2541. श्री पन्ना लाल पुनिया: क्या **पंचायती राज मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ग्राम पंचायतों के कम्प्यूटरीकरण के लिए राज्यों को धनराशि उपलब्ध कराती है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में बजट का क्या प्रावधान है और गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान इस प्रयोजनार्थ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी धनराशि आबंटित/जारी की गई;

(ग) उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में आज तक कम्प्यूटरीकृत की जा चुकी/की जाने वाली ग्राम पंचायतों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस उपाय के कार्यान्वयन और प्रभावकारिता की समीक्षा करने के लिए कोई आकलन किया गया है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसका क्या परिणाम निकला;

(च) क्या पंचायतों के कम्प्यूटरीकरण के लिए परिव्यय बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है; और

(छ) यदि हां, तो तत्संबधी ब्यौरा क्या है और इसका क्या परिणाम निकला;

जनजातीय कार्य मंत्री तथा पंचायती राज मंत्री (श्री वी. किशोर चन्द्र देव): (क) से (छ) पंचायती राज मंत्रालय ग्राम पंचायतों के कम्प्यूटरीकरण के लिए राज्यों को निधियां प्रदान नहीं करता है। तथापि, पंचायती राज मंत्रालय ने राष्ट्रीय ई-गवर्नेस कार्यक्रम (एनईजीपी) के अंतर्गत पंचायतों में ई-गवर्नेस के कार्यान्वियन के लिए "ई-पंचायत मिशन मोड (एमएमपी) परियोजना" नामक एक परियोजना तैयार की है। परियोजना की सहायता से पंचायती राज संस्थाएं बेहतर नियोजन एवं लेखाकरण प्रणाली के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग कार्य कर पाएंगी। इससे पंचायती राज संस्थाओं में अधिकाधिक पारदर्शिता एवं उत्तरदायिता लाने में सहायता मिलेगी।

[हिन्दी]

किशोर सुधार गृहों में बच्चों का शोषण

2542. श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे: क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के विभिन्न किशोर सुधार गृहों के बंदियों का अक्सर यौन शोषण किए जाने और उन्हें अन्य यातनाएं दिए जाने के मामले सरकार की जानकारी में आए हैं;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षो में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान राज्य-वार ऐसे कितने मामले जानकारी में आए हैं; और

(ग) चूककर्त्ता अधिकारियों के खिलाफ सरकार द्वारा कार्रवाई की गई है/की जा रही है?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ): (क) और (ख) सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा समय-समय पर किए गए दौरों तथा राष्ट्रीय बालक अधिकार आयोग को प्राप्त शिकायतों के माध्यम से बच्चों के शोषण एवं दुर्व्यवहार की कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं। गत तीन वर्षों के दौरान तथा मौजूदा वर्ष में अभी तक राष्ट्रीय बालक संरक्षण आयोग द्वारा निपटायी की गई शिकायतों की राज्य-वार संख्या संलग्न विवरण में दी गई है।

(ग) ऐसी शिकायतों को उपयुक्त उपचारात्मक उपाय करने के लिए निर्देशों के साथ संबंधित राज्य सरकारों को भेजा जाता है।

विवरण

राष्ट्रीय बालक अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा विभिन्न किशोर गृहों की निपटान की गई शिकायतों की राज्य-वार संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12 (30.11.2011 तक)	कुल
1	2	3	4	5	6	7
1.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0	0	0	1	1
2.	आंध्र प्रदेश	0	0	1	0	1

1	2	3	4	5	6	7
3.	अरुणाचल प्रदेश	0	0	0	0	0
4.	असम	0	0	0	0	0
5.	बिहार	0	0	0	1	1
6.	चंडीगढ़	0	0	0	0	0
7.	छत्तीसगढ़	0	0	0	0	0
8.	दादरा और नगर हवेली	0	0	0	0	0
9.	दमन और दीव	0	0	0	0	0
10.	दिल्ली	1	2	3	1	7
11.	गोवा	0	1	0	0	1
12.	गुजरात	0	0	0	0	0
13.	हरियाणा	0	0	1	0	1
14.	हिमाचल प्रदेश	1	1	0	0	2
15.	जम्मू और कश्मीर	0	1	0	0	1
16.	झारखंड	0	1	0	0	1
17.	कर्नाटक	1	0	0	0	1
18.	केरल	0	0	0	0	0
19.	लक्षद्वीप	0	0	0	0	0
20.	मध्य प्रदेश	2	0	1	0	3
21.	महाराष्ट्र	3	1	1	0	5
22.	मणिपुर	0	0	0	0	0
23.	मेघालय	0	0	0	0	0
24.	मिजोरम	0	0	0	0	0
25.	नागालैंड	0	0	0	0	0
26.	ओडिशा	0	4	3	1	8
27.	पुदुच्चेरी	0	0	0	0	0
28.	पंजाब	0	1	0	0	1

1	2	3	4	5	6	7
29.	राजस्थान	0	0	2	1	3
30.	सिक्किम	0	0	0	0	0
31.	तमिलनाडु	0	1	1	1	3
32.	त्रिपुरा	0	0	0	0	0
33.	उत्तर प्रदेश	2	1	1	3	7
34.	उत्तरखंड	0	0	0	0	0
35.	पश्चिम बंगाल	0	0	0	0	0
	कुल	10	14	14	9	47

पैनलबद्ध निजी अस्पताल

2543. श्री सुशील कुमार सिंहः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना सेवा योजना (सीजीएचएस) लाभार्थियों के लिए उपचार पाने हेतु निजी अस्पतालों को पैनलबद्ध किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सीजीएचएस पैनलबद्ध निजी अस्पतालों में उपचार के लिए खर्च की गई धनराशि की पूर्ण रूप से प्रतिपूर्ति की जाती है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार मंत्रियों और पूर्व मंत्रियों सहित सीजीएचएस लाभार्थियों द्वारा निजी अस्पतालों में उपचार कराने और विदेश में भी उपचार कराने के लिए खर्च की गई समस्त धनराशि की प्रतिपूर्ति करती है;

(ङ) यदि हां, तो सीजीएचएस लाभार्थी द्वारा सीजीएचएस मान्यताप्राप्त निजी अस्पतालों से अपने उपचार पर खर्च की गई संपूर्ण धनराशि की प्रतिपूर्ति न किए जाने के क्या कारण हैं; और

(च) सीजीएचएस, दिल्ली के पास प्रतिपूर्ति के लिए लंबित पेंशनभागियों के चिकित्सा दावों का जोन वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा दावों के शीघ्र निपटान के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) और (ख) जी हां। केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सी जी एच एस) ने देश भर के विभिन्न सी जी एच एस नगरों में 469 निजी अस्पतालों तथा 129 नैदानिक केन्द्रों को पैनलबद्ध किया है। ऐसे निजी अस्पतालों तथा नैदानिक केन्द्रों कीह सूची सी जी एच एस की वेबसाइट www. msotranparent. nic.in/cghs/index.asp पर उपलब्ध है।

(ग) निजी पैनलबद्ध अस्पतालों को संविदात्मक दायित्व के अंतर्गत सी जी एच एस लाभार्थियों को पूर्व निर्धारित परस्पर सम्मत पैकेज दरों पर चिकित्सीय उपचार प्रदान करना होता है। तथापि कुछ सुपात्र मामलों में स्थायी तकनीकी समिति जो प्रत्येक मामले की इसके गुणावगुणों के आधार पर जांच करती है, के अनुमोदन से निर्धारित मानकों के अनुसार पूर्ण प्रतिपूर्ति की भी अनुमति है।

(घ) सरकार निर्धारित नियमों के अनुसार मंत्रियों एवं पूर्व मंत्रियों सहित सी जी एच एस लाभार्थियों द्वारा किए गए चिकित्सीय व्यय की प्रतिपूर्ति करती है। तथापि, विदेश में लिए गए चिकित्सीय उपचार पर किए गए खर्चों पर केन्द्रीय सेवा(चिकित्सीय परिचर्या) नियमावली, 1994 के तहत वर्तमान सांसदों, वर्तमान मंत्रियों तथा केन्द्र सरकार के सेवारत कर्मचारियों के ही मामले में निर्धारित शर्तों की पूर्ति के अध्यधीन तथा स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में स्थायी समिति के अनुमोदन से विचार किया जाता है।

(ङ) सी जी एच एस लाभार्थियों को किसी सी जी एच एस के पैनलबद्ध निजी अस्पतालों जो अनुमोदित पैकेज दरों पर ही बिल प्रस्तुत करता है, में किए गए चिकित्सीय व्यय की पूरी प्रतिपूर्ति के पात्र होते हैं। तथापि, कुछ पात्र मामलों में स्थायी तकनीकी समिति जो प्रत्येक मामले की इसके गुणावगुणों के आधार पर जांच करता है, के अनुमोदन से निर्धारित मानदंडों के अनुसार पूर्ण प्रतिपूर्ति की भी अनुमति है।

(च) चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के लंबित मामलों का अंचलवार ब्यौरा निम्नलिखित है: पूर्वी अंचल-115, मध्य अंचल-86 उत्तरी अंचल-237, दक्षिणी अंचल-221।

दावों का निपटान करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमः-

1) दावों का त्वरित निपटान सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रियाओं को और अधिक सुप्रवाही बनाने हेतु विस्तृत अनुदेश एवं दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

2) नियमित रूप से दावा अदालतों एवं दावा दिवसों का आयोजन करना,

3) उच्चतर स्तरों पर विचाराधीनता की स्थिति की नियमित मानीटरिंग,

4) बिल पास करने के लिए अपेक्षित निधियां प्रदान करने हेतु नए बजट का पुन अबिंटन।

5) लंबित चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के शीघ्र निपटान के लिए अधिक जनशक्ति की तैनाती।

6) सी जी एच एस अधिकारियों की वित्तीय शक्ति का संवर्धित प्रत्यायोजन।

[हिन्दी]

सीमाशुल्क अधिकारियों के खिलाफ शिकायतें

2544. श्री अशोक कुमार रावतः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों के दौरान आज तक विभिन्न राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तनों पर तैनात सीमाशुल्क विभाग के अधिकारियों के खिलाफ विशेष रूप से विदेशी राजनयिकों से प्राप्त शिकायतों का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस संबंध में सरकार ने क्या कार्रवाई की है; और

(ग) भविष्य में सीमाशुल्क कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा अनुचित उत्पीड़न की घटनाओं को टालने के लिए क्या उपाय किए गए हैं अथवा किए जाने का प्रस्ताव है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम): (क) और (ख) सीमाशुल्क के अधिकारियों के विरूद्ध पिछले तीन वर्षों के दौरान और चालू वर्ष के दौरान (30.11.2011 तक) विदेशी राजनयिकों से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। तथापि, पिछले तीन वर्षों के दौरान और चालू वर्ष के दौरान (30.11.2011 तक) दूसरे विदेशी राष्ट्रिकों से 8 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, शिकायतें और की गई कार्रवाई निम्नानुसार हैः-

वर्ष	यात्री का नाम (सुश्री/श्री/कु.) और का नागरिक (देश)	निम्न हवाई-पत्तन पर शिकायत	विभाग द्वारा की गई कार्रवाई
1	2	3	4
2008			
	अब्दुल सत्तार (अफगानिस्तान)	आईजीआई हवाई पत्तन, नई दिल्ली	आवश्यक जांच की गई थी और शिकायतकर्ता से सम्पर्क भी किया गया था। तथापि, शिकायत विशिष्ट नहीं होने के कारण कार्रवाई नहीं जा सकी।
2009			
	ज्ञान एस. थिंड (कनाडा)	आईजीआई, हवाई पत्तन, नई दिल्ली	शिकायत, दुर्व्यवहार के बारे में थी, तथापि, शिकायतकर्ता शामिल अधिकारियों के नाम और पदनाम नहीं दे पाया था।

1	2	3	4
	सैमुअल लिआंग (सिंगापुर)	आईजीआई, हवाई पत्तन, नई दिल्ली	शिकायतकर्ता ने पूरी जानकारी, जैसे कि ई-मेल पता, फ्लाइट नं., पहुंचने का सही समय आदि उपलब्ध नहीं कराया था। इस प्रकार मामले पर कार्रवाई नहीं की जा सकी।
2010			
	नौनचान पिएनतान (थाईलैंड)	गया हवाई पत्तन	यात्री द्वारा अप्रवासन और सीमाशुल्क अधिकारियों द्वारा धन की मांग करने का आरोप लगाया गया था। जांच की गई थी। शिकायत को सीमाशुल्क अधिकारियों के विरूद्ध किसी साक्ष्य के बगैर गैर-विशिष्ट एवं अस्पष्ट पाया गया था। इसलिए शिकायत को बंद कर दिया गया था।
	एल.एच.विसांजी [यू के.(लंदन)]	आईजीआई, हवाई पत्तन, नई दिल्ली	शिकायत गलत प्रतीत होती है तथा सीमाशुल्क से संबंधित नहीं है। आवश्यक उत्तर उच्च आयोग को भेज दिया गया है।
	जॉनी क्राउस [यू के.(लंदन)]	आईजीआई हवाई पत्तन, नई दिल्ली	संबंधित अधिकारी श्री जोगिन्दर सिंह मोर, हवाई सीमाशुल्क अधीक्षक को उसके मूल आयुक्तालय विशाखापटनम, सीमाशुल्क को वापस भेजा था, जहां उसे निलंबित किया गया था।
2011 वर्तमान वर्ष के दौरान (30.11.2011 तक)			
	रिचर्ड गेरी रॉजर (युनाइटिड किंगडम)	मुम्बई	यात्री ने आरोप लगाया कि एक सीमाशुल्क अधिकारी ने वाणिज्यिक माल की निकासी के लिए धन की मांग की और एटीएम से धन निकालने में उसकी सहायता की। जांच शुरू की गई है और संबंधित अधिकारी को गैर-संवेदनशील स्थान पर स्थानांतरित किया गया है।
	मीरा हसन एरा अहमद (यू.एस.ए.)	मुम्बई	यात्री ने आरोप लगाया कि सीमाशुल्क अधिकारी ने वाणिज्यक माल की निकासी के लिए धन की मांग की तथा उसकी ओर से दूसरे अधिकारी ने घूस ली। जांच शुरू की गई है और संबंधित अधिकारियों को गैर-संवेदनशील स्थान में स्थानांतरित किया गया है।

(ग) ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित उपाय गए हैं:

1. यात्रियों के उत्पीड़न के संबंध में, जिसमें विदेशी राजनयिक/राष्ट्रिक शामिल हैं, सीमाशुल्क अधिकारियों के विरूद्ध प्राप्त हुई किसी शिकायत की सख्ती से जांच की जाती है और जांच के बाद कार्रवाई की जाती है।

2. हवाईपत्तन पर तैनात सीमाशुल्क अधिकारियों को समय-समय पर आवश्यक अनुरोध जारी किए जाते हैं कि वे पारदर्शी तरीके से कार्य और जनता को असंतुष्ट एवं उत्पीड़ित किए बगैर प्रभावी एवं दक्ष सेवा मुहैया कराएं।

3. अधिकारियों को समय-समय पर जनता के उत्पीड़न के विरूद्ध अथवा भ्रष्ट पद्धतियों को अपनाने के विरूद्ध

चेतावनी दी जाती है। गलती करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध सख्त एवं त्वरित कार्रवाई की जाती है।

4. जनता को, सार्वजनिक सूचनाएं जारी करके और सीमाशुल्क को उच्च/पर्यवेक्षकीय अधिकारियों के संपर्क ब्यौरों, जैसे कि नाम, फोन नम्बर, ई-मेल पते आदि को हवाई पत्तन के प्रत्येक संगत बिंदु पर प्रदर्शित करके उन्हें जानकार बनाया जा रहा है ताकि सीमाशुल्क अधिकारियों से डील करते समय उनके द्वारा पेश आई किसी असुविधा को शीघ्रता से निपटाया जा सके।

पर्यटन क्षेत्र के लिए विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक सहायता

2545. श्री जगदीश सिंह राणाः क्या **पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक ने पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई हैः

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) लाभार्थी राज्यों के नाम क्या हैं और आज की स्थिति के अनुसार उनके द्वारा पर्यटक स्थलों के विकास के लिए उपयोग में लाई गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुल्तान अहमद): (क) से (ग) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान विश्व बैंक ने पर्यटन सेक्टर के विकास के लिए कोई आर्थिक सहायता प्रदान नहीं की है। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने निम्नलिखित आर्थिक सहायता प्रदान की है;

* एडीबी ने नवम्बर, 2009 में (4 अक्टूबर, 2010 को हस्ताक्षरित) दक्षिण एशिया पर्यटन अवसंरचना विकास परियोजना (सिक्किम) के लिए 20 मिलियन यूएस डॉलर के ऋण को स्वीकृत किया। 30 नवम्बर, 2011 की स्थिति के अनुसार परियोजना के अंतर्गत कोई संवितरण नहीं किया गया है।

* एडीबी ने हिमाचल प्रदेश (66.61 मिलियन डॉलर), पंजाब (61.98 मिलियन डॉलर), तमिलनाडु (59.79 मिलियन डॉलर) और उत्तराखंड (61.62 मिलियन डॉलर) राज्यों में नीति सुधारों की सहायता और प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत स्थलों के आस-पास पर्यटन अवसंरचना और सेवाओं का उन्नयन करने के उद्देश्य से पर्यटन हेतु अवसंरचना विकास निवेश कार्यक्रम के लिए सितम्बर, 2010 में 250 मिलियन यूएस डॉलर मल्टी-ट्रांस फासेलिटी (एमएफएफ) स्वीकृत की है।

* 20 जुलाई, 2010 को हिमाचल प्रदेश (23.10 मिलियन डॉलर) और पंजाब (20.32 मिलियन डॉलर) को कवर करते हुए ट्रांस-1 के अंतर्गत कोई संवितरण नहीं किया गया।

* 23 नवम्बर, 2011 को तमिलनाडु (20.56 मिलियन डॉलर) और उत्तराखंड (23.28 मिलियन डॉलर) को कवर करते हुए ट्रांस-2 के लिए ऋण करार के लिए एडीबी के साथ वार्ता की गई।

[अनुवाद]

बायोगैस का विकास

2546. श्री रवनीत सिंहः क्या **नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान देश में राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितनी मात्रा में बायोगैस का उत्पादन किया गया;

(ख) उत्पादन में पिछड़ने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या अनेक बायोगैस संयंत्र कार्य नहीं कर रहे है;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) बायोगैस संयंत्रों में नई व्यवहार्य प्रौद्योगिकी अपना कर उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (डॉ. फारूख अब्दुल्ला): (क) नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे राष्ट्रीय बायोगैस एवं खाद्य प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में 31 मार्च, 2011 तक संस्थापित लगभग 4.68 लाख बायोगैस संयंत्रों से प्रतिदिन 9.36 लाख घनमीटर बायोगैस का उत्पादन होने का अनुमान लगाया गया है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

(ख) 11वीं पंचवर्षीय योजना के 6.47 लाख बायोगैस संयंत्रों के लक्ष्य की तुलना में 31 मार्च, 2011 तक 4.68 लाख बायोगैस संयंत्रों की सथापना पहले ही की जा चुकी है। वर्ष 2011-12 के लिए

विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 1.52 लाख बायोगैस संयंत्रों का लक्ष्य आबंटित किया गया है। इस प्रकार योजना के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्य को प्राप्त करने में कोई बड़ी कमी नहीं होगी।

(ग) जी नहीं।

(घ) एमएनआरई द्वारा बायोगैस संयंत्रों की कार्यशीलता पर नियमित रूप से मूल्यांकन अध्ययन कराए जाते हैं। एक स्वतंत्र एजेंसी द्वारा वर्ष 2009-10 के दौरान किए गए नवीनतम मूल्यांकन अध्ययन के अनुसार देश के विभिन्न क्षेत्रों में सर्वेक्षण किए गए बायोगैस संयंत्रों में से 95.80% संयंत्रों को कार्यशील पाया गया। शेष बायोगैस संयंत्रों के कार्य न करने के प्रमुख कारणों में पशु गोबर की अनुपलब्धता, लाभार्थी के आवास का बदला जाना, त्रुटिपूर्ण निर्माण और संयंत्रों की समुचित फीडिंग एवं प्रचालन के प्रति लाभार्थियों की उदासीनता शामिल हैं।

(ङ) बायोगैस संयंत्रों से उत्पादन में वृद्धि लाने के उद्देश्य से बायोगैस संयंत्रों के सुगमतापूर्वक निर्माण एवं संस्थापना के लिए प्री-फैब्रिकेटिड आधारित अभिनव मॉडलों को बढ़ावा दिया गया है। बायोगैस संयंत्रों के लिए नए मॉडलों एवं अभिनव प्रौद्योगिकी के विकास के लिए 13 क्षेत्रीय बायोगैस विकास एवं प्रशिक्षण केन्द्रों को सहायता प्रदान की जा रही है।

विवरण

11वीं पंचवर्षीय योजना के पहले चार वर्षों (31 मार्च, 2011 तक) के दौरान राष्ट्रीय बायोगैस और खाद्य प्रबंधन कार्यक्रम (एनबीएमएमपी) के तहत संस्थापित पारिवारिक प्रकार के बायोगैस संयंत्रों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	उपलब्धियां			
		2007-08	2008-09	2009-10	2010-11
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	10195	10825	13699	16275
2.	अरुणाचल प्रदेश	100	250	162	175
3.	असम	2500	7500	10450	6732
4.	बिहार	-	200	200	350
5.	गोवा	21	34	31	18
6.	गुजरात	7801	5842	10556	6105
7.	हरियाणा	1034	1347	1422	1386
8.	हिमाचल प्रदेश	151	246	245	445
9.	जम्मू और कश्मीर	-	72	155	114
10.	कर्नाटक	2433	7822	10323	14464
11.	केरल	2144	5151	4085	3941
12.	मध्य प्रदेश	7042	14077	15114	16742
13.	महाराष्ट्र	15066	15461	11235	21456

1	2	3	4	5	6
14.	मणिपुर	-	-	-	-
15.	मेघालय	200	725	825	1275
16.	मिजोरम	100	100	50	100
17.	नागालैंड	131	425	605	1171
18.	ओडिशा	3895	2332	5296	6050
19.	पंजाब	3000	9695	7250	23700
20.	राजस्थान	-	92	176	275
21.	सिक्किम	172	447	555	358
22.	तमिलनाडु	1223	1761	1740	1493
23.	त्रिपुरा	-	159	47	89
24.	उत्तर प्रदेश	2856	2019	3252	4603
25.	पश्चिम बंगाल	11000	16300	16748	17000
26.	दिल्ली	-	1	-	1
27.	पुडुचेरी	-	-	5	-
28.	छत्तीसगढ़	2095	3118	3433	3832
29.	झारखंड	186	824	1030	913
30.	उत्तराखण्ड	370	1104	1225	2082
31.	केवीआईसी एवं अन्य	15125	#	#	#
	कुल	88840	107929	119914	151138

राज्यों में वितरित और संबंधित कॉलम में शामिल केवीआईसी की उपलब्धियां

11वीं योजना के प्रथम चार वर्ष के दौरान संस्थापित संचयी बायोगैस संयंत्र = 4,64,821

प्रतिदिन कुल बायोगैस उत्पादन = 4,67,821 X 2= 9,35,642 घनमीटर प्रतिदिन

[हिन्दी]

बैंक शाखाएं खोलने के लिए मानदंड

2547. श्री वीरेन्द्र कश्यपः
श्री अनुराग सिंह ठाकुरः

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है और हाल ही में इस संबंध में क्या घोषणा की गई है; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान विदेशों में किए गए पूंजीगत निवेश का देश-वार ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) और (ख) जी, हां। भारतीय रिजर्व बैंक में 2008 से बाह्य पूंजी निवेश के संवर्धन हेतु निम्नलिखित प्रमुख उपाय किए हैंः-

1. पिछले लेखापरीक्षित तुलन पत्र की तिथि के अनुसार कंपनी की निवल संपत्ति के 400 प्रतिशत से अधिक के निवेशों को ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन क्षेत्रों में करने की अनुमति भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व अनुमोदन से दी गई है;

2. विदेशी प्रतिभूतियों में म्यूचुअल फंडों द्वारा किए जाने वाले निवेशों की सकल सीमा 5 बिलियन अमरीकी डालर से बढ़ाकर 7 बिलियन अमरीकी डालर कर दी गई है;

3. विनिर्माण/ शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में कार्यरत पंजीकृत न्यासों एवं सोसायटीयों को उन्हीं क्षेत्रों मे निवेश करने की अनुमति भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्वानुमोदन से दी गई है;

4. उस निर्यात आय का पूंजीकरण अनुमत है जहां वसूली की विहित अवधि के पश्चात निर्यात बकाया रह जाते हैं। इसके अलावा, निष्पादन गांरटी, कारपोरेट गांरटी के निर्गम, विदेशी कंपनियों के तुलन पत्र की पुनः संरचना, जहां पूंजी तथा प्राप्य राशि को बट्टे खाते डालना है, से जुड़े प्रावधान उदार बनाए गए हैं।

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान शीर्षस्थ दस देशों के नाम तथा भारत से निवेशों की राशि निम्नानुसार हैः-

राशि मिलियन अमरीकी डालर में

क्र.सं.	2009-10	210-11	2011-12 (अप्रैल-5 दिसम्बर, 2011)
1.	सिंगापुर (3798.50)	मॉरिशस (5045.83)	मॉरीशस (2148.38)
2.	मॉरीशस (2148.38)	सिंगापुर (3982.53)	सिंगापुर (1568.59)
3.	दि नीदरलैंड्स (1529.90)	दि नीदरलैंड्स (1516.63)	दि यूनाइटेड किंगडम (यू.के.) (901.59)
4.	दि यूनाटेड स्टेट्स ऑफ अमरीका (यूएसए) (870.35)	यूएसए (1206.98)	दि नीदरलैंड्स (616.97)
5.	ब्रिटिस वरजिन आईलैंड (747.49)	दि यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) (849.33)	यूएसए (614.37)
6.	यूएई (637.47)	साइप्रस (517.25)	ब्रिटिश वरजिन आईलैंड (442.80)
7.	चैन्नल आईलैंड (515.57)	दक्षिण कोरिया (462.52)	यूएई (259.96)
8.	साइप्रस (458.38)	कैमन आईलैंड (439.31)	हांगकांग (169.51)
9.	यू.के. (344.95)	यू.के. (402.45)	कैमन आईलैंड (141.08)
10.	इंडोनेशिया (265.52)	ब्रिटिश वरजिन आईलैंड (281.08)	श्रीलंका (119.36)

अस्पतालों का आधुनिकीकरण

2561. श्री सज्जन वर्मा: क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं/सेवाओं और अस्पतालों में गुणात्मक सुधार करने हेतु निर्धारित बजट का मध्य प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) गत दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान मध्य प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार चिकित्सा सुविधाओं पर कुल कितनी धनराशि व्यय की गई है; और

(ग) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के प्रयोजनार्थ मध्य प्रदेश में कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के नाम क्या हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद): (क) और (ग) "स्वास्थ्य" राज्य का विषय है और राज्य सरकार चिकित्सीय सुविधांओं/सेवाओं के लिए और उनके उन्नयन के लिए उनकी आवश्यकता तथा निधियों की उपलब्धता के अनुसार निधियां प्रदान करती है। केन्द्र सरकार विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को पूरा करती है। मध्य प्रदेश में अस्पतालों में गुणात्मक उन्नयन लाने हेतु आधुनिक सेवाएं/सुविधाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एन आर एच एम) के अंतर्गत निर्मुक्त निधियों का ब्यौरा इस प्रकार हैः

कार्यकलाप	2011-12	2010-11	2009-10
1	2	3	4
रेफरल परिवहन	1669.78	2130.64	20.48
अस्पताल सुदृढ़ीकरण	2100.50	5076.12	2767.72
आई पी एच एस के अनुसार स्वास्थ्य केन्द्रों का उन्नयन		3120.39	

1	2	3	4
एफ आर यू को प्रचालनात्मक बनाने के लिए मुख्य सिविल कार्य		60.00	
आर के एस को संग्रह निधि	1684	1519	1454
कुल	5454.28	11906.15	4242.20

विगत तीन वर्षों के संबंध में राज्य को एनपीसीसी द्वारा अनुमोदित कुल निधियां इस प्रकार हैं-

वर्ष	एन पी सी सी द्वारा
2011-12	990.97
2010-11	1010.73
2009-10	962.36

इसके अतिरिक्त, प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पी एम एस एस वाई) का उद्देश्य वहनीय/विश्वसनीय तृतीयक स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं की उपलब्धता में क्षेत्रीय असंतुलनों को सही करना तथा देश में उच्चकोटि की चिकित्सा शिक्षा के लिए सुविधाओं का संवर्धन करना है। पीएमएसएसवाई स्कीम के अंतर्गत निर्मुक्त निधियों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

पीएमएसएसवाई परियोजनाओं के लिए निर्मुक्त निधियां

1. एम्स जैसी छह संस्थाओं की स्थापना

क्र.सं.	राज्य	साइट का नाम	प्रयुक्त/स्वीकृत निधियां (रुपए करोड़ में)					
			2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	कुल
1.	मध्य प्रदेश	भोपाल		0.26	4.14	89.71	56.98	151.09
2.	ओडिशा	भुवनेश्वर		19.93	-	38.35	45.66	103.94
3.	राजस्थान	जोधपुर	4.73	16	9.84	59.48	57.06	147.11
4.	बिहार	पटना		8.04	12.85	118.26	75.8	214.95
5.	छत्तीसगढ़	रायपुर		12.07	18.33	77.04	38.39	145.83
6.	उत्तराखंड	ऋषिकेश		15.52	36.59	86.85	37.29	176.25
		कुल वर्ष-वार	4.73	71.82	81.75	469.69	311.18	939.17

2. चिकित्सा कालेजों संस्थाओं का उन्नयन

क्र.सं.	राज्य	साइट का नाम	प्रयुक्त/स्वीकृत निधियां (रुपए करोड़ में)					
			2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	कुल
पहला चरण								
1.	आंध्र प्रदेश	निजाम इंस्टीट्यूट आफ मेडीकल साइंसिज, हैदराबाद	8.23	30.00	36.00	8.09		82.32
		श्री वेंकटेश्वर इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसिज, तिरूपति	15.61	12.42	13.42	0.00		41.45
2.	गुजरात	बी.जे. मेडिकल कालेज, अहमदाबाद	7.31	26.61	11.65	19.29		64.86
3.	जम्मू एवं कश्मीर	गवर्न. मेडिकल कालेज, जम्मू	6.31	27.56	38.32	22.59	12.16	106.94
		गवर्न. मेडिकल कालेज, श्री नगर	4.93	28.30	28.45	5.65	18.83	86.16
4.	झारखंड	राजेन्द्र इंस्ट्रीयूट आफ मेडिकल सांइसिज, रांची	1.00	8.72	37.25	12.46	14.92	74.35
5.	कर्नाटक	गवर्न. मेडिकल कालेज, बंगलौर	5.19	35.02	42.08	4.86	3.64	90.79
6.	केरल	गवर्न. मेडिकल कालेज, तिरूवनंतपुरम	6.29	59.88	14.42	0.11	2.23	82.93
7.	तमिलनाडु	गवर्न. मोहन कुमारमंगलम मेडिकल कालेज, सलेम	6.12	33.35	39.84	4.27	5.61	89.19
8.	उत्तर प्रदेश	संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ	4.58	51.38	19.96	2.60		78.52
		आयुर्विज्ञान संस्थान, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी	0.25	24.47	32.12	12.30	23.94	93.08
9.	पश्चिम बंगाल	कोलकाता मेडिकल कालेज	4.17	23.09	19.30	12.42		58.98
10.	महाराष्ट्र	ग्रांट्स मेडिकल कालेज, मुम्बई	0.00	37.75	21.52	12.55		71.82
दूसरा चरण								
1.	महाराष्ट्र	गवर्नर मेडिकल कालेज नागपुर			40.00			40.00
2.	पंजाब	गवर्नर मेडिकल कालेज अमृतसर				42.83		42.83
3.	हिमाचल प्रदेश	आर.पी. गवर्न, मेडिकल कालेज, टांडा					17.50	17.50
		कुल वर्ष-वार	69.99	398.55	391.43	160.02	98.83	1121.72

[अनुवाद]

यकृत प्रत्यारोपण केन्द्र

2562. श्री आर. थामराई सेलवनः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में यकृत प्रत्यारोपण केन्द्र बहुत कम है और देश में और अधिक यकृत प्रत्यारोपण केन्द्रों की अविलंब स्थापना किए जाने की आवश्यकता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) यकृत प्रत्यारोपण तकनीकी में विशेषज्ञता प्राप्त डॉक्टरों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है; और

(घ) सरकार द्वारा यकृत प्रत्यारोपण तकनीकी में डॉक्टरों को प्रशिक्षित करने और उन्हें अद्यतन जानकारी देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/प्रस्तावित हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) से (घ) स्वास्थ्य राज्य का विषय है, राज्य सरकारें मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम 1994 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के तहत निर्धारित कानून और प्रक्रियाओं के अनुसार मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए अस्पतालों को प्राधिकृत करती हैं। इस प्रकार यकृत प्रत्यारोपण केन्द्रों या विशेषज्ञों से संबंधित आंकड़े केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखे जाते हैं।

चूंकि यकृत प्रत्यारोपण का विषय देश के विभिन्न चिकित्सा शिक्षा के चिकित्सा पाठ्यक्रम के अंतर्गत विशेष विषय के रूप में शामिल किया गया है, इसलिए इस विषय पर चिकित्सकों को प्रशिक्षित करने और उन्हें अद्यतन जानकारी देने का कोई विशिष्ट प्रस्ताव नहीं हैं।

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन

2563. श्रीमती जयश्रीबेन पटेलः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम) शुरू करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या 15 हजार से 1 लाख तक की जनसंख्या वाली सभी नगरपालिकाओं को एनयूएचएम के अंतर्गत कवर किया जाना है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में सुगम, किफायती और विश्वसनीय प्राथमिक संस्थागत तंत्र का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा पूरे देश में निर्धन शहरी लोगों को सुगम, किफायती और विश्वसनीय प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं प्रदान करने के लिए अब तक क्या उपाय किए गए हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) से (घ) जी हां। शहरी जनसंख्या की स्वास्थ्य परिचर्या संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने तथा जन स्वास्थ्य सेवा प्रदानगी पर नए सिरे से ध्यान देने के लिए देश में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एन यू एच एम) शुरू करने का प्रस्ताव है। मिशन की रूपरेखा को राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार तथा संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों/विभाग तथा योजना आयोग सहित पणधारियों के साथ व्यापक परामर्श के जरिए अंतिम रूप दिया जाएगा।

(ङ) राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्रजनन और बाल स्वास्थ्य-II शहरी घटक के रूप में गुणवत्तायुक्त समेकित प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं के जरिए शहरी गरीब की स्वास्थ्य स्थिति के सुधार के लिए निधियां प्रदान की जाती हैं। इसके अलावा, एन आर एच एम में जिला अस्पतालों, जहां शहरी गरीब भी जाते हैं के सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन का प्रावधान है।

इसके अलावा, केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं-शहरी परिवार कल्याण केन्द्रों (यू एफ डब्ल्यू सी) तथा शहरी स्वास्थ्य पोस्ट (यू एच पी) के अंतर्गत शहरी स्वास्थ्य सेवाएं 1083 यू एफ डब्ल्यू सी एवं 871 यू एच पी के नेटवर्क के जरिए प्रजनन और बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के पैकेज के रूप में प्रदान की जा रही हैं।

उपर्युक्त के अलावा, सभी अन्य राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम शहरी गरीब सहित गरीब व्यक्तियों की आवश्कताओं को पूरा करते हैं।

एनएचपीसी द्वारा जल विद्युत का उत्पादन

2564. श्री ए.के.एस. विजयनः क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय जल विद्युत निगम लिमिटेड (एनएचपीसी) ने तमिलनाडु सहित देश में जल विद्युत क्षमता का पूरी तरह दोहन कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में क्या ठोस कदम उठाए जाने का प्रस्ताव है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल): देश में राज्य सरकारों, निजी विकासकर्ताओं, एनएचपीसी सहित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसयू) आदि जैसी कई एजेंसियों द्वारा जल विद्युत परियोजनाओं (एचईपी) को विकसित किया गया है/विकसित किया जा रहा है। देश में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा 1978-87 में जल विद्युत क्षमता के पुनर्निर्धारण संबंधी कराए गए अध्ययन के अनुसार अधिष्ठापित क्षमता के मामले में देश में जल विद्युत क्षमता 1,48,701 मेगावाट अनुमानित है, जिसमें से 1,45,320 मेगावाट की क्षमता में 25 मेगावाट अथवा उससे अधिक की अधिष्ठापित क्षमता वाली जल विद्युत स्कीमें शामिल हैं। उक्त चिह्नित क्षमता में से अब तक 33920.8 मेगावाट (23.34%) की क्षमता विकसित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त, 14627 मेगावाट (10.07%) विकासाधीन है। राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण I में दिया गया है।

अब तक, एनएचपीसी ने 5295 मेगावाट (जेवी परियोजनाओं सहित) की कुल संस्थापित क्षमता सहित 14 जल विद्युत परियोजनाएं चालू की हैं। ब्यौरे संलग्न विवरण II में दिए गए हैं। इसके अलावा कुल 4502 मेगावाट क्षमता की 10 जल विद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। ब्यौरे संलग्न विवरण-III में दिए गए हैं।

तमिलनाडु में 1918 मेगावाट की जल विद्युत क्षमता में से 1722.2 मेगावाट क्षमता अब तक विकसित की गई है और 60 मेगावाट विकासाधीन है। तथापि, एनएचपीसी की तमिलनाडु में कोई जल विद्युत परियोजना नहीं है।

(ग) देश में जल विद्युत क्षमता के विकास के लिए सरकार द्वारा निम्नांकित उपाय किए गए हैं-

1. जल विद्युत क्षमता को बढ़ाने के लिए नीतिगत पहलें की गई-

(i) नीतिगत उदारीकरण

(ii) जलविद्युत विकास संबंधी नीति

(iii) राष्ट्रीय जल नीति

(iv) विद्युत अधिनियम, 2003.

(v) राष्ट्रीय विद्युत नीति

(vi) राष्ट्रीय पुनर्वास (आर एंड आर) नीति

(vii) मेगा विद्युत परियोजना नीति (संशोधित)।

2. जल विद्युत क्षमता बढ़ाने के लिए किए गए अन्य उपाय

(i) विद्युत निगमों का सृजन

(ii) केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा रैंकिंग अध्ययन

(iii) 50,000 मेगावाट की जल विद्युत पहल।

विवरण I

जल विद्युत क्षमता विकास की स्थिति

(जल विद्युत क्षमता विकास की स्थिति अधिष्ठापित क्षमता के संबंध में-25 मेगावाट से अधिक)

(31.10.2011 के अनुसार)

क्षेत्र/राज्य	पुनः मूल्यांकन अध्ययन के अनुसार कुल	25 मेगावाट से ऊपर	विकसित क्षमता		निर्माणाधीन क्षमता		विकसित + निर्माणाधीन क्षमता		क्षमता जो अभी विकसित की जानी है	
	(मे.वा)	(मे.वा)	(मे.वा)	(%)	(मे.वा)	(%)	(मे.वा)	(%)	(मे.वा)	%
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
उत्तरी										
जम्मू व कश्मीर	14146	13543	2340.0	17.28	1109.0	8.19	3449.0	25.47	10094.0	74.53
हिमाचल प्रदेश	18820	18540	7293.0	39.34	3582.0	19.32	10875.0	58.66	7665.0	41.34

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
पंजाब	971	971	1206.3	100.00	0.0	0.00	1206.3	100.00	0.0	0.00
हरियाणा	64	64	0.0	0.00	0.0	0.00	0.0	0.00	64.0	100.00
राजस्थान	496	483	411.0	85.09	0.0	0.00	411.0	85.09	72.0	14.91
उत्तराखण्ड	18175	17998	3226.4	17.93	1225.0	6.81	4451.4	24.73	1354.67	75.27
उत्तर प्रदेश	723	664	501.6	75.54	0.0	0.00	501.6	75.54	162.4	24.46
उप-जोड़ (उ.क्षे.)	53395	52263	14978.3	28.66	5916.0	11.32	20894.3	39.98	31368.8	60.02
पश्चिम										
मध्य प्रदेश	2243	1970	2395.0	100.00	400.0	20.30	2795.0	100.00	0.0	0.00
छत्तीसगढ़	2242	2202	120.0	5.45	0.0	0.00	120.0	5.45	2082.0	94.55
गुजरात	619	590	550.0	93.22	0.0	0.00	550.0	93.22	40.0	6.78
महाराष्ट्र	3769	3314	2487.0	75.05	0.0	0.00	2487.0	75.05	827.0	24.95
गोवा	55	55	0.0	0.00	0.0	0.00	0.0	0.00	55.0	100.00
उप-जोड़ (प.क्षे.)	8928	8131	5552.0	68.28	400.0	4.92	5952.0	73.20	2179.0	26.80
पश्चिम										
आंध्र प्रदेश	4424	4360	2177.8	49.95	410.0	9.40	2587.8	59.35	1772.3	40.65
कर्नाटक	6602	6459	3585.4	55.51	0.0	0.00	3585.4	55.51	2873.6	44.49
केरल	3514	3378	1881.5	55.70	100.0	2.96	1981.5	58.66	1396.5	41.34
तमिलनाडु	1918	1693	1722.2	100.00	60.0	3.54	1782.2	100.00	0.0	0.00
उप-जोड़ (द.क्षे.)	16458	15890	9366.9	58.95	570.0	3.59	9936.9	62.54	5953.2	37.46
पूर्वी										
झारखंड	753	582	233.2	40.07	0.0	0.00	233.2	40.07	348.8	59.93
बिहार	70	40	0.0		0.0	0.00	0.0		40.0	100.00
ओडिशा	2999	2981	2027.5	68.01	0.0	0.00	2027.5	68.01	953.5	31.99
पश्चिम बंगाल	2841	2829	77.0	2.72	292.0	10.32	369.0	13.04	2460.0	86.96
सिक्किम	4286	4248	570.0	13.42	2163.0	50.92	2733.0	64.34	1515.0	35.66
अण्डमान व निकोबार द्वीपसमूह	0	0	0.0						0.0	
उप-जोड़ (पू. क्षे.)	10949	10680	2907.7	27.23	2455.0	22.99	5362.7	50.21	5317.3	49.79

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
उत्तर पूर्वी										
मेघालय		2298	156.0	6.79	166.0	7.22	322.0	14.01	1976.0	85.99
त्रिपुरा	15	0	0.0		0.0		0.0		0.0	
मणिपुर	1784	1761	105.0	5.96	0.0	0.00	105.0	5.96	1656.0	94.04
असम	680	650	375.0	57.69	0.0	0.00	375.0	57.69	275.0	42.31
नागालैंड	1574	1452	75.0	5.17	0.0	0.00	75.0	5.17	1377.0	94.83
अरूणाचल प्रदेश	50328	50064	405.0	0.81	4460.0	8.91	4865.0	9.72	45199. 0	90.28
मिजोरम	2196	2131	0.0	0.00	60.0	2.82	60.0	2.82	2071.0	97.18
उप-जोड़ (उ.पू.क्षे.)	58971	58356	1116.0	1.91	4686.0	8.03	5802.0	9.94	52554. 0	90.06
अखिल भारतीय	148701	145320	33920.8	23.34	14627.0	9.65	47947.8	32.99	97372.2	67.01

विवरण II

प्रचालनाधीन विद्युत स्टेशन

क्र.सं.	परियोजना	संस्थापत क्षमता (मेगावाट)
1	2	3
	हिमाचल प्रदेश	
1.	बेरास्यूल	180
2.	चमेरा - I	540
3.	चमेरा - II	300
	जम्मू व कश्मीर	
4.	सलाल	690
5.	उड़ी-I	480
6.	दुलहस्ती	390
7.	सेवा-II	120
	सिक्किम	
8.	रंगित	60
9.	तीस्ता-5	510
	उत्तराखण्ड	
10.	टनकपुर	120
11.	धौलीगंगा-I	280
	मणिपुर	
12.	लोकतक	105
	मध्य प्रदेश	
13.	इंदिरा सागर (एनएचडीसी-जेवी)	1000
14.	ओंकारेश्वर (एनएचडीसी-जेवी)	520
	कुल	5295

विवरण III

मै. एनएचपीसी लिमिटेड के कार्यान्वयनाधीन परियोजनाएं

क्र.सं.	परियोजना का नाम	क्षमता (मेगावाट)	राज्य
1.	चमेरा-II	231	हिमाचल प्रदेश
2.	निम्मू बाजगो	45	जम्मू व कश्मीर
3.	तीस्ता लो डैम-III	132	पश्चिम बंगाल
4.	चुटक	44	जम्मू व कश्मीर
5.	उड़ी-II	240	जम्मू व कश्मीर
6.	पार्वती-III	520	हिमाचल प्रदेश
7.	तीस्ता लो डैम-4	160	पश्चिम बंगाल
8.	सुबानसिरी लोअर	2000	असम/अरुणाचल प्रदेश
9.	पार्वती-II	800	हिमाचल प्रदेश
10.	किशनगंगा	330	जम्मू व कश्मीर
	कुल	4502	

[हिन्दी]

पर्यटक सुविधाएं

2565. कुमारी सरोज पाण्डेयः क्या **पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) छत्तीसगढ़, झारखंड और उत्तराखंड सहित देश में पर्यटक सुविधाओं का विस्तार करने हेतु कितनी परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं;

(ख) उक्त परियोजनाओं हेतु किए गए वित्तीय आवंटन का ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्तमान में स्वीकृति हेतु केंद्र सरकार के पास लंबित पड़ी परियोजनाओं की राज्य-वार संख्या कितनी है?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुल्तान अहमद): (क) से (ग) पर्यटन अवसंरचना के विकास एवं संवर्धन की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनके साथ विचार-विमर्श के आधार पर प्राथमिकता प्रदान की गई पर्यटन परियोजनाओं के लिए निधियों की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता एवं योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन की शर्त पर केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान सितंबर, 2011 तक छत्तीसगढ़, झारखंड सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए स्वीकृत राशि और परियोजनाओं का वर्ष-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 30 सितंबर, 2011 तक स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या तथा राशि**

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	राज्य	2007-08		2008-09		2009-10		2010-11		2011-12		कुल योग (30.09.2011 तक)	
		सं.	राशि	सं.	राशि	सं.	राशि	सं.	राशि	सं.	राशि	सं.	राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1.	आंध्र प्रदेश	9	26.29	8	109.89	13	37.29	10	20.38	8	40.67	48	234.52
2.	अरुणाचल प्रदेश	11	43..30	13	31.47	14	36.54	13	32.26	6	13.62	57	157.19
3.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0	0.00	0	0.00	0	0.00	0	0.00	0	0.00	0	0.00
4.	असम	6	17.47	4	21.08	7	22.76	4	23.55	3	4.23	24	89.09
5.	बिहार	4	21.95	10	25.05	3	6.99	1	3.60	0	0.00	18	57.59
6.	चंडीगढ़	2	0.20	5	7.99	5	11.51	5	11.04	0	0.00	17	30.74
7.	छत्तीसगढ़	5	12.94	1	11.34	0	0.00	4	20.95	0	0.00	10	45.23
8.	दादरा और नगर हवेली	0	0.00	3	0.24	0	0.00	0	0.00	0	0.00	3	0.24
9.	दमन और दीव	0	0.00	1	0.12	0	0.00	0	0.00	0	0.00	1	0.12
10.	दिल्ली	8	20.76	1	0.15	9	44.91	5	9.75	2	0.77	25	76.34
11.	गोवा	0	0.00	2	43.14	2	17.00	3	12.78	1	4.98	8	77.90
12.	गुजरात	5	5.81	7	21.33	1	7.33	1	0.14	2	51.75	16	86.36
13.	हरियाणा	10	22.50	7	36.70	6	12.37	6	27.41	1	0.10	30	99.08
14.	हिमाचल प्रदेश	12	34.81	10	34.58	6	23.95	12	34.98	2	0.22	42	128.54
15.	जम्मू एवं कश्मीर	33	70.60	28	43.42	31	49.75	20	56.17	17	115.88	129	335.82
16.	झारखंड	7	11.31	0	0	3	0.25	5	7.56	1	23.71	16	42.83
17.	केरल	11	41.24	12	42.68	7	12.98	3	42.87	3	8.44	36	148.21
18.	कर्नाटक	6	24.79	4	42.73	13	42.42	2	8.59	0	0.00	25	118.53
19.	लक्षद्वीप	1	7.82	0	0.00	0	0.00	0	0.00	0	0.00	1	7.82

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
20.	महाराष्ट्र	7	22.79	3	41.10	2	5.01	3	11.30	0	0.00	15	80.20
21.	मणिपुर	5	11.11	9	29.44	9	27.14	8	39.40	4	22.99	35	130.08
22.	मेघालय	2	6.74	7	17.14	7	14.73	9	22.53	2	0.40	27	61.54
23.	मिजोरम	6	26.93	4	3.18	7	24.06	9	11.51	6	13.81	32	79.49
24.	मध्य प्रदेश	16	39.51	11	31.41	11	60.99	13	30.85	4	18.72	55	181.84
25.	नागालैंड	22	32.41	11	25.40	13	24.60	10	29.10	6	25.87	62	137.38
26.	ओडिशा	13	30.87	6	41.15	9	23.69	6	20.29	1	0.05	35	116.05
27.	पुडुचेरी	6	16.10	4	2.52	3	5.57	3	50.26	0	0.00	16	74.45
28.	पंजाब	2	15.98	5	24.93	3	9.48	4	11.91	1	4.23	15	66.53
29.	राजस्थान	2	1554	9	44.31	7	19.74	7	31.32	3	14.50	28	125.41
30.	सिक्किम	25	55.91	20	66.78	19	42.36	14	23.48	4	13.45	82	201.98
31.	तमिलनाडु	11	27.61	16	36.14	10	16.28	6	60.00	1	3.65	44	143.68
32.	त्रिपुरा	11	11.11	6	3.61	13	20.67	12	40.73	6	15.44	48	91.56
33.	उत्तर प्रदेश	7	29.24	6	38.40	6	21.90	14	27.85	7	10.86	40	128.25
34.	उत्तराखंड	6	21.01	2	44.68	1	0.55	8	29.78	9	37.63	26	133.65
35.	पश्चिम बंगाल	12	32.41	10	37.94	7	28.37	8	22.02	2	8.18	39	128.92
	कुल योग	283	757.06	245	960.04	247	671.19	228	774.36	102	454.15	1105	3616.80

*पीआईडीडीसी, एचआरडी और आरटी से संबंधीत परियोजनाएं शामिल हैं।

[अनुवाद]

जैविक खाद्य

2566. श्री हमदुल्लाहसईदः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने जैविक खाद्यों की शुद्धता और उनमें पोषण तथा विटामिनों की विद्यमानता का पता लगाने के लिए इनका कोई अध्ययन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उसके क्या परिणाम रहे; और

(ग) सरकार द्वारा देश में जैविक खाद्य के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/प्रस्तावित हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) और (ख) स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग या भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद में इस मुद्दे के संबंध में ऐसे कोई अध्ययन नहीं किए गए हैं।

(ग) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने कृषि एवं सहकारिता मंत्रालय के अधीन जैव कृषि संबंधी एक नेटवर्क परियोजना शुरू की है जिसका प्रमुख केन्द्र प्रोजेक्ट डायरेक्टरेट फॉर फॉर्मिंग सिस्टम्स रिसर्च, मोदीपुरम में है।

[हिन्दी]

पीईएआईएस

***2567 श्री बलीराम जाधवः** क्या **पंचायती राज मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पंचायत अधिकारिता और उत्तरदायित्व प्रोत्साहन योजना (पीईएआईएस) का उद्देश्य क्या है;

(ख) क्या हस्तांतरण सूचकांक (डी आई) में ऊपर के स्थान पर रहने वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वार्षिक आधार पर पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान इस संबंध में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के वार्षिक प्रावधान और रैकिंग का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) संचित डी आई और वर्धित पंचायत हस्तांतरण सूचकांक के संबंध में राज्यों के कार्य निष्पादन का ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान उनके प्रदर्शन हेतु उन्हें दी गई प्रोत्साहन राशि का राज्य/क्षेत्र का ब्यौरा क्या है?

जनजातीय कार्य मंत्री तथा पंचायती राज मंत्री (श्री वी. किशोर चन्द्र देव): (क) पंचायत सशक्तिकरण एवं उत्तरदायिता प्रोत्साहन योजना (पीईएआईएस) का उद्देश्य पंचायतों को तीन "क" (कार्य कोष तथा कार्मिक) का अंतरण करने के लिए राज्यों को उत्साहित करना तथा अपने कार्यो को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए उत्तरदायिता प्रणाली लागू करने के लिए पंचायतों को प्रोत्साहित करना।

(ख) अंतरण सूचंकाक पर उनके रैंक के आधार पर सर्वोत्तम कार्य करने वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को प्रतिवर्ष पुरस्कृत किया जाता है। राज्य-वार निधियां नामोदिष्ट नहीं की जाती हैं।

(ग) और (घ) पी ई ए आई एस के लिए वर्ष 2009-10 से 2010-11 तक प्रत्येक वर्ष के लिए वजट प्रावधान प्रतिवर्ष 10 करोड़ रुपये था जिसे वर्ष 2011-12 में बढ़ाकर 31.00 करोड़ रुपए कर दिया गया है। वर्ष 2008-09 से 2010-11 में दिये गये पुरस्कारों का ब्यौरा संलग्न विवरण-1 में दिया गया है। गत तीन वर्षों के दौरान अंतरण सूचकांक पर राज्यों की रैंकिंग संलग्न विवरण-II में दी गयी है। वृद्धिमूलक अंतरण केवल वर्ष 2010-11 में आरंभ किया गया था।

विवरण I

वर्ष 2008-09 से 2010-11 के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को दिए गए पुरस्कारों का विवरण

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2008-09 में जारी निधियां	2009-10 में जारी निधियां	2010-11 में जारी निधियां	
				संचयी	वृद्धिमूलक
1	2	3	4	5	6
1.	असम	50.00	-	-	
2.	छत्तीसगढ़	50.00	-	-	
3.	हरियाणा	75.00	-	-	50.00
4.	हिमाचल प्रदेश	75.00	-	-	
5.	कर्नाटक	75.00	250.00	200.00	*
6.	केरल	150.00	250.00	300.00	*
7.	मध्य प्रदेश	150.00	-	-	-
8.	राजस्थान	-	-	-	150.00

1	2	3	4	5	6
9.	सिक्किम	75.00	100.00	100.00	-
10.	तमिलनाडु	150.00	150.00	-	-
11.	उत्तर प्रदेश	-	-	-	-
12.	पश्चिम बंगाल	150.00	150.00	100.00	-
13.	महाराष्ट्र	-	100.00	-	100.00
	कुल	1000.00	1000.00	700.00	300.00

यद्यपि केरल और कर्नाटक को वृद्धिमूलक अंतरण में क्रमशः दूसरा और चौथा रैंक दिया गया था, उन्हें वृद्धिमूलक अंतरण सूचकांक के लिए अलग से निधियां जारी नहीं की गई थीं, क्योंकि उन्हें संचयी अंतरण के लिए पुरस्कृत किया गया था।

विवरण II

वर्ष 2008-09 से 2010-11 तक अंतरण सूचकांक के अनुसार निर्णीत राज्यों की रैकिंग

राज्य	रैंक 2010-11		रैंक 2009-10	रैंक 2008-09
	संचयी	वृद्धिमूलक		
1	2	3	4	5
मध्य प्रदेश	8	6	6	1
पश्चिम बंगाल	4	7	4	2
तमिलनाडु	7	10	3	3
केरल	1	2	1	4
कर्नाटक	2	4	2	5
सिक्किम	3	6	9	6
हिमाचल प्रदेश	14	9	10	7
हरियाणा	13	5	11	8
छत्तीसगढ़	11	10	18	9
असम	18	11	21	10
आंध्र प्रदेश	10	10	8	11
उत्तर प्रदेश	17	7	13	12

1	2	3	4	5
महाराष्ट्र	6	3	5	13
अरुणाचल प्रदेश	23	13	22	14
राजस्थान	5	1	16	15
गोवा	22	13	17	16
त्रिपुरा	12	8	-	17
ओडिशा	15	11	12	18
बिहार	21	13	14	19
पंजाब	-	-	19	20
मणिपुर	16	12		21
गुजरात	9	9	7	-
लक्षद्वीप	-	-	15	-
उत्तराखंड	20	12	20	-
चंडीगढ़	-	-	23	-
पुदुचेरी	19	13		
झारखंड	24	13	-	-

बैंकों में अधिवक्ता

2568. श्री हुक्मदेव नारायण यादवः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्ष और चालू वर्ष के दौरान बैंकों के पैनल पर नियुक्त किए गए अधिवक्ताओं की बैंक-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या उक्त नियुक्तियों में अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. के अधिवक्ताओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं/ उठाए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) से (घ) सरकारी क्षेत्र के बैंक, न्यायाधिकरणों आदि में अपने मामलों का बचाव करने के लिए अपने पैनल में वकीलों को सूचीबद्ध करते हैं। ऐसी सूची तैयार करते समय बैंक अपने-अपने बैंक के नीतिगत ढांचे के तहत विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हैं। ये पहलू हैं कानूनी मामलों की संख्या, शाखाओं का ऋण कारोबार, विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में मामलों का संकेन्द्रण, आवेदकों का अनुभव आदि। वकीलों की सूची तैयार करने का अर्थ नियुक्त देना नहीं होता है, इसलिए ऐसी सूची पर विभिन्न श्रेणियों के प्रतिनिधित्व पर सरकारी दिशानिर्देश लागू नहीं होते हैं। इसके अलावा, प्रत्येक बैंक अपनी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वकीलों को पैनल में सूचीबद्ध करते हैं और इसलिए प्रत्येक बैंक के पैनल में समय-समय पर सूचीबद्ध वकीलों की संख्या भिन्न-भिन्न हो सकती है।

[अनुवाद]

असम के किसानों पर ऋण

2569. श्री बदरूद्दीन अजमलः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने इस ओर ध्यान दिया है कि गत तीन वर्षों के दौरान ब्रह्मपुत्र नदी में बाढ़ आने के कारण असम के किसानों के ऋण में कई गुणा वृद्धि हो गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार असम के ऋण ग्रस्त किसानों को राहत प्रदान करने का है ताकि वे इस आपदा से उबर सकें; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या अन्य राहत उपाय किए गए हैं/किए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) से (घ) असम सरकार से प्राप्त सूचना के आधार पर राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) असम ने सूचित किया है कि ब्रह्मपुत्र और बराक नदी एवं उनकी सहायक नदियों से प्रभावित क्षेत्रों को कवर करते हुए पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष बाढ के कारण लघु और सीमांत किसानों की फसलों का नुकसान निम्नवत हैः-

वर्ष	कुल फसल क्षेत्र हैक्टेयर में
2009	49854.09
2010	144043.86
2011	69200.66

असम सरकार ने आपदा प्रबंधन और आपदा राहत निधि के अंतर्गत वर्ष 2008-09 और 2010-12 के बीच असम के ऋणग्रस्त किसानों को 10,529.48 लाख रुपए की राशि प्रदान की है।

इसके अलावा, प्राकृतिक आपदाओं के समय बैंक उधारकर्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को स्थायी दिशानिर्देश जारी किए हैं। राहत उपायों में, अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित उपाय शामिल हैं:-

(क) फसल ऋणों और कृषि सावधी ऋणों के बकाया मूलधन और उन पर प्रोदभूत ब्याज को सावधि ऋणों में रूपांतरित करना;

(ख) फसल खराब होने की बारम्बारता/फसलों के नुकसान की तीव्रता के आधार पर 3 से 10 वर्षों की अवधियों के लिए ऋणों और उप पर प्रोदभूत ब्याज का रूपांतरण/पुनर्नियतन;

(ग) प्रभावित किसानों के लिए नए फसल ऋण;

(घ) रूपांतरित/पुनर्नियत कृषि ऋणों को 'चालू बकाया' मानना;

(ङ) रूपांतरित/पुनर्नियत ऋणों के संदर्भ में ब्याज को चक्रवृद्धि नहीं करना;

(च) जमानत और मार्जिन से संबंधित उदार मानदण्ड;

(छ) जिन किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है उनके लिए उपभोग ऋणों की व्यवस्था करना; और

(ज) पुनर्नियत करते समय कम से कम एक वर्ष की अधिस्थगन अवधि।

आईसीपीएस के अंतर्गत बाल गृह

2570. श्री प्रहलाद जोशी : क्या **महिला और विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान सरकार द्वारा समेकित बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस) के अंतर्गत स्थापित बाल गृहों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार का विचार आईसीपीएस के अंतर्गत और बाल गृहों की स्थापना करने का है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ): (क) से (ग) सरकार का महिला और बाल विकास मंत्रालय वर्ष 2009-10 से समेकित बाल संरक्षण स्कीम का क्रियान्वयन कर रह है, जिसके अंतर्गत बाल गृहों सहित विभिन्न प्रकार के गृहों के रखरखाव, उन्न्यन एवं निर्माण हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। समेकित बाल संरक्षण स्कीम के अंतर्गत सहायता प्रदान की जाती है। समेकित बाल संरक्षण स्कीम के अंतर्गत सहायता प्राप्त बाल गृहों सहित विभिन्न प्रकार के गृहों का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

समेकित बाल संरक्षण स्कीम के अंतर्गत राज्य सरकारों/संघ राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को उनके द्वारा प्रक्षेपित मांग के अनुसार बाल गृहों सहित विभिन्न प्रकार के गृहों की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता प्रदन की जाती है।

विवरण

आईसीपीएस के अंतर्गत सहायता प्राप्त बाल गृहों सहित विभिन्न प्रकार के गृह

क्र.स.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	2009-10	2010-11	2011-12 (06.12.2011 तक)
		गृहों की संख्या	गृहों का संख्या	गृहों का संख्या
1	2	3	4	5
1.	आंध्र प्रदेश	22	102	102
2.	असम	7	5	0
3.	बिहार	-	21	-
4.	छत्तीसगढ़	13	-	-
5.	गुजरात	57	57	57
6.	हरियाणा	9	12	-
7.	हिमाचल प्रदेश	-	-	22
8.	झारखंड	-	-	16
9.	कर्नाटक	76	62	63
10.	केरल	30	31	-
11.	महाराष्ट्र	-	738	-
12.	मणिपुर	12	12	-
13.	मेघालय	-	4	-
14.	मिजोरम	-	4	-
15.	नागालैंड	2	-	-
16.	ओडिशा	5	29	27
17.	पंजाब	-	-	15
18.	राजस्थान	63	-	63
19.	सिक्किम	-	-	1
20.	तमिलनाडु	42	41	41

1	2	3	4	5
21.	त्रिपुरा	-	9	-
22.	उत्तर प्रदेश	-	-	49
23.	पश्चिम बंगाल	39	43	-
24.	दिल्ली	-	23	25
25.	पुदुचेरी	-	6	-
	कुल	377	1199	481

[हिन्दी]

आदिम जनजातियों की जनसंख्या

2571. श्री दिलीप सिंह जूदेवः क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कुछ जनजातियां किसी राज्य में आदिम जनजातियों का लाभ प्राप्त कर रही हैं जबकि उसी जाति की जनजातियां अन्य राज्यों में उन लाभों से वंचित हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार और समुदाय-वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या देश में आदिम जनजातियों की संख्या में कमी आ रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला): (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

[अनुवाद]

ऋण माफी पैकेज

2572. श्रीमती हरसिमरत कौर बादलः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार पंजाब राज्य का कोई ऋण माफी वित्तीय पैकेज प्रदान करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस संबंध में पंजाब राज्य के साथ कोई पत्र व्यवहार किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) और (ख) तेरहवें वित्त आयोग ने सिफारिश की है कि वित्त मंत्रालय से भिन्न मंत्रालयों के माध्यम से केंद्र द्वारा प्रायोजित स्कीमों/केंद्रीय योजना स्कीमों के लिए राज्य सरकारों को दिए केंद्रीय ऋण जो 31 मार्च, 2010 को बकाया थे, आयोग की सिफारिशों के अनुसार राज्यों द्वारा राजकोषीय जिम्मेदारी कानून संशोधित/बनाए जाने के अध्यधीन माफ कर दिए जाएं। भारत सरकार ने पंजाब सहित सभी राज्यों के लिए यह सिफारिश स्वीकार कर ली है।

(ग) और (घ) इसकी सूचना पंजाब सहित सभी राज्यों को 14 जनवरी, 2011 को दे दी गई है। यह सूचना वित्त मंत्रालय, भारत सरकार की वेबसाइट www.finmin.nic.in पर उपलब्ध है।

एमएफआई को सस्ती दरों पर निधियां

2573. श्री आर. ध्रुवनारायणः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सूक्ष्म वित्त संस्थाओं (एमएफआई) को बैंकों से सस्ती दरों पर निधियां मिलने की संभावना समाप्त होने की हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कारण क्या हैं; और

(ग) भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) से (ग) भारतीय रिजर्व बैंक के दिनांक 3 मई, 2011 के परिपत्र के अनुसार, 1 अप्रैल, 2011 को या उसके पश्चात एमएफआई को दिए गए बैंक ऋण को कुछ शर्तों के अध्यधीन, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिमों का दर्जा दिया गया है, ये शर्तें हैं- एमएफआई की कुल आस्तियों में से 85% आस्तियां विशेष प्रकृति की हो, आय सृजन हेतु दी गई कुल राशि एमएफआई द्वारा दी गई कुल ऋणों की राशि के 75% से कम न हो और मूल्य निर्धारण दिशा-निर्देशों का पालन किया गया हो। इस परिपत्र में अन्य बातों के साथ-साथ यह व्यवस्था की गई है कि सभी एमएफआई के लिए 12% की मार्जिन-सीमा, सभी एमएफआई के लिए व्यक्तिगत ऋणों पर ऊपरी ब्याज सीमा 26% प्रतिवर्ष हो और विलबिंत भुगतान के लिए कोई जुर्माना न हो और कोई प्रतिभूति जमा/मार्जिन न लिया जाए। आरबीआई ने 2 दिसम्बर, 2011 को गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों-सूक्ष्म वित्त संस्थाओं (एनबीएफसी-एमएफआइ) की एक नई श्रेणी की शुरूआत भी की है।

स्वास्थ्य परियोजनाओं को विश्व बैंक सहायता

2574. श्री समीर भुजवलः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ग्रामीण अस्पतालों हेतु माध्यमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के उन्नयन हेतु राज्य स्वास्थ्य प्रणाली परियोजनाओं के अंतर्गत विश्व बैंक सहायता प्रदान करने की योजना बना रही है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान देश में अस्पताल परियोजनाओं हेतु सरकार द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार निजी अस्पतालों में निर्धनों हेतु बिस्तर आरक्षित करने का विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) और (ख) फिलहाल विश्व बैंक राजस्थान, कर्नाटक और तमिलनाडु में राज्य स्वास्थ्य प्रणाली विकास परियोजनाओं का वित्त पोषण कर रहा है। इन परियोजनाओं में जिला और उप-जिला स्तरों पर पूर्ण-विद्यमान स्वास्थ्य सुविधाओं का क्षमता-संवर्धन शामिल है।

(ग) और (घ) चूंकि स्वास्थ्य राज्य का विषय है अतः निजी अस्पतालों में गरीबों के लिए बिस्तर आरक्षित करना केन्द्र सरकार के दायरे में नहीं आता है। डब्ल्यू पी सी सं. 2866/2002 में सोशल ज्यूरिस्ट बनाम जीएनसीटीडी एवं अन्य के मामले में माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के दिनांक 22.3.2007 के आदेश के अनुसरण में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार के संबंध में भूमि आबंटित करने वाली विभिन्न एजेंसियों से रियायती दरों पर भूमि प्राप्त करने वाले कतिपय निजी अस्पतालों को आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के रोगियों की पात्र श्रेणी को शुल्क रहित 10 प्रतिशत आईपीडी और 25 प्रतिशत ओपीडी प्रदान करना अपेक्षित है।

एमएफआइएस को बैंक ऋण

2575. श्रीमती श्रुति चौधरीः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सूक्ष्म संस्थाओं (एमएफआई) को बैंक ऋण हेतु प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) जारी रखने की अनुमति दिए जाने के पश्चात सूक्ष्म वित्त क्षेत्र में कुछ सकारात्मक घटनाएं देखी गई हैं;

(ख) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और हरियाणा सहित इस संबंध में अब तक राज्य-वार क्या घटनाएं देखी गई हैं; और

(ग) ऐसी एमएफआई से अब तक कितने लोगों को लाभ पहुंचा है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) से (ग) भारतीय रिजर्व बैंक ने 3 मई, 2011 को एक परिपत्र जारी किया था जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि 1 अप्रैल, 2011 को अथवा इसके पश्चात व्यक्ति विशेष को तथा इसके साथ-साथ एसएचजी/जेएलजी के सदस्यों को सूक्ष्म वित्त संस्थाओं को दिए बैंक ऋण तथा अप्रत्यक्ष वित्त के रूप में सूक्ष्म ऋण (अन्य प्रयोजनों हेतु) संबंधित श्रेणियों अर्थात कृषि, सूक्ष्म एवं लघु उद्यम के तहत प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम के रूप में श्रेणीकरण हेतु पात्र होंगे, बशर्ते एमएफआई की कुल आस्तियों का न्यूनतम 85% (बैकों एवं वित्तीय संस्थाओं के पास नकदी, शेष राशि के अलावा, सरकारी प्रतिभूतियों एंव मुद्रा बाजार लिखत) "अर्हक आस्तियों" के स्वरूप में हो। इसके अतिरिक्त आय सृजन के कार्यकलाप हेतु प्रदान किए गए ऋण की कुल राशि एमएफआई द्वारा दिए गए कुल ऋण के 75% से कम नहीं हो।

भारतीय रिजर्व बैंक ने यह सूचित किया है कि इस वर्ष में एनबीएफसी-एमएफआई को बैंक ऋणों हेतु प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार (पीएसएल) को दर्जा जारी रखने की अनुमति देने के पश्चात सूक्ष्म वित्त क्षेत्र में कुछ सकारात्मक गतिविधियां नजर आनी शुरू हो गई हैं।

बैंकों ने एमएफआई को एक सीडीआर पैकेज प्रदान किया है तथा कई सूक्ष्म वित्त संगठनों ने विशेष रूप से आंध्र प्रदेश में कारपोरेट ऋण पुनर्निर्धारण (सीडीआर) को अपने बैंक ऋणों के पुननिर्धारण हेतु अपनाया है।

पूरक पोषण कार्यक्रम

2576. श्री विक्रमभाई अर्जनभाई मादमः क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षो और चालू वर्ष के दौरान पूरक पोषण कार्यक्रम (एसएनपी) के अंतर्गत स्वीकृत और आवंटित खाद्यान्नों और निधियों का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राज्य सरकारों को अपेक्षित मात्रा में खाद्यान्न और निधियां जारी नहीं की गई हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ): (क) से (घ) समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) स्कीम में 6 सेवाओं में से एक सेवा के रूप में पूरक पोषण कार्यक्रम प्रदान किया जाता है और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा 50:50 में लागत की भागीदारी (पूर्वोत्तर राज्यों हेतु 90:10) के साथ क्रियान्वित किया जाता है। निधियों को वित्तीय मानकों एवं व्यय की गति के आधार पर वित्तीय वर्ष के दौरान सामान्यतः चार या अधिक किस्तों में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सहायतानुदान के रूप में निर्मुक्त किया जाता है। पूरक पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत गत तीन वर्षो एवं मौजूदा वर्ष के दौरान निर्मुक्त राशि का राज्य वार एवं वर्ष-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-I पर दिया गया है।

पूरक पोषण कार्यक्रम के सुकर क्रियान्वयन के लिए इच्छुक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अतिरिक्त खाद्यान्न, गेहूं आधारित पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत आबंटित किए जाते है। गेहूं आधारित पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को खाद्यानों का आबंटन प्रति वर्ष(i) राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा की गई प्रक्षेपित मांग (ii) कुल मांग के अनुसार खाद्यान्नों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता (iii) उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करन तथा (iv) खाद्यानों की आबंटित मात्रा में से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा खाद्यानों के उठान पर आधारित होता है।

गेहूं आधारित पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत आबंटित खाद्यान्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों की दर पर भारतीय खाद्य नियम से उठाए जाते है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत खाद्यान्नों की लागत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उन्हे निर्मुक्त सहायतानुदान तथा पूरक पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत उनके अंश सहित वहन किया जाता है। गत तीन वर्षो के दौरान तथा मौजूदा वर्ष में गेहूं आधारित पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत इच्छुक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रो को आबंटित खाद्यान्नों की मात्रा दर्शाने वाला ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

विवरण I

वर्ष 2008-09 से 2011-12 (05.12.2011 तक) के दौरान पुरक पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्मुक्त राशि की राज्य-वार स्थिति

(रुपये लाखों में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	18994.92	31285.70	16003.74	30207.51
2.	बिहार	15346.08	40695.19	48335.94	25507.10

1	2	3	4	5	6
3.	छत्तीसगढ़	5429.43	7461.68	14211.95	7193.62
4.	गोवा	123.83	375.94	418.23	195.96
5.	गुजरात	7464.33	8696.39	11985.65	12084.16
6.	हरियाणा	5143.00	6884.01	5211.60	3817.78
7.	हिमाचल प्रदेश	2282.58	2939.36	2466.48	1310.58
8.	जम्मू और कश्मीर	697.98	1671.09	1949.78	1949.76
9.	झारखण्ड	6545.80	16893.64	23438.78	10867.72
10.	कर्नाटक	10936.42	26325.26	23585.19	13514.30
11.	केरल	5597.50	7545.81	8071.33	3664.22
12.	मध्य प्रदेश	8290.06	22339.36	38917.63	31000.50
13.	महाराष्ट्र	20646.17	20350.12	20350.12	20934.06
14.	ओडिशा	8729.46	13968.2	19490.01	14135.66
15.	पंजाब	2282.68	1748.03	4402ए84	4612.06
16.	राजस्थान	10957.94	11014.23	20449.06	13525.24
17.	तमिलनाडु	5428.14	13268	12395.76	7735.84
18.	उत्तर प्रदेश	57090.72	86778.09	138267.06	78369.76
19.	उत्तराखण्ड	1202.36	740.47	1303.60	1313.20
20.	पश्चिम बंगाल	16810.60	13577.01	35274.00	20119.18
21.	अण्डमान व निकोबार द्वीपसमूह	108.78	144.80	106.95	60.85
22.	चंडीगढ़	96.87	193.78	129.88	145.83
23.	दादरा व नगर हवेली	47.33	91.58	62.90	53.10
24.	दमन और दीव	27.48	50.37	33.58	31.07
25.	लक्षद्वीप	50.92	42.87	29.69	29.69
26.	दिल्ली	1417.03	4171.53	4004.05	2017.30
27.	पुंडुचेरी	82.97	139.91	395.95	1016.39
28.	अरूणाचल प्रदेश	326.68	856.32	3047.89	1465.04

1	2	3	4	5	6
29.	असम	10541.20	17660.74	21579.99	26082.76
30.	मणिपुर	1129.16	1477.61	4449.60	2248.30
31.	मेघालय	1362.96	5301.00	5650.42	2701.72
32.	मिजोरम	766.71	2020.79	2241.65	1120.82
33.	नागालैंड	1303.31	2658.79	4782.37	2115.22
34.	सिक्किम	95.53	794.39	362.44	260ए42
35.	त्रिपुरा	774.40	2851.68	3464.40	6746.08
	कुल	228131.33	373013.74	496870.51	348152.80

विवरण II

गत तीन वर्षों के दौरान तथा मौजूदा वित्तीय वर्ष में (05.12.2011 तक) गेहूं आधारित पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत आवंटित खाद्यान्न

(मीट्रिक टन में)

क्र.सं.	राज्य	2008-09		2009-10		2010-11		2011-12 (05.12.2011 तक)	
		गेहूं	चावल	गेहूं	चावल	गेहूं	चावल	गेहूं	चावल
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह				19.8		2.56	0	267
2.	आंध्र प्रदेश	40779	23288	43440	31239	73352	29006	40500	35610
3.	अरूणाचल प्रदेश			6280	6280				
4.	छत्तीसगढ़		83199	22500	54367	33201	23583	29145	15501
5.	दादरा और नगर हवेली		22		131		38		93
6.	गोवा					438	431	1416	1416
7.	गुजरात	59249		65196	1326	76040		49152	
8.	हरियाणा	735		815		22489	3798	26754	2996
9.	हिमाचल प्रदेश	3456	2953	4392	4108	5841	3592	4746	2643

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
10.	जम्मू और कश्मीर		788	1810	4369		3692		6297
11.	झारखण्ड		14119			1261	198	7424	51782
12.	कर्नाटक	53088	32470	50729	35788	67255	17667	38439	9423
13.	केरल			10198	7420	10347	11370	13170	6240
14.	मध्य प्रदेश	59249	7383	104600	14869	162000	65000	121500	48750
15.	महाराष्ट्र		22325	13782	36980	66505	23831	49955	8598
16.	मणिपुर				11400	0	19067		5354
17.	मेघालय								14445
18.	मिजोरम		690		785	1217	803	1661	680
19.	नागालैंड	2926	2249	8430	8243	1267	11384		9456
20.	ओडिशा	15882	93629	15786	112409	19820	129720	72177	35617
21.	पंजाब	2229	1573	3918	3907	8490	6737	8609	7230
22.	राजस्थान	3569		4165		40491		25546	
23.	सिक्किम					350	120	705	173
24.	तमिलनाडु	11738		13970		39720		36930	20160
25.	त्रिपुरा		5547		10540		9200		10514
26.	उत्तराखण्ड	11882		12100		9282	1882	14211	
27.	उत्तर प्रदेश	161728		199965		239419		170281	
28.	पश्चिम बंगाल						115576		
	कुल	426510	290235	582076	344359	878785	476951	712321	293245

[हिन्दी]

भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास परिसंघ

2577. श्री लक्ष्मण टुडुः क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में जनजातियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं के विपणन हेतु सरकार और भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास परिसंघ (टीआरआईएफईडी) द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) उक्त अवधि के दौरान इससे लाभान्वित हुए जनजातीय परिवारों की ओडिशा सहित राज्य-वार और वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार को टीआरआईएफईडी में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है?

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला): (क) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ (ट्राइफेड) देश में जनजातियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं के विपणन के लिए विभिन्न उपाय करता है। खुदरा विपणन विकास योजनाओं के तहत, ट्राइफेड ने विभिन्न घरेलू और अंतराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में कंसाइन्मेंट और हिस्सा लेने के आधार पर जनजातीय उत्पादों की बिक्री के लिए सरकारी/ अन्य एजेन्सियों के साथ समझौता किया है। इसके अलावा, ट्राइफेड एमएफपी के संरक्षण के लिए विभिन्न शिल्प वर्गो और कौशल आधारित रूपों में जनजातीय कारीगरों के लिए कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान जनजातियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं के लिए सरकार और ट्राइफेड द्वारा किये गए उपायों के ब्यौरे संलग्न विवरण-1 में दिये गए हैं।

(ख) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान ट्राइफेड द्वारा ओडिशा में किये गए उपायों से लाभान्वित जनजातीय परिवारों की संख्या संलग्न विवरण-II दी गई है।

(ग) से (ङ) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान ट्राइफेड में भ्रष्टाचार की शिकायतों के ब्यौरे संलग्न विवरण III में दिये गए हैं।

विवरण I

गत तीन वर्षों के दौरान जनजातीय लोगों द्वारा उत्पादित के विपणन के लिए ट्राइफेड द्वारा किये गए उपाय के ब्यौरे स्थापित नए बिक्री केन्द्र

(1) स्थापित नए बिक्री केन्द्रः

क्र.सं.	वर्ष	स्थापित नये बिक्री केन्द्रों की संख्या	राज्य
1	2	3	4
1.	2008-09	8	1. इलाहाबाद (उ.प्र.) 2. हैदराबाद (2) (आं.प्र.) 3. विशाखापत्तनम (आ.प्र.) 4. कलकत्ता (2) (प.ब.) 5. बेंगलौर (कर्नाटक) 6. कोची (केरल)
2.	2009-10	3	1. भोपाल (म.प्र.) 2. दिल्ली हॉट, आईएनए (दिल्ली) 3. भुवनेश्वर (ओडिशा)
3.	2010-11	3	1. शिमला (हि.प्र.) 2. मुम्बई (महाराष्ट्र) 3. इंदौर (म.प्र.)
4.	2011-12 30.11.2011 तक	3	1. मनाली (हि.प्र.) 2. सूरत (गुजरात) 3. जयपुर, राजस्थान

(2) कंसाइमेंट के आधार पर नए बिक्री केन्द्रः

क्र.सं.	वर्ष	कंसाइमेंट के आधार पर नए बिक्री केन्द्रों के ब्यौरे	राज्य
1.	2008-09	3	1. लीपाक्षी, हैदराबाद 2. लीपाक्षी, विजयवाड़ा 3. नत्थु लाल, गंगटौक
2.	2009-10	3	1. मृगनयनी, इंदौर 2. बिपोनी, जमशेदपुर 3. नीमराना, राजस्थान
3.	2010-11	1	1. सोनाली, पटना
4.	2011-12 30.11.2011 तक)	2	1. पूम्फार, कोयम्बटूर 2. कॉवेरी, ईनाकुलालम

(3) आयोजित आदिशिल्पः

(लाख रुपए में)

क्र.सं.	वर्ष	स्थान	प्रतिभागी कलाकारों की संख्या	प्रदर्शिनि के दौरान बिक्री
1.	2008-09	नई दिल्ली	165	66.00
		बेंगलौर	40	36.61
		जयपुर	80	23.81
		शिमला	82	5.63
		भोपाल	97	17.43
2	2009-10	नई दिल्ली	190	39.26
		हैदराबाद	90	32.51
		बैंगलोर	132	45.90
3	2010-11	भोपाल	85	18.72

4. "आदिचित्रा" प्रदर्शनियांः

क्र.सं.	वर्ष	स्थान	प्रदर्शिनी के दौरान बिक्री
1.	2010-11	जहांगीर आर्ट गैलरी, मुम्बई	7.56 लाख रुपये
2.	2011-12	चितरक्का लाल परिषद, बैंगलोर	प्रदर्शनी प्रगति में
3.	2011-12	नेहरू सेंटर, मुम्बई	प्रदर्शनी प्रगती में

5. अन्य अभिकरणों द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों में ट्राइफेड की भागीदारीः

क्र.सं.	वर्ष	प्रदर्शनियों की संख्या
1.	2008-09	75
2.	2009-10	50
3.	2010-11	55
4.	2011-12 (30.11.2011 तक)	30

प्रमुख शहर ये हैः दिल्ली, कोलकत्ता, बंगलोर, चेन्नई, गुवाहटी, इलाहाबाद, गुड़गाव, भुवनेश्वर, देहरादून, शिमला, भोपाल, हैदराबाद, रांची तथा पुणे।

6. ओक्टावे वेल्ले में भागीदारीः

वर्ष	स्थान का नाम	प्रतिभागी कलाकारों की संख्या
1	2	3
2008-09	पटना (बिहार)	44
	गोवा	73
	मुम्बई (महाराष्ट्र)	73
2009-10	सूरत (गुजरात)	39
	लखनऊ (उ.प्र.)	09
	पंजाब (पंजाब)	29
	कोलकत्ता (प.ब.)	16
2010-11	औरंगाबाद (महाराष्ट्र)	25
	भोपाल (म.प्र.)	14
	जयपुर (राजस्थान)	17
2011-12 (30.11.11 तक)	गोवा	60

7. अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों के ब्यौरे जहां ट्राइफेड ने भाग लिया हैः

वर्ष	प्रदर्शनी का नाम	स्थान
2008-09	आईएसएफ, बैरिमिंघम	यू.के.
2009-10	संता दी फोक आर्ट मार्किट,न्यू मैक्सिको	यू.एस.ए
2010-11	शून्य	
2011-12	इंटरगिफ्ट फेयर, 2011, मेड्रिक स्पेन	स्पेन
2011-12	अल्फा आर्टीगिनो इंफीरिया, मिलालन	इटली

8. ट्राइफेड द्वारा जनजातीय उत्पादों की खरीदः *(लाख रुपये में)*

क्र.सं.	वर्ष	खरीद
1	2008-09	680.00
2	2009-10	612.87
3	2010-11	648.25
4	2011-12 (तक 30.10.2011)	480.55

9. ट्राइफेड द्वारा आयोजित जनजातीय कारीगर मेला (टीएएम) के ब्यौरेः

क्र.सं.	वर्ष	स्थान	प्रतिभागी कलाकारों की संख्या
1	2008-09	भटवारी ब्लॉक, उत्तर काशी (उत्तराखंड)	191
		गुवाहटी (असम)	21
		इम्फाइल (मणिपुर)	7
		रांची (झारखंड)	100
2	2009-10	गुवाहटी (असम)	95
		झबुआ (म.प्र.)	25
		धारूचालाला (उत्तराखंड)	28
		कुल्लु (हिमाचल प्रदेश)	61
		रांची (झारखंड)	16
		अहमदाबाद (गुजरात)	50
		उदयपुर (राजस्थान)	29
3.	2010-11	रिंकोंग पिओ (हि.प्र.)	43
		गंगटौक (सिक्किम)	28
		वसदा (गुजरात)	30
		कीयलोंग (हि.प्र.)	59
		धीमारपुर (नागालैंड)	42
		मंडलाल (म.प्र.)	51
		वियारा, (गुजरात)	50
4.	2011-12 (तारीख तक 30.11.2011)	रांची (झारखंड)	20
		उत्तरकाशी (उत्तराखंड)	52
		डिंडोरी (मध्य प्रदेश)	51
		भदराचालालम (आं. प्रं.)	89
		दार्जीलिंग (प.बं.)	69

10. ट्राइफेड द्वारा जनजातीय हस्तशिल्प कारीगरों के शिल्प उन्नयन और क्षमता निर्माणः

वर्ष	प्रशिक्षणार्थियों की संख्या	लाभार्थियों की संख्या
2008-09	21	423
2009-10	23	459
2010-11	30	626
2011-12 (तारीख तक 30.11.2011)	14	260
कुल	88	1768

11. लघु वन उत्पाद (एमएफपी) संग्रहकर्ताओं को कौशल उन्नयन और क्षमता निर्माण प्रशिक्षणों के लिए ट्राइफेड द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमः

वर्ष	शहद इकट्ठा करने वाले	गोंद संग्रहकर्ता	महुआ के फूल	लाख उत्पादक	सीयूपी पत्ते तथा प्लेट्स मेकिंग
2008-09	3298	3401	400	770	450
2009-10	2576	4628	100	1319	690
2010-11	2850	-	0	1430	160
2010-12 (30 नवम्बर, 2011 तक)	1285	-	2700	650	100
कुल	10009	8029	3200	4169	1400

विवरण II

गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान ट्राइफेड द्वारा किए गए उपायों से जनजातीय परिवारों की संख्या

क्र. सं.	राज्य	लाभान्वित संबद्ध परिवारों की संख्या (31.03.2009 की तिथि के अनुसार)	लाभान्वित संबद्ध परिवारों की संख्या (31.03.2009 की तिथि के अनुसार)*	लाभान्वित संबद्ध परिवारों की संख्या (31.03.2009 की तिथि के अनुसार)
1	2	3	4	5
1	गुजरात	8998	8998	9559
2.	कर्नाटक	120	120	140

1	2	3	4	5
3.	तमिलनाडु	150	150	330
4.	केरल	30	80	80
5.	ओडिशा	347	273	387
6.	मध्य प्रदेश	124	304	338
7.	उत्तराखंड	4437	4546	4806
8.	जम्मू और कश्मीर	221	401	501
9.	हिमाचल प्रदेश	265	2425	2962
10.	दिल्ली	3359	1573	3235
11.	उत्तर प्रदेश	50	50	23
12.	पूर्वोत्तर राज्य (सिक्किम, असम, मेघालय, त्रिपुरा, नागालैंड, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश तथा मिजोरम)	15164	17083	25733
13.	आंध्र प्रदेश	5124	7237	7237
14.	राजस्थान	251	284	284
15.	छत्तीसगढ़	4091	5755	5835
16.	महाराष्ट्र	4116	4146	4146
17.	झारखंड	526	526	526
	कुल	47403	53951	66122

विवरण III

गत तीन वर्षों के दौरान ट्राइफेड में भ्रष्टाचार की प्राप्त शिकायतों के ब्यौरे

क्र. सं.	कॉम्पलीमेंट की तारीख	कंप्लेंट का नाम	की गई कार्रवाई
1	2	3	4
1.	15.09.2008	श्री इंद्रामणी नायक, स्टैनो-टाइपिस्ट के शिकायत जिसमें आरोप लगाया गया है कि सीबीई द्वारा खुले आम रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया।	ट्राइफेड द्वारा कार्रवाई की मंजूरी दी गई। सीबाई कोर्ट भुवनेश्वर में मामला लंबित है।
2.	12.4.2008	ट्राईफेड कार्यालय में रिश्तेदारों को रोजगार देने के लिए सरकारी पद का दुरूपयोग करने के संबंध में श्री एम भाव सिंह, आर.एम के विरूद्ध शिकायत।	इस मामले में प्रारंभिक कार्रवाई की गई है। संबंधित अधिकारी की सेवाएं लंबित की गई हैं।

1	2	3	4
3.	15.7.2009	क्षेत्रीय कार्यालय, ट्राइफेड जयपुर ने दो कर्मचारियों द्वारा अपनी पद का दुरूपयोग करने के बारे में सार्वजनिक निधियों का दुरूपयोग करने के संबंध में	सीसीएस (सीसीए) नियमावली, 1965 के तहत दो कर्मचारियों को चार्जशीट दी गई है और आगे कार्रवाई की जा रही है।
4.	11.9.2009	श्री कुमार शरद, सहायक, ट्राइफेड द्वारा देहरादून में ट्राइफेड बिक्री केन्द्र से कलाकृतियों की चोरी के संबंध में	ट्राइफेड द्वारा कानूनी कार्रवाइ की मंजूरी दे दी गई है। पुलिस में मामला दर्ज किया गया है और यह मामला देहरादून न्यायालय में लंबित है।
5.	11.9.2009	एनजीओ को अप्राधिकृत निधि जारी करने के संबंध में श्री आर. एम. वैद्य, आर.एम मुबई के संबंध में शिकायत	श्री वैद्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अपने उत्तर में श्री वैद्य ने एनजीओ को निधियां निर्मुक्त करने के संबंध में अपनी स्थिति स्पष्ट की है जो विचाराधीन है।
6.	15.9.2009	श्रीमती सीमा के. भटनागर, डीजीएम और श्री आर. के. जिंदल, वरिष्ठ लेखाकार, ट्राइफेड द्वारा अपने सरकारी पद का दुरूपयोग करने और सरकारी निधियों का दुरूपयोग करने के संबंध में	दोनों अधिकारियों को निलंबित किया गया है। सीसीएस (सीसीए) नियमावली, 1965 के तहत चार्जशीट जारी दी गई है और जांच प्रक्रिया जारी है।
7.	24.12.2009	श्री एन.एम त्रिपाठी, सहायक प्रबंधक द्वारा अहमदाबाद में ट्राइफेड बिक्री केन्द्र की बिक्री आय के दुरूपयोग के संबंध में	श्री त्रिपाठी को निलंबित किया गया है। सीसीएस (सीसीए) नियमावली, 1965 के तहत चार्जशीट जारी की गई है और जांच प्रक्रिया चल रही है।
8.	19.7.2010	हैदराबाद में प्रदर्शनी आयोजित करने में वित्तीय अनियमितताओं और सरकारी वाहनों के दुरूपयोग के संबंध में श्री एम. भाव सिंह, आर.एम हैदराबाद के विरूद्ध शिकायत	इस मामले में प्रारंभिक जांच की गई है। इसके अलावा आरोप हैदराबाद, से सूचना/स्पष्टीकरण मांगा गया है
9.	29.4.2011	ठेकेदार द्वारा किये गए कार्य के संबंध में बिलों को पास करने के संबंध में श्री आर.एम वैद्य, क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा रिश्वत की मांग करने के संबंध में	इस मामले में आवश्यक सूचना/स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस संबंध में शिकायतकर्ता से आवश्यक सूचना/स्पष्टीकरण मांगा गया है और इनका उत्तर प्रतिष्ठित है।

[अनुवाद]

बहु औषधि प्रतिरोधक तपेदिक

2578. श्री एस. पक्कीरप्पाः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में बहु औषधि प्रतिरोधक (एमडीआर) तपेदिक और व्यापक औषधि प्रतिरोधक (एक्सडीआर) तपेदिक का प्रसार हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार विशेष रूप से एक्सडीआर-तपेदिक का पता लगाने के लिए देश में उन्नत संदर्भ परीक्षण प्रयोगशालाओं (एडवांस्ड रेफरेंस टेस्ट लैब्स) की स्थापना करने का है;

(घ) यदि हां, तो देश में स्थापित की गई अथवा स्थापित की जाने वाली परीक्षण प्रयोगशालाओं की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(ङ) सरकार द्वारा एमडीआर-तपेदिक और एक्सडीआर-तपेदिक के प्रसार पर रोक लगाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) और (ख) विश्व स्वास्थ्य संगठन की निगरानी और अनुवीक्षण वैश्विक रिपोर्ट-2010 के अनुसार एमडीआर की व्याप्तता नए क्षयरोगियों में 2.3 प्रतिशत और पुनः उपचार प्राप्त करने वाले क्षयरोगियों में 17.2 प्रतिशत है।

गुजरात में संचालित औषध प्रतिरोध निगरानी (डी आर एस) के निष्कर्षों ने यह दर्शाया है कि नए क्षयरोगियों में एक्सडीआर नहीं है और पुनः उपचार प्राप्त करने वाले क्षयरोगियों में व्याप्तता लगभग 0.5 प्रतिशत है।

(ग) जी, नहीं

(घ) प्रश्न नहीं उठता है।

(ङ) सरकार ने इस स्थिति पर ध्यान देने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैः-

(i) संशोधित राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम (आरएनटीसीपी) के अंतर्गत प्रत्यक्ष निगरानी उपचार लघु कोर्स (डॉट्स) के आधार पर क्षयरोगियों का शीघ्र पता लगाना और प्रभावी उपचार।

(ii) क्षयरोग रोधी औषधों का विवेकपूर्ण उपयोग।

(iii) एमडीआर-क्षय रोग (टीबी) के उपचारार्थ चरणबद्ध तरीके से डॉट्स (डीओटीएस) प्लस सेवाएं।

(iv) एमडीआर-क्षय रोगियों के निदान और अनुपरीक्षण के लिए द्रुत नैदानिक युक्त गुणवत्ता आश्वासित प्रयोगशालाओं के नेटवर्क की स्थापना।

जरवा रिजर्व

2579. श्री विष्णु पद रायः क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उच्चतम न्यायालय ने 1 अगस्त, 2011 के अपने आदेश में यह आदेश दिया है कि 30 अक्टूबर, 2007 की अधिसूचना का अक्षरशः कार्यान्वयनः सुनिश्चित किया जाना निदेशक, जनजातीय कल्याण, अंडमान-निकोबार (ए एंड एन) द्वीपसमूह का दायित्व होगा;

(ख) क्या उच्चतम न्यायालय के उक्त आदेश के पश्चात अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के बफर जोन/जरवा रिजर्व में कोई वाणिज्यिक/पर्यटन गतिविधियां हुई है;

(ग) यदि हां, तो क्या यह न्यायालय की अवमानना है; और

(घ) यदि हां, तो निदेशक जनजातीय कल्याण द्वारा उच्चतम न्यायालय के 01 अगस्त, 2011 के आदेश का कार्यान्वयन करने हेतु की गई कार्यवाही का ब्यौरा है?

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला) : (क) जी, हां।

(ख) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (एएंडएनआई) प्रशासन ने सूचित किया है कि पर्यटन संबंधी स्थापना गतिविधियां जो बफर जोन क्षेत्र में भी को अंडमान और निकोबार प्रशासन द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 03.12.2010 के आदेश के अनुरूप पहले ही बंद कर दिया गया था तथा इस स्थिति को दिनांक 13.12. 2010 के आदेश के अनुरूप पहले ही बंद कर दिया गया था तथा इस स्थिति को दिनांक 13.12.2010 को दायर शपथ पत्र के माध्यम से माननीय उच्चतम न्यायालय को सूचित कर दिया गया है। तथापि, वाणिज्यिक गतिविधियां जो राशन की दुकानों, चाय के स्टालों, पंसारी, कपड़े की दुकानों तथा अन्य आजीविका एवं बफर जोन में रह रहे ग्रामीणों के अस्तित्व की गतिविधियों के रूप में हैं जारी हैं तथा इस स्थिति को अंडमान और निकोबार प्रशासन के दिनांक 13.12.2010 के उत्तर के माध्यम से माननीय उच्चतम न्यायालय को सूचित कर दिया गया है।

(ग) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह प्रशासन माननीय न्यायालय का कोई उल्लंघन नहीं किया गया है।

(घ) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह प्रशासन ने सितंबर, 2011 में जीरकार्तग से मिडिल स्ट्रेट 8 से 4 संख्या तक अंडमान ट्रंक रोड पर रक्षादल की संख्या को घटा दिया है। गतिविधियों को प्रतिबंधित करने वाले, गति सीमा तथा रक्षादल के संचलन के दौरान उपयुक्त अनुशान बनाए रखने के लिए विशिष्ट निर्देश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह प्रशासन द्वारा अलग से जारी कर दिए गए हैं। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह प्रशासन ने पीएटी विनियमन 1956 के उल्लंघन के लिए बफर जोन तथा उच्चतर दंड प्रावधानों हेतु गृह मंत्रालय को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (आदिम जनजातियों की सुरक्षा) (पीएटी) विनियम 1956 के संशोधन के लिए भी प्रस्ताव किया है।

बैंकों में केवाईसी मानदंड

2580. श्री कुलदीप बिश्नोई: क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कुछ क्षेत्रीय ग्रामीण बैक (आरआरबी), राज्य सहकारी बैंक (एससीबी) और जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक (डीसीसीबी) एंटी मनी लौंडरिंग एंड काम्बैट फाइनेसिंग ऑफ टेरिज्म (सीएफ,टी) अपने ग्राहक को जानिए (नो योअर कस्टमर, के वाईसी) संबंधी दिशानिर्देशों का कार्यान्वयन करने में विफल रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो ऐसे बैंकों का ब्यौरा क्या है इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) भारतीय रिजर्व बैंक ने यह सूचित किया है कि सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी), राज्य सहकारी बैंकों (एससीबी) तथा जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों (डीसीसीडी) ने अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी), धन शोधन निवारण (एएमएल) दिशनिर्देशो को कार्यान्वित किया है। तथापि, दो डीसीसीबी नामतः अहमदाबाद डीसीसीबी एवं कोल्हापुर डीसीसीबी ने इन बैंकों के संबंध में नाबार्ड की निरीक्षण रिपोर्ट के अनुसार केवाईसी/एएमएल दिशा-निर्देशों का अतिक्रमण किया था। एक आरआरबी नामतः सप्तगिरी ग्रामीण बैंक (एसजीबी) ने केवाईसी/एएमएल एक दिशा-निर्देशों का अतिक्रमण किया था।

(ख) अहमदाबाद डीसीसीबी एवं कोल्हापुर डीसीसीबी नें केवाईसी दिशानिर्देशों का अतिक्रमण मुख्यतः प्रधान कार्यालय एवं इसकी शाखाओं के बीच सम्प्रेषण के अभाव के कारण किया था। एसजीबी ने केवाईसी/एएमएल दिशानिर्देशों का अतिक्रमण किया था क्योंकि उसकी प्रणालियां एवं प्रक्रियाएं समुचित नहीं थीं।

(ग) भारतीय रिजर्व बैंक ने यह सूचित किया है कि अहमादाबाद डीसीसीबी एवं कोल्हापुर डीसीसीबी को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था और अतिक्रमण के कारण स्पष्ट करने के लिए व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर भी प्रदान किया गया था। चूंकि इन बैंकों द्वारा प्रस्तुत किए गए स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए गए थे, इन बैंकों पर प्रत्येक पर 5.00 लाख रुपये का मौद्रिक दंड लगाया गया था जिनका भुगतान उनके द्वारा किया गया था। इस संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की गई थी और बैंकों को मौद्रिक दंड का ब्यौरा बैंक के वार्षिक तुलनपत्र में देने की सलाह दी गई थी।

इसके अतिरिक्त बैंकों को सलाह दी गई है कि केवाईसी/एएमएल दिशानिर्देशों के किसी अतिक्रमण अथवा गैर-अनुपालन के लिए संगत अधिनियम/नियमावली के तहत मौद्रिक दंड लगाए जाएंगे।

जहां तक एसजीबी का संबंध है, भारतीय रिवर्ज बैंक ने बैंक पर 5 लाख रुपये का मौद्रिक दंड लगाया है। इसके अलावा, इसके प्रबंधन द्वारा बैंक के संबंधित कर्मियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की गई थी। नाबार्ड द्वारा निरीक्षण के दौरान केवाईसी/एएमएल दिशानिर्देशों के अनुपालन का मूल्यांकन किया जाता है।

वन अधिकार अधिनियम, 2006

2581. श्री हरिश्चंद्र चव्हाण: क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बातने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार उन जनजातीय लोगों को जिनको अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के अंतर्गत वन भूमि दी गई है के आर्थिक लाभ हेतु व्यापक परियोजनाएं और योजनाएं लाने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला): (क) और (ख) कोई प्रस्ताव सरकार के विचारार्थ नहीं है। अनुसूचित जनजाति तथा अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 तथा इसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार अधिनियम के कार्यान्वयन का दायित्व राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है। तदनुसार यह मंत्रालय अधिनियम के तहत लाभार्थियों का सामाजिक-आर्थिक विकास करने के लिए विकास एंव कल्याणकारी कार्यक्रमों के अभिसरण हेतु राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों पर बल दे रहा है।

(ग) उपरोक्त भाग (क) तथा (ख) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए यह प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

एनआरएचएम के अंतर्गत सतर्कता और निगरानी समिति

2582. श्री भूपेन्द्र सिंहः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनएचआरएम) के कार्यकरण पर अंकुश रखने के लिए किसी सतर्कता और निगरानी समिति की स्थापना करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो ऐसी व्यवस्था कब तक किए जाने की संभावना है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) और (ख) राज्यों को राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के कार्यान्वयन की प्रगति का अनुवीक्षण करने के लिए प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय सतर्कता और अनुवीक्षण समितियां (डी एल वी एस सी) गठित करने के लिए कहा गया है। इन समितियों की अध्यक्षता संसद सदस्यों द्वारा की जाएगी और इनमें विधान सभा, जिला पंचायत, पंचायत समितियों (ब्लॉक प्रमुख) के सदस्य, विभिन्न विभागों जैसे कि महिला एवं बाल प्रतिनिधि, जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधि तथा जिले के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी शामिल होंगे।

जिला स्तरीय सतर्कता और अनुवीक्षण समितियों (डीएलवीएमसी) के विचारार्थ मुद्दे निम्नलिखित हैं:

1. एनआरएचएम के अंतर्गत वार्षिक जिला स्वास्थ्य कार्य योजना के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करना तथा मार्गदर्शन करना।
2. केन्द्र और राज्यों द्वारा निधियों की निर्मुक्ति, उनके उपयोग तथा अव्ययित शेष की समीक्षा करना।
3. क्षेत्र में नियमित अनुवीक्षण दौरे करना, परिधीय स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों का दौरा करना तथा औषध की उपलब्धता सहित उनके कार्य निष्पादन का मूल्यांकन करना।
4. यह सुनिश्चित करना कि एक पूर्णतया कार्यात्मक प्रबंधन ढांचा मौजूद है तथा इसका समुचित रूप से उपयोग किया जा रहा है।
5. बहुक्षेत्रीय कार्यकलाप के लिए जिले में सभी संबंधित विभागों का रचनात्मक विनियोजन तथा सहभागिता सुनिश्चित करना।
6. यह सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक उपाय की सिफारिश करना कि कार्यक्रम के लक्ष्य हासिल किए जाते हैं तथा प्रभावी और सक्षम तरीके से सेवा प्रदान की जाती है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

[अनुवाद]

कोयले की कमी

2583. श्री ताराचंद्र भगोराः क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कोयले की बढ़ती कीमत और कोयले के घरेलू उत्पादन में कमी के कारण बारहवीं योजना में 20,000 मेगावाट विद्युत उत्पादन के अनुमोदित लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कोयले की कम आपूर्ति से अल्ट्रा मेगा पावर प्लांट सहित विद्युत इकाइयों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने और विद्युत परियोजनाओं का भविष्य अंधकार में पड़ने की संभावना है?

(ङ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) और (ख) विद्युत क्षेत्र के लिए 12वीं पंचवर्षीय योजना को तैयार करने के लिए योजना आयोग द्वारा विद्युत संबंधी कार्यदल का गठन किया गया है। यह कार्यदल अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान क्षमता अभिवृद्धि कार्यक्रम और कोयले की उपलब्धता शामिल होगी।

(ग) से (ङ) घरेलू कोयले पर प्रचालित करने के लिए तैयार किए गए संयंत्रों के लिए मांग की तुलना में घरेलू स्त्रोतों से होने वाली कोयले की कम आपूर्ति को ध्यान में रखते हुए, बॉयलर डिजाइन के अवरोधों के कारण अपने मिश्रण में सीमा के अधीन कोयले का आयात किया जा रहा है। किसी वर्ष के लिए कोयले के आयात की मात्रा का अनुमान किसी वर्ष के लिए संभावित मांग और घरेलू स्त्रोतों

से संभाव्य उपलब्धता पर निर्भर रहते हुए लगाया जाता है। वर्ष 2011-12 के लिए, विद्युत यूटिलिटियों को 35 मिलियन टन कोयले के आयात का लक्ष्य दिया गया है। विद्युत संयंत्रों को कोयले की पर्याप्त आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जाते हैं-

(i) स्वदेशी कोयले की उपलब्धता पर निर्भर करते हुए विद्युत यूटिलिटियों को कोयले की कमी को पूरा करने के लिए कोयले के आयात की सलाह दी जा रही है।

(ii) कोयले के आयात के लिए विदेशी परिसंपत्ति के अधिग्रहण और दीर्घावधि सहबद्धता की संभाव्यता तलाशी जा रही है।

मॉरिशस के साथ दोहरे कराधान परिहार संबंधी समझौता

2584. श्री उदय सिंहः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(ख) मॉरिशस के साथ हस्ताक्षर किए गए दोहरे कराधान परिहार संबंधी समझौते (डीटीएए) के लाभ-हानि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने मॉरिशस के साथ दोहरे कराधान संबंधी परिहार समझौते पर (डीटीएए) हस्ताक्षर न करने का निर्णय लिया है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) चालू वर्ष के दौरान मॉरिशस से आने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रतिशत का ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (एस.एस. पलानीमनिकम): (क) भारत और मॉरिशस के बीच दोहरे कराधान के परिहार संबंधी अभिसमय (डीटीएसी) पर वर्ष 1982 में हस्ताक्षर किए गए थे।

(ख) और (ग) लागू नहीं क्योंकि भारत सरकार ने पहले ही डीटीएसी पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

(घ) अप्रैल-सितम्बर, 2011 के दौरान विदेशी प्रत्यक्ष निवेश का 33.74 प्रतिशत मॉरिशस से आया है।

राजीव गांधी किशोरी सशक्तीकरण योजना

2585. डॉ. क्रुपारानी किल्लीः क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में बालिकाओं के लिए राजीव गांधी किशोरी सशक्तीकरण योजना आरंभ की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस प्रयोजन हेतु सरकार द्वारा कितनी आवंटन किया गया है?

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ): (क) जी, हां। सरकार ने स्कूल छोड़ चुकी (11-18 वर्ष) की किशोरियों को ध्यान में रखते हुए नवंबर, 2010 में राजीव गांधी किशोरी सशक्तीकरण योजना सबला की शुरूआत की है।

(ख) समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) मंच का उपयोग करते हुए प्रायोगिक आधार पर देश के 200 जिलों में यह स्कीम कार्यान्वित की जा रही है। इस स्कीम के मुख्य दो घटक है अर्थात (i) पोषण तथा (ii) गैर-पोषण। पोषण घटक में किशोरियों को घर ले जाने के लिए राशन (टीएचआर) या पकाया हुआ गर्म भोजन यथायोग्य दिया जाता है। जबकि गैर-पोषाहारीय घटक में किशोरियों को पोषाहार, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण यौन प्रजनन तथा यौन स्वास्थ्य (एआरएसएच) जैसे मुद्दों पर जानकारी, आयरन फोलिक एसीड की गालियों की आपूर्ति, स्कूल जाने वाली किशोरियों की स्कूल वातावरण में लाने, जीवन कौशल शिक्षा तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इस स्कीम में सालाना लगभग एक करोड़ किशोरियों को शामिल करने की आशा है।

(ग) स्कीम के लिए सरकार द्वारा आवंटन इस प्रकार है।

2010-11 350 करोड़ रुपये

2011-12 750 करोड़ रुपये

[हिन्दी]

स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्रों की स्थापना

2586. श्री घनश्याम अनुरागीः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार प्रति वर्ष पड़ने वाले सूखे और बाढ़ के कारण होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए पृथक स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्र स्थापित करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इन बीमारियों के कारण मारे व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा देने का कोई प्रावधान किया है; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नही उठता।

(ग) और (घ) जी नहीं; स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।

[अनुवाद]

देश की ऋणग्रस्तता

2587. श्री जी.एम. सिद्देश्वरः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश पिछले कुछ वर्षो में विश्व बैंक तथा एशियाई विकास बैंक और अन्य विकसित देशों से लिए गए ऋण के भारी बोझ से ग्रस्त है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी बैंक-वार, देश-वार ब्यौरा क्या है और इसका किस प्रकार पुनर्भुगतान किए जाने का प्रस्ताव है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) जी, नहीं।

(ख) विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक तथा विभिन्न विकसित देशों से लिया गया विदेशी ऋण भारत सरकार के कुल ऋण का छोटा-सा हिस्सा होता है। विदेशी उधारों की पुनः अदायगी तथा उन पर ब्याज उधार की शर्तो के अनुसार प्रतिवर्ष आकलित किया जात है और उसे वर्ष के सामान्य बजट में भारित व्यय के रूप में उपलब्ध कराया जाता है। ब्याज की अदायगियां तथा पुनः अदायगियां सामान्य बजट से देय तारीखों पर सुनिश्चित की जाती हैं।

[हिन्दी]

संतुलित भोजन

2588. श्री मनसुखभाई डी. वसावाः
श्री गोरख प्रसाद जयसवालः
श्री गणेशराव नागोराव दूधगांवकरः
श्रीमती भावना पाटील गवलीः
श्रीमती हरसिमरत कौर बादलः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में संतुलित आहार लेने वाले लोगों के प्रतिशत का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और इस संबंध में की गई समीक्षा के परिणाम क्या है;

(ख) क्या सरकार का वयस्कों और बच्चों हेतु न्यूनतम पोषण निर्धारित करने का प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार निर्धारित पोषण मानकों के अनुसार खाद्यान्न वितरित करने का है;

(ङ) यदि हां, तो क्या सरकार ने योजना के अनुसार गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल), गरीबी रेखा से ऊपर (एपीएल) जीवनयापन करने वाले परिवारों और अन्य लोगों को न्यूनतम पोषण के वितरण हेतु कोई प्रावधान किया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) देश में "संतुलित आहार" प्राप्त करने वाले लोगों की प्रतिशता से संबंधित सूचना केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखी जाती है।

(ख) और (ग) भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2010 में भारतीयों के लिए पौषणिक अपेक्षाओं और संस्तुत आहार संबंधी भत्तों में संशोधन किया है। वयस्कों और बच्चों के लिए संस्तुत आहार संबंधी भत्ते इस प्रकार हैं:

आयु समूह	ऊर्जा (केसीएएल/डी)
वयस्क पुरुष (स्थानबद्ध कार्य)	2320
वयस्क महिलाएं (स्थानबद्ध कार्य)	1900
बच्चेः	
1 से 3 वर्ष	1060
4 से 6 वर्ष	1350
7 से 9 वर्ष	1690
10 से 12 वर्ष (लड़के)	2190
10 से 12 वर्ष (लड़कियां)	2010

(घ) से (च) पौषणिक स्थिति में सुधार लाने के लिए भारत सरकार अनेक योजनाएं कार्यान्वित कर रही है जैसे कि (1) गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों, गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, गरीब से गरीब परिवारों के लिए अन्त्योदय अन्न योजना, (2) असुरक्षित जनसंख्या अर्थात् स्कूल न जाने वाले बच्चों, गर्भवती और स्तनपान करवाने वाली महिलाओं के लिए एकीकृत बाल विकास सेवाएं (3) स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए मिड डे मील कार्यक्रम और (4) किशोरवय लड़कियों (आरजीएसईजी)-(सबला) को सशक्त बनाने के लिए राजीव गांधी योजना।

इच्छा मृत्यु/क्षमा मृत्यु संबंधी विधान

2589. श्री दत्ता मेघेः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने क्षमा मृत्यु अथवा इच्छा मृत्यु के विषय की जांच की हैः

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम रहे;

(ग) क्या सरकार का विचार क्षमा मृत्यु अथवा इच्छा मृत्यु संबंधी विधान बनाने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) से (ङ) दया मृत्यु से संबंधित विषय वस्तु की वर्ष 2003 में इस मंत्रालय में जांच की गई थी और मंत्रालय की राय यह थी कि निम्नलिखित कारणों की वजह से दया मृत्यु की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए:-

1. हिप्पोक्रेटिक शपथ रोगी की इरादतन/स्वैच्छिक मृत्यु के खिलाफ हैं।
2. दर्द में राहत पहुंचाने, पीड़ा, पुनर्वास और तथाकथित असाध्य रोगों के उपचार चिकित्सा विज्ञान की प्रगति को धक्का पहुंचेगा।
3. कोई भी किसी समय विशेष पर मृत्यु की कामना कर सकता है। उसकी कामना चिरस्थायी नहीं हो सकती है और यह केवल क्षणिक अवसाद की क्षणिक कामना हो सकती है।
4. पीड़ा दिमागी अवस्था और अवबोधन है जो विभिन्न व्यक्तियों में अलग-अलग होता है। तथा यह विभिन्न पर्यावरणिक और सामाजिक कारकों पर निर्भर करता है।
5. चिकित्सा विज्ञान में सतत् प्रगति ने कैंसर रोगियों और अन्य टर्मिनल बीमारियों में दर्द निवारक उपचार को संभव बना दिया है। इसी प्रकार पुनर्वास से मेरूदंड की चोट से ग्रस्त अधिकतर रोगियों को लगभग सामान्य जीवन जीने में सहायता मिलती है और दया मृत्यु की अपेक्षा नहीं होती।
6. मानसिक रूप से बीमार/अवसाद ग्रस्त रोगी द्वारा दया मृत्यु की इच्छा का उपचार अच्छी मनश्चिकित्सा परिचर्या से किया जा सकता है।
7. पीड़ा का परिणाम ज्ञात करना मुश्किल होगा जो सदैव परिवर्तनशील सामाजिक दबावों और मानकों के अध्यधीन हो सकती है।
8. क्या डॉक्टर यह कहने के लिए जानकारी और अनुभव होने का दावा कर सकते हैं। कि यह रोग आसाध्य है और रोगी स्थायी रूप से अमान्य (इनवैलिड) है?
9. शय्याग्रस्त और नियमित सहायता की अपेक्षा को परिभाषित करना चिकित्सीय रूप से सदैव संभव नहीं है।
10. जिन चिकित्सा अधिकारियों द्वारा दया मृत्यु करना अपेक्षित होगा उन पर मनश्चिकित्सीय दबाव और अभिघात हो सकता है।

इसके अतिरिक्त, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय ने अपने दिनांक 7 मार्च, 2011 के निर्णय में मुम्बई की एक नर्स अरूणा रामचंद्र शानबाग की दया मृत्यु का निवेदन रद्द कर दिया है जो पिछले 37 वर्षों से किंग एडवर्ड मेमोरियल अस्पताल में निष्क्रिय अवस्था में परिणत हो गई है। तथापि उच्चतम न्यायालय ने "सक्रिय दया मृत्यु", जिसका अर्थ है कि दवाइयां इंजेक्ट करके किसी रोगी का जीवन समाप्त करना, और "निष्क्रिय दया मृत्यु" जिसमें डॉक्टर टर्मिनल रूप से बीमार रोगियों से लाइफ सपोर्ट हटा सकते हैं, के बीच स्पष्ट अंतर करते हुए संसद द्वार कानून पारित करने तक "निष्क्रिय दया मृत्यु" पर कार्रवाइ करने हेतु व्यापक दिशानिर्देश निर्धारित किए हैं।

तत्पश्चात दया मृत्यु के मामले की और जांच की गई है और यह निर्णय लिया गया है कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने अरूणा

रामचंद्र शानबाग मामले में दिए अपने फैसले के जरिए इस संबंध में पहले ही दिशानिर्देश निर्धारित कर दिए हैं जिनका ऐसे मामलों में अनुसरण किया जाना चाहिए तत्पश्चात इन्हें कानून के रूप में माना जाना चाहिए। इस विषय पर कानून बनाने के लिए इस समय में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

[अनुवाद]

जापानी बुखार

2590. **श्री पूर्णमासी रामः** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पूर्वी उत्तर प्रदेश में जापानी बुखार के फैलने से काफी संख्या में बच्चे विशेषकर गरीब परिवारों से संबंधित बच्चे निःशक्त हो गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा इन प्रभावति बच्चों के उचित उपचार और पुनर्वास हेतु क्या उपाय किए गए हैं;

(घ) क्या सरकार ने उक्त प्रभावित क्षेत्रों में गोरखपुर स्थित बीआरडी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मनोविकास केन्द्र सहित विभिन्न अस्पतालों में प्रशिक्षित कर्मचारियों, औषधियों, और चिकित्सा उपस्करों की कमी/अनुपलब्धता पर ध्यान दिया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) (क) और (ख) अनुमान है कि 30 से 40 प्रतिशत बच्चे जो जापानी एंसेफलाइटिस के आघात से उबरते हैं और शारीरिक तथा मानसिक क्षति से ग्रस्त हो सकते हैं।

(ग) भारत सरकार ने भौतिक चिकित्सा पुनर्वास (पीएमआर) केन्द्र स्थापित करने के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर को वर्ष 2010-11 के दौरान 54.51 लाख रुपए की राशि जारी की।

(घ) से (ङ) पूर्वी उत्तर प्रदेश में अस्पतालों तथा अन्य केन्द्रों का संचालन एवं प्रबंधन उत्तर प्रदेश सरकार किया जाता है। तथापि, भारत सरकार उत्तर प्रदेश सरकार को राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत परियोजना कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) या पूरक पीआईपी में यथा प्रदर्शित उपस्कर, स्टाफ इत्यादि के लिए उनके अनुरोध के आधार पर सहायता प्रदान करती है।

खनन कार्यकलापों से प्रभावित लोगों के बचाव संबंधी कानून

2591. **श्री मानिक टैगोरः** क्या **खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार का विचार देश में खान के आस-पास के क्षेत्र और समीपवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को खनन कार्यकलापों से बचाने और सुरक्षोपाय करने हेतु कानून बनाने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (दिनशा पटेल): (क) और (ख) सरकार ने, संसद में प्रस्तुत करने के लिए खान और खनिज (विकास और विनियमन) विधेयक के मसौदे का अनुमोदन किया है। मसौदा विधेयक में अन्य बातों के साथ इन बातों के लिए प्रावधान है:-

- सभी गवेषण क्रियाकलापों में, गवेषण वाले क्षेत्र पर जिस व्यक्ति अथवा परिवार का पेशा अथवा भोगाधिकार अथवा परंपरागत अधिकार है उन्हें उचित मुआवजा देय होगा
- सभी खनन पट्टाधारी को जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) को वार्षिकी का भुगतान करना होगा-
    - प्रमुख खनिजों (कोयला के अलावा) के मामले में रॉयल्टी के समकक्ष राशि और कोयला खनिजों के मामले में लाभ के 26% के समतुल्य राशि; तथा
    - गौण खनिज के मामले में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित राशि;
- पट्टाधारियों द्वारा डीएमएफ को भुगतान की गई राशि के एक भाग का उपयोग, खनन कार्यो से प्रभावित व्यक्तियों को आवर्ती भुगता के लिए किया जाएगा।
- खनन कंपनियों, खनन से प्रभावित परिवार के प्रत्येक व्यक्ति को समतुल्य कम से कम एक शेयर आबंटित करेगा।
- खनन कंपनियां, पुनर्वास और पुनःस्थापना (आर एवं आर) नीति के अंतर्गत यथा निर्धारित रोगजागर अथवा अन्य मुआवजा प्रदान करेगा।

- खान बंद होने के उपरांत, खनन कंपनियां, खान समापन और पुनः स्थापन प्रक्रिया के तहत प्रभावित व्यक्तियों को क्षति होने के एवज में भुगतान करेगा।

खनिजों के निर्यात पर प्रतिबंध

2592. श्री एस. सेम्मलईः क्या **खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कुछ राज्य सरकारों ने खनिजों के निर्यात पर प्रतिबंध और देश के खनिज अयस्कों का अपने विकास हेतु प्रयोग करने के लिए उचित प्रौद्योगिकी विकसित करने की मांग की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर केन्द्र सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार का विचार खनन कंपनियों से किराया संसाधन कर लागू करने का है जैसा कि कुछ खनिज समृद्ध राज्यों ने सिफारिश की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दिनशा पटेल) : (क) और (ख) हाल ही में कर्नाटक सरकार तथा ओडिशा सरकार ने अन्य बातों के साथ-साथ देश में खनिजों के संरक्षण और मूल्यवर्धन के मद्देनजर लौह अयस्क के निर्यात पर रोक लगाने का सुझाव दिया है। लौह अयस्क के निर्यात पर रोक लगाने की मांग नई नहीं है और यह विभिन्न चिंताओं के कारण विगत में भी उठती रही है यथा-निर्यात के कारण अयस्क की कमी, भावी घरेलू आवश्यकताओं हेतु अयस्क का संरक्षण, घरेलू मूल्य वर्धन क्षमता जुटाने तथा घरेलू कीमतों पर निर्यात की कीमत वृद्धि प्रभाव। इन चिंताओं पर दिनांक 6.7.2007 को मंत्रियों के समूह की बैठक में सरकार द्वारा विधिवत विचार-विमर्श किया गया तथा यह महसूस किया गया कि कमी की ये चिंताएं उपयुक्त नहीं थी, और यद्यपि इस्पात उद्योग को सुरक्षा की आवश्यकता थी लेकिन निर्यात पर रोक/सीमा निर्धारण सही उपाय नहीं होगा और निर्यात पर रोक लगाने की उचित प्रक्रिया राजकोषीय उपायों में निहित है। यह भी माना गया कि स्थिति की 10 वर्षों के बाद पुनः समीक्षा की जाए। सरकार की यह भी राय है कि यद्यपि पिछले कुछ वर्षों में लौह अयस्क के निर्यात में वृद्धि हुई है, लेकिन इस निर्यात में मुख्यतः लौह अयस्क फाइन (लगभग 80 प्रतिशत) शामिल है जिसके लिए पर्याप्त घरेलू बाजार नहीं है जिसे यदि खानों में एकत्रित होने दिया जाए तो यह लौह अयस्क के उत्पादन को बाधित करने के अतिरिक्त गंभीर पर्यावरणीय खतरे भी पैदा कर सकता है।

इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय खनिज नीति, 2008 में यह कहा गया है कि खनिजों के संरक्षण से यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि इनके उपयोग से सीमित दृष्टि से दूर रहा जाए अथवा भावी उपयोग के लिए इन्हें संरक्षित किया जाए अपितु सकारात्मक धारणा अपनाई जाएगी जिससे खनन विधियों में सुधार सज्जीकरण और निम्न ग्रेड अयस्क तथा रिजेक्ट्स के उपयोग और संबंधित खनिजों की प्राप्ति के जरिए भंडार आधार को बढ़ावा जा सके।

(ग) और (घ) जी, नहीं। तथापि सरकार ने 30 सितम्बर, 2011 को खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) विधेयक, 2011 का प्रारूप अनुमोदित कर दिया है जिसके अनुसार राज्य सरकार को देय रॉयल्टी के अलावा सभी खनन पट्टा धारक प्रत्येक खनन जिले में स्थापित जिला खनिज फाउंडेशन को वार्षिक भुगतान करेंगेः

(i) प्रमुख खनिजों (कोयला एवं लिग्नाइट को छोड़कर) की स्थिति में वित्त वर्ष के दौरान भुगतान की गई रॉयल्टी के बराबर राशि;

(ii) कोयला एवं लिग्नाइट के मामले में, ठीक पूर्ववर्ती वित्त वर्ष में पट्टे से संबंधित खनन कार्यों से प्राप्त लाभ, जिसे 'प्रॉफिट शेयरिंग पर्सेंटेज' (भुगतान किए गए कर की कटौती के बाद) कहा जाएगा, की 26 प्रतिशत राशि; और,

(iii) गौण खनिजों की स्थिति में, राज्य सरकार द्वारा विहित की जाने वाली राशि।

प्रारूप विधेयक में यह भी प्रावधान है कि राज्य विनियामक निकायों के क्षमता निर्माण, विशेष न्यायालय की स्थापना तथा अवैध खनन को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार प्रमुख एवं गौण खनिजों पर रॉयलटी का 10 प्रतिशत से अनधिक का उपकर लगा एवं वसूल कर सकती है।

प्रारूप विधेयक में ये प्रावधान लोक हित में राज्य सरकार को उचित मुआवजा राशि देने के लिए है।

केंद्रीय सरकार की सेवाओं में रिक्त पद

2593. श्री एम.बी. राजेशः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को केंद्रीय सरकार की सेवाओं में वर्तमान में रिक्त पड़े पदों की संख्या के संबंध में आंकड़े प्राप्त हुए हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन पदों को भरने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाने का प्रस्ताव है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) और (ख) उपलब्ध जानकारी के अनुसार 01 मार्च, 2010 को केंद्र सरकार के नियमित सिविल कर्मचारियों के रिक्त पदों की अनुमानित संख्या 5,33,936 थी।

सभी मंत्रालयों/विभागों को कार्यभार के मुकाबले में अपने रिक्त पदों की नियमित रूप से समीक्षा करनी होती है और ऐसी समीक्षाओं के संदर्भ में अपनी जरूरतों के अनुसार इस विषय पर वर्तमान दिशा-निर्देशों और नियमों के अध्यधीन आवश्यक उपाय करने होते हैं।

महिला हितैषी कानूनों का दुरूपयोग

2594. श्री वरूण गांधीः क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या महिला हितैषी कानूनों के दुरूपयोग के मामले सरकार के संज्ञान में आए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) शोषण और महिला समर्थक कानूनों के दुरूपयोग की रोकथाम हेतु सरकार द्वारा उठाए गए कदमों/प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है?

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ): (क) और (ख) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को महिलाओं के लिए बनाए गए कानून तथा कानूनी उपबंधों के दुरूपयोग संबंधी प्रत्यावेदन प्राप्त हुए हैं। इन प्रत्यावेदनों में मुख्यतः भारतीय दण्ड संहिता की धारा 498 क तथा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के दुरूपयोग संबंधी शिकायतें हैं।

(ग) कानूनी उपबंधों के दुरूपयोग, यदि कोई हो, से निपटने के लिए मौजूदा कानून में पर्याप्त सुरक्षोपाय उपलब्ध हैं।

सुरक्षा सेवाओं पर कर का भुगतान

2595. श्रीमती बोचा झांसी लक्ष्मीः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सुरक्षा सेवाओं पर सेवा कर लगाया जाता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान उनसे संग्रहित कर का संगठन-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पुलिस संगठनों ने इंडियन प्रिमियर लीग और अन्य क्रिकेट मैचों आदि के आयोजकों सहित निजी पक्षों को सुरक्षा संबंधी सेवाएं प्रदान कर करोड़ों रुपये अर्जित किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या पुलिस संगठनों से सेवा कर वसूला गया है और यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) पुलिस संगठनों द्वारा सेवा कर की शीघ्रातिशीघ्र अदायगी हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम): (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा

2596. श्रीमती जयाप्रदाः
श्री यशवीर सिंहः
श्री नीरज शेखरः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन हेतु वार्षिक रूप से सामान्य समीक्षा मिशन (सीआरएम) आयोजित करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) एनआरएचएम की संयुक्त समीक्षा मिशन हेतु चयनित राज्यों का ब्यौरा क्या है;

(घ) सीआरएम हेतु उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के चयनित जिलों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सीआरएम उन जिलों में एनआरएचएम परियोजना की समीक्षा करेगा जहां गत पांच वर्षों के दौरान एनआरएचएम में अनियमितताएं बरती गई हैं; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) और (ख) सरकार ने एनआरएचएम के अंतर्गत एम मानीटरन तंत्र अर्थात वार्षिक कॉमन समीक्षा मिशन (सी आर एम) की स्थापना की है जिसमें भारत सरकार, विकास भागीदारों के प्रतिनिधि, जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ और सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधि शामिल हैं। अब तक पांच सी आर एम शुरू किए जा चुके हैं।

(ग) अब तक विभिन्न सी आर एम के लिए चयनित राज्यों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(घ) उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से सी आर एम के लिए चयनित जिलों का ब्यौरा इस प्रकार है:

	पहला सीआरएम	दूसरा सीआरएम	तीसरा सीआरएम	चौथा सीआरएम	पांचवा सीआरएम
उत्तर प्रदेश	रायबरेली झांसी	उन्नाव बहराइच	कानपुर इलाहाबाद	लखीमपुर सोनभद्र	बदायूं जलौन
उत्तराखण्ड			टिहरी गढ़वाल अल्मोड़ा	चमोली उत्तरकाशी	रूद्रप्रयाग पौढ़ी गढ़वाल

(ङ) और (च) सीआरएम में एनआरएचएम के समस्त काम-काज की समीक्षा और मिशन के क्रियान्वयन में आवश्यक माध्यावधिक संशोधन हेतु उपाय/सुझाने हेतु अधिदेश हैं। समीक्षा मिशन में राष्ट्रीय स्तरीय ब्रीफिंग, राज्य ब्रीफिंग, फील्ड दौरे और राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय ब्रीफिंग शामिल है। सीआरएम की रिपोर्टों का अनिवार्य सुधारात्मक कदम उठाने हेतु राज्य सरकारों के साथ साझा किया जाता है। चौथी सीआरएम द्वारा अभिज्ञात कुछ उन्नयन क्षेत्रों में अवसंरचना में कतिपय कमियां, मानव संसाधनों विशेषतौर पर विशेषज्ञों, दूसरी एएनएम और एमपीडब्ल्यू की कमी शामिल है। इस रिपोर्ट में अन्य बातों के साथ-साथ अनेक राज्यों में परिधीय स्तरों पर एक उचित प्रापण प्रणाली और प्रयोगशाला सेवाओं की स्थापना हेतु आवश्यकता भी उजागर की गई। यह आशा (एएसएचए) के प्रशिक्षण, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण समिति के क्षमता निर्माण, समुदाय आधारित मानीटरन और नियोजन इत्यादि में सिविल समाज की सहभागिता के विस्तार हेतु आवश्यकता पर भी जोर देती है।

विवरण

कॉमन समीक्षा मिशन के लिए चयनित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

क्र.सं.	राज्य	पहला सीआरएम	दूसरा सीआरएम	तीसरा सीआरएम	चौथा सीआरएम	पांचवा सीआरएम
		14-19 नवम्बर 2007	15-22 दिसम्बर 2008	3-15 नवम्बर 2009	15-22 दिसम्बर 2010	8-15 नवम्बर 2011
1	2	3	4	5	6	7
	उच्च फोकस वाले-एनई					
1.	बिहार	✓	✓	✓	र	✓
2.	छत्तीसगढ़	✓	✓	✓	✓	✓
3.	हिमाचल प्रदेश	×	×	×	×	✓

1	2	3	4	5	6	7
4.	जम्मू व कश्मीर	✓	×	✓	×	×
5.	झारखंड	×	✓	र	✓	✓
6.	मध्य प्रदेश	✓	✓	✓	✓	र
7.	ओडीशा	✓	✓	✓	✓	✓
8.	राजस्थान	✓	✓	✓	✓	✓
9.	उत्तर प्रदेश	✓	✓	✓	✓	✓
10.	उत्तराखण्ड	×	×	✓	✓	अ
	उच्च फोकस वाले-एनई					
11.	अरूणाचल प्रदेश	✓	×	×	✓	×
12.	असम	✓	✓	×	?	✓
13.	मणिपुर	×	×	×	×	×
14.	मेघालय	×	×	✓	×	×
15.	मिजोरम	×	✓	×	×	×
16.	नागालैंड	×	×	×	✓	×
17.	सिक्किम	×	×	✓	×	✓
18.	त्रिपुरा	✓	×	×	×	×
	गैर उच्च फोकस वाले बड़े					
19.	आंध्र प्रदेश	×	×	✓	×	✓
20.	गोवा	×	×	×	×	✓
21.	गुजरात	✓	×	✓	×	✓
22.	हरियाणा	×	×	✓	×	✓
23.	कर्नाटक	×	✓	×	×	✓
24.	केरल	×	✓	×	✓	×
25.	महाराष्ट्र	×	✓	×	✓	×
26.	पंजाब	×	×	×	✓	×

1	2	3	4	5	6	7
27.	तमिलनाडु	×	✓	×	✓	×
28.	पश्चिम बंगाल	✓	×	✓	×	×
	गैर उच्च फोकस वाले-छोटे और संघ राज्य क्षेत्र					
29.	अण्डमान व निकोबार द्वीपसमूह	×	×	✓	×	×
30.	चंडीगढ़	×	×	×	✓	×
31.	दादरा और नगर हवेली	×	×	✓	×	×
32.	दमन और द्वीव समूह	×	×	✓	×	×
33.	दिल्ली	×	×	×	×	×
34.	लक्षद्वीप	×	×	×	×	×
35.	पुडुचेरी	×	×	×	×	×
	कुल चयनित राज्य	12	13	17	15	15

✓ - चयनित

× - चयनित नहीं

[हिन्दी]

स्वास्थ्य बीमा कवरेज

2597. श्री प्रेमदासः
श्री नवीन जिन्दलः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने कि कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षो में प्रत्येक वर्ष के दौरान देश में बिना किसी स्वास्थ्य बीमा कवरेज वाली जनसंख्या के प्रशिक्षण का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) कम कवरेज के कारण क्या हैं;

(ग) क्या योजना आयोग सहित विभिन्न पक्षों से देश के प्रत्येक नागरिक को शामिल करने हेतु राज्य-वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम आरंभ करने हेतु सुझाव प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है; और

(ङ) स्वास्थ्य परिचर्या बीमा कवरेज की बढ़ोतरी को सुकर बनाने हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) और (ख) देश में बीमा क्षेत्र के विनियामक, बीमा बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीए) ने सूचित किया वह स्वास्थ्य बीमा कवरेज के बिना जनसंख्या के संबंध में राज्य-वार सूचनाएं नहीं रखता है।

(ग) से (ङ) योजना आयोग ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य बीमा कवरेज यूनीवर्सल हेल्थ कवरेज (यूएचसी) के संबंध में एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति (एचएलईजी) का गठन किया है जिसका उद्देश्य अन्य बातों के साथ-साथ 2020 तक सभी के लिए स्वास्थ्य की उपलब्धता के लिए रूप रेखा (ब्लू प्रिंट) और निवेश योजना तैयार करना है। एचएलईजी की रिपोर्ट योजना आयोग का प्रस्तुत की जा चुकी है। एचएलईजी की प्रमुख सिफारिशें (i) स्वास्थ्य वित्त पोषण और वित्तीय सुरक्षा (ii) दवाओं, वैक्सीन और प्रौद्योगिकी तक पंहुच (iii) स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन (iv) स्वास्थ्य सेवा मानदंड (v) प्रबंधन एवं संस्थागत सुधार (vi) सामुदायिक सहभागिता और नागरिक सम्बद्धता (vii) स्वास्थ्य इत्यादि का सामाजिक प्रतिबद्धता आदि हैं। सरकार

द्वारा यथा अनुमोदित एचएलईजी की सिफारिशें सरकार की 12वीं पंचवर्षीय योजना का एक हिस्सा होंगी।

[अनुवाद]

समयोपरि भत्ता और यात्रा भत्ते की निधियों का आवंटन

2598. श्री जयवंत गंगाराम आवलेः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2009-10 में विभिन्न विभागों को आवंटित बजट की कुल राशि कितनी है और वर्ष में समयोपरि भत्ता और यात्रा भत्ते पर किए गए व्यय संबंधी आंकड़ों का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2010-11 हेतु अनुमानित बजट कितना है और गत वर्ष कितना कार्य किया गया है और कमियों और बजट वापस किए जाने के क्या कारण है; और

(ग) चालू वर्ष हेतु निर्धारित लक्ष्यों और जून 2010 तक किए गए कार्य का ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) वर्ष 2009-10 में विभिन्न विभागों को आवंटित बजट और समयोपरि भत्ते और यात्रा भत्ते के आंकड़ों सहित किए गए व्यय की कुल राशि को दर्शाने वाला ब्यौरा संलग्न विवरण- I में दिया गया है।

(ख) और (ग) वर्ष 2010-11 के लिए प्रक्षेपित बजट व्यय की राशि और वापस की गई राशि को दर्शाने वाला ब्यौरा- II में दिया गया है और जून, 2011 तक किए गए व्यय के ब्यौरे सहित वर्तमान वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्यों को दर्शाने वाला ब्यौरा संलग्न विवरण-III में दिया गया है।

राष्ट्र की आबादी को स्वास्थ्य के स्वीकार्य मानक प्रदान करने के लिए कार्य करना मंत्रालय का प्रयास है। निरन्तर प्रयासों के कारण, बहिरंग रोगी विभागों, संस्थागत प्रसवों में अधिक सेवा उपयोगिता शिशु मृत्यु दर, मातृ अनुपात और कुल प्रजनन दर में भी कमी जैसे सुधारों की सूचना मिली है।

मंत्रालय के कार्य की अन्य प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं:-

(i) राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न संघटकों जिन्हें जन स्वास्थ्य प्राथमिकताओं को निर्धारित करने के लिए राज्य सरकारों को मदद देने तथा मानव संसाधन और शासन (गवर्नेस) सुधार करने के लिए शुरू किया गया था, जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों/उप्र-प्रभागीय अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सचल चिकित्सा एककों इत्यादि स्वास्थ्य अवसंरचना में सुधार करने में सहायता मिली है।

(ii) ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में मानव संसाधनों के अंतर को पूरा करने के लिए विशेषज्ञों और स्टाफ नर्सें सहित अतिरिक्त चिकित्सकों की नियुक्ति की गई।

(iii) जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत वर्ष 2009-10 में 100.78 लाख लाभार्थियों और वर्ष 2010-11 में 50.29 लाख लाभार्थियों को नकद सहायता प्रदान की गई है।

(iv) चिकित्सा शिक्षा में मानव संसाधन की वृद्धि के लिए स्नातकोत्तर स्तरों के लिए शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात को 1:1 से 1:2 तक संशोधित किया गया है जिसके परिणामस्वरूप शैक्षणिक वर्ष 2010-11 से सरकारी मेडिकल कॉलेजों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में लगभग 4000 अतिरिक्त स्नातकोत्तर सीटों की वृद्धि हुई। इस अवधि के दौरान एमबीबीएस स्तरों पर अधिकतम प्रवेश क्षमता 100/150 से बढ़कर 200/250 हुई है।

(v) प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत देश में एम्स जैसे 6 संस्थानों की स्थापना तथा मेडिकल कॉलेजों के उन्नयन का कार्य जोरों पर है।

(vi) राष्ट्रीय कैंसर, मधुमेह, हृदवाहिका रोग और अभिघात निवारण और नियंत्रण कार्यक्रम से स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा केन्द्रों की गुणवत्ता में सुधार होगा।

(vii) आयुर्वेद योग और नेच्युरोपैथी, यूनानी, सिद्ध और होमियोपैथी के क्षेत्र में तैयार किए गए एक व्यापक संस्थागत कार्य ढांचे से लोगों की अपूरित स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आयुष अवसंरचना की इष्टतम उपयोगिता में सहायता मिली है।

(viii) चिकित्सा, स्वास्थ्य जैव-चिकित्सा, चिकित्सा व्यवसाय और शिक्षा से संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान करने के लिए विभिन्न संस्थानों को सुदृढ़ बनाया गया है।

(ix) मंत्रालय भारत में एड्स की महामारी को रोकने और प्रतिवर्तित करने के लिए प्रयासरत है।

विवरण I

वर्ष 2009-10 में विभिन्न विभागों को आवंटित कुल बजट और किया गया व्यय

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	विभाग	बजट अनुमान 2009-10 (योजना + गैर-योजना)	संशोधित अनुमान 2009-10 (योजना + गैर-योजना)	वास्तविक व्यय 2009-10 (योजना + गैर योजना)
1.	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग	22724.95	21901.13	21124.91
	समयोपरि भत्ता	1.26	1.26	0.78
	यात्रा भत्ता	18.11	16.31	12.88
2.	आयुष विभाग	922.00	863.00	861.53
	समयोपरि भत्ता	0.03	0.01	0.01
	यात्रा भत्ता	0.88	0.82	0.71
3.	स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग	606.00	600.00	583.97
	समयोपरि भत्ता	0.03	-	-
	यात्रा भत्ता	0.09	0.10	0.05

विवरण II

वर्ष 2010-11 प्रक्षेपित बजट और व्यय की गई धनराशि तथा वापस लौटाई गई धनराशि

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	विभाग	बजट अनुमान 2010-11 (योजना + गैर योजना)	संशोधित अनुमान 2010-11 (योजना + गैर-योजना)	व्यय 2010-11 (योजना + गैर योजना)	वर्ष 2010-11 के दौरान वापस की गई राशि (योजना + गैर-योजना)
1.	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग	25236.07	25313.48	24221.99	*636.05
2.	आयुष विभाग	964.00	1065.00	1018.37	**5.03
3.	स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग	660.00	690.01	675.02	***11.81

*बजट वापस करने का कारण आपूर्ति और सामग्री की अल्पतम अधिप्राप्ति विशेषकर पूर्वोत्तर राज्यों की अल्प अवशोषक क्षमता और पूंजीगत कार्यो पर व्यय की धीमी गति थी।

** पूर्ववर्ती वर्षों के दौरान जारी किए गए अनुदान में से अनुग्राही निकायों में उपयुक्त बकाये की उपलब्धता के कारण वापस किया गया।

*** नए पदों को न भरे जाने और प्रत्याशित की अपेक्षा कम सहायतानुदान के कारण वापस किया गया।

विवरण III

चालू वर्ष के लिये निर्धारित लक्ष्य तथा जून 2011 तक किया गया व्यय

(करोड़ रु. में)

क्र.स.	विभाग	बजट अनुमान 2011-12 (वर्ष के लिए निर्धारित किए जा रहे लक्ष्य (योजना + गैर-योजना)	जून, 2011 तक वास्तविक व्यय (योजना + गैर-योजना)
1.	स्वास्थ्य एवं कल्याण विभाग	28901.33	6341.33
2.	आयुष विभाग	1088.00	100.26
3.	स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग	771.00	283.25
4.	एड्स नियंत्रण विभाग	1700.00	501.11

तम्बाकू कंपनियों में लोक प्रतिनिधित्व

2599. श्री के.पी. धनपालनः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने तम्बाकू विनिर्माता कंपनियों में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन लोक प्रतिनिधियों के संबंध में दिशानिर्देश निर्धारित किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) तम्बाकू विनिर्माता कंपनियों में पदों पर आसीन ऐसे लोक प्रतिनिधियों की संख्या कितनी है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) जी, नहीं। तथापि, तंबाकू नियंत्रण संबंधी डब्ल्यूएचओ फ्रेमवर्क सम्मेलन के अनुच्छेद 5.3 के अंतर्गत इस मामले में दिशानिर्देश तैयार किए हैं जिसका भारत सरकार ने फरवरी, 2004 में अनुसमर्थन किया है।

(ख) अनुच्छेद 5.3 के अंतर्गत बनाए गए विस्तृत दिशानिर्देश प्रकाशित रूप से और डब्ल्यूएचओ- एफसीटीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इन दिशानिर्देर्शों का प्रयोजन तंबाकू नियंत्रण की तंबाकू उद्योग के वाणिज्यिक और अन्य निहित हितों से रक्षा करने के लिए व्यापक और प्रभावी प्रसास सुनिश्चित करना है। ये दिशानिर्देश ऐसे व्यक्तियों निकायों अथवा संगठनों पर लागू होते हैं जो तंबाकू नियंत्रण से संबंधित नीति के प्रतिपादन और कार्यान्वयन हेतु योगदान देते हैं अथवा योगदान दे सकते है। ऐसे दिशानिर्देश सरकारी प्राधिकारियों, किसी भी राष्ट्रीय , राज्य प्रांतीय, म्यूनिसिपल स्थानीय अथवा अन्य सार्वजनिक अथवा निकाय के प्रतिनिधियों और कर्मचारियों पर लागू होते हैं। इन दिशानिर्देशों में सदस्य राष्ट्रों से यह अपेक्षा भी है कि वे सरकारी प्राधिकारियों और कर्मचारियों के हितों के टकराव से बचें।

(ग) ऐसी कोई सूचना उपलब्ध नहीं है।

[हिन्दी]

जनजातियों का लुप्त होना

2600. श्री जगदानंद सिंहः
श्री कामेश्वर बैठाः

क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कुछ घुमंतू और अन्य जनजातियां लुप्त होने के कगार पर हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में घुमंतू जनजातियों के कल्याण हेतु सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राज्य सरकारों द्वारा संस्वीकृत, जारी और उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार और योजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का घुमंतू जनजातियों को आश्रय और अन्य सरकारी लाभ प्रदान करने हेतु कार्ययोजना तैयार करने का प्रस्ताव है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला): (क) से (च) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

[अनुवाद]

राजीव गांधी राष्ट्रीय क्रैच योजना

2601. **श्री पी. करूणाकरनः** क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिए राजीव गांधी राष्ट्रीय क्रैच योजना के अंतर्गत क्रैच कर्मचारियों को भुगतान किए जा रहे मानदेय के संबंध में कोई अध्ययन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार क्रैच कर्मचारियों के मानदेय में संसोधन करने और वार्षिक वेतन वृद्धि पेंशन, उपदान, चिकित्सा सुविधाएं भविष्य निधि आदि अन्य लाभ प्रदान करने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा क्रैच चलाने हेतु भवनों की खरीद/निर्माण करने अथवा जिन भवनों में यह क्रैच चल रहे हैं के किराए के भुगतान के लिए कार्यान्वयन एजेंसियों को प्रदान की गई निधियों का ब्यौरा क्या है?

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ): (क) और (ख) जी, नहीं।

(ग) और (घ) स्कीम के प्रसार और गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु इसमें परिवर्तन का सुझाव देनें के लिए मंत्रालय में एक समिति का गठन किया गया है। समिति ने अन्य बातों के साथ-साथ क्रैच कर्मियों के मानदेय में वृद्धि की सिफारिश की है। तथापि, उप समिति ने क्रैच कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं को वार्षिक वेतन-वृद्धि पेंशन, उपदान, चिकित्सा सुविधाएं भविष्य निधि आदि जैसे लाभ प्रदान करने के लिए सिफारिश नहीं की है।

(ङ) मौजूदा स्कीम में क्रैच चलाने के लिए भवनों की खरीद/के निर्माण या जिन भवनों में क्रैच चलाए जाते हैं, उनके किराए के भुगतान हेतु क्रियान्वयन एजेंसियों को निधियां प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है। यह आशा की जाती है कि क्रियान्वयन एजेंसियां अपने आप ही क्रैच चलाने के लिए उपयुक्त आवास की व्यवस्था करें।

जनश्री बीमा योजना

2602. **श्री किसनभाई वी. पटेलः**
श्री प्रदीप माझीः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विभिन्न राज्यों में खादी कारीगरों के लिए जनश्री बीमा योजना आरंभ की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) चालू योजना के दौरान इस संबंध में निर्धारित किए गए लक्ष्यों की तुलना में अभी तक कितने कारीगर शामिल किए गए हैं; और

(घ) उक्त योजना पर अभी तक खादी संस्थानों और केन्द्र सरकार द्वारा कितनी निधियां व्यय की गई हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) और (ख) सभी खादी कारीगरों को केन्द्रीयकृत योजना, जिसे खादी कारीगर जनश्री बीमा योजना के रूप में जाना जाता है, के अंतर्गत शामिल किया जाता है। इस योजना को 15 अगस्त, 2003 को आरंभ किया गया था। खादी तथा ग्रामीण उद्योग आयोग (केवीआईसी) की पहल पर जनश्री बीमा योजना के लाभ का विस्तार केवल 12.50 रुपये प्रति वर्ष की आर्थिक सहायता प्राप्त प्रीमियम दर खादी कारीगरों तक किया गया है। शेष प्रीमियम का वहन खादी संस्था तथा के.वी.आई.सी. द्वारा किया जाता है तथा 50 रूपये का भुगतान सामाजिक सुरक्षा निधियों से किया जाता है। प्रीमियम के अंशदान का ब्यौरा निम्नानुसार हैः-

कारीगर	12.50 रुपये
खादी संस्था	25.00 रुपये
के.वी. आई.सी	12.50 रुपये
एलआईसी द्वारा प्रबंधित सामाजिक सुरक्षा निधि	50.00 रुपये

योजना के अंतर्गत दिए गए लाभ निम्नानुसार हैं:-

प्राकृतिक मृत्यु पर	30,000
दुर्घटना के कारण मृत्यु या स्थायी पूर्ण अपंगता पर	75,000
आंशिक स्थायी अपंगता पर	37,500

(ग) योजना के अंतर्गत वर्तमान योजना अवधि में अभी तक शामिल किए गए कारीगरों की संख्या 2.77 लाख है और योजना अवधि के अंत तक लक्ष्य 2.90 लाख कारीगर हैं।

(घ) खादी संस्थाओं तथा केन्द्र सरकार द्वारा उक्त योजना के अंतर्गत अभी तक किया गया व्यय क्रमशः 5.16 करोड़ रुपये तथा 10.31 करोड़ रूपये है।

[हिन्दी]

सरदार सरोवर बांध से विद्युत आपूर्ति

2603. श्री मकनसिंह सोलंकीः क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरदार सरोवर बांध से उत्पादित कुल विद्युत से मध्य प्रदेश सहित लाभान्वित राज्यों को कितनी मात्रा में विद्युत की आपूर्ति की जाती है; और

(ख) इससे लाभान्वित होने वाले मध्य प्रदेश के क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल): (क) वर्ष 2011-12 (अप्रैल से अक्टूबर, 2011 तक) के दौरान सरदार सरोवर परियोजना से कुल उत्पादित विद्युत के अलावा मध्य प्रदेश सहित विभिन्न लाभार्थी राज्यों के लिए निर्धारित ऊर्जा कार्यक्रम के ब्यौरेः

गुजरात	531.66 मिलियन यूनिट (16%)
मध्य प्रदेश	1,894.05 मिलियन यूनिट (57%)
महाराष्ट्र	897.18 मिलियन यूनिट (27%)
कुल	3,322.89 मिलियन यूनिट (100%)

(ख) किसी राज्य में विद्युत की मांग की पूर्ति अपने निजी उत्पादन केंद्रों से उत्पादन, केंद्रीय उत्पादन केंद्रों से आपूर्ति और विद्युत के आयात के जरिए की जाती है। सरदार सरोवर परियोजना से मध्य प्रदेश के डिस्कॉम जो राज्य में विद्युत की आपूर्ति कर रहे हैं, को लाभ हुआ।

[अनुवाद]

व्यवसाय कर

2604. श्री अधीर चौधरीः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) विभिन्न राज्यों में तैनात केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों द्वारा वहन किए जाने वाले कर भार के मद्देनजर इस पर केंद्र सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

(ग) विभिन्न राज्यों में तैनात केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों द्वारा वहन किए जाने वाले कर भार के मद्देनजर इस पर केंद्र सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) से (ग) संविधान के अनुच्छेद 276 के अनुसार राज्य विधानमंडल द्वारा संविधान में विनिर्दिष्ट उच्चतम सीमा तक व्यवसाय, व्यापार तथा रोजगार पर राज्य अथवा नगरपालिका, जिला बोर्ड, स्थानीय बोर्ड अथवा अन्य स्थानीय प्राधिकरण के लाभ हेतु कर लगाया जा सकता है। वर्तमान उच्चतम सीमा 2500/- रुपए प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष है।

राज्यों द्वारा व्यवसाय, व्यापार तथा रोजगार पर कर लगाने अथवा एकत्र करने संबंधी सूचना केंद्रीय स्तर पर नहीं रखी जाती है।

[हिन्दी]

राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार

2605. श्री गोरख प्रसाद जायसवालः
श्री सुशील कुमार सिंहः
श्री पशुपति नाथ सिंहः
श्री मनसुखभाई डी. वसावाः
श्री महेश जोशीः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राजस्व विभाग में व्यापक भ्रष्टाचार, अनियमितताओं, कुप्रबंधन की घटनाओं और इससे कर वसूली में होने वाली कमी की ओर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में गिरफ्तार किए गए अधिकारियों का विभाग-वार ब्यौरा क्या है और कितने अधिकारियों के विरूद्ध मामले लंबित हैं उन प्राधिकरणों का ब्यौरा क्या है जो इन मामलों की जांच कर रही है;

(ग) दो वर्षों से अधिक समय से लंबित पड़े मामलों की संख्या कितनी है;

(घ) सरकार द्वारा ऐसे मामले के शीघ्र निपटान हेतु क्या कदम उठाए गए हैं और इस संबंध में क्या सफलता प्राप्त हुई है; और

(ङ) इस मामले में क्या उपाय किए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एम. पलानीमनिकम): (क) राजस्व विभाग में कोई व्यापक भ्रष्टाचार, अनियमितताएं, कुप्रबंधन नहीं है। तथापि, विभाग भ्रष्टाचार अनियमितताओं आदि के मामलों पर सतर्कता के द्वारा ध्यान रखते हैं और जब कभी अपेक्षित हो, तो संगत नियमों के अंतर्गत कार्रवाई करता है।

(ख) और (ग) अभिरक्षा में लिए गये समूह 'क' अधिकारियों की संख्या निम्नानुसार है:

आयकर विभाग के समूह क अधिकारी	सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के समूह क अधिकारी
14 (केन्द्रीय जांच ब्यूरो की अभिरक्षा के अंतर्गत 13 और भ्रष्टाचार निरोध ब्यूरो गुजरात की अभिरक्षा के अंतर्गत 1)	शून्य

गत दो वर्षों के दौरान विभाग के समूह 'क' अधिकारियों की संख्या जिनके मामलों में अभियोजन की स्वीकृति दी गई है, निम्न प्रकार है:

आयकर विभाग के समूह क अधिकारी	सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के समूह
23	31

जहां तक समूह 'ख' एवं 'ग' अधिकारियों का संबंध है, देश के विभिन्न भागों में यथा पदनामित संबंधित क्षेत्रीय प्राधिकारी शीघ्र कार्रवाई करते हैं तथापि, आंकड़े केन्द्रीय रूप से नहीं रखे जाते हैं।

(घ) और (ङ) यह सुनिश्चित करने के लिए कि पारदर्शिता सहित सुनियोजित सुधार के प्रति लगातार प्रयास किये जाएं ताकि अधिकारी यथानिर्धारित मानदंड और प्रक्रियाओं के अनुसार कार्य कर सकें। अनुशासन संबंधी मामलों की लगातार मॉनटरिंग की जाती है ताकि समय पर निपटान हो। भ्रष्टाचार के सभी मामले जिन पर सी बी आई/एसीबी द्वारा अभियोजन हेतु स्वीकृति मांगती है, पर शीघ्र कार्रवाई की जाती है और सक्षम प्राधिकारी द्वारा दी गई स्वीकृति की सूचना अभियोजन एजेंसी को दी जाती है।

[अनुवाद]

पल्स पोलियो कार्यक्रम की समीक्षा

2606. श्री पी.टी. थॉमसः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में क्रियान्वित किए जा रहे पल्स पोलियों कार्यक्रम की समीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके परिणाम क्या हैं;

(ग) क्या इस संबंध में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति इस वर्ष के अंत तक प्राप्त किए जाने की संभावना है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या उपचारात्मक उपाय किए गए हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) और (ख) पल्स पोलियों कार्यक्रम की विभिन्न स्तरों पर नियमित आधार पर समीक्षा की जा रही है। पोलियों संबंधी भारतीय विशेषज्ञ सलाहकार समूह, जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय

जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ शामिल हैं, भी प्रगति की वर्ष में दो बार समीक्षा करता है। आईईएजी ने दिनांक 13-14 जुलाई, 2011 को अंतिम समीक्षा की थी। इस बैठक के दौरान आईईएजी ने नोट किया कि देश ने पोलियो उन्मूलन के प्रति काफी प्रगति की है और यह उल्लेख किया कि भारत में पोलियों उन्मूलन का अवसर कभी इससे बेहतर नहीं रहा है। आईईएजी ने यह सिफारिश की कि देश के भीतर या बाहर से वायरस के आने से पोलियों मुक्त क्षेत्रों के लिए एक आपाती तैयारी अनुक्रिया योजना तैयार की जानी चाहिए और किसी वाइल्ड पोलियों वायरस से निपटाने के लिए त्वरित एवं प्रभावी रूप से तैयार रहना चाहिए। आईईएजी ने यह भी सिफारिश की है कि अत्यधिक जोखिम वाले राज्यों में दो गहन राष्ट्रव्यापी पोलियो अभियान और अतिरिक्त पोलियो अभियान (उप राष्ट्रीय रोग प्रतिरक्षण दिवस) की कार्यनीति जून, 12 तक जारी रहनी चाहिए।

(ग) और (घ) पिछले वर्ष में पोलियो रोगियों में 98 प्रतिशत कमी आई है। वर्ष 2011 में केवल एक रोगी की सूचना मिली है जब कि वर्ष 2010 में 42 पोलियो रोगियों की सूचना मिली थी। उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य में क्रमशः अप्रैल, 2010 और सितम्बर 2010 में पोलियों का अंतिम मामला नोट किया गया।

(ङ) पोलियों के संचरण को रोकने और पोलियो का उन्मूलन लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भारत सरकार कृतसंकल्प और संयुक्त प्रयास कर रही है। गहन प्रयासों के ब्यौरा इस प्रकार हैं- (i) जनवरी, 2010 में द्विसंजोयक पोलियो वैक्सीन को शुरू करना और उसके बाद उसका व्यापक उपयोग (ii) दो राष्ट्रव्यापी पोलियो अभियान (राष्ट्रीय रोग प्रतिरक्षण दिवस) उसके बाद वर्ष 2011 में अधिक जोखिम वाले राज्यों में व्यापक पैमाने पर सात पोलियों अभियान (उप राष्ट्रीय रोग प्रतिरक्षण दिवस) (iii) उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य के 107 अधिक वाले ब्लाकों में स्वचछता में सुधार स्वास्थ्य-विज्ञान, स्वच्छ जल की उपलब्धता और अतिसार के नियंत्रण के लिए बहुआयामी कार्यनीति (iv) सचल और प्रवासी लेगों को शामिल करने के लिए विशेष सूक्ष्म योजनाएं और नेमी रोग प्रतिरक्षण का तीव्रीकरण (v) किसी वाइल्ड पोलियो वायरस रोगी के उपचार के लिए आपाती तैयारी और अनुक्रिया योजना (vi) सतत निगरानी।

सूक्ष्म वित्त संस्थाएं

2607. श्री रमेश विश्वनाथ काटटीः
श्री एल. राजगोपालः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में चल रही बड़ी घरेलू और विदेशी सूक्ष्म वित्त संस्थाओं (एमएफआई)/कंपनियों का ब्यौरा क्या हैं तथा उनके द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान किया गया वार्षिक टर्न ओवर तथा प्रभारित ब्याज कितनी है;

(ख) क्या सूक्ष्म वित्तीय संस्थाए (एमएफआई)/कंपनियों स्वसहायता समूहों (एसएचजी) तथा किसानों से भारी दर पर ब्याज वसूल रही है। तथा वसूली के लिए गैर कानूनी कार्य रही हैं एवं यदि हां, तो राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या मालेगम समिति ने एमएफआई के सामने आने वाले विभिन्न मुद्दों की जांच की हैं;

(घ) यदि हां, तो समिति द्वारा की गई सिफारिशों की मुख्य विशेषताएं क्या हैं तथा उन पर क्या अनुवर्ती कार्रवाई की गई है;

(ङ) क्या सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) का इरादा सूक्ष्म वित्त संस्थाओं/कंपनियों के कार्यकरण को विनियमित करने के लिए विनियामक प्राधिकरण गठित करने का है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं एवं एमएफआई को प्रशासित करने के लिए सरकार द्वारा अन्य कौन-कौन से कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) और (ख) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने यह सूचित किया है कि उनके बैंक के साथ केवल ऐसी गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियां (एनबीएफसी) पंजीकृत हैं जो सूक्ष्म वित्त संबंधी कार्यकलाप करती हैं। ऐसी गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों-सूक्ष्म वित्तीय संस्थाओं को "ऋण" कंपनियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है और इन्हें आरबीआई अधिनियम, 1934 के अध्याय III ख के उपबंधों के अनुसार विनियमित किया जाता है और इसके तहत आदेश जारी किए जाते हैं। आरबीआई के पास यथा-उपलब्ध ऐसी प्रणालीगत महत्वपूर्ण कंपनियों के आंकड़े संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

इस प्रकार की सूचना मिली थी एमएफआई द्वारा ब्याज की ऊंची दर वसूली जा रही है। आरबीआई ने दिनांक 3 मई 2011 के परिपत्र के तहत अन्य बातों के साथ-साथ बैंकों को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी थी कि एमएफआई 12% 'मार्जिन कैप' तथा प्रतिवर्ष 26% ब्याज कैप की पालना करने पर प्राथमिकता क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत ऋणों को प्राप्त करने के लिए पात्र हो सकेगी।

आरबीआई ने सूक्ष्म वित्त को भी प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के अंतर्गत श्रेणीबद्ध किया है और स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) को कमजोर वर्गो को अग्रिम देने के लिए प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के अधीन लाया गया है।

(ग) से (च) मालेगम समिति ने अपनी रिपोर्ट में अन्य बतों के साथ-साथ यह सिफारिश की है:

(i) एनबीएफसी की एक अलग श्रेणी बनाई जाए अर्थात आरबीआई द्वारा एनबीएफसी-एमएफआई को सुव्यवस्थित बनाया जाना है और इसकी देखभाल की जानी है।

(ii) 100 करोड़ रूपये के ऋण पोर्टफोलियो वाले एमएफआई के लिए 10 प्रतिशत का एक औसत "मार्जिन कैप" तथा छोटे एमएफआई के लिए 12 प्रतिशत की "मार्जिन कैप"। एमएफआई को वैयक्तिक ऋणों पर 24% का ब्याज कैप।

(iii) पारदर्शिता के प्रयोजन से एक एमएफआई केवल तीन प्रकार के प्रभार लगा सकता है। ये प्रभार हैं- (क) प्रसंस्करण शुल्क (ख) ब्याज (ग) बीमा प्रभार

(iv) एक उधारकर्ता केवल एक स्व-सहायता समूह (एसएचजी) अथवा संयुक्त देयता समूह (जेएलजी) का सदस्य हो सकता है

आरबीआई ने अपने दिनांक 2 दिसम्बर, 2011 के परिपत्र के तहत एनबीएफसी एमएफआई कंपनियां बनाई हैं।

विवरण

सूक्ष्म वित्त में प्रणालीगत महत्वपूर्ण कंपनियों की निवल संपत्तिया (स्त्रोतः आरबीआई)

	2008-09	2009-10
	1	2
अस्मिता माइक्रोफिन लि.	79871	175051
बंधन फाइनेंशियल सर्विसेज प्रा.लि.	29317	190822
भारतीय समृद्धि फाइनेंस लि.	47315	136384
बीएसएस माइक्रोफाइनेंस प्रा.लि.	10131	14377
इक्विटास माइक्रोफाइनेंस इंडिया प्रा. लि. (पूर्व में यूपीडीबी माइक्रोफाइनेंस प्रा.लि.)	29657	70348
फ्यूचर फाइनेंशियल सर्विसेज लि.	12734	34096
जनलक्ष्मी फाइनेंशियल सर्विसेज प्रा. लि.	3402	11385
मानवीय डेवलपमेंट फाइनेंस प्रा.लि (पूर्व में मानवीय होल्डिंग्स एंड इंवेस्टमेंट प्रा.लि.)	20596	36511
उजीवन फाइनेंशियल सर्विसेज	17867	40862
शेयर माइक्रसेफिन लि.	114680	259562
एसकेएस माइक्रोफाइनेंस लि.	265167	411950
ग्रामीण फिन. सिर्वसेज	11539	23130
स्पन्दन स्फूर्ति फाइनेंशियल लि.	177273	284129
एस.ई. इन्वेस्ट	24101	55873
योग	843650	1744480

	1	2
2010-11		
अस्मिता माइक्रोफिन लि.		154791
बंधन फाइनेंशियल सर्विसेज प्रा.लि.		274203
भारतीय स्मृद्धि फाइनेंस लि.		155130
बीएसएस माइक्रोफइानेंस प्रा.लि.		16291
इक्विटास माइक्रोफाइनेंस इंडिया प्रा. लि. (पूर्व में यूपीडीबी माइक्रोफाइनेंस प्रा.लि.)		100204
फ्यूचर फाइनेंशियल सर्विसेज लि.		23567
जनलक्ष्मी फाइनेंशियल सर्विसेज प्रा.लि.		18011
मानवीय डेवलपमेंट फाइनेंस प्रा.लि (पूर्व में मानवीय होल्डिंग्स एंड इंवेस्टमेंट प्रा.लि.)		44743
सतिन क्रेडिट केयन नेटवर्क लि. (पूर्व में सतिन लीजिंग एंड फाइनेंस लि.)		29695
शेयर माइक्रोफिन लि.		256768
एसकेएस माइक्रोफाइनेंस लि.		437431
एस.एम.आई.एल.ई. माइक्रोफाइनेंस लि.		18941
एसकेएस माइक्रोफाइनेंस लि.		437431
एम.एम. आई.एल.ई. माइक्रोफाइनेंस लि.		18941
स्पन्दन स्फूर्ति फाइनेंसियल लि.		318147
विलेज फाइनेंशियल सर्विसेज प्रा.लि.		12701
योग		1860625

आंकड़े लाख रुपए में

[हिन्दी]

बहुपक्षीय ऋण प्राप्त करना

2608. श्री हरीश चौधरीः
डॉ. संजय सिंहः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या जन प्रतिनिधियों के स्थान पर नौकरशाह बहुपक्षीय ऋण करने में शामिल हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ग) सरकार की इस संबंध में क्या प्रतिक्रिया है;

(घ) ऐसे ऋणों के संबंध में पिछले दो वर्षों के दौरान कितनी बैठकें हुई तथा इसमें जनता के कितने प्रतिनिधियों ने भाग लिया;

(ङ) लोकतांत्रिक शासन, पारदर्शिता और जवाबदेही का पालन करने के दृष्टिकोण से ऐसे जोखिम भरे और उच्च प्रभावी निवेश की निगरानी वाले प्रावधानों का ब्यौरा क्या है तथा किस हद तक उक्त प्रावधानों का अनुपालन किया जा रहा है; और

(च) जनता के हितों की रक्षा के लिए सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 292 के अनुसार संघ की

कार्यकारी शक्ति भारत की समेकित निधि की जमानत पर; उस सीमा के भीतर, यदि कोई हो, जो कि संसद के कानून द्वारा विनिर्धारित की जा सकती हो; ऋण लेने की है। इस प्रावधान के अंतर्गत विकास परियोजनाओं के वित्तपोषण हेतु केन्द्र सरकार बहुपक्षीय निधिपोषण संस्थाओं से ऋण लेती है।

(ख) परियोजना के आकार तथा सरकार में वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन के आधार पर परियोजना हेतु मंत्रिमंडल, अथवा प्रभारी मंत्री तथा वित्त मंत्री, अथवा प्रभारी मंत्री का अनुमोदन लिया जाता है। अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ही बहुपक्षीय वित्तपोषण संस्थाओं से ऋण लेने हेतु करारों पर हस्ताक्षर किए जाते हैं। इसी प्रकार, राज्य परियोजनाओं हेतु, केन्द्र सरकार द्वारा ऋण करारों पर हस्ताक्षर होने से पहले जहां आवश्यक होता है, राज्य मंत्रिमंडल का अनुमोदन प्राप्त कर के राज्य सरकारें परियोजनाएं अनुमोदित करती हैं।

(ग) बहुपक्षीय वित्तपोषण संस्थाओं से प्राप्त ऋणों द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं का अनुमोदन केन्द्र अथवा राज्य सरकारों के भीतर सुस्थापित वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन पर आधारित होता है।

(घ) पिछले दो वर्षों में परियोजनाओं पर बातचीत करने के लिए 85 बैठकें आयोजित की गई हैं। विद्यमान शक्तियों के प्रत्यायोजन के अनुसार आर्थिक कार्य विभाग द्वारा ऋण करार हस्ताक्षरित किए जाने से पूर्व परियोजनाओं को उपयुक्त स्तर पर (मंत्रिमंडल, प्रभारी मंत्री तथा वित्तमंत्री तथा, अथवा प्रभारी मंत्री अथवा राज्य सरकारें) अनुमोदित किया गया था।

(ङ) राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबंधन अधिनियम के अंतर्गत इन परियोजनाओं पर व्यय सरकार द्वारा निर्धारित राजकोषीय लक्ष्यों के भीतर रहना होता है। केन्द्र सरकार द्वारा कार्यान्वित परियोजनाओं हेतु बजट के माध्यम से व्यय का अनुमोदन संसद से लिया जाता है। इसी प्रकार, राज्य सरकारों द्वारा कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं हेतु, राज्य सरकार द्वारा व्यय का अनुमोदन संबंधित राज्य की विधायिका द्वारा बजट के माध्यम से लिया जाता है। ऋण संवितरण के मासिक ब्यौरे सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा प्रभाग (सीएएए) की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों द्वारा कार्यान्वित परियोजनाओं पर व्यय की लेखा परीक्षा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) अथवा ऋण करार द्वारा सहमत किसी अन्य बाहरी लेखापरीक्षक द्वारा की जाती है। इन व्ययों पर सीएजी की लेखा परीक्षा रिपोर्ट पर संगत लोक लेखा समिति (पीएसी) में चर्चा की जाती है। केन्द्र तथा राज्य सरकारों द्वारा कार्यान्वित की जा रही सभी परियोजनाओं हेतु यह प्रक्रिया अपनायी जाती है।

(च) उपरोक्त वर्णित पद्धति जनहित की सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

[अनुवाद]

पर्यटन में वृद्धि

2609. श्री मनोहर तिरकीः
श्री प्रशान्त कुमार मजूमदारः
श्री नलिन कुमार कटीलः
श्रीमती श्रुति चौधरीः

क्या **पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में पर्यटन की वृद्धि की अपार संभावनाएं हैं;

(ख) यदि हां, तो पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार द्वीप समूह और कर्नाटक सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पूरी क्षमताओं का दोहन नहीं किया गया है तथा यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं;

(घ) क्या देश में पर्यटन की वृद्धि की क्षमता और संभावनाओं का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन/सर्वेक्षण किया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुल्तान अहमद): (क) से (ग) यद्यपि हाल के वर्षों में भारत के पर्यटन सेक्टर में वृद्धि हुई है, फिर भी यह महसूस किया गया कि विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में फैली भारत की सुविस्तृत प्रचुर प्रकृति उसकी कला, वास्तु और दार्शनिक विचारों का अदभुत खजाना, उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, उसके विविध ग्रामीण क्षेत्र एवं वन्य जीव और योगा, सिद्ध आदि सदियों पुरानी पद्धतियों के साथ यहां दोहन के लिए व्यापक पर्यटन संभावना है, जिससे पर्यटन में और अधिक वृद्धि हो सकती है।

पर्यटन का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय उनसे योजना दिशा-निर्देशों के अनुसार प्राप्त सभी प्रकार से पूर्ण प्रस्तावों के आधार पर पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता की शर्त पर केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पश्चिम बंगाल, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और कर्नाटक सहित अभी राज्यों/क्षेत्रों को 11वीं योजना के दौरान 30

सितम्बर 2011 तक स्वीकृति राशि और परियोजनाओं की संख्या के ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए है।

(घ) और (ङ) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा पर्यटन के विकास को देश में व्यवस्थित एवं संपूर्ण तरीके से सुगम बनाने हेतु पर्यटन मंत्रालय ने 10वीं पंचवर्षीय योजना की शुरूआत में उनके लिए 20-वर्षीय संदर्शी योजना प्रारंभ की। यह संदर्शी योजनाएं, जो कि अल्प अवधि एवं दीर्घावधि में पर्यटन विकास हेतु कार्य योजनाएं प्रदान करती हैं, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को भेजी जाती हैं ताकि पर्यटन के विकास और संवर्धन हेतु कार्रवाई शुरू करने में उनको मार्गदर्शन दिया जा सके।

विवरण

11वीं पंचवर्षीर्य योजना के दौरान (30.09.2011 तक) स्वीकृत पर्यटन परियोजनाएं

(करोड़ रुपए में)

क्र.सं.	राज्य	2007-08		2008-09		2009-10		2010-11		2011-12 (30.09.2011 तक)		11वीं योजना	
		संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या.	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1.	आंध्र प्रदेश	9	26.29	8	109.89	13	37.29	10	20.38	8	40.67	48	234.52
2.	अरूणाचल प्रदेश	11	43.30	13	31.47	14	36.54	13	32.26	6	13.62	57	157.19
3.	अंडमान और निकोबार	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0.00	0	0.00
4.	असम	6	17.47	4	21.08	7	22.76	4	23.55	3	4.23	24	89.09
5.	बिहार	4	21.95	10	25.05	3	6.99	1	3.60	0	0.00	18	57.59
6.	चंडीगढ़	2	0.20	5	7.99	5	11.51	5	11.04	0	0.00	17	30.74
7.	छत्तीसगढ़	5	12.94	1	11.34	0	0	4	20.95	0	0.00	10	45.23
8.	दादरा और नगर हवेली	0	0	3	0.24	0	0	0	0	0	0.00	3	0.24
9.	दमन और दीव	0	0	1	0.12	0	0	0	0	0	0.00	1	0.12
10.	दिल्ली	8	20.76	1	0.15	9	44.91	5	9.75	2	0.77	25	76.34
11.	गोवा	0	0	2	43.14	2	17.00	3	12.78	1	4.98	8	77.90
12.	गुजरात	5	5.81	7	21.33	1	7.33	1	0.14	2	51.75	16	86.36
13.	हरियाणा	10	22.50	7	36.70	6	12.37	6	27-41	1	0.10	30	99.08
14.	हिमाचल प्रदेश	12	34.81	10	34.58	6	23.95	12	34.98	2	८.22	42	128.54
15.	जम्मू और कश्मीर	33	70.60	28	43.42	31	49.75	20	56.17	17	115.88	129	335.82
16.	झारखंड	7	11.31	0	0	3	0.25	5	7.56	1	23.71	16	42.83

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
17.	केरल	11	41.24	12	42.68	7	12.98	3	42.87	3	8.44	36	148.21
18.	कर्नाटक	6	24.79	4	42.73	13	42.42	2	8.59	0	0.00	25	118.53
19.	लक्षद्वीप	1	7.82	0	0	0	0	0	0	0	0.00	1	7.82
20.	महाराष्ट्र	7	22.79	3	41.10	2	5.01	3	11.30	0	0.00	15	80.20
21.	मणिपुर	5	11.11	9	29.44	9	27.14	8	39.40	4	22.99	35	130.08
22.	मेघालय	2	6.74	7	17.14	7	14.73	9	22.53	2	0.40	27	61.54
23.	मिजोरम	6	26.93	4	3.18	7	24.06	9	11.51	6	13.81	32	79.49
24.	मध्य प्रदेश	16	39.51	11	31.41	11	60.99	13	30.85	4	18.72	55	181.48
25.	नागालैंड	22	32.41	11	25.40	13	24.60	10	29.10	6	25.87	62	137.38
26.	ओडिशा	13	30.87	6	41.15	9	23.69	6	20.29	1	0.05	35	116.05
27.	पुडुचेरी	6	16.10	4	2.52	3	5.57	3	50.26	0	0.00	16	74.45
28.	पंजाब	2	15.98	5	24.93	3	9.48	4	11.91	1	4.23	15	66.53
29.	राजस्थान	2	15.54	9	44.31	7	19.74	7	31.32	3	14.50	28	125.41
30.	सिक्किम	25	55.91	20	66.78	19	42.36	14	23.48	4	13.45	82	201.98
31.	तमिलनाडु	11	27.61	16	36.14	10	16.28	6	60.00	1	3.65	44	143.68
32.	त्रिपुरा	11	11.11	6	3.61	13	20.67	12	40.73	6	15.44	48	91.56
33.	उत्तर प्रदेश	7	29.24	6	38.40	6	21.90	14	27.85	7	10.86	40	128.25
34.	उत्तराखण्ड	6	21.01	2	44.68	1	0.55	8	29.78	9	37.63	26	133.65
35.	पश्चिम बंगाल	12	32.41	10	37.94	7	28.37	8	22.02	2	8.18	39	128.92
	कुल योग	283	757.06	245	960.04	247	671.19	228	774.36	102	454.15	1105	3616.80

'*पीआईडीडीसी, एचआरडी और आरटी से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं।

एचआईवी/एड्स की रोकथाम और नियंत्रण

2610. श्री अम्बिका बनर्जीः
श्री वरूण गांधीः
श्री प्रदीप माझीः
श्रीपाद येसो नाईकः
श्री जगदीश सिंह राणाः
श्री मकनसिंह सोलंकीः
श्री किसनभाई वी. पटेलः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में एचआईवी/एड्स के रिपोर्ट किए गए मामले तथा इससे संबंधित मृत्यु बढ़ रही है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) अभी तक एचआईवी से प्रभावित लोगों की अनुमानित संख्या क्या है एवं अभी तक उनमें पता लगाए गए लोगों की संख्या कितनी है तथा देश में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार एड्स से ग्रस्त लोगों की संख्या कितनी है;

(घ) देश में एचआईवी/एड्स के नियंत्रण और रोकथाम के लिए इसके अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं/कार्यक्रमों का ब्यौरा तथा बनाई गई रणनीति क्या है; और

(ङ) उक्त अवधि के दौरान उपर्युक्त योजनाओं/कार्यक्रमों के अंतर्गत स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई केन्द्रीय वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार उनके समुचित उपयोग के लिए सरकार द्वारा क्या दिशानिर्देश जारी किए गए?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण में राज्यमंत्री (श्री एस. गांधीसेलवन): (क) और (ख) नाको द्वारा किए सर्वेक्षणों से सिद्ध होता है कि देश में नए वार्षिक एचआईवी संक्रमणों तथा एचआईवी/एड्स के कारण मृत्यु दोनों में कमी आ रही है। तथापि, इस संबंध में सूचित मामले अनिवार्यतः उसी पैटर्न का अनुसरण नहीं करते हैं क्योंकि देशभर में आईसीटीसी के व्यापक प्रसार, एचआईवी के प्रति अधिक जागरूकता तथा कार्यक्रम के अंतर्गत उन्नत जानकारी के परिणामस्वरूप देश भर से अधिकाधिक व्यक्ति जांच करवाने के लिए आगे आ रहे हैं तथा एचआईवी/एड्स के कारण होने वाली मौतों के संबंध में बेहतर सूचना प्राप्त हो रही है। इस संबंध में ब्यौरा विवरण-I में दिया गया है।

(ग) एचआईवी प्रहरी निगरानी 2008-09 पर आधारित हाल के एचआईवी आकलन (2010) के अनुसार अनुमान है कि वर्ष 2009 में भारत में एचआईवी से ग्रस्त 23.9 लाख व्यक्ति थे। वर्ष 2009 में देश में एचआईवी से ग्रस्त लोगों की अनुमानित तथा एड्स से गस्त रोगियों के साथ-साथ अब तक पता लगाए गए एचआईवी ग्रस्त व्यक्तियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार संख्या संलग्न विवरण II में दी गई है।

(घ) एचआईवी/एड्स की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए भारत सरकार वर्ष 1992 से राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम का 100% केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में कार्यान्वयन कर रही है। जुलाई 2007 में शुरू किए गए एनएसीपी के चरण-III (2007-2012) का लक्ष्य "अगले 5 वर्षों में देश में इस महामारी को रोकना तथा उत्क्रमित करना है।" इस कार्यक्रम में एक चतुष्फलकीय कार्यनीति अपनाई गई है:

- उच्च जोखिम वाले समूहों तथा जनसमुदाय में नए संक्रमणों की रोकथाम।
- एचआईवी/एड्स से ग्रस्त बृहत्तर जनसंख्या को बेहतर परिचर्या, सहायता तथा उपचार प्रदान करना,
- जिला, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर रोकथाम परिचर्या सहायता तथा उपचार कार्यक्रमों के क्षेत्र में अवसंरचना तंत्रों एवं मानव संसाधनों का सुदृढ़ीकरण।
- राष्ट्रव्यापी कार्यनीतिगत सूचना प्रबंधन प्रणाली का सुदृढ़ीकरण।

इन्हें लक्षित कार्यकलापों के जरिए निवारक सेवाओं के उच्च जोखिम वाली जनसंख्या में उन्नयन, जागरूकता के लिए व्यवहार परिवर्तन संप्रेषण, परामर्श एवं जांच सेवाओं में विस्तार, इस्तेमाल से पूर्व प्रत्येक रक्त यूनिट की अनिवार्य स्क्रीनिंग के जरिए रक्त तथा रक्त उत्पादों की सुरक्षा, यौन संचारित संक्रमणों के उपचार कंडोम संवर्धन समयानुवर्ती संक्रमणों के उपचार सहित एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की सहायता तथा उपचार, एंटी-रिट्रोवायरल औषधों की व्यवस्था द्वारा तथा एचआईवी उपचार कार्यनीतियों को मुख्य धारा में लाकर हासिल किया जा रहा है।

(ङ) (i) कार्यक्रम के अंतर्गत विगत तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान आबंटित बजट तथा उस पर व्यय निम्नलिखित है:

वित्तीय	संशोधित अनुमान (करोड़ में)	व्यय (करोड़ में)
2008-09	1123.36	1032.37
2009-10	980.15	959.82
2010-11	1400.00	1167.21
2011-12	1700.00 (बीई)	904.20 (11/2011 तक)

किए गए आवंटन तथा उस पर व्यय का राज्यवार ब्यौरा संलग्न विवरण-III में दिया गया है।

(ii) राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटियों को वार्षिक कार्य प्रयोजनाओं में नियत लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सामान्य वित्तीय नियमावली के प्रावधान के अनुसार सहायता अनुदान के रूप में निधियों जारी की जाती हैं।

राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटियां एड्स नियंत्रण विभाग द्वारा समय-समय पर जारी प्रापण, वित्तीय एवं प्रचालनात्मक दिशानिर्देशों के अनुसार व्यय करती हैं। राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटियों द्वारा कार्यान्यन की प्रगति तथा निर्धारित मानदंडों एवं दिशानिर्देशों का अनुपालन सतत मानीटरिंग, कंप्युटरीकृत सूचना प्रबंधन प्रणाली (सीआईएमएस/तथा कंप्युटरीकृत परियोजना वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (सीपीएफएमएस) पर क्रमशः कार्यक्रम एवं वित्तीय आंकड़ों की रिपोर्टिंग, नियमित क्षेत्र दौरों, समीक्षा बैठकों तथा मध्यावधिक समीक्षा (एमटीआर) सहित विभिन्न एजेंसियों द्वारा स्वतंत्र समीक्षा तथा मूल्यांकन तथा दाता भागीदारों द्वारा संयुक्त कार्यान्वयन समीक्षा बैठक (जेआईआरएम) के जरिए सुनिश्चित किया जाता है।

विवरण I

विगत तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान एचआईवी पोजिटिव रोगियों की पहचान तथा इससे जुड़ी मौतें

क्र.सं.	एसएसीएस	विगत तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष (सितम्बर, 2011 तक) के दौरान सूचित एचआईवी पोजिटिव रोगियों की संख्या				विगत 3 वर्षों तथा सितम्बर 2011 तक वर्तमान वर्ष के दौरान एचआईवी/एड्स से ग्रस्त व्यक्तियों की सूचित मौतों की संख्या			
		2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	35	46	31	21	0	0	0	0
2.	आंध्र प्रदेश	72113	78045	75757	34935	4917	7018	8135	3848
3.	अरूणाचल प्रदेश	26	16	6	11	1	2	1	1
4.	असम	720	999	1081	678	58	53	62	35
5.	बिहार	5782	8130	8973	4397	261	525	612	319
6.	चंडीगढ़	1163	1224	961	500	72	122	111	60
7.	छत्तीसगढ़	1109	1956	2168	1483	96	86	198	171
8.	दादरा और नगर हवेली	72	53	52	49	0	0	0	0
9.	दमन और दीव	60	42	93	34	0	1	0	0
10.	दिल्ली	6160	7707	7085	4126	261	298	236	75
11.	गोवा	1062	895	731	326	61	80	95	49
12.	गुजरात	13633	16071	14659	7430	595	914	1177	566
13.	हरियाणा	2431	3869	3572	2228	295	191	206	119
14.	हिमाचल प्रदेश	558	828	832	492	70	134	88	51

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
15.	जम्मू व कश्मीर	404	456	360	245	33	52	38	0
16.	झारखंड	1859	1993	1787	1144	132	187	254	152
17.	कर्नाटक	41717	50655	44506	21956	2820	4083	5435	2622
18.	केरल	2474	2000	2357	1077	240	244	262	129
19.	मध्य प्रदेश	2803	4136	4340	2656	470	426	439	150
20.	महाराष्ट्र	74781	64005	77020	36123	3693	4757	6026	2458
21.	मणिपुर	1443	2830	3117	1173	257	143	156	72
22	मेघालय	75	127	255	186	3	2	9	10
23.	मिजोरम	705	1121	1348	823	29	58	77	39
24.	नागालैंड	1253	1534	1672	1004	39	50	74	40
25.	ओडीशा	3622	3651	3819	2124	173	284	305	180
26.	पुडुचेरी	773	475	761	398	47	400	28	24
27.	पंजाब	4724	5240	5425	3133	269	400	560	285
28.	राजस्थान	6771	7972	8066	4677	823	828	656	519
29.	सिक्किम	359	30	31	15	5	6	8	7
30.	तमिलनाडु	37322	31601	26089	11363	1723	2637	2848	1473
31.	त्रिपुरा	57	153	153	92	9	19	17	11
32.	उत्तर प्रदेश	9929	13837	12090	7905	898	1180	1442	720
33.	उत्तराखंड	577	748	757	455	40	43	72	34
34.	पश्चिम बंगाल	5481	6640	7382	4088	354	377	420	202
	भारत	302053	319085	317336	157347	18744	25215	30047	14421

विवरण II

देश में वर्ष 2009 में एचआईवी से ग्रस्त लोगों की अनुमानित संख्या तथा एड्स से ग्रस्त रोगियों के साथ अब तक पहचाने गए एचआईवी ग्रस्त लोगों की संख्या

राज्य	एचआईवी से ग्रस्त लोगों की अनुमानित संख्या, 2009*	सितम्बर 2011 तक एचआईवी पोजिटिवं रोगियों की संचयी पहचान	देश में एड्स से ग्रस्त लोगों की संख्या (सितम्बर 2011 तक)
1	2	3	4
अण्डमान व निकोबार द्वीपसमूह	395	133	0
आंध्र प्रदेश	4,99,620	606564	96033

1	2	3	4
अरूणाचल प्रदेश	1,081	87	34
असम	14,243	5403	1519
बिहार	1,20,470	43035	9392
चंडीगढ़	3,067	8981	1952
छत्तीसगढ़	39,774	9566	2538
दादरा और नगर हवेली	285	226	0
दमन और दीव	251	267	0
दिल्ली	34,216	50889	9429
गोवा	5,440	9020	1360
गुजरात	1,36,874	103898	22796
हरियाणा	15,852	22374	2467
हिमाचल प्रदेश	8,878	5208	1425
जम्मू और कश्मीर	5,403	3202	685
झारखंड	23,574	9380	2718
कर्नाटक	2,45,522	236931	63597
केरल	40,060	16429	5842
लक्षद्वीप	-	0	-
मध्य प्रदेश	84,803	23103	5564
महाराष्ट्र	4,19,789	430013	105436
मणिपुर	26,773	27256	7042
मेघालय	1,332	732	170
मिजोरम	6,025	6316	1297
नागालैंड	13,120	9494	2728
ओडिशा	71,813	21852	3919
पुडुचेरी	2,254	6377	781

1	2	3	4
पंजाब	56,927	28139	7498
राजस्थान	76,317	41314	10591
सिक्किम	231	522	55
तमिलनाडु	1,54,742	257396	54330
त्रिपुरा	3,426	455	179
उत्तर प्रदेश	1,09,352	68367	17026
उत्तराखण्ड	5,539	4347	948
पश्चिम बंगाल	1,67,994	38408	9509
भारत	23,95,442	2095684	448860

***स्त्रोतः** एचआईवी अनुमान, 2010 नाको

विवरण III

नाको के संबंध में 2008-09 से 2011-12 तक निर्मुक्त आवंटित तथा प्रयुक्त निधियां (आंकड़े लाख रुपए में)

राज्य	2008-09			2009-10			2010-11			2011-12		
	आवंटन	निर्मुक्त	व्यय	आवंटनम	निमुक्ति	व्यय	आवटंन	निमुक्त	व्यय	आवंटन	निमुक्त	व्यय
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
आंध्र प्रदेश एस ए	5472.02	7371.51	5516.17	8243.18	4082.14	7058.19	9049.52	8511.78	6307.74	8722.93	4995.06	4539.76
अरूणाचल प्रदेश	706.84	09.18	712.02	816.31	761.30	685.21	929.28	843.82	862.92	794.34	536.92	364.53
असम सैक्स	1912.37	159.60	1409.32	1794.83	1233.21	1447.57	1935.51	1621.60	1562.44	1974.84	1159.66	764.33
बिहार एसएसीएस	2179.49	970.13	1019.93	2174.73	351.02	1126.25	2492.33	2143.94	1891.99	2552.65	1383.35	1018.27
छत्तीसगढ़ एस एसी एस	1106.37	817.56	425.78	1195.93	524.73	788.51	1708.15	1314.28	1127.37	1823.30	851.94	487.18
गोवा एसएसीएस	624.72	447.78	401.85	650.23	452.60	535.81	777.46	591.05	517.51	621.91	244.32	221.05
गुजरात एसएसीएस	3559.86	348.46	3172.17	4593.00	3670.45	3722.54	4994.99	4481.05	4162.33	5310.94	2984.62	1707.02
अहमादाबाद एम सी एसी	427.72	430.56	319.35	367.33	138.29	288.90	563.55	489.86	385.02	721.67	456.57	2.80
हरियाणा एसएसीएस	1099.08	346.46	634.08	1746.94	1083.56	912.30	1742.80	1411.39	1370.36	1874.65	945.72	730.11
हिमाचल प्रदेश	869.35	800.41	615.40	1125.27	765.46	881.66	1136.99	102.81	1036.95	1316.66	786.33	413.59
जम्मू व कश्मीर	655.37	210.07	277.73	677.60	199.74	257.09	680.96	269.39	243.76	811.85	336.35	130.13

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
झारखण्ड एमसीएसी	1119.73	1388.5	1228.83	2000.30	1030.84	466.58	1754.17	1270.78	1040.50	1882.54	609.12	545.69
कर्नाटक एमएसीएस	6458.03	3453.73	2641.20	3056.51	3868.00	2069.46	6040.84	5582.95	4492.40	6893.59	3249.94	3413.25
केरल एमएसीएस	2341.68	2316.65	2153.47	2500.02	2068.68	2169.92	3183.55	2981.60	2954.92	3243.17	2194.25	1255.36
मध्य प्रदेश	2458.36	1926.39	1257.22	3341.73	1849.84	2040.36	3679.63	2932.48	1928.85	3819.50	1466.29	1206.20
महाराष्ट्र एमएसीएस	5756.84	6310.36	4319.95	3452.12	2251.36	4484.84	7976.57	6886.26	6020.92	7399.55	3567.27	3834.50
मुंबई एमसीएसी	1810.06	1467.84	1579.11	2163.16	1622.73	1696.63	2328.38	1947.99	1837.31	2290.52	1095.78	923.16
मणिपुर एमएसीएस	2740.07	1809.54	2558.15	2281.98	1968.40	1579.34	2491.69	2303.47	1927.88	1722.06	1263.61	725.37
मेघालय एमएसीएस	475.91	367.45	186.79	459.53	180.23	269.95	494.69	307.05	409.84	50393	285.15	154.27
मिजोरम एमएसीएस	1353.27	1170.12	1454.45	1331.25	1042.02	1224.75	1719.02	1593.21	1497.00	1438.95	803.47	620.13
नागालैंड एमएसीएस	1895.13	1844.73	1664.07	1938.71	750.90	1729.50	2134.13	1806.55	1782.02	2050.68	1214.24	712.79
ओडीशा एमएसीएस	2188.28	1939.93	1536.00	2353.38	1509.01	1473.61	2867.59	2505.12	2445.71	3050.41	1325.43	952.50
पंजाब एमएसीएस	1341.85	1028.76	724.98	1815.12	1253.02	1070.96	2163.50	1899.20	1825.91	2546.86	1331.17	974.63
राजस्थान एमएसीएस	2087.19	1196.83	914.44	2618.60	1530.04	1869.59	2398.70	3198.66	2637.94	2968.14	755.47	1283.16
सिक्किम एमएसीएस	347.34	222.79	320.74	415.62	222.80	363.66	523.65	40.54	500.45	501.77	350.62	199.23
तमिलनाडु एमएसीएस	4550.40	7396.44	8490.54	719300	7163.80	3262.32	8006.02	7169.55	7960.39	7781.00	5507.00	4211.28
चेन्नई एमसीएसीएम	652.49	812.79	337.53	594.67	594.06	169.51	183.81	136.04	218.12	226.41	141.60	67.02
त्रिपुरा एमएएसीएस	569.48	471.46	554.98	724.52	704.42	621.46	746.41	587.43	640.50	743.87	486.92	223.07
उत्तर प्रदेश एमएएसीएस	3791.85	1210.37	3168.41	3458.40	2240.68	2516.97	4067.19	3118.99	3461.86	4165.72	1483.19	1572.58
उत्तराखण्ड एमएएसीएस	762.61	739.28	663.02	1048.55	494.38	840.22	1215.40	1064.40	1038.48	1321.49	851.94	553.41
पश्चिम बंगाल एमएएसीएस	3630.54	3622.88	4437.88	4427.18		3327.78	4760.34	4043.66	3616.79	4678.84	2203.81	1553.89
योग	64944.29	58339.87	54695.56	70558.70	44419.59	50951.45	85646.92	74566.99	67706.19	85754.74	44867.11	35360.26
संघ राज्य क्षेत्र												
दिल्ली एसएसीएस	2524.80	2464.61	1788.07	2669.70	1295.05	1911.57	3535.44	3216.92	2832.58	3461.51	1632.61	1474.09
पुडुचेरी एसएसीएस	35884	282.96	216.43	345.82	21.69	243.58	386.98	351.16	299.09	368.48	206.13	132.92
अंडमान व निकोबार	186.14	159.00	97.94	158.69	15.82	118.03	184.60	48.19	11378	170.31	91.33	60.89
चंडीगढ़ एमसीएस	386.02	361.65	306.81	20535	222 .45	280.94	626.34	496-33	596.65	502.41	315.51	256.38

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
दादर और नगर हवेली	119.25	81.39	88.56	136.00	84.52	103.34	149.11	122.98	110.00	139.07	65.28	19.26
दमन और दीव एमएसीएस	111.54	99.87	121.43	167.24	86.53	100.35	231.19	214.55	114.45	189.93	33.93	35.86
लक्षद्वीप एमएसीएस	34.86	0.00	26.25	35.89	17.08	29.01	39.63	9.64	12.42	39.63	13.9 (PF)	9.52
कुल संघ राज्य क्षेत्र	3721.45	3449.48	2645.50	3718.70	1743.15	2786.83	5153.29	4459.77	4078.97	4871.34	2344.79	1988.92
सकल योग	68665.74	61789.35	57341.05	74277.40	46162.74	53738.28	90800.21	79026.68	71785.16	90626.08	47211.90	37349.18

नैदानिक परीक्षणों में अनियमितताएं

2611. श्री एम. के. राघवनः
श्री लालचन्द कटारियाः
श्री दत्ता मेघेः
श्री जगदीश ठाकोरः
श्री अर्जुन राम मेघवालः
श्री रवनीत सिंहः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में मनुष्यों पर नैदानिक परीक्षण करने की अनुमति देने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित विनियमों और प्रक्रियाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान अब तक भारतीय और विदेशी फर्मों द्वारा अलग-अलग ऐसे कितने नैदानिक परीक्षण किए गए हैं और ये परीक्षण किस क्षेत्र में किए गए हैं और इनके क्या परिणाम निकले हैं:

(ग) क्या देश में इन नैदानिक परीक्षणों के आयोजन में अनियमितताओं और कदाचार के मामलों की सूचना प्राप्त हुई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उपर्युक्त अवधि के दौरान सरकार द्वारा ऐसे प्रत्येक मामले में क्या कार्यवाही की गई है/किए जाने का प्रस्ताव है; और

(ङ) नैदानिक परीक्षणों के आयोजन में किसी प्रकार की अनियमितता को रोकने के लिए इन परीक्षणों की उचित निगरानी हेतु सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं/किए जाने का प्रस्ताव है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजद): (क) और (ख) नई औषधियों के नैदानिक परीक्षण औषधि और प्रसाधन सामग्री नियमावली, 1945 की अनुसूची वाई में निहित दिशानिर्देशों के अनुसार विनियमित किए जाते हैं। नैदानिक परीक्षण रजिसट्री में दिनांक 21.07.2007 से 06.12.2011 के बीच आईसीएमआर की वेबसाइट www.ctri.in पर कुल दर्ज किए गए। दिनांक 15 मार्च, 2011 को साफ्टवेयर का संसोधित रूपान्तर शुरू करने के बाद केवल 15 मार्च, 2011 से आगे की अवधि के लिए भारतीय फर्मो/विदेशी फर्मो द्वारा आयोजित नैदानिक परीक्षणों के ब्यौरे उपलब्ध हैं जिसके अनुसार दिनांक 15.3.2011 से 7.12.2011 के बीच पंजीकृत किए गए कुल नैदानिक परीक्षणों की संख्या इस प्रकार है।

भारतीय एजेंसिया- 405 विदेशी एजेंसियां- 153

वे क्षेत्र (राज्य) जहां भारतीय एजेंसियों द्वारा परीक्षण आयोजित किए जा रहे हैं, इस प्रकार हैं:- आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, जम्मू व कश्मीर, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडीशा, पंजाब राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल।

वे क्षेत्र जहां विदेशी एजेंसियों द्वारा परीक्षण आयोजित किए जा रहे हैं इस प्रकार हैं, आंध्र प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, जम्मू व कश्मीर, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडीशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल और पश्चिम बंगाल।

पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान नैदानिक परीक्षणों के परिणाम पर आधारित विभिन्न नई औषधियां अनुमोदित की गई हैं।

(ग) और (घ) जी, हां। विगत तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान नैदानिक परीक्षण संचालन में अनियमितताओं के लिए जांचे गए मामलों की संख्या तथा उन पर की गई कार्रवाई ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ङ) नैदानिक परीक्षणों से संबंधित विनियमों को सुदृढ़ करने के लिए औषध तकनीकी सलाहकार बोर्ड (डीटीएबी) जो औषध प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के अंतर्गत एक सांविधिक सलाहकार समिति है, द्वारा औषध और प्रसाधन सामग्री नियमावली, 1945 में संशोधन के लिए निम्नलिखित प्रसताव अनुमोदित किए गए हैं और सरकार द्वारा दिनांक 18.11.2011 का एक मसौदा अधिसूचना सा.का.नि. 821 भी प्रकाशित किया गया है

1. परीक्षण संबंधी क्षति या मृत्यु की स्थिति में परीक्षणाधीन व्यक्तियों के लिए वित्तीय मुआवजा प्रदान करने के लिए और अधिक विशिष्ट उपबंधों का समावेशन
2. आचार समिति प्रायोजक तथा अन्वेषकों की जिम्मेदारियों में वृद्धि जिससे कि यह सुनिश्चित हो सके कि परीक्षणाधीन व्यक्तियों जो परीक्षण संबंधी क्षति या मृत्यु के शिकार होते हैं, को वित्तीय मुआवजा तथा चिकित्सा परिचर्या प्रदान की जाए तथा डीसीजी (आई) को ऐसी सूचना प्रदान की जाए।
3. परीक्षणाधीन व्यक्ति के पते, व्यवसाय, वार्षिक आय के ब्यौरे शामिल करने हेतु परीक्षणाधीन व्यक्तियों की सूचित सहमति प्राप्त करने के लिए फार्मेट में संशोधन जिससे कि परीक्षणाधीन व्यक्तियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति से संबंधित सूचना प्राप्त हो सके।

इसके अतिरिक्त, औषधि और प्रसाधन सामग्री नियमावली संशोधन करने के लिए डीटीएबी द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव भी अनुमोदित किए गए हैं:

1. संबंधित राज्य औषध नियंत्रण प्राधिकारी की सहायता से सीडीएससीओ द्वारा निरीक्षण के लिए प्राधिकार प्राप्त करने त था गैर-अनुपालन के मामले में भावी नैदानिक परीक्षण करने के लिए नैदानिक परीक्षण की अनुमति का निलंबन/नैदानिक परीक्षण अनुमति रद्द करना, अन्वेषक प्रायोजक/नैदानिक अनुसंधान संगठन (सीआरओ) पर प्रतिबंध जैसी प्रशासनिक कार्रवाइयां करने के लिए नियमों को शामिल करना।
2. आचार समितियों के पंजीकरण के लिए नियमों तथा नई अनुसूची को शामिल करना तथा उन विनियामक उपबंधों, जिनमें यह अपेक्षित है, कि नैदानिक परीक्षण उन स्थलों पर किए जाने चाहिए जहां उनकी अपनी आचार समितियों हैं, में संशोधन करना। तथापि, देश में तथा/अथवा अन्यत्र अनुमोदित औषधों की जैव-उपलब्धता तथा जैव-तुल्यता अध्ययन कराने के लिए (नई औषध के अनुमोदन के प्रयोजनार्थ) आचार समिति संबंधी अनुमोदन उसी क्षेत्र की स्वतंत्र आचार समिति से प्राप्त किया जा सकता है, जहां वह स्थल अवस्थित है।

विवरण

विगत तीन वर्षो तथा वर्तमान वर्ष के दौरान नैदानिक परीक्षणों के संचालन में औषध और प्रसाधन सामग्री नियमावली के उपबंधों का उल्लंघन तथा इन मामलों में की गई कार्रवाई

क्र.सं.	वर्ष	फर्म का नाम	स्थल का नाम	औषध	की गई कार्रवाई
1	2	3	4	5	6
1.	2008	मैसर्स वाईथ इंडिया लिमिटेड	बाल चिकित्सा विभाग, सेंट जोन. मेडिकल कॉलेज और अस्पताल बंगलौर-34	13-वैलेंट न्युमोकोक्कल कंज्युगेट वैक्सीन	देश में एक स्थल पर 13-वेलेंट न्युमोकोक्कल कंज्युगेट वैक्सीन के नैदानिक परीक्षण में शामिल परीक्षणाधीन व्यक्ति की मृत्यु के संबंध में गभीर प्रतिकूल घटनाओं की रिपोर्ट आई थी। मामले की जांच करने के लिए एक दल गठित किया गया था। इस दल ने 13.12.2008 तथा /14.12.2008 को निरीक्षण किया। निरीक्षण से प्रकट विभिन्न उत्तम नैदानिक पद्धतियों (जीसीपी) के उल्लंघन प्रकट हुए। अतः संबंधित अन्वेषण प्रायोजक तथा मॉनीटर को चेतावनी पत्र जारी किए गए जिनमें उन्हें भविष्य में ऐसे उल्लंघन को रोकने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई

1	2	3	4	5	6
					करने के लिए कहा गया। 06.11.2008 को सभी बारह स्थलों पर नैदानिक परीक्षण रोक दिया गया तथा यह 22.04.2009 तक लंबित रहा। प्रायोजक ने जीसीपी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए की गई विभिन्न सुधारात्मक कार्रवाइयों का उल्लेख किया। केन्द्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने उसकी संवीक्षा की तथा निरीक्षण किए गए स्थल को छोड़कर सभी स्थलों से निलंबन को 23.04.2009 को रद्द करने का निर्णय लिया। इसके अलावा निरीक्षण किए गए स्थल के मॉनीटर तथा अन्वेषण ने भी अपने द्वारा की गई सुधारात्मक का कार्रवाई उल्लेख किया जिसके आधार पर 02.06.2009 को निरीक्षण वाले स्थल से भी निलंबन को रद्द कर दिया गया। वैक्सीन के कारण मौत का होना सिद्ध नहीं हुआ।
2.	2010	क्विंटिल्स रिसर्च (इंडिया) प्रा.लि. बंगलौर	भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेटर रायसेन बाईपास, भोपाल, करोन्द्र भोपाल मध्य प्रदेश, इंडिया 462038	तेलावसिन बनाम बेंकोमाइसिन	भोपाल और इन्दौर में किए गए औषधि परीक्षणों में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया था। सीडीएससीओ के अधिकारियों के एक दल ने भोपाल मेमोरियल हास्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में किए गए एक क्लीनिकल परीक्षण की जांच की है। जांच के निष्कर्षों से कुछ कमियों का पता चला जिसके लिए मुख्य अन्वेषक और मेसर्स क्विंटिलस लि. बैंगलोर से दिनांक 28.09.2010 के पत्र के तहत अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा गया था। प्रमुख अन्वेषण और मेसर्स क्विंटिल्स लि. ने औषधि महानियंत्रक के कार्यालय (भारत) को अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया। डीसीजी (आई) के कार्यालय ने दिनांक 23.12.2010 को मुख्य अन्वेषक और मेसर्स क्विन्टिलस लि. को चेतावनी पत्र जारी किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भविष्य में ऐसी कमियों/विसंगतियों की पुनरावृत्ति न हो।
3.	2010	पैथ (इन कोलाबरेशन विद आईसीएमआर) ए-9, कुतुब इन्स्टीट्यूशनल एरिया, यूएसओ रोड, नई दिल्ली-110067 इंडिया	1. खम्माम जिला आंध्र प्रदेश, बड़ोदरा जिला, गुजरात	ह्यूमन पपिलोमा वायरस वैक्सीन (एचपीवी वैक्सीन)	यह एक चरण- IV पोस्ट लाइसेंस क्लीनिकल ट्रायल था। यह परीक्षण एक गैर सरकारी संगठन पैथ (स्वास्थ्य में उपयुक्त प्रौद्योगिकी के लिए कार्यक्रम) द्वारा शुरू किया गया था। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और आंध्र प्रदेश और गुजरात राज्य सरकार सहयोगी भागीदार थे। आंध्र प्रदेश में 14091 लड़कियों ने वैक्सीन प्राप्त किया जबकि गुजरात में 10686 लड़कियों ने वैक्सीन प्राप्त किया। मीडिया ने परीक्षण के दौरान 7 लड़कियों की मौत होने की सूचना दी। परीक्षण को आईसीएमआर द्वारा दिनांक 7 अप्रैल, 2010 को निलंबित कर दिया

1	2	3	4	5	6
					गया। कथित अनियमितताओं की जांच करने के लिए एक समिति गठित की गई थी जिसने किए गए परीक्षण में कुछेक विसंगतियों की रिपोर्ट दी। पैथ ने अनियमितताओं के बारे में स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया।
4.	2010	मैसर्स मेरिक लाईफ साईसोंन लि. वापी गुजरात	मेसर्स एस्कॉर्ट हाई इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेन्टर ओखला रोड, नई दिल्ली	बायोमार्डम सिरोलिम्स इलूटिंग कोरोनरी स्टेंट सिस्टम	परीक्षण चिकित्सा युक्ति के नैदानिक परीक्षण से संबंधित है जिसे डीसीजी (आई) द्वारा भारत में विनिर्माण और विपणन के लिए पहले ही अनुमोदित कर दिया गया था। जांच से पता चला कि डीसीजी (आई) के कार्यालय की अनुमति को छोड़कर औषधि और प्रसाधन सामग्री नियमों के अनुसार स्थल पर परीक्षण किया गया है। प्रायोजकों को भविष्य में डीसीजी (आई) के बिना किसी पूर्व अनुमोदन के परीक्षण नहीं करने की चेतावनी दी गई है।
5.	2011	डा. अनिल भरानी एंड डा. अशीष पटेल	महाराजा यशवंत राव हास्पिटल एंड महात्मा मेमोरियल कालेज इंदौर 452001 मध्य प्रदेश	टडालाफिल इन वल्मोनरी अर्टेरियल हाईपरटन्शन (पीएएच)	टडालाफिल इन महाराजा यशवन्तराव अस्पताल तथा महात्मा गांधी मेमोरियल कालेज इंदौर में नैनानिक परीक्षण के मामलों का तथाकथित रूप से उल्लंघन किए जाने के संबंध में एक न्यूज रिपोर्ट मिली थी। इस समाचार में नैदानिक परीक्षण में पल्मोनरी आर्ट्रियल हाईपरटेंशन में औषधि टडालाफिल के इस्तेमाल के एक विशिष्ट मुद्दे का उल्लेख है। डीसीजी (आई) के कार्यालय ने 12-7-2011 को सीडीएससीओ (पश्चिमी जोन) को तथ्यों का पता लगाने के लिए जांच करने का निदेश दिया। तदनुसार एमसीएम मेडिकल कालेज तथा संबद्ध एमवाई अस्पताल इंदौर में किए गए नैदानिक परीक्षणों के संबंध में 10.8. 2011 को सीडीएससीओ (पश्चिमी जोन) के कार्यालय तथा राज्य औषधि नियंत्रण प्राधिकरण द्वारा जांच की गई। जांच की रिपोर्ट के अनुसार डा. अनिल भारानी तथा डा. आशीष पटेल द्वारा डीसीजी (आई) की अनुमति के बगैर वर्ग-1 पल्मोनरी आर्ट्रियल हाईपरटेंशन वाले रोगियों में टडालाफिल के साथ परीक्षण किया गया। पल्मोनरी आर्ट्रियल हाईपरटेंशन में टडालाफिक के साथ अध्ययन 18.9.2005 को किया गया था जब देश में अन्य संकेत के लिए औषधि अनुमोदित नहीं थी। तथापि, 10.6.2003 को दूसरे संकेत मेल इरेक्टाइल डिफंक्शन के लिए देश में औषधि को अनुमोदित किया गया। इसके मद्देनजर डीसीजी (आई) के कार्यालय ने दिनांक 2.11.2011 के पत्र के तहत दोनों डाक्टरों नामतः अनिल भारानी तथा डा. आशीष पटेल को पल्मोनरी आर्ट्रियल हाईपरटेंशन में टडालाफिल के नैदानिक परीक्षण को रोकने कानिर्देश

1	2	3	4	5	6
					दिया और उन पर 6 माह की अवधि तक कोई नैदानिक परीक्षण करने पर प्रतिबंध लगा दिया।
6.	2011	एक्सिज क्लिनिकल लिमिटेड आंध्र प्रदेश	एक्सिज क्लिनिकल लिमिटेड (यूनिट नं.1) प्रथम द्वितीय, तृतीय पंचम तथा षष्टम तल एच नं. 1-121/1 एस नं. 66 (पार्ट) मियापुर, हैदराबाद-500050 एवं (यूनिट नं.2) प्लॉट नं. 33 से 35 मीरा अस्पताल, प्रथम तल, अलुरी सीतारामराजु कालोनी, जेपीएन कोलोनी के सामने मियापुर हैदराबाद	कैंसर रोधी औषधों (ऐक्सीमिस्टेन 25 एमजी टैब्लेट) की जैव उपलब्धता तथा जैव-तुल्य अध्ययन	मैसर्स एक्सिज क्लिनिकल रिसर्च हैदराबाद द्वारा समुचित सूचित सहमति के बगैर निर्धन लोगों पर कैंसर रोधी औषध का नैदानिक परीक्षण किए जाने की सूचना मिली थी। जांच से पता चला कि फर्म ने पहले से ही अनुमोदित कैंसररोधी औषध पर जैवतुल्यता अध्ययन किया और आचार समिति की सूचित सहमति प्रक्रिया के संबंध मे कुछ अनियमितताएं थी। जैव-तुल्यता तथा जैव उपलब्धता अध्ययन करने हेतु हेतु फर्म को प्रदत्त अनुमति 22.6.2011को निलंबित कर दी गई। इसके परिणामस्वरूप फर्म ने 04.7.2011 को उनके द्वारा की जा रही सुधारात्मक कार्रवाईयों का ब्यौरा दिया जिनमेंपरीक्षणाधीन व्यक्ति की भर्ती की प्रक्रिया के लिए संशोधित मानक प्रचालनात्मक प्रक्रियाएं आचार समिति की सूचित सहमति प्रक्रिया समीक्षा तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया शामिल है। आगे की जांच और सत्यापनों के आधार पर मैसर्स एक्सिज क्लिनिकल रिसर्च हैदराबाद को श्रव्य-दृश्य साधनों के जरिए सूचित सहमति प्रक्रिया के प्रलेखन सहित सूचित सहमति प्रक्रिया आचार समिति की कार्य प्रणाली एवं अन्वेषकों से संबंधित जैव-तुल्यता अध्ययन करने के लिए "एनओसी" प्रदान किया गया।

डॉक्टरों और पैरामैडिकल स्टॉफ की कमी

2612. श्री संजय धोत्रेः
श्री नवीन जिन्दलः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) में एएन एनडब्ल्यू और एएनएम सहित डॉक्टरों लैब तकनीशियनों और फॉर्मासिस्टों तथा अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की भारी कमी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या ग्रामीण क्षेत्र में तैनात बड़ी संख्या में डाक्टरों के ड्यूटी में अनुपस्थिति रहने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के रोगियों को काफी पेरशोनियों का सामना करना पड़ता है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण है; और

(ङ) रिक्त पदों को भरने और देश में ग्रामीण निर्धनों हेतु समुचित स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/प्रस्तावित हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) और (ख) भारत में ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी 2010 के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) में 2433 डॉक्टरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) में 11361 विशेषज्ञों पीएचसी तथा सीएचसी में 14225 लैब तकनीशियनों पीएचसी एवं सीएचसी में 7655 फार्मासिस्टों तथा पीएचसी और सीएचसी में 15079 स्वास्थ्य कार्यकताओं (महिला)/सहायक नर्सधात्रियों की कमी है।

कमी के लिए उत्तरदायी विभिन्न कारणों में डॉक्टरों तथा पराचिकित्साकर्मियों की अपेक्षित संख्या की अनुपलब्धता, मेडिकल कॉलेजों तथा प्रशिक्षण संस्थानों की कमी दुष्कर एवं दुर्गम क्षेत्रों में कार्य करने की अनिच्छा, आवास का आभाव, ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य अवसंरचना की अनुपलब्धता इत्यादि है।

(ग) और (घ) चूंकि स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए स्वास्थ्य केन्द्रों अस्पतालों इत्यादि का प्रबंधन संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों द्वारा किया जाता है तथा डॉक्टरों की अनुपस्थिति सहित स्वास्थ्य केन्द्रों/अस्पतालों की दैनिक कार्यप्रणाली की देखरेख उनके द्वारा की जाती है।

(ङ) मानव संसाधनों का संवर्धन राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत ध्यान दिए जाने वाला एक क्षेत्र है। एनआरएचएम के अंतर्गत संविदात्मक आधार पर स्टाफ के विनियोजन के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। विशेषज्ञों की कमी पर काबू पाने के लिए डाक्टरों को बहुकौशलयुक्त बनाना, ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा करने के लिए प्रोत्साहनों की व्यवस्था, उन्नत आवास व्यवस्था और अधिक डॉक्टरों तथा पराचिकित्सा कर्मियों को तैयार करने के लिए और अधिक मेडिकल कॉलेजों जीएनएम स्कूलों की सथापना के प्रयास भी मानव संसाधनों में अंतराल को पाटने के लिए किए गए उपाय हैं। 30 जून, 2011 तक की स्थिति के अनुसार देश भर में एनआरएचएम के अंतर्गत संविदात्मक आधार पर नियुक्त स्टाफ को दर्शाने वाला विवरण निम्नलिखित है:

क्र.सं.	पदनाम	शामिल किए गए स्टाफ की संख्या
1	2	3
1.	विशेषज्ञ	3592
2.	सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी	9982
3.	आयुष डॉक्टर	11072
4.	स्टाफ नर्स	30682
5.	एएनएम	61062
6.	पराचिकित्सा कर्मी	26048
7.	आयुष पराचिकित्सा कर्मी	4345

स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों के लिए अपेक्षित पदों को संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों द्वारा भरा जाता है। रिक्त पदों को भरने के लिए उनसे समय-समय पर आग्रह किया जाता है।

न्यूमोनिया और डायरिया के कारण बच्चों की मृत्यु

2613. श्री सोनवणे प्रताप नारायणराव: क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या संयुक्त राष्ट्र संघ अंतर्राष्ट्रीय बाल शिक्षा कोष (यूनीसेफ) के स्टेट आफ वर्ल्ड चिल्ड्रेन रिपोर्ट, 2008 के अनुसार भारत में निमोनिया और डायरिया के कारण प्रतिवर्ष पांच वर्ष से कम उम्र के 5753 बच्चों की मृत्यु होती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में इस उच्च मृत्यु दर को रोकने के लिए क्या उपाय किए गए?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) और (ख) जी, नहीं। रिपोर्ट में ऐसा कोई विवरण नहीं दिया गया है जिसमें इस आंकड़े का उद्धरण हो। तथापि, डब्ल्यूएचओ के अनुमानों के अनुसार भारत में पांच वर्ष से कम आयु की मौतों में निमोनिया का योगदान 11 प्रतिशत और अतिसार का योगदान अन्य 11 प्रतिशत है।

(ग) भारत में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में निमोनिया और अतिसार के कारण रूग्णता और मृत्यु में कमी लाने हेतु निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:-

- **सार्वभौमिक प्रतिरक्षण कार्यक्रमः** बच्चों में निमोनिया की रोकथाम के लिए सार्वभौमिक प्रतिरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न वैक्सीनें इस्तेमाल की जाती हैं:

(i) डीपीटी वैक्सीन

(ii) खसरे का वैक्सीन

(iii) पेंटावेलेंट वैक्सीन

- **ओआरएस और जिंक का इस्तेमाल :** रूग्णता और मृत्यु में कमी लाने हेतु अतिसार ग्रसत बच्चों में अल्प ऑस्मोलेरिटी ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन और जिंक के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा रहा है।

- **एकीकृत नवजात और बाल्यावस्था बीमारी प्रबंधन (आईएमएनसीआई) :** इस कार्यक्रम के अंतर्गत निमोनिया और अतिसार सहित आम बीमारियों के प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य परिचर्या प्रदायकों का क्षमता निर्माण किया जाता है। यह कार्यक्रम निमोनिया और अतिसार की रोकथाम और नियंत्रण के संबंध में सामुदायिक प्रथाओं के उन्नयन करने पर भी फोकस करता है।

  एनआरएचएम के अंतर्गत सुविधा आधारित नवजात और बाल्यावस्था बीमारी प्रबंधन (एफ-आईएन एनसीआई) पैकेज शामिल है जो सुविधा केंद्र स्तर पर बच्चों में निमोनिया और अतिसार सहित बाल्यावस्था रोगों के उपचार हेतु स्वास्थ्य कार्मिकों को अधिकार प्रदान करता है।

- **माइक्रोन्यूट्रिएंट संपूरण सप्लीमेंटेशन कार्यक्रमः** विटामिन ए संपूरण निमोनिया के कारण बाल मृत्यु दर कम करने में लाभ पहुंचाता है।

कोयला का आयात

2614. श्री संजय दिना पाटीलः क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में विद्युत उत्पादन के लिए 30 प्रतिशत कोयले को आयात इंडोनेशिया से किया जाता है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इंडोनिशिया से आयातित कोयले के बड़े मूल्यों का प्रभाव विद्युत उत्पादन पर पड़ने का कोई आकलन किया है;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या उपचारात्मक उपाय किए गए?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल): (क) से (घ) वर्ष 2010-11 के दौरान, विद्युत यूटिलिटियों द्वारा खपत किए गए कुल कोयले का लगभग 8% आयात किया गया कोयला था। विद्युत यूटिलिटियों द्वारा आयात किए गए कुल कोयले में से, कोयले के आयात का एक महत्वपूर्ण भाग इंडोनेशिया से था। घरेलू कोयले के साथ आयात किए गए कोयले के 10% मिश्रण के साथ विद्युत उत्पादन की लागत में वृद्धि आयात किए गए कोयले की लागत में प्रत्येक 10 अमरीकी डॉलर/टन वृद्धि हेतु 3 पैसे प्रति यूनिट है।

(ङ) विद्युत के उत्पादन की मांग को पूरा करने के लिए घरेलू स्त्रोतों से कोयले की मौजूदा कमी के कारण, कोयले के आयात का सहारा लिया जा रहा है। आयात किए गए कोयले की कीमतों में वृद्धि सरकार के नियंत्रण के बाहर है। इसलिए कोयले आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए कोयले के आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए देश में घरेलू कोयले के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कोयला मंत्रालय से अनुरोध किया जा रहा है। कोयले के आयात के लिए विदेशी खनन/दीर्घावधि समझौते की संभावना की कुछ भारतीय कंपनियों/विद्युत यूटिलिटियों द्वारा की जा रही है।

अंतर-मंत्रालयी समिति

2615. श्री दुष्यंत सिंहः क्या **पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पर्यटन के विकास से जुड़े अंतर-मंत्रालयी मुद्दो को सुलझाने को सुगम बनाने के लिए विरोधी अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) आगामी 12वीं पंचवर्षीय योजना में देश में पर्यटन संबंधी अवसरंचना के विकास के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए /उठाए जा रहे हैं?

पर्यटन मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री सुल्तान अहमद): (क) से (ग) जी, हां। देश में पर्यटन के विकास में शामिल अंतर-मंत्रालयी मुद्दों तथा उद्योग संघ द्वारा उठाये गये मुद्दों को सुलझाने को सुगम बनाने के लिए प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में एक अंतर-मंत्रालयी समन्वय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में सदस्य सचिव, योजना आयोग, अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, गृह, रक्षा, विदेश मामले, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, नागर विमानन, शहरी विकास, पर्यावरण एवं वन मंत्रालयों के सचिव तथा राजस्व, व्यय और विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभागों के सचिव शामिल हैं। पर्यटन मंत्रालय के सचिव इस समिति के सदस्य-संजोयक हैं।

योजना आयोग ने 12वीं योजना के दौरान पर्यटन के विकास हेतु विभिन्न उपायों की सिफारिश करने के लिए 12वीं पंचवर्षीय योजना हेतु पर्यटन पर कार्यवाही समूह और संचालन समिति का गठन किया है।

एयर लाइनों को उधार

2616. श्री गुरूदास दासगुप्ताः
श्री अशोक अर्गलः
श्री जे.एम. आरून रशीदः
श्री प्रबोध पांडाः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने भारी धनराशि उधार दी तथा किंगफिशर एयरलाइन के इक्विटी शेयरों में निवेश किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा एयर लाइन कंपनी द्वारा बैंक-वार पुनर्भुगतान/विमोचन का ब्यौरा क्या है;

(ग) ऋण के एवज में कंपनी द्वारा किया गया सिक्योरिटी जमा का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या बैंकों का विचार एयर लाइनों को मदद करने के लिए दूसरे दौर के ऋण का पुनर्गठन का है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा वर्तमान में किस दर पर इक्विटी को बैंक-वार खरीदा गया; और

(च) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए/उठाये जाने का विचार है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) और (ख) किंगफिशर एयरलाइन से संबंधित बैंकवार फंड-आधारित और गैर-निधि आधारित ऋण जोखिम (एक्सपोजर) और बकाया धनराशि तथा निवेश के ब्यौरे संलग्न विवरण I में दिए गए हैं।

(ग) कंपनी द्वारा बैंकों के सम्पूर्ण सहायता-संघ के लिए गई जमानत के ब्यौरे संलग्न विवरण-II में दिए गए हैं।

(घ) से (च) भारतीय स्टेट बैंक सहायता-संघ का अग्रणी बैंक है। भारतीय स्टेट बैंक ने कहा है कि फिलहाल ऐसी कोई योजना नहीं है।

विवरण I

(करोड़ रू. में)

30.11.2011 की स्थिति के अनुसार बैंक एक्सपोजर	सीमा		बकाया		निवेश	
	निधि आधारित	गैर-निधि आधारित	निधि आधारित	गैर-निधि आधारित	सीआरपीएच #	एनसीसीआरपीएस @
1	2	3	4	5	6	7
भारतीय स्टेट बैंक	1189.10	247.00	1249.47	208.31	182.25	182.25
ओरियन्टल बैंक ऑफ कामर्स	120.00		56.34			
फेडरल बैंक		100.00	90.16			
कार्पोरेशन बैंक	146.67	228.35	156.25	148.60	7.50	7.50
यूको बैंक	277.77		290.22		45.00	45.00
बैंक ऑफ बड़ौदा	306.43	220.12	367.76	169.75	29.96	29.96
पंजाब नेशनल बैंक	452.85	300.00	450.67	259.66	36.74	36.74
इंडसइंड बैंक	(6.60)	14.15	2.20	2.150	-	-

1	2	3	4	5	6	7
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड	695.50		727.63		112.50	112.5
बैंक ऑफ इंडिया	475.03	80.35	505.27	70.00	56.25	56.25
स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	135.36		140.68		21.75	21.75
एक्सिस बैंक लिमिटेड	50.00		50.45			
यूनाइटेड बैंक लिमिटेड	292.80	106.50	304.18	103.96	30.00	30.00
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया	350.00		365.80		-	
पंजाब एण्ड सिंध बैंक	50.00		51.41			
जे एण्ड के बैंक	82.60	7.09	84.25	7.00	12.00	12.00
इंण्डीयन ओवरसीज बैंक	118.83		123.71		19.15	19.15
आईसीआईसीआई बैंक	428.40	8.00	432.78	0.94	170.00	
लिमिटेड विजया बैंक	-	-	-	-	27.00	-
योग	5171.34	1311.56	5449.23	970.37	750.10	553.10
सकल योग	6482.90		6419.60		1303.20	

सीआरपीएस (संचयी प्रतिदेय अधिमान-शेयर) 03.01.2011 को आवंटित किया गया था जो पूंजी एवं प्रकटन अपेक्षाओं का प्रश्न (आईसीडीआर) पर दिशा-निर्देश, अधिमानी निर्गम के लिए दिशा-निर्देश (अध्याया VII) पर सेबी के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में बाद में 31.03.2011 को 64.48 रूपए/शेयर की दर पर ईक्विटी शेयरों में परिवर्तित कर दिया गया।

@एनसीसीआरपीएस (अपरिवर्तनीय संचयी प्रतिदेय अधिमान शेयर) 12 वर्षों के बाद प्रतिदेय है।

^ आईसीआईसीआई बैंक और जे एंड के बैंक से जुड़े एक्सपोजर पूल्ड सिक्यूरिटी पर चार्ज के जरिए सिक्योर्ड नहीं किए जाएंगे क्योंकि वे शेयरों पर के अनन्य एवं विनिर्दिष्ट चार्ज से पूरी तरह सिक्योर्ड हैं।

अग्रिमों के संदर्भ में किंगफिशर एयरलाइंस द्वारा एसबीआई को चुकौती किए जाने की शुरूआत सितम्बर 2012 से की जाएगी। ब्याज की चुकौती कुछ विलंब से की जा रही है।

विवरण II

किंगफिशर एयरलाइन्स लिमिटेड जमानत के विवरण (मूल्य 30.11.2011 की स्थिति के अनुसार) बैंकों के सम्पूर्ण सहायता-संघ (कन्सोर्टियम) के लिए

(करोड़ रु. में)

सुविधा	जमानत के विवरण		
1	2		
	प्राथमिक जमानत		
सीसी/एलसी/बीजी /एसबीएचसी/तदर्थ बीजी	कंपनी की सम्पूर्ण चालू आस्तियो (वर्तमान एवं भविष्यत्कालिक दोनों) पर प्रथम समरूप प्रभार	389.72	31.10.2011 की स्थिति के अनुसार स्टॉक विवरण

1	2		
टीएल-ii & iii / एफआईटीएल/डब्ल्यूसीटीएल	शून्य	शून्य	शून्य
पीडीपी ऋण	शून्य	शून्य	शून्य
	पूल्ड सम्पार्श्विक जमानत		
सीसी/एलसी/बीजी/ एसबीएचसी/तदर्थ बीजी/टीएल- ii & iii/ एफआईटीएल/डब्यूसीटीएल	किंगफिशर ब्रांड वैल्यू का समनुदेशन/दृष्टिबंधन	4111.00	ग्रांट थार्नटन द्वारा अपनी रिपोर्ट-दिनांक 23.04.2010 के जरिए वैल्यू आंकी गई
	मुंबई में किंशफिशर हाऊस का ईएम	81.60	मूल्यांकन रिपोर्ट दिनांक 17.06. 2011 के अनुसार आरवी
	2 हेली कॉप्टरों का दृष्टिबंधन नियत परिसंपत्तियों पर प्रथम प्रभार	90.22 307.42	31.03.2011 की स्थिति के अनुसार एबीएस के मुताबिक डब्ल्यूडीवी
	किंगफिशर एयरलाइन्स लि. की गिरवी, 14,15,02,853 शेयर (11,55,39,701+ 2,59,63,152) प्रमोटरों के शेयर	341.73	
	कन्सोर्टियम को गिरवी रखे गए शेयरों पर प्रथम प्रभार^	218.70	30.11.2011 की सिथति के अनुसार एमवी
	आईसीआईसीआई और जे एण्ड के बैंक को गिरवी रखे शेयरों पर द्वितीय प्रभार^	51.92	
	किंगफिशर विला, गोवा का ईएम	36.00	मूल्यांकन रिपोर्ट दिनांक 22.09.2010 के अनुसार आरवी
	आईएटीए अमेरिकन एक्सप्रेस और अन्य क्रेडिट कार्ड प्राप्तव्यों तथा कैश कलेक्शनों का निलंब (निलंब पृथक रूप से नामोद्दिष्ट टीआरए खाता होगा)		
	11 फायनांस लीज/हायर परचेज एयरक्राफ्ट पर अप्रयोज्य अंडरटेकिंग चालू परिसंपत्तियों पर प्रथम समरूप आधार पर चार्ज का विस्तार	शून्य	शून्य
	कुल	5238.59	
	गांरटियां		
सीसी/एलसी/बीजी/ एसबीएचसी/तदर्थ	डा. विजय मल्या की वैयक्तिक गारंटी	248.97	16.04.2009 की स्थिति के अनुसार एनएम
बीजी/टीएल-ii & iii /एफआईटीएल / डब्ल्यूसीटीएल	यूनाइटेड ब्रुवेरीज होल्डिंग्स लि. (यूबीएचएच) की कारपोरेट गारंटी	1601.43	31.03.2011 की स्थिति के अनुसार एबीएस के मुताबिक टीएनडब्ल्यू

^इसमें एल एवं बी के डब्ल्यूडीवी का 28.90 करोड़ रु. ग्राउंड सपोर्ट एवं अन्य उपस्करों का 101.58 करोड़ रु. कम्प्यूटरों का 22.43 करोड़ रु. कार्यालय उपस्कर का 13.39 करोड़ रु. फर्नीचर एवं फिक्स्वरों का 33.35 करोड़ रु. विमानों का 107.77 करोड़ रु. समाहित हैं।

गिरवी रखे शेयरों का विवरणः

बैंक	शेयरों पर चार्ज वाले ऋण (करोड़ रु.)	कंपनी	शेयरों की सं.	बाजाज कीमत $	बाजाज मूल्य (करोड़ रु.)	कुल बाजार मूल्य (करोड़ रु.)
कन्सोर्टियम		यूएसएल	2,646,155	699.70	185.15	218.70
		एमसीएफ	10,000,000	33.55	33.55	
आईसीआईसी आई बैंक	436.40	यूएसएल	4,937,395	699.70	345.47	488.32
		केएएल	59,150,000	24.15	142.85	
जे एण्ड के	89.69	केएएल	5,102,041	24.15	12.32	67.69"
बैंक		मैकडॉवेल होल्डिंग्स	2,700,000	42.55	11.49	
		यूएसएल	627,170	699.70	43.88	

$बाजार मूल्य 30.11.2011 की स्थिति के अनुसार बंद भाव है।

**कोई सरप्लस उपलब्ध नहीं।

हमारी पीडीपी संरचना के लिए जमानती संरचना नीचे दी गई हैः

जमानत का प्रकार	विवरण	मूल्य
प्राथमिक	• डीएएल (केएएल के रूप में पुनर्नामित) और एयरबस के बीच क्रय करार का समनुदेशन	शून्य
	• सोसायटे जेनरल पेरिस के माध्यम से एयरबस द्वारा डीएएल (केएएल के रूप में पुनर्नामित) के नाम में दिए गए गारंटी करार की गिरवी	शून्य
संपार्श्विक	• 56.19 करोड़ रू. के पीडीपी एक्सपोजर को कवर करने के लिए वर्तमान प्रमोटरों के एमसीएफएल के 12,07,729 शेयरों और मैकडॉवेल होल्डिंग्स के 12,03,209 शेयरों को गिरवी रखना	9.17 करोड़ रुपए
	• 2 महीनों की ब्याज चुकौती बाध्यताओं के समतुल्य डीएसआरए का अनुरक्षण (पीडीपी भुगतान भुगतान और/या ब्याज चुकौती में चूक करने पर डिफॉल्ट टीआरए किया जाएगा)।	शून्य
	• कंपनी की नियत परिसंपत्तियों पर द्वितीय चार्ज (आरईएस वैल्यूः शून्य)	शून्य

प्रयुक्त संक्षिप्तयां :

यूएसएल - यूनाईटेड स्प्रिट लिमिटेड
एमसीएफएल - मंगलोर केमिकल्स एण्ड फर्टीलाइजर्स लिमिटेड
मैकडॉवेल होल्डिंग्स - मैकडॉवेल होल्डिंग्स लिमिटेड
केएएल - किंगफिशर एयरलाइन्स लिमिटेड
डब्ल्यूडीवी - अवलिखित मूल्य
आरवी - वसूलीयोग्य मूल्य
एमवी - बाजार मूल्य
एबीएस - लेखापरीक्षित तुलनपत्र
टीएनडब्ल्यू - मूर्त निविल मूल्य
एनएम - निवल साधन
सीसी - नकद ऋण
एलसी - साख-पत्र
बीजी - बैंक गारंटी
एसबीसीएल - आपाती साख-पत्र
टीएल - सावधी ऋण
एफआई टीएल - निधिपोषित ब्याज सावधि ऋण
डब्ल्यूसीटीएल - कार्यशील पूंजी सावधि ऋण
पीडीपी - डिलीवरी-पूर्व भुगतान

[हिन्दी]

विदेशी मुद्रा भण्डार

2617. श्री अर्जुन राम मेघवालः
श्री हरि मांझीः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले दो वर्षों की तिथियों से संबंधित आंकड़ों की तुलना में आज की तारीख तक देश में विदेशी मुद्रा का कितना भण्डार है;

(ख) क्या देश में विदेशी मुद्रा भण्डार कम हो रहा है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा सरकार/भारतीय रिर्जव बैंक (आरबीआई) की इस पर क्या प्रतिक्रिया है; और

(घ) देश के विदेशी मुद्रा भण्डार को अपेक्षित स्तर तक बढ़ाने के लिए सरकार/आरबीआई द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) विदेशी मुद्रा भण्डार 30 नवम्बर, 2011 की स्थिति के अनुसार, 307.9 मिलियन अमेरीकी डालर था जबकि यह भण्डार 30 नवम्बर, 2010 को 292.4 मिलियन अमेरीकी डालर और 30 नवम्बर, 2009 को 288.1 मिलियन अमेरीकी डालर था।

(ख) और (ग) विदेशी मुद्रा भण्डार को मूल्यवर्धित करने के लिए अमेरीकी डालर मूल्यमान है। विदेशी मुद्रा भण्डार, जो विभिन्न मुद्राओं में होते हैं तब गिरावट हो जाती है जब प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरीकी डालर की मूल्यवृद्धि होती है और इस भण्डार में तब मूल्यवृद्धि होती है जब अमेरीकी डालर का मूल्यह्रास होता है। इस भण्डार में तब भी कमी हो जाती है जब भारतीय रिजर्व बैंक रुपए की सहायतार्थ विदेशी मुद्रा बेचकर बाजार में दखल-कार्रवाई करता है।

(घ) विदेशी मुद्रा भण्डार को प्राप्त आयात कवर (अप्रैल-अक्टूबर, 2011 के डीजीसीआईएस आंकड़े) 31 अक्टूबर, 2011 की स्थिति के अनुसार 8.1 माह था, जिसे सन्तोषजनक माना जाता है।

जैव-मेडिकल कचरे

2618. डॉ भोला सिंहः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दिल्ली और पूरे देश के विभिन्न अस्पतालों से निकलने वाले जैव चिकित्सीय कचरों से विभिन्न प्रकार की खतरनाक बीमारियों के फैलने का खतरा है;

(ख) यदि हां, तो क्या केन्द्र सरकार ने विभिन्न अस्पतालों से निकले जैव चिकित्सीय कचरे के निपटान के लिए कोई योजना बनाई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा जैव चिकित्सीय कचरे के निपटान के लिए राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी निधि आवंटित की गई एवं सरकार द्वारा इस संबंध में क्या अन्य उपाय किए गए?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) जी हां, यदि इसका पहस्तन जैव-चिकित्सा अपशिष्ट (प्रबंधन एवं प्रहस्तन नियमावली, 1998 में उपलब्ध किए गए अनुसार नहीं किया जाता है।

(ख) भारत सरकार ने देश में स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा केन्द्रों (एचसीएफ) से सृजित जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के वियोजन, ढुलाई, भंडारण, संसाधन तथा निपटान के लिए एक विनियामक ढांचे की व्यवस्था करने हेतु वर्ष 1998 में, वर्ष 2000 एवं 2003 में यथासंशोधित जैव-चिकित्सा अपशिष्ट (प्रबंधन एवं प्रहस्तन) नियमावली अधिसूचित की है जिससे कि मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव को रोका जा सके। नियमावली के तहत विभिन्न अपशिष्ट श्रेणियों के लिए संसाधन एवं निपटान विकल्पों का निर्धारण किया गया है। जैव-चिकित्सा अपशिष्ट संसाधन उपस्करों के लिए प्रचालन एवं उत्सर्जन संबंधी मानदंड भी निर्धारित किए गए हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने साझा जैव-चिकित्सा अपशिष्ट संसाधन सुविधाओं तथा इनसिनरेटर के डिजाइन एवं निर्माण के लिए दिशानिर्देश निर्धारित किए हैं।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जैव-चिकित्सा अपशिष्ट (प्रबंधन एवं प्रहस्तन) नियमावली पर आधारित राष्ट्रीय अस्पताल अपशिष्ट प्रबंधन दिशानिर्देश तैयार किए तथा वर्ष 2002 में कार्यान्वियन के लिए सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में वितरित किए गए।

इसके अलावा, संक्रमण के नियंत्रण तथा अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित समस्याओं पर काबू पाने के लिए प्रजनन और बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चरण-2 के अंतर्गत संक्रमण प्रबंधन एवं पर्यावरण योजना के (आईएमईपी) के कार्यान्वयन के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा उप केन्द्रों हेतु राष्ट्रीय नीतीगत दस्तावेज एवं प्रचालनात्मक दिशानिर्देश भी तैयार किए गए हैं।

अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों से अपशिष्ट प्रबंधन के लिए उपर्युक्त नियमों तथा दिशानिर्देशों का अनुपालन करना अपेक्षित है। नियमों के अनुसार किसी भी असंसाधिकता जैव चिकित्सा अपशिष्ट

को 48 घंटों की अवधि से अधिक समय तक भंडारित नहीं किया जाएगा।

अस्पताल भी साझा जैव चिकित्सा अपशिष्ट संसाधन सुविधाओं के जरिए अपने जैवचिकित्सा अपशिष्ट का लिपटान कर सकते है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार विभिन्न शहरों तथा नगरों में 182 साझा जैव चिकित्सीय अपशिष्ट संसाधन सुविधा केन्द्र (सीबीडब्ल्यूटीएफ) हैं जो स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा केन्द्रों में जैवचिकित्सा अपशिष्ट संसाधन को सरल बना रहे हैं। सीबी डब्ल्यूटीएफ को इनसिनरेटर, ऑटोक्लेव, माइक्रोवेव, श्रेडर इत्यादी जैसी संसाधन सुविधाओं के साथ संस्थापित किया गया है।

जहां तक दिल्ली में केन्द्र सरकार के तीन अस्पतालों नामतः राम मनोहर लोहिया अस्पताल, सफदरगंज अस्पताल तथा लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज एवं इससे संबद्ध अस्पतालों का संबंध है, वे निर्धारित बीएमडब्ल्यू नियमों के अनुसार अपने जैवचिकित्सा अपशिष्ट का निपटान कर रहे हैं।

(ग) स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के समुचित प्रबंधन के लिए पर्याप्त निधियां प्रदान करने तथा सभी उपाय करने की जिम्मेवारी संबंधित राज्य सरकार की है।

तथापि, वर्ष 2000-2001 से 2006-2007 तक निम्नलिखित प्रयोजनार्थ स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत द्वारा 21 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को करीब 24.3 करोड़ रु. प्रदान किए गए थेः

1. उपस्करों जैसे कि इनसिनरेटर, माइक्रोवेव, ऑटोक्लेव तथा श्रेडर की खरीद।
2. कलर कोडेड थैलों तथा पंक्चर प्रूफ कंटेनर, प्रोटेक्टिव गियर इत्यादी सहित अन्य उपस्कर।
3. जैव-चिकित्सा सुविधा केन्द्रों के लिए स्थान देने तथा इन्हें प्रचालित करने के लिए सिविल तथा विद्युत निर्माण कार्य।
4. प्रशिक्षण।
5. सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण कार्यकलाम।

[अनुवाद]

आई कैंप

2619. डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकीः
श्री खगेन दासः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने छत्तीसगढ़ के बालोद में राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित आई कैम्प के दौरान संक्रमण फैलने के कारण कुछ लोगों की मृत्यु और आंखों की रोशनी चले जाने की संज्ञान में लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा इस पर क्या कार्यवाही की गई/किए जाने का विचार है; और

(घ) देश में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक उपाय किए गए/किए जाने का विचार है;

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) और (ख) छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा बालोद छत्तीसगढ़ में दिनांक 21 से 30 सितम्बर, 2011 तक आयोजित एक नेत्र शिविर के दौरान संक्रमण के कारण चौवालीस लोगों की एक आंख की रोशनी चली गई।

यह भी सूचित किया गया है कि नेत्र शिविर के दौरान आपरेशन किए गए चार रोगियों की बाद में मौत हो गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि इन रोगियों के मौत होने का सबसे अधिक संभावित कारण पूर्व-विद्यमान सहगामी रोग था।

(ग) प्रभावित लोगों के कल्याण के लिए निम्नलिखित कार्रवाइयां की गईः-

- राज्य में नेत्र विशेषज्ञों के एक उच्च स्तरीय दल द्वारा घटना की जांच।
- प्रभावित लोगों का निःशुल्क उपचार सुनिश्चित करने के लिए नेत्र विशेषज्ञों द्वारा रोगियों की जांच।
- राज्य सरकार द्वारा प्रभावित प्रत्येक चौवालीस लोगों को 50,000 (पचास हजार रू.) की क्षतिपूर्ति।
- दृष्टि दुर्घटना के लिए जिम्मेदार पाए गए लोगों के विरूद्ध कार्रवाई।

(घ) देश में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए निवारक उपाय किए गएः-

- सख्त कार्रवाई के लिए नेत्र परिचर्या एककों को नेत्र सर्जरी संबंधी दिशा-निर्देशों का परिचालन।
- स्कूल भवनों, धर्मशालाओं, क्लब भवनों और खुले परिसर में शल्यचिकित्सा संबंधी नेत्र शिविरों के आयोजन पर प्रतिबंध।
- सख्त मानीटरिंग और आपरेशन किए गए रोगियों का अनुपरीक्षण
- सूचना, शिक्षा और संप्रेषण क्रियाकलापों के माध्यम से सामान्य स्वच्छता बनाए रखना।

[हिन्दी]

ऋणों की वसूली में उत्पीड़न

2620. श्री गणेशराव नागोराव दूधगांवकरः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या निजी बैंक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा ऋणों के अदायगी के संबंध में जारी निर्देशों का पालन कर रहे हैं;

(ख) यदि हां तो, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं एवं ऐसे बैंकों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या सरकार को पिछले तीन वर्षो के दौरान प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष में अपने ग्राहकों को ऋणों की पूर्व अदायगी को हतोत्साहित करने के संबंध में कुछ निजी क्षेत्र के बैंकों के विरूद्ध शिकायतें प्राप्त हुई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा ऐसी शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई; और

(ङ) इस दिशा में सरकार/आरबीआई द्वारा अन्य कौन-कौन से सुधारात्मक उपाय किए गए/किए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) और (ख) जी, हां। निजी क्षेत्र के बैंक सामान्यतः भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के निर्देशों का अनुपालन करते हैं।

(ग) और (घ) आरबीआई की आंकड़ा प्रतिपादन प्रणाली के अंतर्गत इस प्रकार की सूचना उपलब्ध नहीं होती है।

(ङ) आरबीआई ने समय-समय पर अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) को निर्देश दिए हैं जिनके माध्यम से बैंकों का सलाह दी गई है कि व वसूली एजेंटों की नियुक्ति, वसूली एजेंटों द्वारा अपनाए जाने वाले तरीकों, वसूली एजेंटों के प्रशिक्षण, बैंकों के पास बंधक/दृष्टिबंधक रखी गई सम्पत्ति को कब्जे में लेने के संबंध आरबीआई द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों का अनुपालन करें। बैंकों को यह सलाह भी दी गई थी कि वे एक प्रमुख के रूप में अपने एजेंटों की कार्रवाई के लिए भी जिम्मेवार हैं और बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि देयराशि की वसूली के लिए नियुक्त किए गए उनके एजेंट बकायों की वसूली प्रक्रिया के दौरान बैंकिंग संहिता और भारतीय मानक बोर्ड संहिता (बीसीएसबीआइ) सहित आरबीआई दिशानिर्देशों और निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करें। इस मामले में प्राप्त शिकायतें मौजूदा दिशानिर्देशों तथा बैंकिंग लोकपाल योजना के प्रावधानों और ऐसे सभी मामलों में की गई सुधारात्मक कार्रवाई के अनुसार बैंकिंग लोकपाल द्वारा निपटाई जाती है।

[अनुवाद]

स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए निधियों का आवंटन

2621. श्री खगेन दासः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त निधि का पूर्ण उपयोग योजना के अनुसार कर लिया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा आवंटन की वर्तमान एवं उक्त निधि के उपयोग की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो शेष निधि के उपयोग के लिए उठाए गए/प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) ग्यारहवीं योजना (2007-2012) में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सुनियोजित केन्द्रीय आबंटन 1,40,135 करोड़ रु. का था।

(ख) से (घ) ग्यारहवीं योजना (वर्ष 2007-08 से 2010-11 तक) के पहले चार वर्षो के दौरान 66,361.24 करोड़ रुपए का उपयोग किया गया जबकि उसी अवधि के दौरान वास्तविक आवंटन 72,731 करोड़ रुपए का रहा है। ग्यारहवीं योजना के पहले चार वर्षो के दौरान केन्द्रीय क्षेत्र के अंतर्गत उपयोग किए जाने की प्रतिशतता 91.2 प्रतिशत थी। वर्ष 2011-12 के दौरान उपयोग किए जाने का

शत-प्रतिशत अनुमान लगाने पर ग्यारहवीं योजना के अन्त तक समग्र उपयोग लगभग 93.5 प्रतिशत तक होने की संभावना है। विभिन्न राज्यों में अवशोषी क्षमता संबंधी कठिनाइयों का निवारण राज्य सरकारों की नियमित परस्परिक क्रिया के माध्यम से किया जा रहा है।

राष्ट्रीय जनजातीय नीति

2622. श्रीमती जे. हेलन डेविडसनः क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय जनजातीय नीति को अंतिम रूप दे दिया है;

(ख) यदि हां, तो इसकी मुख्य विशेषताएं क्या हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो कब तक उक्त नीति को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है?

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महोदव सिंह खंडेला): (क) तथा (ख) जी, नहीं। जनजातीय कार्य मंत्रालय ने जनजातीय लोगों से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान करने के लिए प्रारूप राष्ट्रीय जनजातीय नीति तैयार की गई है। प्रारूप नीति का अनुमोदन प्रक्रियाधीन है।

(ग) राष्ट्रीय जनजातीय नीति को अंतिम रूप देने के लिए इस समय कोई सीमा नहीं बताई जा सकती।

[हिन्दी]

सौर ऊर्जा के लिए विशेष क्षेत्र

2623. डॉ. किरोड़ी लाल मीणाः क्या **नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास देश में सौर ऊर्जा के उत्पादन के लिए विशेष क्षेत्र घोषित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो राजस्थान सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए विभिन्न राज्य सरकारों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(घ) यदि हां, तो राजस्थान, मध्य प्रदेश सहित राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा कब तक उक्त प्रस्ताव के स्वीकृत होने की संभावना है; और

(ङ) विशेषकर राजस्थान के पश्चिम भाग सहित देश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा क्या अन्य प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं?

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (डॉ. फारूख अब्दुला): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय सौर मिशन के तहत सौर विद्युत परियोजनाओं का चयन निविदाओं और पंजीकरण द्वारा भी किया जाता है। ये परियोजनाएं विकासकर्त्ताओं द्वारा बनाओ, अपनाओ और चलाओ के आधार पर स्थापित की जाती हैं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) देश में विकासकर्ताओं का उपलब्ध विभिन्न प्रोत्साहनों में प्रणालियों/युक्तियों के विनिर्माण पर शून्य/रियायती उत्पाद शुल्क; महत्वपूर्ण शुल्क; महत्वपूर्ण उपस्कर, सामग्रियों और संघटकों पर शून्य/रियायती सीमा शुल्क और 10 वर्षों के लिए विद्युत की बिक्री से लाभ पर आयकर से छूट शामिल हैं।

[अनुवाद]

आरजीजीवीवाई के अंतर्गत विद्युतीकरण का कार्य

2624. श्री अर्जुन चरण सेठीः क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आरजीजीवीवाई) के अंतर्गत देश में ओडिशा सहित 11वीं योजना के दौरान केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के लोक उद्यमों (सीपीएसयू) द्वारा नियोजित ठेकेदारों के खराब कार्यनिष्पादन के कारण विद्युतीकरण के कार्य में विलंब हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार आरजीजीवीवाई के अंतर्गत विद्युतीकरण के कार्यों को गति देने के लिए इन सरकारी क्षेत्र के लोक उद्यमों को निदेश देने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) देश के विभिन्न राज्यों में स्वीकृत परियोजनाओं की शेष संशोधित लागत अनुमानों का अनुमोदन करने हेतु शेष के लिए रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड (आरईसी) को क्या निदेश जारी किए गए हैं?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल): (क) से (घ) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आरजीजवीवाई), के अंतर्गत कार्यान्यन एजेंसियों द्वारा परियोजनाओं टर्नकी आधार पर निष्पादित की जाती हैं। तदनुसार कार्यान्वयन एजेंसियों ठेकेदारों को ठेके प्रदान करती हैं। 11वीं योजनावधि में की गई प्रगति के संबंध में देश में ओड़िसा सहित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसयूज) जैसे पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल) नेशनल हाइड्रो-इलैक्ट्रिक पावर कारपोरेशन (एनएचपीसी), नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) तथा दामोदर वैली कारपोरेशन (डीवीसी) का कार्यनिष्पादन संतोषप्रद है। सीपीएसयूज का कार्यनिष्पादन निम्नानुसार है:-

सीपीएसयूज 11वीं योजना	गैर/निर्विद्युतकृत गांव			बीपीएल घर		
	कवरेज	उपलब्धियां (15.11.11 को)	कवरेज के संबंध में प्रतिशतता	कवरेज	उपलब्धियां (15.11.11 को)	कवर के संबंध में प्रतिशतता
पीजीसीआईएल	9236	8283	89.68%	2412009	1593110	66.05%
एनएचपीसी	5773	5253	90.99%	1557840	1213990	77.93%
एनटीपीसी	11630	11139	95.78%	2513243	2155846	85.78%
डीवीसी	3552	2747	77.34%	290749	212877	73.22%

विद्युत मंत्रालय तथा आरजीजवाई की नोडल एजेंसी ग्रामीण विद्युतीकरण कारपोरेशन (आरईसी) ओड़िसा सहित आरजीजीवीवाई के कार्यान्वयनाधीन कार्यो के प्रगति की निगरानी हेतु नियमित समीक्षा बैठकें कर रही हैं। भारत सरकार ने एक अंतमंत्रालयी निगरानी समिति गठित की है जो परियोजनाएं स्वीकृत करने तथा कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा के लिए नियमित बैठकें आयोजित करती है। ग्रामीण विद्युतीकरण के कार्यो की समीक्षा के लिए समीक्षा के लिए नियमित बैठकें आयोजित करती है। ग्रामीण विद्युतीकरण के कार्यों की समीक्षा के लिए सभी राज्यों में जिला समितियों गठित की गई हैं। सभी राज्यों से अनुरोध भी किया गया है कि वे आरजीजीवाई के कार्यान्वयन में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में मासिक बैठक किया करें। सीपीएसयमज सहित सभी एजेंसियों के कार्यों में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। ओड़िसा राज्य में सीपीएसयूज के कार्यों की प्रगति निम्नानुसार है:

सीपीएसयूज	गैर/निर्विद्युतीकृत गांव			बीपीएल घर		
	कवर किए गए	उपलब्धि (15.11.2011तक)	कवर के संबंध प्रतिशत	कवर किए गए	उपलब्धि (15.11.11 तक)	कवर के सबंध में प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
10वीं योजना						
पीजीसीआईएल	-	-		-	-	
एनएचपीसी	1101	1101	100.00%	163998	156100	95.18%
एनटीपीसी	1081	1075	99.447%	184484	186200	100.93%
11वीं योजना						
पीजीसीआईएल	4670	3849	82.42%	1285512	911783	70.93%

1	2	3	4	5	6	7
एनएचपीसी	3488	3158	90.54%	351297	232678	66.23%
एनटीपीसी	4379	4360	99.57%	1217289	987403	81.11%
कुल	14719	13543	92.01%	3202580	2474164	77.26%

(ङ) आरजीजीवाई के अंतर्गत, संशोधित लागत अनुमान (आरसीई) हेतु दिशानिर्देश इस प्रकार हैः

परियोजना कार्यान्वयन के दौरान, परियोजना लागत में वृद्धि अथवा कमी हेतु परियोजना मानदंडों में किसी भी प्रकार की भिन्नता होने की स्थिति में; कार्यान्वयन एजेंसी, आरईसी से संशोधित स्वीकृत पर विचार करने हेतु संशोधित लागत अनुमान राज्य सरकार के माध्यम से आरईसी को प्रस्तुत करता है। तथापि, तकनीकी उपयुक्तता के अधीन, आरईसी लागत अनुमान की संशोधित स्वीकृति पर निम्नलिखित परिसिथतियों में विचार करती हैः

(i) कार्यक्षेत्र में परिवर्तन

(ii) वैधानिक लेवी में परिवर्तन

(iii) मूल्य वृद्धि

(iv) विस्तृत क्षेत्र सर्वेक्षण के अभाव में स्वीकृति के समय मात्रा का कम आंकलन

आरसीई के आरजीजीवीवाई पर निगरानी समिति के निर्णयानुसार स्वीकृति संबंधी नीति/दिशानिर्देश निम्नानुसार हैः

क	प्रदत्त परियोजना लागत के संदर्भ में मूल्य परिवर्तन (पीवी) तथा करों के अलावा 10% तक का लागत परिवर्तन	सीपीएसयूज के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
ख	प्रदत्त परियोजना लागत के संदर्भ में मूल्य परिवर्तन तथा करों के अलावा 20% तक का लागत परिवर्तन।	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आरईसी आरईसी
ग	मूल्य परिवर्तन तथा करों के अलावा 20% से अधिक की लागत परिवर्तन	आरजीजीवीवाई संबंधी निगरानी समिति

मैसर्स आरईसी को निदेश दिया गया है कि वह सभी लंबित संशोधित लागत अनुमान प्रस्तावों पर शीघ्र निर्णय लें।

संशोधित सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर

2625. श्री सी. राजेन्द्रनः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने चालू वर्ष के लिए निर्धारित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि से संतुष्ट है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) भविष्य में वृद्धि दर को बनाए रखने/गति देने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई/किए जाने का प्रस्ताव है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) और (ख) भारतीय अर्थव्यवस्था ने उत्पादन लागत पर 2004-05 की कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद के संदर्भ में 2010-11 में 8.5 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की थी। आर्थिक समीक्षा 2010-11 में चालू वर्ष के लिए 9 प्रतिशत की वृद्धि दर की संभावना जताई गई थी। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था द्वारा 2011-12 में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल किए जाने की संभावना है। 2011-12 के वृद्धि संबंधी अधिकारिक आंकड़े फरवरी, 2012 में उपलब्ध होंगे। अपेक्षित वृद्धि से कम हुई वृद्धि का कारण वैश्विक मंदी और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए अपनाई गई सख्त मौद्रिक नीति को कहा जा सकता है।

(ग) और (घ) हालांकि अर्थव्यवस्था में चालू वर्ष में 2010-11 में हासिल किए गए स्तरों से कम वृद्धि होने की संभावना है, फिर भी भारत सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि के संदर्भ में अब भी दुनिया के अग्रणी देशों में से एक है।

(ङ) सरकार ने वैश्विक वित्तीय संकट के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए हाल के वर्षों में प्रतिचक्रीय रवैया अपनाकर सतत् आधार पर विवेकपूर्ण बृहत-आर्थिक नीतियां अपनाई हैं, विकास को बढ़ावा देने, उत्पाद एवं वित्तीय बाजार विकसित करने के लिए संरचनागत उपायों को मजबूत बनाया है तथा गरीबों की रक्षा के लिए मजबूत बुनियाद के निर्माण हेतु सामाजिक व्यय में बढ़ोतरी की है। विकास को गति देने के लिए हाल की अवधि में किए गए विशिष्ट उपायों में, अन्य के साथ-साथ अवसरंचना ऋण निधि के सृजन के जरिए अवसंरचना क्षेत्र में निवेश को बढ़ाना, सरकारी निजी भागीदारियों पर ध्यान देना, नई विनिर्माण नीति की घोषणा करना, नई मसौदा दूरसंचार नीति की घोषणा करना, संसद में भूमि अधिग्रहण विधेयक लाना, तथा भारत में बेकिंग क्षेत्र के विकास के लिए कई विधायी उपाय करना शामिल हैं।

बहिरंग/अंतरंग मरीजों के लिए प्रतीक्षा सूची

2626. प्रा. रंजन प्रसाद यादवः
कुमारी मीनाक्षी नटराजनः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) सहित विभिन्न प्रमुख अस्पतालों में बहिरंग/अंतरंग मरीजों की प्रतीक्षा सूची काफी लंबी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी अस्पताल-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) स्थिति को सुधारने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) से (ग) स्वास्थ्य राज्य का विषय है और केन्द्रीय स्तर पर ऐसी सूचना नहीं रखी जाती है। तथापि, जहां तक दिल्ली में 3 केन्द्रीय सरकार के अस्पतालों नामतः डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, सफदरगंज अस्पताल और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और इनके संबद्ध अस्पतालों का संबंध है, ओपीडी रोगियों के लिए हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और इनके संबद्ध अस्पतालों का संबंध है, ओपीडी रोगियों के लिए कोई प्रतीक्षा सूची नहीं है। सभी आपाती ऑपरेशन और रोगियों का उपचार बिना किसी विलंब के तुरन्त किया जाता है। नेमी चयनित शल्यक्रियाओं के लिए केवल कुछ प्रतीक्षा अवधि है जो एक विभाग से दूसरे विभाग और अलग-अलग रोगियों के आधार पर भिन्न है।

एम्स के बारे में यह सूचित किया जाता है कि निदान और/या चिकित्सा प्रयोजन से अस्पताल में भर्ती किए जाने के लिए रोगियों को या तो ओपीडी (स्पेशियलिटी क्लीनिक सहित) या कैजुअल्टी/आपाती के माध्यम से भर्ती किया जाता है। एम्स अस्पताल के विभिन्न विभागों में अस्पताल में आने वाले रोगियों की संख्या के संबंध में अंतरंग बिस्तरों की भारी कमी है। विभिन्न नैदानिक विभाग रोगियों की स्थिति अपेक्षित उपचार की तात्कालिकता और विशेष दिवस में बिस्तर उपलब्धता के अनुसार भर्ती किए जाने की आवश्यकता वाले रोगियों की प्रतिक्षासूची स्वंय बनाते हैं। कैजुअल्टी/आपाती मामले में जीवन रक्षक स्थिति के मामले में अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार रोगी को, जहां तक "व्यवहारिक रूप में" संभव हो, भर्ती करने के प्रयास किए जाते हैं। आपातकालीन वार्ड में बिस्तर की गैर-उपलब्धता के मामले में रोगी को सर्वप्रथम स्थिर आदि जाता है और उसके बाद अतिरिक्त उपचार के लिए अन्य सरकारी अस्पताल में भेज दिया जाता है।

अतिरिक्त अवसंरचना का सृजन और मौजूदा सुविधा केन्द्रों का उन्नयन एक सतत प्रक्रिया है और निधियों की आवश्यकता और उपलब्धता के अनुसार उन्हें शुरू किया जाता है।

बच्चों की सुरक्षा

2627. श्री एस. आर. जेयदुरईः क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए कानून बनाने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) समुचित कानून के अभाव में इस समस्या से निपटने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए या प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है?

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ): (क) से (ग) जी हां, यौन उत्पीड़न से बच्चों के संरक्षण हेतु सरकार एक विशेष कानून अधिनियमित करने का प्रस्ताव करती है।

राज्य सभा में 23 मार्च, 2011 को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण विधेयक 2011 प्रस्तुत किया गया था।

पहली बार, बच्चों के साथ यौन अपराध के मामलों से निपटाने के लिए एक विशेष कानून बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। विधेयक में प्रवेशकारी यौन प्रहार, अधिक गंभीर यौन प्रहार तथा अश्लील साहित्य हेतु बच्चों का प्रयोग जैसे अपराधों को परिभाषित किया गया है। इस विधेयक के तहत अपराधों के शीघ्र निपटान हेतु राज्य सरकारों को प्रत्येक जिले में सत्र न्यायालय को विशेष न्यायालय के रूप में प्राधिकृत करने के लिए अधिदेश दिया गया है। यह भूमिका निभाएगा और विधेयक में प्रस्तावित कठोर दण्ड से अपराधियों में बाधक भय बढ़ेगा।

[हिन्दी]

लिंग अनुपात में कमी

2628. श्री जफर अली नकवीः
कुमारी मीनाक्षी नटराजनः
डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकीः
श्रीमती हरसिमरत कौर बादलः
श्री माणिकराव होडल्या गावितः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश मे लिंग अनुपात में सुधार लाने के लिए योजनाओं/कार्यक्रमों का कार्यान्वयन कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, ऐसी योजनाओं के अंतर्गत ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान वर्ष-वार आंवटित और जारी निधियों का तथा बारहवीं पंचवर्षीय योजना के लिए प्रस्तावित निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस संबंध में निर्धारित लिंग अनुपात लक्ष्य को उक्त योजनाएं/कार्यक्रम प्राप्त करने में असफल रहे हैं;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार देश में लिंग अनुपात के सुधार के लिए योजनाओं की समीक्षा और गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 (पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम, 1994) में संशोधन करने का है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार का विचार राज्यों और संस्थाओं/व्यक्तियों को लिंग अनुपात में सुधार लाने के लिए प्रोत्साहन देने का है; और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) जी, हां। प्रजनन और बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, चरण-॥ (आरसीएच-॥) राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन का एक अभिन्न घटक है। 2003 में यथासंशोधित गर्भधारण और प्रसवपूर्व नैदानिक तकनीक (लिंग चयन का प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 के प्रभावी कार्यान्वयन के जरिए लिंग निर्धारण को रोकने के लिए इस कार्यक्रम के अधिदेश के अंतर्गम महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

(ख) पीएनडीटी से संबंधित कार्यकलापों के लिए राज्यवार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। 12वीं योजना के संबंध में परिव्यय को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

(ग) से (ङ) जी, नहीं। भारत सरकार देश में घटते हुए बाल लिंग अनुपात पर ध्यान देने के लिए पीसी एवं पीएनडीटी अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के सुदृढ़ीकरण के प्रति प्रतिबद्ध है। इस अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के सुदृढ़ीकरण हेतु भारत सरकार द्वारा की गई हालिया पहलों में निम्नलिखित शामिल हैंः

* अपंजीकृत मशीनों को जब्त करने और अधिनियम के अंतर्गत अपना पंजीकरण करवाने असफल रहने वाले संगठनों को और ज्यादा सजा के प्रावधान के लिए पीसी एवं पीएनडीटी नियमावली 1996 के नियम 11 (2) को संशोधित किया गया है।
* राष्ट्रीय निरीक्षण एवं मॉनीटरन समिति का पुनर्गठन किया गया है और निरीक्षण के अलावा निरीक्षण के दौरान इस अधिनियम के अंतर्गत उल्लघंन करने के दोषी पाए गए संगठनों के खिलाफ उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा अनुवर्ती कार्रवाई के सिंहावलोकन हेतु और ज्यादा अधिकार प्रदान किया गया है।
* जागरूकता पैदा करने संबंधी संसाधनों का लक्षित उपयोग सुनिश्चित करने हेतु पीएनडीटी-गैर सरकारी सहायता अनुदान स्कीम संबंधी प्रचालनात्मक दिशानिर्देशों को संशोधित किया गया है।
* राज्यों को पीसी एवं पीएनडीटी अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु अपेक्षित मानव संसाधनों के संवर्धन और आवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए एनआरएचम

के अंतर्गत उपलब्ध वित्त पोषण का लाभ उठाने के लिए कहा गया है।

(च) और (छ) बाल लिंग अनुपात में सुधार लाने की दृष्टि से भारत सरकार ने स्कीमों और कार्यक्रमों तथा जनजागरूकता/समर्थन उपायुक्त एक बहुफलकीय कार्यनीति अपनाई है जिसकी रूपरेखा नीचे दी गई है:

1. अनेक राज्य सशर्त नकदी अंतरण स्कीमों के जरिए कन्या के जन्म को प्रोत्साहन देने और परिवारों को उनकी शिक्षा और विकास के लिए प्रीमियम रखने हेतु स्कीमें कार्यान्वित कर रहे हैं जिसमें दिल्ली और हरियाणा सरकार की लाडली स्कीम, बिहार सरकार की मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजना, कर्नाटक की भाग्यलक्ष्मी स्कीम, मध्य प्रदेश की लाडली लक्ष्मी योजना, गुजरात और हिमाचल प्रदेश की बालिका समृद्धि योजना, पंजाब में बालिका रक्षा योजना और मध्य प्रदेश में कन्या दान स्कीम शामिल हैं।

2. पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश इत्यादि सहित अनेक राज्यों में बाल लिंग अनुपात में उन्नयन/बेहतरी दर्शाने वाले सर्वोत्तम निष्पादन करने वाले पंचायत और गांव के लिए पुरस्कार/अनुदान की प्रणाली स्थापित की है।

3. संविधान के 73वें संशोधन में राज्यों के लिए यह अनिवार्य कर दिया गया है कि वे पंचायती राज्य संस्थाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करें ताकि तृणमूल स्तर पर विकास पर विकास और राजनैतिक प्रक्रियाओं में उनकी औपचारिक सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

4. एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) कार्यक्रम सेवाओं का एक पैकेज प्रदान करता हैं और जिसमें आंगनवाड़ी केन्द्रों के प्लेटफार्म के जरिए रेफरल सेवाएं और अनुपूरक पोषण, प्री-स्कूल गैर औपचारिक सेवाएं, पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा, प्रतिरक्षण, स्वास्थ्य जांच शमिल हैं।

5. शुरू की गई अन्य स्कीमों में सबला (किशोरियों को अधिकार संपन्न बनाने हेतु स्कीम), स्टेप (महिलाओं के प्रशिक्षण और रोजगार कार्यक्रम हेतु सहायता), डब्लूडब्ल्यूएच (कामकाजी महिला हॉस्टल), स्वाधार (कठिन परिस्थितियों में महिलाओं के लिए स्कीम), इंदिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना (आईजीएमएसवाई), सीएमबी (सशर्त मातृ लाभ) इत्यादि शामिल हैं।

6. दहेज निषेध अधिनियम, 1961, बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 घरेलू हिंसा से महिलाओं की रक्षा अधिनियम, 2005 इत्यादि सहित महिलाओं से संबंधित कानूनों का कड़ा प्र्वतन और विधिक फ्रेमवर्क का सुदृढ़ीकरण।

विवरण

वित्तीय वर्ष 2008-09 से 2011-12 के संबंध में पीएनडीटी कार्यकलापों के अंतर्गत एसपीआईपी और व्यय को दर्शाने वाला विवरण

(रुपए लाख में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2008-09		2009-10		2010-11		2011-12	
		एसपीआईपी	व्यय	एसपीआईपी	व्यय	एसपीआईपी	व्यय	एसपीआईपी	व्यय
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
उच्च फोकस राज्य									
1.	बिहार	1609.00	0.00	150.00	4.73	145.25	6.58	50.00	0.68
2.	छत्तीसगढ़	25.00	0.51	27.40	0.20	5.00	0.10	0.00	0.00
3.	हिमाचल प्रदेश	263.00	16.01	25.00	29.91	52.60	49.24	24.00	5.30

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
4.	जम्मू व कश्मीर	275.80	0.00	53.55	28.67	25.50	15.76	9.10	2.98
5.	झारखंड	0.00	0.00	17.00	0.00	18.00	0.00	17.00	5.85
6.	मध्य प्रदेश	445.32	3.90	87.00	30.39	128.24	122.82	190.52	10.79
7.	ओडिशा	730.59	0.00	0.00	0.00	21.00	1.91	13.40	0.00
8.	राजस्थान	450.70	101.50	113.68	113.68	143.26	117.60	185.25	50.83
9.	उत्तर प्रदेश	844.31	142.31	210.20	141.06	50.53	38.96	47.35	0.00
10.	उत्तराखंड	18.10	5.61	16.00	15.83	16.00	11.20	0.00	0.00
	उप योग	4661.82	269.84	699.83	364.47	605.38	364.17	536.62	76.43
ख. पूर्वोत्तर राज्य									
11.	अरूणाचल प्रदेश	493.00	0.00	14.00	1.54	0.00	1.42	9.00	1.26
12.	असम	2429.67	17.17	8.22	8.22	0.00	0.00	0.00	0.00
13.	मणिपुर	23.80	0.00	15.00	7.36	8.79	0.12	13.29	0.00
14.	मेघालय	47.24	0.00	4024	0.00	4.70	0.17	0.90	0.00
15.	मिजोरम	16.93	1.50	1.00	1.00	1.40	1.40	2.40	1.20
16.	नागालैंड	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	21.64	0.00
17.	सिक्किम	90.66	4.27	5.43	3.81	1.85	1.35	2.00	0.10
18.	त्रिपुरा	30.00	0.71	7.00	0.99	2.47	2.14	2.64	0.19
	उप योग	3131.30	23.65	54.89	22.92	19.21	6.60	51.87	2.75
ग. उच्च फोकस राज्य									
19.	आंध्र प्रदेश	50	9.95	10.00	8.81	25.00	2.05	0.00	0.00
20.	गोवा	25	6.88	25.00	5.22	15.00	6.52	0.00	1.13
21.	गुजरात	1303.3	39.14	76.45	51.48	72.70	51.58	66.85	9.86
22.	हरियाणा	503.37	13.71	30.76	18.97	53.10	21.51	90.16	1.72
23.	कर्नाटक	34	7.29	104.78	32.09	187.50	32.17	31.40	3.52
24.	केरल	108.47	0.00	0.00	0.00	14.70	8.23	0.00	0.00
25.	महाराष्ट्र	914.34	261.35	59.70	35.50	645.44	98.74	184.40	29.94

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
26.	पंजाब	507.34	74.25	62.80	137.08	95.04	81.53	295.28	2.19
27.	तमिलनाडु	305.88	37.18	38.50	0.00	128.52	0.00	0.00	0.00
28.	पश्चिम बंगाल	1473	11.86	50.00	41.29	182.00	43.30	65.60	0.83
	उप-योग	5224.70	461.62	457.99	330.44	1419.00	345.63	733.69	49.19
छोटे राज्य/संघ राज्य									
29.	अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह	2	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.20	0.09
30.	चंडीगढ़	3	1.74	3.74	1.95	3.12	3.03	13.19	7.21
31.	दादरा एवं नगर हवेली	0.2	0.17	0.40	0.36	0.40	0.40	1.40	0.00
32.	दमन व दीव	2	0.02	3.00	2.53	3.00	1.93	5.00	0.15
33.	दिल्ली	162.55	10.48	15.80	6.26	25.75	8.16	65.23	0.54
34.	लक्षद्वीप	0	0.00	1.00	0.55	2.00	2.16	2.00	0.00
35.	पुदुचेरी	0.4	0.00	1.85	0.70	2.00	1.90	2.00	0.33
	उप-योग	170.15	12.40	25.79	12.35	36.27	17.58	89.02	8.32
		13187.97	767.50	1238.50	730.18	2079.86	733.98	1411.20	136.69

टिप्पणी: लेखा परिपक्षित विवरणों में पीएनडीटी कार्यकलाप के व्यय के गैर-पृथक्करण के कारण एफएमआर के अनुसार सूचित व्यय को माना जाता है।

एफएमआर-वित्तीय प्रबंधन रिपोर्ट

वित्तीय वर्ष 2007-08 (31.03.08) के संबंध में नवीकरण/पीपीपी/एनजीओ के अंतर्गत व्यय का ब्यौरा

(रुपए लाख में)

क्र.सं.	राज्य	पीआईपी 1		पीएनडीटी व लिंग अनुपात	निजी लोक भागीदारी	एनजीओ कार्यक्रम 5	अन्य नवीकरण यदि हो 6
1	2	3	4	5	6	7	8
उच्च फोकस राज्य							
1.	बिहार	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
2.	छत्तीसगढ़	22.00	57.85	0.50	0.00	57.35	0.00
3.	हिमाचल प्रदेश	171.00	67.08	3.47	1.77	61.84	0.00
4.	जम्मू एवं कश्मीर	175.47	0.14	0.00	0.00	0.13	0.01
5.	झारखंड	10.03	23.00	5.84	2.21	14.00	0.95

1	2	3	4	5	6	7	8
6.	मध्य प्रदेश	952.02	67.31	20.69	0.00	0.00	46.62
7.	ओडिशा	0.00	5.41	0.00	2.92	2.04	0.45
8.	राजस्थान	537.10	248.54	39.11	39.47	59.26	110.70
9.	उत्तर प्रदेश	384.00	108.52	25.74	0.00	23.60	59.18
10.	उत्तराखंड	336.81	32.35	0.00	1.16	0.00	31.19
	उप-योग	2588.43	610.20	95.35	47.53	218.22	249.10
(ख) पूर्वोत्तर राज्य							
11.	अरूणाचल प्रदेश	158.87	372.15	0.00	372.12	0.03	0.00
12.	असम	1272.96	1386.00	0.00	1245.00	141.00	0.00
13.	मणिपुर	3.40	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
14.	मेघालय	34.00	4.20	0.00	0.00	0.00	4.20
15.	मिजोरम	23.64	0.79	069	0.00	0.00	0.10
16.	नागालैंड	16.32	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
17.	सिक्किम	24.81	19.67	4.67	0.00	15.00	0.00
18.	त्रिपुरा	0.00	0.47	0.47	0.00	0.00	0.00
	उप-योग	1534.00	1783.28	5.83	1617.12	156.03	4.30
(ग) उच्च फोकस राज्य							
19.	आंध्र प्रदेश	655.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
20.	गोवा	15.00	4.46	2.46	0.00	2.00	0.0021.
21.	गुजरात	2220.86	462.14	10.67	1.82	403.42	46.23
22.	हरियाणा	0.00	84.16	28.90	0.00	55.26	0.00
23.	कर्नाटक	205.74	55.18	23.06	056	3.56	28.00
24.	केरल	384.57	198.42	0.60	0.00	139.06	58.76
25.	महाराष्ट्र	0.00	20.53	1.83	0.08	10.84	7.78
26.	पंजाब	678.24	40.30	15.42	0.00	19.65	5.23
27.	तमिलनाडु	121.07	72.21	44.44	25.17	0.00	2.60
28.	पश्चिम बंगाल	1723.00	117.55	7.23	0.00	0.00	110.32
	उप कुल	6003.48	1054.95	134.61	27.63	633.79	258.92

1	2	3	4	5	6	7	8
घ. छोटे राज्य/संघ राज्य							
29.	अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह	0.00	0.28	0.28	0.00	0.00	0.00
30.	चंडीगढ़	0.00	0.79	0.65	0.00	0.00	0.14
31.	दादरा और नगर हवेली	0.00	0.45	0.45	0.00	0.00	0.00
32.	दमण व दीव	0.00	0.26	0.00	0.00	0.00	0.00
33.	दिल्ली	0.00	94.60	6.56	0.00	0.00	88.04
34.	लक्षद्वीप	11.35	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
35.	पुदुचेरी	27.07	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
	उप-योग	38.42	96.38	8.20	0.00	0.00	88.18
	कुल योग	10164.33	3544.81	243.99	1692.28	1008.04	600.50

***टिप्पणी:** वित्तीय वर्ष 2007-08 के दौरान पीएनडीटी और लिंग अनुपात के कार्यकलाप का पृथक्करण नहीं हुआ था। इसे नवीकरण/पीपीपी/एनजीओ के साथ आमेलित कर दिया गया था। अतः उपर्युक्त आंकड़ों में पीएनडीटी और लिंग अनुपात कार्यकलाप, सार्वजनिक निजी भागीदारी, एनजीओ कार्यक्रम और अन्य नवीकरण (यदि कोई हों) शामिल है।

[अनुवाद]

मुद्रा बाजार में सट्टेबाजी

2629. श्री नीरज शेखरः
श्री यशवीर सिंहः
योगी आदित्यनाथः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास मुद्रा बाजार में सट्टेबाजी की गतिविधियों की निगरानी के लिए कोई तंत्र है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) ऐसी सट्टेबाजी की गतिविधियों को रोकने के लिए सरकार द्वारा किया कदम उठाए गए हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): : (क) से (ग) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, (एफईएमए) 1999 के तहत सभी निवासियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे प्राधिकृत व्यक्ति (प्राधिकृत डीलर) के साथ अधिनियम के तहत विदेशी मुद्रा का सौदा करें। ये लेनदेन अधिनियम के तैयार की गई नियमावली एवं विनयमावली के तहत किए जाते हैं और प्राधिकृत डीलरों द्वारा इसके अनुपालन सुनिश्चित करना अपेक्षित है।

जहां तक विदेशी मुद्रा व्युत्पन्न (वायदा, खुला आदि) का संबंध है, बाजार सहभागियों (निर्यातकों, आयातकों, आदि) को प्राधिकृत डीलरों के साथ ऐसा लेन-देन करने की अनुमति दी गई है, लेकिन यह अनुमति बाजार सहभागियों के पूर्वाधिकारों को सार्वजनिक (एक्सपोजर) करने पर आधारित होती है और डीलरों से यह अपेक्षित है कि वे संविदाएं दर्ज करते समय इनका सत्यापन करे। अनिवासी भारतीयों (एफआईआई सहित) को भी अपने पूर्वाधिकारों को सार्वजनिक करने के (एक्सपोजर) के अध्यधीन ही विदेशी मुद्रा व्युत्पन्न लेन-देन करने की अनुमति दी गई है। हालांकि निर्यातकों एवं आयातकों को अपने पूर्वाधिकारों को सार्वजनिक न करने के प्रयोजन से अपनी वायदा संविदाओं को रद्द करने एवं पुनः दर्ज करने की अनुमति दी गई है, परन्तु एफआईआई को यह सुविधा उपलब्ध नहीं है। यदि वे अपनी संविदाए रद्द करते हैं तो वे अपने पोर्टफोलियों के वित्तीय वर्ष के प्रारंभ पर दिए गए बाजार मूल्य का 10 प्रतिशत ही पुनः दर्ज कर सकते हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक के विदेशी मुद्रा स्थिति के संबंध में सीमा निर्धारित की है जिसे वे बैंक अपना सकते हैं जो प्राधिकृत डीलर हैं। इस स्थिति-सीमा की गहन निगरानी की जाती है। भारतीय रिवर्ज बैंक बैंकों की स्थिति तथा इसके साथ-साथ बाजार सहभागियों की गतिविधियों एवं व्यवहार और उनके विदेशी मुद्रा लेन देनों पर गहन निगरानी करता है ताकि यह पता चल सके कि क्या बचाव गतिविधियों के

संबंध में उनके सामान्य व्यवहार पैटर्न में कोई भारी अंतर तो नहीं हैं। भारतीय रिजर्व बैंक यह सुनिश्चित करने के लिए भी बैंकों का निरीक्षण करता है कि क्या बैंक एफईएमए के तहत लागू विनियमावली और भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों का पालन कर रहे हैं।

राष्ट्रीय खनिज नीति, 2008 की समीक्षा

2630. श्री प्रदीप माझी:
श्री किसन भाई वी. पटेल:

क्या **खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार राष्ट्रीय खनिज नीति (एनएमपी) 2008 की समीक्षा का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में क्या प्रगति की गई;

(ग) क्या सरकार ने विभिन्न खनिजों के उत्पादन के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया है;

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष में राज्य-वार इस संबंध में निर्धारित लक्ष्य तथा प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस संबंध में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (दिनशा पटेल): (क) और (ख) जी नहीं। तथापि, मंत्रिमंडल ने नए खान और खनिज (विकास और विनियम) विधेयक, 2011 को संसद में प्रस्तुत करने के लिए 30 सितम्बर, 2011 को अनुमोदित किया है।

(ग) से (ङ) जी नहीं। खनिज क्षेत्र में 1993 से उदारीकरण के साथ सार्वजनिक निजी क्षेत्र भागीदारी आने से खनिज उत्पादन व्यापक रूप से खनिज संसाधनों, आर्थिक व्यवहार्यता, बाजार की मांग आदि की उपलब्धता पर निर्भर करते हैं। तथापि, सरकार ने गैर-कोयला और गैर-ईंधन खनिज क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय खनिज नीति, 2008 प्रतिपादित की है ताकि गवेषण और खनन क्रियाकलापों को प्रोत्साहित और बढ़ावा दिया जा सके।

कुंभ मेला हेतु विशेष आर्थिक पैकेज

2631. श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी: क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राज्यों को विशेष आर्थिक पैकेज देने हेतु किन मानदंडों का पालन किया जा रहा है;

(ख) क्या केंद्र सरकार ने वर्ष 2015 के दौरान नासिक में होने वाले कुंभ मेला हेतु विशेष आर्थिक पैकेल की घोषणा कर दी है;

(ग) यदि हां, तो इस पैकेज के अंतर्गत शुरू किए जाने वाले विकास कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस पैकेज के अंतर्गत जनता द्वारा अहमदनगर जिले में स्थित "शनि-शिगनापुर" के विकास की कोई मांग की गई है; और

(ङ) यदि हां, तो ऐसे पैकेज का ब्यौरा क्या है तथा क्षेत्र-वार इसके लागू किए जाने की स्थिति क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) से (ङ) राज्यों को राज्य विशिष्ट आवश्यकता आधारित विशेष वितरण, योजना आयोग द्वारा वार्षिक/पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत विद्यमान कार्यक्रमों/स्कीमों के माध्यम से आवश्यकतानुसार किए जाते हैं। महाराष्ट्र सरकार से वर्ष 2015 में नासिक में आयोजित किए जाने वाले कुंभ मेले तथा अहमदनगर जिले के "शनि-शिगनापुर" के विकास के लिए कोई प्रस्ताव/अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है।

पैरासीटामोल/एसिटामिनोफेन का उपयोग

2632. डॉ. विनय कुमार पाण्डेय: क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पैरासीटामोल/एसिटामिनोफेन से युक्त उत्पादों के उपयोग के कारण हुए गंभीर यकृत संबंधी नुकसान अथवा एलर्जिक रिएक्शन की कुछ रिपोर्टों पर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार प्रति टैबलेट अथवा कैप्सूल में 325 एमजी तक पैरासीटामोल घटक को सीमित करने का है तथा औषधि डिब्बों पर सांविधिक चेतावनी छापने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) देश में उपर्युक्त मानदण्डों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने हेतु सरकार ने कौन से तंत्र बनाए हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) और (ख) जी, हां। ऐसी रिपोर्टें छपी कि यूएस खाद्य और

प्रशासन (यूएसएफडीए) ने 3 वर्षों की अवधि में चरणबद्ध तरीके से हेपाटोटाक्सिसिटी के खतरे को कम करने हेतु संयोजन (काम्बीनेशन) पदार्थों में पेरासिटामोल की मात्रा 325 मि.ग्रा. तक सीमित रखने हेतु अनुदेश जारी किए।

(ग) और (घ) जी, हां। औषध तकनीकी सलाहकार बोर्ड (डीटीएबी) की सिफारिशों के आधार पर राज्य अनुज्ञापक प्राधिकारियों (एसएलए) को अनुदेश जारी किए गए हैं कि वे प्रति गोली अथवा कैप्सूल 325 मि.ग्रा. से ज्यादा पैरासिटामोल वाले संयोजन (काम्बीनेशन) उत्पादों को नवीन लाइसेंस अथवा नवीकरण न प्रदान करें। इसके अतिरिक्त एसएलए से यह अनुरोध किया गया है कि वे विनिर्माताओं से 3 वर्षो की अवधि में ही संयोजन उत्पादों में पैरासिटामोल की मात्रा को 325 मि.ग्रा. तक सीमित करने के लिए कहें और पैरासिटामोल वाले ऐसे संयोजन (कांगीनेशन) उत्पादों के लेबल पर एक चेतावनी बॉक्स भी बनवाएं जिस पर यह दर्शाया गया हो कि दैनिक खुराक से अधिक लेने पर यकृत गंभीर रूप से खराब हो सकता है अथवा एलर्जिक रिएक्शन हो सकती है।

(ङ) केन्द्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के औषध नियंत्रक विभागों के रूप में अपेक्षित तंत्र पहले ही विद्यमान है।

[हिन्दी]

योग और प्राकृतिक चिकित्सा संबंधी अनुसंधान

2633. श्री सतपाल महाराजः
डॉ. किरोड़ी लाल मीणाः

क्या **स्वास्थ्य और कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षो में तथा चालू वर्ष के दौरान योग और प्राकृतिक चिकित्सा में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने हेतु सरकार ने कितनी धनराशि का आंवटन किया है तथा इस संबंध में कितनी प्रगति हुई है;

(ख) इस उद्देश्य हेतु उक्त अवधि में वित्तीय सहायता प्राप्त गैर सरकारी संगठनों का ब्यौरा क्या है तथा इस दौरान उन्हें कितनी धनराशि प्रदान की गई तथा उनके द्वारा कितना कार्य किया गया;

(ग) क्या देश में इन एनजीओं को दी गई धनराशि के दुरूपयोग के मामले सामने आए हैं;

(घ) यदि हां, तो इस अवधि के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पर क्या कार्यवाही की गई/किए जाने का प्रस्ताव है;

(ङ) क्या सरकार का विचार योग और प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने हेतु नयी पहल करने का है तथा इस उद्देश्य हेतु नए पाठ्यक्रम शुरू करने का है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस हेतु कितनी धनराशि निर्धारित की गयी है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस. गांधीसेलवन): (क) सरकार द्वारा पिछले तीन वर्षो के दौरान आयुष विभाग के अधीन स्वायत्त संगठनों नामतः केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरवाईएन) और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) को योग अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए आबंटित निधियां संलग्न-विवरण-1 में दर्शाई गई हैं। सीसीआरवाईएन विभिन्न रोगों के निवारण और उपचार में योग तथा प्राकृतिक चिकित्सा की प्रभावकारिता को कायम करने के लिए प्रमुख आयुर्विज्ञान, योग व प्राकृतिक चिकित्सा संस्थाओं के साथ सहयोगात्मक नैदानिक अनुसंधान परियोजनाएं चला रहा हैं। एमडीएनआईवाई ने प्रमुख आयुर्विज्ञान संस्थानों में योग के पांच आधुनिक केंद्र स्थापित किए, हैं, जिसका ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

(ख) पिछले तीन वर्षो और वर्तमान वर्ष के दौरान विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों को उनके द्वारा निष्पादित कार्यो सहित दी गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा संलग्न विवरण-111 में दिया गया है। ये सभी संचालित परियोजनाएं हैं।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) सीसीआरवाईएन को देश में योग व प्राकृतिक चिकित्सा से संबंधित अनुसंधान कार्यो को बढ़ावा देने के लिए 100 बिस्तरों वाले अनुसंधान अस्पताल सहित केंद्रीय योग व प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थानों (सीआरआई) को स्थापित करने के लिए 2 राज्य सरकारों, यानि हरियाणा और कर्नाटक से मुफ्त भूमि प्राप्त हुई है।

नागमंगला, जिला मांडया, कर्नाटक में निर्माण कार्य का प्रथम चरण पूरा हो चूका है। देवरखाना, झज्जर, हरियाणा में निर्माण कार्य प्रथम चरण चल रहा है।

एमडीएनआईवाई ने योग को बढ़ावा देने के लिए एक स्कीम, नामतः स्वामी विवेकानंद जिला योग स्वास्थ्य केंद्र (एसवीडीवाईडब्ल्यूसी) शुरू की है। संस्थान ने वर्ष 2010-11 के दौरान पहले चरण में ही 100 केंद्र शुरु कर दिए हैं। वर्ष 2011-12 के दौरान दूसरे चरण में 100 और केंद्र स्थापित किए जाने हैं।

एमडीएनआईवाई का योगासन, प्राणायाम और ध्यान योग में उच्च प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम शुरू करने के अलावा योग में 3 वर्षीय स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव है।

(च) सीसीआरवाईएन के दो सीआरआई में से प्रत्येक के लिए निर्धारित निधियां 25.00 करोड़ रुपये हैं। एमडीएनआईवाई द्वारा एसवीडीवाईडब्ल्यूसी को विभिन्न नए पाठ्यक्रमों के लिए वर्ष 2011-12 और 2012-13 के लिए निर्धारित निधियों से संबंधित ब्यौरा इस प्रकारः है :-

(रु. लाखों में)

मदें	निर्धारित निधियां	
	2011-12	2012-13
एसवीडीवाईडब्ल्यूसी	104.30	898.00
पाठ्यक्रम	33.40	60.00

विवरण I

1. पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान योजना के अंतर्गत केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरवाईएन) को आंबटित निधियां

(रु. लाखों में)

वर्ष	आंबटित निधियां
2008-09	1071.00
2009-10	1260.00
2010-11	3275.00
2011-12	2000.00

2. पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान योजना के अंतर्गत मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) को आंबटित निधियां

(रु. लाखों में)

वर्ष	आवंटित राशि
2008-09	97.14
2009-10	113.43
2010-11	116.00
2011-12	170.74

विवरण-II

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान(एम डी एन आई वाइ) द्वारा स्थापित आधुनिक योग केंद्र

1. राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान (निमहंस), बेंगलुरू में आधुनिक योग थिरेपी और मानसिक स्वास्थ्य एवं तांत्रिक विज्ञान अनुसंधान केंद्र।

2. जवाहर लाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (जिपमेर), पुडुचेरी में हृदय-संवहनी रोगों और मधुमेह के लिए आधुनिक योग थिरेपी और अनुसंधान केंद्र।

3. गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय (जीएयू), जामनगर में श्वसनी रोगों और जरा-चिकित्सा परिचर्या में आधुनिक योग शिक्षा और अनुसंधान केंद्र।

4. शरीर क्रिया विज्ञान एवं सम्बद्ध विज्ञान रक्षा संस्थान (दीपास), दिल्ली में रक्षा कार्मियों में कार्य संचालन से उत्पन्न तनाव को दूर करने और उनके कार्य में सुधार लाने के लिए आधुनिक योग अनुसंधान और प्रशिक्षण केन्द्र।

5. राजकीय आयुर्विज्ञान कॉलेज, जम्मू में छाती से संबंधित रोगों के निदान के लिए आधुनिक योग शिक्षा और अनुसंधान केंद्र।

विवरण-III

केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरवाईएन) द्वारा पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष में नैदानिक अनुसंधान परियोजनाओं के लिए सहायता अनुदान प्राप्त गैर-सरकारी संगठनों की सूची

क्र.सं.	संस्था का नाम व पता	स्कीम नैदानिक अनुसंधान	संस्वीकृत/निर्मुक्त राशि (रु. लाखों में) 2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	उपलब्धियां
1	2	3	4	5	6	7	8
	आंध्र प्रदेश						
1.	एड लाइफ-प्रकृति, इंडो अमेरिकन केंसर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र, हैदराबाद	नॉन-हॉजकिन लिमफोमा (एनएचएल) के प्रबंधन में सहौषध के रूप में प्राकृतिक चिकित्सा और योग थिरेपी की प्रभावकारिता	-	3.39	10.20	4.08	परियोजना चल रही है। अभी तक 92 मामले दर्ज किए गए हैं। अवलोकन से नियंत्रित समूह की तुलना में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा उपचार करा रहे रोगियों की हालत में काफी सुधार पाया गया।
	दिल्ली						
2.	डिपॉर्टमेंट ऑफ न्यूरोलॉजी, सर गंगा राम हास्पिटल, राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली	स्वास्थ्य व्यवसायिकों में कार्य के कारण प्रतिकूल तनाव प्रतिक्रियाओं का प्रबंधन करने के लिए योग का याट्टच्छिक नियंत्रण परीक्षण	1.06	1.61	-	-	परियोजना पूरी कर ली गई है और अध्ययन के परिणाम निम्नानुसार हैं: परिणाम से नियंत्रण समूह की तुलना में योग समूह में व्यक्तित्वलोप के संबंध में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखा गया, परन्तु वजन में कोई कमी नहीं पाई गई। तथापि, योग के प्रशिक्षण और अभ्यास से वजन कम करने के प्रबंधन के सापेक्ष में और अधिक वजन की गिरावट को रोकने में सहायता मिली।
3.	आध्यात्म साधना केंद्र, छत्तरपुर, नई दिल्ली	कोरोनरी हृदय रोग पर प्रेक्षा-ध्यान योग तथा जीवन शैलीगत परिवर्तन का व्यापक प्रभाव-याट्टच्छिक नियंत्रत परीक्षण	-	4.51	4.74	-	परियोजना चल रही है।
	कर्नाटक						
4.	एएलएन राव मेमोरियल अयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय, कोप्पा-577126, चिकमंगलूर, जिला कर्नाटक	वेरिकोस नाडियों में योग और प्रकृतिक चिकित्सा से संबंधित उपचारों की प्रभावकारिता का अध्ययन	5.77	5.65	3.72	-	परियोजना पूरी ली गई है और प्रस्तुत अंतिम रिपोर्ट विस्तृत मूल्यांकनाधीन है।

1	2	3	4	5	6	7	8
5.	नेचर क्योर, योग, एक्यूपंचर एंड फिजियोथिरैपी हास्पिटल, निसर्ग ट्रस्ट (आर), नादिग गली, सिरसी-581401 (एनके), कर्नाटक	मधुमेह पूर्व क्षतिग्रस्त ग्लूकोस टॉलरेंस में ठंडे और गर्म डुबकी स्नान की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिए याद्दच्छिक नियंत्रित परीक्षण	10.44	10.53	5.19	-	परियोजना पूरी कर ली गई है और प्रस्तुत अंतिम रिपोर्ट विस्तृत मूल्यांकनाधीन है।
6.	भारत चैरिटेबल कैंसर हास्पिटल एंड इंस्टीट्यूट, #18-19, हेब्बल इंडस्ट्रियल एरिया, मेटागली, मैसूर-570016	सहौषध कैमोथिरेपी के बाद सीआईएनवी निष्कर्षों पर योग बनाम विश्रांति के प्रभावों की तुलना	9.61	4.81	-1.49 (संस्वीकृत)		परियोजना शीघ्र पूरी कर ली जाएगी। अध्ययन में कुल 70 रोगियों को शामिल किया गया है। 45 रोगियों ने अपना उपचार पूरा कर लिया है। 10 रोगी छोड़कर चले गए और 15 व्यक्तियों का उपचार चल रहा हैं।
7.	आईएनवाईएस मेडिकल रिसर्च सोसाइटी, टुमकुर रोड, बैंगलोर	गठिया में घुटनों पर सरसों के पैक की प्रभावकारिता	-	7.00	7.583.79 (संस्वीकृत)		परियोजना चल रही हैं। कुल 320 व्यक्तियों की जांच की नई जिसमें से 84 को अध्ययन में शामिल किया गया (44 को सरसों पैक समूह हेतु तथा 40 को प्रतीक्षा सूची नियंत्रण समूह हेतु), 57 ने अध्ययन पूरा किया (समूह में 33 और समूह 2 में 24) 13 पर अध्ययन चल रहा है (5+8) तथा 14 अध्ययन छोड़कर चले गए (6+8)।
8.	स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान, 19, एकनाथ भवन, गवीपुरम सर्कल, केम्पेगोडा नगर, बैंगलूरू	उच्च जोखिम गर्भधारण में गर्भावस्था जटिलताओं के निवारण में योग का प्रभाव	-	2.09	9.45	-	परियोजना चल रही हैं। अध्ययन में शामिल व्यक्तियों की कुल संख्या 55 है, जिसमें से 26 ने अध्ययन पूरे कर लिए हैं और 18 व्यक्ति अध्ययन से निकल गए।
9.	स्नेहकुंज ट्रस्ट (पंजी.), विवेकानंद आरोग्यधाम, कासरकोड, होन्नावर, नार्थ केनरा, कर्नाटक	मैकेनिकल लो बैक पेन के प्रबंधन में दो योग मध्यस्थाताओं बनाम एक्ससाइज थिरेपी के प्रभावों की तुलना	-	1.56	6.65(1)	3.10 (II) 3.25 (संस्वीकृत)	परियोजना चल रही। कुल 8 शिविरों का आयोजन कर 545 व्यक्तियों की जांच की गई, 98 व्यक्तियों ने पात्रता मानदंड को पूरा किया और 22 व्यक्तियों ने अध्ययन में भाग लेने के लिए अपनी सहमति दी। उन्हें अलग-अलग अंतरालों में योग समूह (8), डायनमिक योग (6) और प्रतीक्षा सूची नियंत्रण (8), में विभक्त किया गया।
	उत्तराखंड						
10.	योग रिसर्च डिपॉर्टमेंट, पंतजलि योगपीठ,	बच्चों के शारीरिक, संज्ञानात्मक और	-	2.70	4.96	2.16 (संस्वीकृत)	परियोजना चल रही है। दोनों माध्यम के कुल 128 छात्रों को याद्दच्छिक आधार पर चुना गया और दो अलग-

1	2	3	4	5	6	7	8
	हरिद्वार	भावनात्मक विकास में योग का प्रभाव					समूहों में विभाजित किया गया (1) 60 योग समूह में और (11) 58 शारीरिक अभ्यास समूह में। अंग्रेजी माध्यम में 85 छात्र (48 छात्र और 39 छात्राएं) थे तथा हिंदी माध्यम में 33 छात्र (23 छात्र और 10 छात्राएं) थे। गैर-योग समूह में 51 छात्रों (28 पुरूष और 23 महिलाएं) और योग समूह में 49 छात्रों (34 पुरूष और 15 महिलाएं) ने अध्ययन पूरे किए।
3. बीएससी (नर्सिंग) कार्यक्रम शुरू करने के लिए शिक्षण हेतु मापदण्डों में छूट दी गई है।
   * कम से कम दो एमएससी (नर्सिंग) संकाय उपलब्ध हों।

- * नर्सिंग शिक्षकों की अर्हता और अनुभव को वर्ष 2012 तक छूट दी गई है।
- * डिप्लोमा एवं स्नातक दोनों कार्यक्रमों के लिए एक ही शिक्षण संकाय का होना।

4. एमएससी (नर्सिंग) कार्यक्रम शुरू करने के लिए छूट। सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बिना स्नातक कार्यक्रम के ही एमएससी (नर्सिंग) शुरू कर सकता है।

- * एमएससी (नर्सिंग) कार्यक्रम के लिए शिक्षक एवं छात्र के अनुपात को 1:5 से बदलकर 1:10 कर दिया गया है।
- * पहले से ही भारतीय उपचर्या परिषद से मान्यता प्राप्त डिप्लोमा या डिग्री जैसे कार्यक्रमों को चलाने के लिए अनिवार्यता प्रमाणपत्र अपेक्षित नहीं है।
- * यदि संस्थान को किसी एक कार्यक्रम कि लिए भारतीय उपचर्मा परिषद की मान्यता प्राप्त है तो दूसरा नर्सिंग पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए अनिवार्यता प्रमाणपत्र लेने की जरूरत नहीं है।

5. विवाहित व्यक्तियों के लिए भी नर्सिंग में नामांकन की छूट दी गई है।
6. शिक्षण संकाय के लिए आयु बढ़ाकर 70 वर्ष की गई है।
7. मेडिकल कालेज पर जोर दिए बगैर 300 बिस्तर वाले मूल अस्पतालों को अधिकतम 100 सीटें दी जाएंगी।
8. स्कूल से अस्पताल की दूरी संबंधी मानदंड को 15 किमी. से बदलकर 30 किमी. कर दिया गया है।
9. स्कूल/कालेज का अपना भवन 2010 तक होना चाहिए (तब तक किराए वाले भवन की अनुमति दी गई)।

[अनुवाद]

सबला योजना

2655. श्री पिनाकी मिश्राः
श्री मानिक टैगोरः
श्री पी.सी. गद्दीगौदरः
श्री के.पी. धनपालनः

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के सभी जिलों में किशोरियों के सशक्तिकरण हेतु राजीव गांधी योजना सबला को लागू कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं;

(ग) देश में किशोरियों के सशक्तिकरण हेतु राजीव गांधी योजना-सबला के अंतर्गत राज्य-वार कितनी किशोरियों को शामिल किया गया/किए जाने की संभावना है;

(घ) इसके क्रियान्वयन से राज्य-वार कितनी बालिकाओं को लाभ हुआ है;

(ङ) क्या उक्त योजना के उचित क्रियान्वयन की निगरानी हेतु कोई तंत्र मौजूद है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ)ः (क) राजीव गांधी किशोरी सशक्तीकरण स्कीम-सबला का क्रियान्वयन 2010-11 से देशभर के 200 जिलों में प्रायोगिक आधार पर किया जा रहा है।

(ख) इस स्कीम का क्रियान्वयन प्रायोगिक आधार पर देशभर के 200 जिलों में राज्य सरकारों के माध्यम से समेकित बाल विकास सेवा स्कीम मंच का उपयोग करते हुए किया जा रहा है। स्कीम के दो मुख्य घटक हैं, अर्थात i पोषण और ii गैर-पोषण। पोषण घटक के अंतर्गत किशोरियों को घर ले जाने वाला राशन या पकाया हुआ गर्म भोजन, जैसा भी व्यवहार्य हो दिया जाता है। जबकि गैर-पोषण घटक के अंतर्गत किशोरियों को पोषण, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और किशोर प्रजनन एवं यौन स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है। इस स्कीम के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच, आई.एफ.ए. गोलियों की आपूर्ति, स्कूल छोड़ चुकी किशोरियों को स्कूल पद्धति की मुख्यधारा से जोड़ना, जीवन कौशल शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। स्कीम को जारी रखने और अन्य जिलों तक इसका विस्तार करने संबंधी निर्णय प्रायोगिक चरण के मूल्यांकन के बाद लिए जाएंगे।

(ग) सबला स्कीम के अंतर्गत वार्षिक लगभग एक करोड़ किशोरियों के शामिल होने की संभावना है। इसमें शामिल होने के लिए संभावित बालिकाओं की राज्य-वार संख्या संलग्न विवरण-I में दी गई है।

(घ) वर्ष 2011-12 स्कीम के क्रियान्वयन का पहला पूर्ण वर्ष है। स्कीम के अंतर्गत 2010-11 और 2011-12 में लाभान्वित हुई बालिकाओं

की संख्या (राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा यथा सूचित) संलग्न विवरण-II में दी गई है।

(ङ) और (च) जी, हां। समेकित बाल विकास सेवा स्कीम के अंतर्गत स्थापित मानीटरन पर्यवेक्षण तंत्र का उपयोग इस स्कीम के लिए किया जा रहा है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा मंत्रालय को भेजी गई प्रगति रिपोर्टों तथा वार्षिक प्रगति रिपोर्ट के आधार पर इस स्कीम का मानीटरन राष्ट्रीय स्तर पर नियमित अंतराल में किया जाता है। स्कीम का कारगर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रीय, राज्य, जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर मानीटरन और पर्यवेक्षण समितियां गठित की गई हैं।

विवरण I

सबला के अंतर्गत शामिल किए जाने वाले संभावित लाभार्थियों की राज्य-वार संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	प्रति वर्ष शामिल किए जाने वाले संभावित लाभार्थियों की संख्या
1	2	3
1.	आंध्र प्रदेश	809973
2.	अरूणाचल प्रदेश	7030
3.	असम	385276
4.	बिहार	1305200
5.	छत्तीसगढ़	356750
6.	गोवा	25337
7.	गुजरात	565654
8.	हरियाणा	166278
9.	हिमाचल प्रदेश	90016
10.	जम्मू व कश्मीर	98676
11.	झारखण्ड	357177
12.	कर्नाटक	424454
13.	केरल	300016
14.	मध्य प्रदेश	1007594
15.	महाराष्ट्र	950379
16.	मणिपुर	33644
17.	मेघालय	47105
18.	मिजोरम	14782
19	नागालैंड	19804
20.	ओडिशा	571114
21.	पंजाब	205921
22.	राजस्थान	802487
23.	सिक्किम	9116
24.	तमिलनाडु	396589
25.	त्रिपुरा	107161
26.	उत्तर प्रदेश	1982432
27	उत्तराखंड	118663
28.	पश्चिम बंगाल	688036
29.	अण्डमान व निकोबार द्वीपसमूह	8830
30.	चंडीगढ़	11488
31.	दमन और दीव	3371
32.	दादरा और नगर हवेली	5650
33.	दिल्ली	117164
34.	लक्षद्वीप	1876
35.	पुदुचेरी	4566
	कुल	11999609

विवरण II

संबला के अंतर्गत शामिल किए जाने वाले संभावित लाभार्थियों की राज्य-वार संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किए गए लाभार्थियों की संख्या (राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा यथा सूचित)	
		2010-11	2011-12
1	2	3	4
1.	आंध्र प्रदेश	सूचना नहीं दी गई	सूचना नहीं दी गई
2.	अरूणाचल प्रदेश	सूचना नहीं दी गई	सूचना नहीं दी गई
3.	असम	सूचना नहीं दी गई	सूचना नहीं दी गई
4.	बिहार	सूचना नहीं दी गई	सूचना नहीं दी गई
5.	छत्तीसगढ़	सूचना नहीं दी गई	सूचना नहीं दी गई
6.	गोवा	सूचना नहीं दी गई	22942
7.	गुजरात	सूचना नहीं दी गई	सूचना नहीं दी गई
8.	हरियाणा	सूचना नहीं दी गई	सूचना नहीं दी गई
9.	हिमाचल प्रदेश	90016	90016
10.	जम्मू व कश्मीर	सूचना नहीं दी गई	सूचना नहीं दी गई
11.	झारखण्ड	सूचना नहीं दी गई	सूचना नहीं दी गई
12.	कर्नाटक	54234	440929
13.	केरल	249730	171948
14.	मध्य प्रदेश	800000	765000
15.	महाराष्ट्र	सूचना नहीं दी गई	सूचना नहीं दी गई
16.	मणिपुर	सूचना नहीं दी गई	सूचना नहीं दी गई
17.	मेघालय	47105	सूचना नहीं दी गई
18.	मिजोरम	14782	सूचना नहीं दी गई
19.	नागालैंड	19804	28397
20.	ओडिशा	सूचना नहीं दी गई	सूचना नही दी गई
21.	पंजाब	144232	सूचना नहीं दी गई
22.	राजस्थान	सूचना नहीं दी गई	536705
23.	सिक्किम	सूचना नहीं दी गई	9116

1	2	3	4
24.	तमिलनाडु	368694	सूचना नहीं दी गई
25.	त्रिपुरा	सूचना नहीं दी गई	0
26.	उत्तर प्रदेश	1934000	1934000
27.	उत्तराखंड	सूचना नहीं दी गई	सूचना नहीं दी गई
28.	पश्चिम बंगाल	सूचना नहीं दी गई	सूचना नहीं दी गई
29.	अण्डमान व निकोबार द्वीपसमूह	7263	9855
30.	चंडीगढ़	6229	सूचना नहीं दी गई
31.	दमन और दीव	2410	1222
32.	दादरा व नगर हवेली	सूचना नहीं दी गई	सूचना नहीं दी गई
33.	दिल्ली	सूचना नहीं दी गई	192665
34.	लक्षद्वीप	सूचना नहीं दी गई	सूचना नहीं दी गई
35.	पुदुचेरी	0	सूचना नहीं दी गई
	कुल	3738499	4202795

आईसीडीएस स्कीम के मार्गनिर्देश

2656. श्री विश्व मोहन कुमारः
श्री उदय सिंहः

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कुछ राज्य समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) स्कीम के मार्गनिर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस पर केन्द्र सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(घ) क्या आईसीडीएस अनुपूरक पोषण कार्यक्रम के लिए अधिक मूल्य पर खरीदे जा रहे अनाज के मामले सरकार के ध्यान में आए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या उपचारी उपाय किए गए हैं?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ)ः (क) से (ङ) समेकित बाल विकास सेवा स्कीम के स्कीमगत मानदंडों के अंतर्गत भारत सरकार कार्यक्रम की आयोजना बनाने के लिए जिम्मेदार है और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारें कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिए जिम्मेदार हैं। साधारणतः राज्य भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हैं। कुछ मुद्दे जिनके संबंध में दिशानिर्देशों का पूरी तरह पालन नहीं किया गया, वे इस प्रकार हैंः आंगवाड़ी केंद्र और जनसंख्या मानदंडों को कार्यरत करना, विभिन्न स्तरों पर रिक्तियां, प्रसव के तरीकों से संबंधित मुद्दे और लागत मानदंडों का अनुपालन न किया जाना, पोषण संबंधी मानदंड और 300 दिन तक पूरक पोषण कार्यक्रम प्रदान न किया जाना आदि। इसके अलावा, बहुत से राज्य स्कूल-पूर्व शिक्षा किटों; तथा कार्यक्रम के अन्य घटकों हेतु मानक आधारित निधियों का उपयोग नहीं कर रहे हैं और इसलिए इस दिशा में उनकी प्रगति संतोषजनक नहीं है।

इसके अलावा, गेहूँ आधारित पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को खाद्यान्न (गेहूँ चावल, मोटे अनाज) प्रदान करने की भी सुविधा है। इसके अंतर्गत आईसीडीएस स्कीम में पूरक पोषण के

विभिन्न नुस्खों में उपयोग करने हेतु और खाद्यान्नों के मुद्रास्फीति/बाजार मूल्य को नियंत्रित करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को गरीबी रेखा के नीचे की दरों पर खाद्यान्न आबंटित किए जाते हैं। उपलब्ध सूचना के अनुसार चालू वर्ष के दौरान 27 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र गेहूं आधारित पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत जो राज्य/संघ राज्य क्षेत्र खाद्यान्न प्राप्त नहीं कर रहे हैं, वे हैं: अरूणाचल प्रदेश, दिल्ली, असम, बिहार, चण्डीगढ़ प्रशासन, लक्षद्वीप, दमन और दीव संघ राज्य प्रशासन और पुडुचेरी।

आईसीडीएम स्कीम के क्रियान्वयन का मानीटरन निर्धारित मासिक और वार्षिक प्रगति रिपोर्टों, समीक्षाओं तथा पर्यवेक्षण दौरों आदि के माध्यम से किया जाता है। गुणवत्ता के मूल्यांकन हेतु खाद्य और पोषण बोर्ड के क्षेत्रीय यूनिट द्वारा खाद्य सैम्पल का भी संग्रहण किया जाता है। प्राप्त सुझावों और टिप्पणियों के आधार पर राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों को पत्र और समीक्षा बैठकों के माध्यम से कमियों को दूर करने और स्कीम के बेहतर क्रियान्वयन हेतु कार्य करने के लिए कहा जाता है।

इसके अलावा, आईसीडीएस स्कीम के क्रियान्वयन में सुधार लाने हेतु सरकार ने राष्ट्रीय राज्य, जिला, ब्लॉक और आंगनवाड़ी स्तरों पर पांच स्तरीय मानीटरन और समीक्षा तंत्र की हाल ही में स्थापना की है और दिनांक 31.03.2011 को दिशानिर्देश जारी किए हैं।

पैरामेडिकल विज्ञान संस्थान

2657. श्री ए. सम्पतः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में राष्ट्रीय पैरामेडिकल विज्ञान संस्थान (एनआईपीएस) तथा क्षेत्रीय पैरामेडिकल विज्ञान संस्थान (आरआईपीएस) स्थापित करने का विचार किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रयोजनार्थ राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार किन-किन स्थानों को चुना गया है;

(ग) देश में विगत तीन वर्षों के दौरान स्थापित पैरामेडिकल विज्ञान संस्थानों का राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) देश भर में ऐसे संस्थान स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं/किए जाने का विचार है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) जी, हां।

(ख) मौजूदा क्षेत्रीय पराचिकित्सा एवं उपचर्या विज्ञान संस्थान, आइजोल (मिजोरम) को नौवें पराचिकित्सा विज्ञान संस्थान के रूप में विकसित करने के अतिरिक्त नजफगढ़, नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय पराचिकित्सा विज्ञान संस्थान और भुवनेश्वर (ओडिशा), लखनऊ (उत्तर प्रदेश), कोयम्बटूर (तमिलनाडू), चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र), हैदराबाद (आंध्र प्रदेश), भोपाल (मध्य प्रदेश), पटना (बिहार) और औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में 8 क्षेत्रीय पराचिकित्साविज्ञान संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव है।

इस प्रयोजन के लिए 804.43 करोड़ रुपए का कुल व्यय 85:15 के अनुपात में केन्द्र सरकार और संबंधित राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। इन संस्थानों के मुख्य कार्य पैडागोजिकल नवीकरण, गुणवत्ता आश्वासन, सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम, अनुदेश किटों का निर्माण करना, दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम चलाना और पराचिकित्सा संस्थानों का मानकीकरण आदि हैं। राष्ट्रीय पराचिकित्सा विज्ञान संस्थान केवल स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आयोजित करेगा जबकि क्षेत्रीय पराचिकित्सा विज्ञान संस्थान कुल मिलाकर 26 स्नातक पाठ्यक्रम और 7 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आयोजित करेंगे। वार्षिक आधार पर कुल 10,760 पराचिकित्सा व्यवसायियों के प्रशिक्षित होने की आशा है।

(ग) और (घ) यह एक नई पहल है और नौवें पराचिकित्सा विज्ञान संस्थान के रूप में रिपन्स को विकसित करने के अतिरिक्त केवल 8 क्षेत्रीय और 1 राष्ट्रीय संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव है जिसका ब्यौरा ऊपर दिया गया है।

राजकोषीय घाटा

2658. श्री के. सुधाकरणः
श्री प्रबोध पांडाः
श्रीमती ज्योति धुर्वेः
श्री असादूद्दीन ओवेसीः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश भारी राजकोषीय घाटे का सामना कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) ग्यारहवीं योजना की शेषावधि में भारी राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) वर्ष 2011-12 के लिए राजकोषीय घाटा 412817 करोड़ रुपए अनुमानित था जो 2011-12 के बजट में संघ जकोषीय घाटा 307009 करोड़ रुपए है जो बजट अनुमान 2011-12 का 74.4 प्रतिशत है। 2011-12 के पहले सात महीनों के दौरान बजट अनुमान के प्रतिशत के तौर पर राजकोषीय घाटा उच्च स्तर पर है जब इसकी तुलना 5 वर्ष के 60.9 प्रतिशत के चल औसत से की जाती है।

(ख) पहले सात महीनों के दौरान राजकोषीय घाटे में वृद्धि मौजूदा वर्ष में प्रत्यक्ष कर वापसी की फ्रंड लोडिंग और की वजह से है।

(ग) वर्ष 2011-12 में राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने सभी मंत्रालयों/विभागों को सलाह दी है कि वे बजट अनुमान 2011-12 की व्यय की उच्चतम सीमा का सख्ती से पालन करें। उन्हें यह भी सलाह दी गई है कि वर्ष के दौरान वे अतिरिक्त व्यय की आवश्यकताओं, यदि कोई हो, की पूर्ति समग्र व्यय परिव्ययों से हुई बचतों के माध्यम से पूरा करें। संबद्ध विभागों को 2011-12 के लिए राजस्व/संग्रहण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समन्वित प्रयास करने हेतु अनुदेश भी जारी किए गए हैं।

[हिन्दी]

बिल्डरों पर छापे

2659. श्रीमती रमा देवीः
श्री प्रतापराव गणपतराव जाधवः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आयकर विभाग ने हाल ही में बिल्डरों के कार्यालयों पर छापे मारे हैं;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इससे क्षेत्रवार कितने मूल्य की संपत्ति और नकदी जब्त की गई है;

(घ) सरकार द्वारा भवन निर्माण के क्षेत्र में लगे कालेधन का पता लगाने के लिए अन्य और क्या अभियान चलाए जा रहे हैं; और

(ङ) सरकार को इसमें अब तक क्या सफलता हासिल हुई है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम): (क) आयकर विभाग लेखा-ब्राह्य अथवा अप्रकट आय का पता लगाने कि लिए रियल एस्टेट गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों सहित विभिन्न व्यक्तियों पर विश्वसनीय सूचना के आधार पर तलाशी एवं जब्ती की कार्रवाईयां संचालित करता है।

(ख) आयकर विभाग ऐसी कार्रवाईयों का क्षेत्र-वार अथवा प्रान्त-वार विवरण नहीं रखता है क्योंकि तलाशी लिए गए समूह विभिन्न व्यापार क्षेत्रों तथा प्रान्तों में फैले हुए हैं।

(ग) पिछले तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष (अक्टूबर 2011 तक) में जब्त की गई परिसम्पतियों (नकदी सहित) का मूल्य निम्नवत हैः

वित्त वर्ष	जब्त परिसम्पत्तियों का मूल्य (करोड़ रू. में)
2008-09	550.23
2009-10	963.50
2010-11	774.98
2011-12 (अक्टूबर 2011 तक अनंतिम आंकड़े)	299.63

(घ) रियल एस्टेट क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में काले धन का पता लगाने के लिए आयकर विभाग निरन्तर कार्रवाई करता है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ प्रत्यक्ष कर कानूनों के अनुसार आयकर विवरणियों की जांच, तलाशी, जब्ती एवं सर्वेक्षण आदि शामिल हैं। अपवंचन-रोधी कार्रवाईयों करने के लए सूचना के संग्रहण एवं मिलान हेतु सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग सुनियोजित तरीके से किया जाता है।

(ङ) पिछले दस वर्षों में प्रत्यक्ष कर संग्रहण छः गुना से अधिक बढ़ा है और सकल घरेलू उत्पाद से इसका अनुपात दोगुना हो गया है।

पैथालॉजी प्रयोगशालाएं

2660. श्री कपिल मुनि करवारियाः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को सरकारी अस्पतालों में कार्यरत पैथालॉजी प्रयोगशालाओं के ठीक से काम न करने की शिकायतें मिली हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश में पैथालॉजी प्रयोगशालाओं के कार्यकरण हेतु मानक/मार्गनिर्देश निधारित किए है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) पैथालॉजी प्रयोगशालाओं के असंतोषजनक कार्यकरण की जांच करने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं/उठाने का विचार किया है?

स्वास्थ्य और कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) से (ङ) स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के नाते केन्द्रीय स्तर पर ऐसी कोई सूचना नहीं रखी जाती है। जहां तक दिल्ली स्थित तीन केन्द्रीय सरकारी अस्पतालों नामतः सफदरजंग, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल तथा लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज एवं संबद्ध अस्पतालों का संबंध है ऐसी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। प्रयोगशालाओं का प्रत्यायन राष्ट्रीय प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा किया जाता है। एनएबीएल द्वारा किया जाने वाला प्रत्यायन एक स्वैच्छिक प्रक्रिया है।

इसके अतिरिक्त नैदानिक प्रयोगशालाओं सहित नैदानिक प्रतिष्ठानों के लिए न्यूनतम मानक विकसित करने के उद्देश्य से भारत के राजपत्र में नैदानिक प्रतिष्ठान (पंजीकरण एवं विनियमन) अधिनियम 2010 प्रकाशित किया गया है। राज्य सरकारों द्वारा इस अधिनियम को अंगीकार किए जाते ही इस कानून के अधीन प्रयोगशालाओं सहित सभी प्रकार के नैदानिक प्रतिष्ठानों द्वारा न्यूनतम मानकों को बनाए रखना सुनिश्चित हो जाएगा।

खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं

2661. श्री कुंवरजीभाई मोहनभाई बावलियाः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में खाद्य-वस्तुओं के अपमिश्रण की जांच करने हेतु राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितनी खाद्य-परीक्षण प्रयोगशालाएं कार्यरत हैं;

(ख) क्या सरकार का इस संबंध में कोई विशेष प्रयोगशाला स्थापित करने का प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) जनस्वास्थ्य/खाद्य जांच प्रयोगशालाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ख) और (ग) विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों की जांच आवश्यकताओं के आधार पर खाद्य प्रयोगशालाओं की स्थापना और सुदृढ़ीकरण एक सतत प्रकिया है।

विवरण

जनस्वास्थ्य प्रयोगशालाओं का राज्य-वार ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	प्रयोगशालाओं की संख्या
1	2	3
1.	आंध्र प्रदेश	2
2.	असम	1
3.	बिहार	1
4.	झारखण्ड	1
5.	गुजरात	6
6.	गोवा	1
7.	हरियाणा	2
8.	हिमाचल प्रदेश	1
9.	जम्मू और कश्मीर	2
10.	कर्नाटक	4
11.	केरल	3
12.	मध्य प्रदेश	3
13.	छत्तीसगढ़	1
14.	महाराष्ट्र	11
15.	मेघालय	1
16.	नागालैण्ड	1
17.	ओडिशा	1
18.	पंजाब	3
19.	राजस्थान	8
20.	तमिलनाडु	7
21.	त्रिपुरा	1
22.	उत्तर प्रदेश	3
23.	पश्चिम बंगाल	5
24.	दिल्ली	1
25.	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	1
26.	पुदुचेरी	1
	कुल	72

इन 72 राज्य प्रयोगशालाओं के अलावा निम्नलिखित केन्द्रीय प्रयोगशालाएं हैः

1. खाद्य अनुसंधान एवं मानकीकरण प्रयोगशाला, गाजियाबाद विस्तार प्रयोगशाला, सोनाली, उत्तर प्रदेश के साथ।

2 केन्द्रीय खाद्य प्रयोगशाला, कोलकाता विस्तार प्रयोगशाला, रक्सौल, बिहार के साथ।

3 केन्द्रीय खाद्य प्रयोगशाला द्वारा केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मैसूर, कर्नाटक।

4 केन्द्रीय खाद्य प्रयोगशाला द्वारा राज्य, जनस्वास्थ्य प्रयोगशाला, स्टैबली रोड, पुणे-411001।

5 केन्द्रीय खाद्य प्रयोगशाला, मुम्बई।

हिस्सेदारी बेचने में आयकर-वंचन

2662. श्री रघुवीर सिंह मीणाः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मै. टाटा स्टील ने मै. आस्ट्रेलिया-रिवरसाइड माइनिंग में अपनी हिस्सेदारी मै. रियो टिण्टो कंपनी को बेच दी है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में कर-देयता का ब्यौरा क्या है और इससे भारत सरकार को अब तक कितनी धनराशि प्राप्त हुई है; और

(ग) देय कर की पूरी वसूली कब तक कर लिए जाने की संभावना है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम): (क) जी नहीं, मैसर्स टाटा स्टील लिमिटेड ने आस्ट्रेलिया-रिवरसाइड माइनिंग में अपनी कोई हिस्सेदारी रियो टिण्टो को नहीं बेची है।

(ख) और (ग) भाग (क) में दिए गए उत्तर को ध्यान में रखते हुए लागू नहीं।

पर्यटन वाले राज्य

2663. श्री महाबल मिश्राः क्या **पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केंद्र सरकार द्वारा किन-किन राज्यों को पर्यटन की दृष्टि से विशेष राज्य का दर्जा प्रदान किया गया है;

(ख) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इन राज्यों को वर्ष-वार कितनी धनराशि मंजूर तथा जारी की गई और उन्होंने इसका कितना उपयोग किया;

(ग) क्या उत्तराखण्ड को पर्यटन की दृष्टि से विशेष राज्य का दर्जा देने का कोई विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस संबंध में निर्णय कब तक लिए जाने की संभावना है?

पर्यटन मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री सुल्तान अहमद): (क) से (ङ) पर्यटन मंत्रालय में उत्तराखंड सहित किसी भी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को विशेष पयटन राज्य का दर्जा प्रदान नहीं किया है।

पर्यटन अवसंरचना के विकास एवं संवर्धन की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों की है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनके साथ विचार-विमर्श के आधार पर प्राथमिकता प्रदान की गई पर्यटन परियोजनाओं के लिए निधियों की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता एवं योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन की शर्त पर केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष (सितंबर तक) के दौरान उत्तराखण्ड सहित विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए स्वीकृत परियोजनाओं और राशि का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

वर्ष 2008-09, 2009-10, 2010-11 और 2011-12 में 30 सितम्बर, 2011 तक स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या तथा राशि**

(करोड़ रुपए में)

क्र.सं.	राज्य	2008-09		2009-10		2010-11		2011-12 तक (30.09.2011 तक)		कुल योग	
		सं.	राशि	सं.	राशि	सं.	राशि.	सं.	राशि.	सं.	राशि.
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1.	आंध्र प्रदेश	8	109.89	13	37.29	10	20.38	8	40.67	39	208.23
2.	अरूणाचल प्रदेश	13	31.47	14	36.54	13	32.26	6	13.62	46	113.89

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
3.	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	0	0.00	0	0.00	0	0.00	0	0.00	0	0.00
4.	असम	4	21.08	7	22.76	4	23.55	3	4.23	18	71.62
5.	बिहार	10	25.05	3	6.99	1	3.60	0	0.00	14	35.64
6.	चंडीगढ़	5	7.99	5	11.51	5	11.04	0	0.00	15	30.54
7.	छत्तीसगढ़	1	11.34	0	0	4	20.95	0	0.00	5	32.29
8.	दादरा और नगर हवेली	3	0.24	0	0.00	0	0.00	0	0.00	3	0.24
9.	दमन और दीव	1	0.12	0	0.00	0	0.00	0	0.00	1	0.12
10.	दिल्ली	1	0.15	9	44.91	5	9.75	2	0.77	17	55.58
11.	गोवा	2	43.14	2	17.00	3	12.78	1	4.98	8	77.90
12.	गुजरात	7	21.33	1	7.33	1	0.14	2	51.75	11	80.55
13.	हरियाणा	7	36.70	6	12.37	6	27.41	1	0.10	20	76.58
14.	हिमाचल प्रदेश	10	34.58	6	23.95	12	34.98	2	0.22	30	93.73
15.	जम्मू व कश्मीर	28	43.42	31	49.75	20	56.17	17	115.88	96	265.22
16.	झारखंड	0	0.00	3	0.25	5	7.56	1	23.71	9	31.52
17.	केरल	12	42.68	7	12.98	3	42.87	3	8.44	25	106.97
18.	कर्नाटक	4	42.73	13	42.42	2	8.59	0	0.00	19	93.74
19.	लक्षद्वीप	0	0.00	0	0.00	0	0.00	0	0.00	0	0.00
20.	महाराष्ट्र	3	41.10	2	5.01	3	11.30	0	0.00	8	57.41
21.	मणिपुर	9	29.44	9	27.14	8	39.40	4	22.99	30	118.97
22.	मेघालय	7	17.14	7	14.73	9	22.53	2	0.40	25	54.80
23.	मिजोरम	4	3.18	7	24.06	9	11.51	6	13.81	26	52.56
24.	मध्य प्रदेश	11	31.41	11	60.99	13	30.85	4	18.72	39	141.97
25.	नागालैंड	11	25.40	13	24.60	10	29.10	6	25.87	40	104.97
26.	ओडिशा	6	41.15	9	23.69	6	20.29	1	0.05	22	85.18
27	पुदुचेरी	4	2.52	3	5.57	3	50.26	0	0.00	10	58.35
28.	पंजाब	5	24.93	3	9.48	4	11.91	1	4.23	13	50.55

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
29.	राजस्थान	9	44.31	7	19.74	7	31.32	3	14.50	26	109.87
30.	सिक्किम	20	66.78	19	42.36	14	23.48	4	13.45	57	146.07
31.	तमिलनाडु	16	36.14	10	16.28	6	60.00	1	3.65	33	116.07
32.	त्रिपुरा	6	3.61	13	20.67	12	40.73	6	15.44	37	80.45
33.	उत्तर प्रदेश	6	38.40	6	21.90	14	27.85	7	10.86	33	99.01
34.	उत्तराखण्ड	2	44.68	1	0.55	8	29.78	9	37.63	20	112.64
35.	पश्चिम बंगाल	10	37.94	7	28.37	8	22.02	2	8.18	27	96.51
	कुल योग	245	960.04	247	671.19	228	774.36	102	454.15	822	2859.74

*पीआईडीडीसी, एचआरडी और आरटी से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय

2664. श्री एम. आई. शानवासः क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) स्थापित करने की पूंजीगत-लागत पर्वतीय क्षेत्रों के लिए अधिक है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने पर्वतीय क्षेत्रों में स्थापित किए जाने वाले एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के लिए कोई विशिष्ट आवंटन किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला): (क) जी, हां, पहाड़ी क्षेत्रों के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) स्थापित करने हेतु पूंजीगत लागत अधिक है। छात्रावासों और स्टाफ क्वार्टरों सहित विद्यालय परिसर के लिए पूंजीगत लागत प्रति विद्यालय 12.00 करोड़ रुपए है तथा पहाड़ी क्षेत्रों, मरुस्थलों और द्वीप समूहों में 16.00 करोड़ रुपए तक जाने का प्रावधान है।

(ख) और (ग) पहाड़ी क्षेत्रों वाले राज्यों सहित राज्य को ईएमआरएस के लिए कोई विशिष्ट आबंटन नहीं किया जाता है। तथापि, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत अनुदान के एक भाग का उपयोग करके स्थापित किए जाते हैं, जिसके लिए राज्य वार आबंटन देश में कुल अनुसूचित जनताजियों की जनसंख्या की प्रतिशतता के आधार पर किया जाता है। ईएमआरएस की स्थापना सहित विकास योजनाओं के लिए प्राथमिकता राज्य सरकार द्वारा निर्धारित की जाती है तथा मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप स्थानीय क्षेत्र तथा इसके लोगों की महसूस की गई आवश्यकता के आधार पर आबंटन के भीतर राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित की जाती है।

फीलपांव रोग उन्मूलन कार्यक्रम

2665. श्री पी. विश्वनाथनः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में फीलपांव (फाइलेरिया) रोग के मामले पाए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान तमिलनाडु सहित तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में तमिलनाडु सहित राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्रवार कितने जिले फीलपांव रोग से प्रभावित हैं;

(घ) क्या सरकार ने इस रोग के उन्मूलन हेतु एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है और रोगग्रस्त जनों में संक्रमण फैलने से रोकने के लिए लोकव्यापी दवा-वितरण कार्य शुरू किया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रयोजनार्थ उक्त अवधि के दौरान राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी सहायता उपलब्ध कराई गई तथा इस अभियान की क्या उपलब्धियां रहीं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) और (ख) जी, हाँ। गत तीन वर्षों के दौरान देश में सूचित लसीका शोथ और हाइड्रोसील के मामलों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार कुल संख्या संलग्न विवरण-I में दी गई है।

(ग) देश के स्थानिकमारी वाले जिलों में सूचित फाइलेरिया के मामलों का ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

(घ) और (ङ) जी, हाँ। भारत सरकार ने फाइलेरिया के उन्मूलन हेतु 15 राज्यों और 5 संघ राज्य क्षेत्रों (तमिलनाडु सहित) के फाइलेरिया स्थानिकमारी वाले जिलों में 2004 में एक राष्ट्रव्यापी वार्षिक अभियान की शुरूआत की है। यह अभियान राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) के संरक्षणाधीन राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीडीसीपी) का एक अभिन्न घटक है। लसीका फाइलेरिया के उन्मूलन के लिए मुख्य कार्यनीति गर्भवती महिलाओं, 2 वर्ष से कम आयु के बच्चों और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर स्थानिकमारी वाले लोगों में फाइलेरिया रोधी औषधियों (डिथाइल कार्बामिजाइन साइट्रेट (डीईसी) तथा अल्बेंडाजोल टेबलेट्स) की एकल खुराक के वार्षिक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) के माध्यम से संक्रमण के संचरण को रोकने की है। भारत सरकार वार्षिक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन आयोजित करने के लिए राज्य सरकारों को 100 प्रतिशत नकद और वस्तुगत सहायता देती है।

गत तीन वर्षों के दौरान एनवीबीडीसीपी के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता अनुदान के रूप में उपलब्ध कराई गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा संलग्न विवरण-III में दिया गया है।

स्क्रीन किए गए लोगों में से माइक्रोफाइलेरिया हेतु पाजीटिव पाए गए लोगों के प्रतिशत को माइक्राफाइलेरिया दर के रूप में एक संकेतक के तौर पर लिया जाता है। देश में समूची माइक्रोफाइलेरिया दर 2004 में 1.24 प्रतिशत से कम होकर 2010 में 0.39 प्रतिशत हो गई है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा संलग्न विवरण-IV में दिया गया है।

विवरण I

गत तीन वर्षों के दौरान देश में सूचित लसीका शोथ और हाइड्रोसील के मामलों की संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2008		2009		2010	
		लसीका शोध के मामले	हाइड्रोसील के मामले	लसीका शोध के मामले	हाइड्रोसील के मामले	लसीका शोध के मामले	हाइड्रोसील के मामले
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	आंध्र प्रदेश	138931	6696	154061	6864	158119	7949
2.	असम	776	968	906	1244	1193	1569
3.	बिहार	212536	164543	214907	173334	214907	173334
4.	छत्तीसगढ़	5814	7283	4731	7995	4743	7777
5.	गोवा	191	100	182	41	153	64
6.	गुजरात	2529	2049	3569	2137	3848	1960
7.	झारखण्ड	86949	36392	89330	37152	89330	36458
8.	कर्नाटक	16782	2520	17041	2746	16135	3391
9.	केरल	10886	413	10303	671	14746	1518
10.	मध्य प्रदेश	3399	7448	3399	2766	3399	2766
11.	महाराष्ट्र	53468	38118	53878	39088	53961	39077

1	2	3	4	5	6	7	8
12.	ओडीशा	61784	30633	61784	30633	61784	30633
13.	तमिलनाडु	34431	8060	39510	21220	38670	20908
14.	उत्तर प्रदेश	77980	37739	77849	35600	91912	43094
15.	पश्चिम बंगाल	45862	32190	52325	31207	52325	31090
16.	पुदुचेरी	1539	184	1539	184	1539	184
17.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	75	25	159	85	140	91
18.	दमन और दीव	176	70	149	44	142	57
19.	दादरा और नगर हवेली	107	0	77	0	77	0
20.	लक्षद्वीप	283	87	254	87	254	87
	कुल	754498	375518	785953	393098	807377	402007

विवरण II

देश में फाइलेरिया स्थानिकमारी वाले जिलों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	स्थानिकमारी वाले जिलों की संख्या
1	2	3
1.	आंध्र प्रदेश	16
2.	असम	7
3.	बिहार	38
4.	छत्तीसगढ़	9
5.	गोवा	2
6.	गुजरात	9
7.	झारखंड	15
8.	कर्नाटक	8
9.	केरल	11
10.	मध्य प्रदेश	11
11.	महाराष्ट्र	17
12.	ओडिशा	20
13.	तमिलनाडु	20
14.	उत्तर प्रदेश	50
15.	पश्चिम बंगाल	12
16.	पुदुचेरी	1
17.	अण्डमान व निकोबार द्वीपसमूह	1
18.	दमन और दीव	1
19.	दादरा और नगर हवेली	1
20.	लक्षद्वीप	1

विवरण III

एनवीबीडीसीपी के अधीन गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उपलब्ध कराई गई राज्यवार सहायता (नकद+वस्तुगत)

(लाख रुपए में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	निर्मुक्तियां			
		2008-09	2009-10	2010-11	2011-12 (2 दिसम्बर तक)
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	11.72	10.48	11.59	6.23
2.	अरूणाचल प्रदेश	8.85	9.63	8.81	6.32
3.	असम	36.35	32.06	49.10	14.49
4.	बिहार	2681	22.32	42.13	11.41
5.	छत्तीसगढ़	20.55	19.23	21.18	26.26
6.	गोवा	0.17	0.36	0.61	0.03
7.	गुजरात	4.83	11.16	2.67	0.00
8.	हरियाणा	0.48	2.60	0.00	0.00
9.	हिमाचल प्रदेश	0.11	0.10	0.08	0.00
10.	जम्मू व कश्मीर	0.18	0.27	0.16	0.00
11.	झारखंड	34.38	19.06	35.86	17.73
12.	कर्नाटक	6.81	4.03	4.44	0.49
13.	केरल	3.08	4.39	3.06	1.96
14.	मध्य प्रदेश	7.40	18.14	18.25	2.61
15.	महाराष्ट्र	10.84	7.06	4.88	0.00
16.	मणिपुर	3.24	2.40	6.02	1.00
17.	मेघालय	4.98	6.11	10.89	1.56
18.	मिजोरम	4.19	6.27	7.74	1.78
19.	नागालैंड	6.10	6.76	12.88	5.09
20.	ओडिशा	21.53	53.61	43.24	19.20

1	2	3	4	5	6
21.	पंजाब	0.93	2.55	0.98	0.05
22.	राजस्थान	10.33	12.63	13.10	4.37
23.	सिक्किम	0.11	0.12	1.38	0.05
24.	तमिलनाडु	2.90	6.82	3.73	0.00
25.	त्रिपुरा	6.27	7.65	14.31	2.87
26.	उत्तर प्रदेश	20.08	20.00	27.31	10.43
27.	उत्तराखण्ड	0.41	0.57	0.78	0.20
28.	पश्चिम बंगाल	14.39	17.95	29.64	12.75
29.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	2.87	4.64	3.50	2.05
30.	चंडीगढ़	0.58	0.60	0.23	0.15
31.	दादरा और नगर हवेली	0.46	0.44	0.70	0.27
32.	दमन और दीव	0.22	0.28	0.32	0.13
33.	दिल्ली	0.57	0.61	0.41	0.00
34.	लक्षद्वीप	0.14	0.02	0.20	0.00
35.	पुदुचेरी	0.03	0.24	0.37	0.00
	कुल	272.90	311.16	380.51	149.49

विवरण IV

गत तीन वर्षों के दौरान माइक्रो फाइलेरिया की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार दर

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2008	2009	2010
1	2	3	4	5
1.	आंध्र प्रदेश	0.38	0.45	0.35
2.	असम	0.88	0.81	1.06
3.	बिहार	सूचना नहीं मिली	1.07	सूचना नहीं मिली
4.	छत्तीसगढ़	0.45	0.54	0.35

1	2	3	4	5
5.	गोवा	0.01	0.00	0.01
6.	गुजरात	0.83	0.92	0.46
7.	झारखण्ड	1.10	1.11	0.74
8.	कर्नाटक	1.07	0.93	0.89
9.	केरल	0.29	0.39	0.17
10.	मध्य प्रदेश	0.36	0.40	0.19
11.	महाराष्ट्र	0.35	0.46	0.53
12.	ओडिशा	0.74	0.69	0.40
13.	तमिलनाडु	0.15	0.12	0.07
14.	उत्तर प्रदेश	0.41	नहीं किया गया	0.29
15.	पश्चिम बंगाल	0.89	0.48	0.44
16.	पांडिचेरी	0.19	0.46	0.10
17.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	1.82	1.23	0.95
18.	दमण और दीव	0.13	0.07	0.06
19.	दादरा एवं नगर हवेली	0.27	0.00	0.00
20.	पुदुचेरी	0.03	0.00	0.00
	राष्ट्रीय औसत	0.53	0.65	0.39

[हिन्दी]

अस्पतालों की स्थिति

2666. कुमारी मीनाक्षी नटराजनः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में सरकारी जिला अस्पतालों की स्थिति के संबंध में कोई अध्ययन कराया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या आदर्श अस्पतालों की स्थापना हेतु आई.एस.ओ जैसे कतिपय मानदण्ड बनाने का कोई प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकारी अस्पतालों में रिक्त पदों को भरने के लिए कोई पहल की गई है; और

(ङ) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत निर्मित भारतीय जन स्वास्थ्य मानक जिला अस्पतालों सहित विभिन्न स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा केन्द्रों के लिए बैंचमार्क निर्धारित करते हैं। इसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं:

(1) जिला अस्पतालों के माध्यम से समुदाय को व्यापक द्वितीय स्वास्थ्य परिचर्या (विशिष्ट एवं रेफरल सेवाएं) प्रदान करना।

(2) परिचर्या गुणवत्ता के स्वीकार्य मानक उपलब्ध करना एवं उन्हें बनाए रखना।

(3) जिले के लोगों की आवश्यकताओं के अनुसार ऐसे अस्पतालों/केन्द्रों की सेवाओं को और अधिक अनुक्रियाशील एवं सुग्राही बनाना जिनसे मामलों को जिला अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है।

(घ) और (ङ) रिक्त पदों को भरने के उपाय करने के लिए राज्यों से आग्रह किया जाता है। ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी 2010 के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों की संख्या वर्ष 2005 में 20308 से बढ़कर 2010 में 25870 हो गई है। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेषज्ञों की संख्या वर्ष 2005 में 3550 से बढ़कर 2010 में 6781 हो गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो में नर्सिंग स्टाफ वर्ष 2005 में 28930 से बढ़कर 2010 में 58450 हो गया है। उपकेन्द्रों/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं (महिला)/सहायक नर्सधात्री की संख्या वर्ष 2005 में 133194 से बढ़कर 2010 में 191457 हो गई है।

गैर-सरकारी संगठनों को वित्तीय सहायता

2667. श्री मिथिलेश कुमारः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उनके मंत्रालय के अंतर्गत सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड सहित कितने गैर-सरकारी संगठन कार्यरत हैं तथा उनके नाम और कार्यक्षेत्र क्या हैं;

(ख) क्या सरकार द्वारा सभी गैर-सरकारी संगठनों के स्वयंसेवकों को कोई मानदेय या वित्तीय अनुदान उपलब्ध कराया जाता है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने गैर-सरकारी संगठनों के स्वयंसेवकों को दिए जाने वाले मानदेय अथवा धनराशि पर पुनर्विचार करने हेतु कोई समिति गठित की है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत फील्ड स्तरीय संगठनों को दिए जाने वाले वित्तपोषण को विकेन्द्रीकृत कर दिया गया है राज्य सरकारों को उनकी वार्षिक कार्यक्रम क्रियान्वयन योजना में उल्लिखित आवश्यकताओं के आधार पर निधियां प्रदान की जाती हैं। भारत सरकार कार्य कर रहे 10 कार्यात्मक संसाधन केन्द्रों को सीधे निधियां जारी करती है जिनका ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है। गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व नैदानिक तकनीक (पीसी-पीएनडीटी) निवारण कार्यकलापों से संबंधित कार्यकलाप आयोजित करने के लिए भारत सरकार द्वारा गैर सरकारी संगठनों को जारी निधियों के ब्यौरे संलग्न विवरण-II में दिए गए हैं।

(ख) जी नहीं। गैर सरकारी संगठनों के स्वयंसेवकों को सरकार द्वारा सीधे कोई मानदेय नहीं दिया जाता है। गैर सरकारी संगठन विशिष्ट प्रस्तावों में मानव संसाधन सहायता वाले कार्यकलापों को शामिल किया जाता है।

(ग) से (ङ) प्रश्न नहीं उठता।

विवरण I

क्षेत्रीय संसाधन केन्द्रों का ब्यौरा

(रुपए लाख में)

क्र.सं.	क्षेत्रीय संसाधन केन्द्र का नाम	राज्य	2010-11 (राशि)
1	2	3	4
1.	सैंटर फॉर हैल्थ एजुकेशन ट्रेनिंग एंड न्यूट्रीशन अवेयरनेस (चेतना)	गुजरात	20,23,643
2.	वॉलुन्टेरी हैल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया	नई दिल्ली	5,00,000
3.	ममता-माता एवं बच्चे के लिए स्वास्थ्य संस्थान	नई दिल्ली	20,00,000

1	2	3	4
4.	हिन्दुस्तान लेटेक्स फैमिली प्लानिंग प्रमोशन ट्रस्ट (एचएलएफपीपीटी)	आन्ध्र प्रदेश	-
5.	चाइल्ट इन नीड इंस्टीट्यूट (सिनि)	कोलकाता (पश्चिम बंगाल)	15,00,000
6.	पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीएफआई)	नई दिल्ली	
7.	स्वास्थ्य शिक्षा	उडीसा	12,52,700
8.	फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफपीएआई)	मुम्बई	
9.	गांधीग्राम इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल हैल्थ एंड फैमिली वेलफेयर ट्रस्ट	तमिलनाडु	5,00,000
10.	वालुन्टेरी हैल्थ एसोसिएशन ऑफ असम (वीएचएए)	असम	10,00,000

*इस समय क्षेत्रीय संसाधन केन्द्र-एसआईएफपीएसए उत्तर प्रदेश कार्य नहीं कर रहा है।

विवरण II

वर्ष 2010-11 के दौरान निम्नलिखित 27 गैर-सरकारी संगठनों को पीएनडीटी प्रभाग के अन्तर्गत निधियां जारी की गई थीं

क्र.सं.	गैर-सरकारी संगठन का नाम एवं पता	राज्य	जारी निधियां पहली किस्त	टिप्पणी
1	2	3	4	5
1.	अवतार समृती, शिक्षा एवं कल्याण समिति, मोरेना, मध्य प्रदेश	मध्य प्रदेश	9,00,000 रूपए	
2.	गौतमी एजुकेशनल सोसाइटी-वॉलुन्टेरी आर्गेनाइजेशन, तन्गुटूर, प्रकाशम जिला, आन्ध्र प्रदेश	आन्ध्र प्रदेश	9,00,000 रूपए	
3.	रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी, ग्वालियर, मध्य प्रदेश	मध्य प्रदेश	9,00,000 रूपए	
4.	सर्वजन कल्याण समिति, आर्य भवन, 75 रेसकोर्स कालोनी बुलन्दशहर (उत्तर प्रदेश)	उत्तर प्रदेश	9,00,000 रूपए	
5.	ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति, जिला टेहरी गढ़वाला, उत्तराखण्ड	उत्तराखंड	9,00,000 रूपए	
6.	सोशल अवयरनेस इंस्टीट्यूट, यूजीएफ-135, शिव प्लाजा, सैक्टर-ई जानकीपुरम, लखनऊ, उत्तर प्रदेश	उत्तर प्रदेश	9,00,000 रूपए	

1	2	3	4	5
7.	पूर्वांचल समाज सेवा संघ दिल्ली	दिल्ली	9,00,000 रूपए	
8.	श्री गणेश ग्रामीण विकास शिक्षण संस्था गोंदिया महाराष्ट्र	महाराष्ट्र	9,00,000 रूपए	
9.	सैंटर फाऐर सेशल रिसर्च नेल्सन मंडेला मार्ग वसन्त कुंज नई दिल्ली	दिल्ली	9,00,000 रूपए	
10.	अनुन्नता समाज कल्याण संघ जिला 24 परगना पश्चिम बंगाल	पश्चिम बंगाल	9,00,000 रूपए	
11.	बुंदेलखंड ग्रामोद्योग विकास समिति बिसांदा बांदा उत्तर प्रदेश	उत्तर प्रदेश	9,00,000 रूपए	
12.	मानव सेवा संस्थान फतेहपुर उत्तर प्रदेश	उत्तर प्रदेश	9,00,000 रूपए	
13.	नारी मंगल महिला समिती जिला पुरी उड़ीसा	ओडिशा	9,00,000 रूपए	
14.	ग्रामीण विकास केन्द्र जिला अहमदनगर महाराष्ट्र	महाराष्ट्र	9,00,000 रूपए	
15.	श्रृंखला आशियाना लखनऊ उत्तर प्रदेश	उत्तर प्रदेश	9,00,000 रूपए	
16.	श्री नारायण ग्राम विकास परिषद राधा रमण रोड समीप मैनपुरी डीजल माइको पम्प जिला मैनपुरी उत्तर प्रदेश	उत्तर प्रदेश	9,00,000 रूपए	
17.	सोशल एन्वीरोंमेंटल इकोनोमिक डेवलपमेंट सोसाइटी लैंब्डिंग चेरापुर पोस्ट ऑफिस वांगिग थोउबल जिला मणिपुर	मणिपुर	9,00,000 रूपए	
18.	कामगार फाउन्डेशन एटीएम बिल्डिंग मेन रोड कोर्बा छत्तीसगढ़	छत्तीसगढ़	9,00,000 रूपए	
19.	भारतीय जन कल्याण संस्थान 432 नागला किला शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद	उत्तर प्रदेश	9,00,000 रूपए	
20.	मानव कल्याण प्रतिष्ठान 72 इस्माइलगंज फतेहपुर (उत्तर प्रदेश) 212601	उत्तर प्रदेश	9,00,000 रूपए	
21.	सोशल डेवलपमेंट आल्टरनेट गढ़िया रोड फिरोजनगर अजीतमल जिला औरेया (उत्तर प्रदेश)	उत्तर प्रदेश	9,00,000 रूपए	
22.	समता सेवा केन्द्र ग्राम व पोस्ट-चैनपुरा वाया जनकपुर रोड़ सीतामढ़ी बिहार	बिहार	9,00,000 रूपए	

1	2	3	4	5
23.	गंगोत्री जिला खुर्दा उड़ीसा	ओडिशा	9,00,000 रूपए	
24.	जे.के. वूमन वेलफेयर सोसाइटी नई बस्ती सतवाड़ी जम्मू जम्मू व कश्मीर	जम्मू व कश्मीर	9,00,000 रूपए	
25.	मैनपुरी वूमन को ओपरेशन काउंसिल जिला कांचीपुर इम्फाल	कश्मीर	9,00,000 रूपए	
26.	रबिया महिला सेवा संस्थान जिला बालिया उत्तर प्रदेश	उत्तर प्रदेश	9,00,000 रूपए	
27.	म्याना ग्रामोद्योग सेवा संस्थान 335 मुरारी नगर जीटी रोड खुर्जा जिला बुलन्दशहर उत्तर प्रदेश	उत्तर प्रदेश	9,00,000 रूपए	

विभिन्न पीएनडीटी कार्यकलाप करने के लिए वर्ष 2011-2012 के दौरान गैर-सरकारी संगठनों को जारी सहायतानुदान

क्र.सं.	लाभार्थी एन.जी.ओ./संगठन का नाम एवं पता	राज्य	स्वीकृत राशि
1.	गौतमी एजुकेशनल सोसाइटी-वॉलुन्टेरी आर्गेनाइजेशन तन्गुटूर प्रकाशम जिला आन्ध्र प्रदेश	आन्ध्र प्रदेश (दूसरी किस्त)	6,00,000 रूपए
2.	बुन्देलखंड ग्रामोद्योग विकास समिति बिसांदा बांदा उत्तर प्रदेश	उत्तर प्रदेश (दूसरी किस्त)	6,00,000 रूपए
3.	पॉपुलेशन फर्स्ट शेट्टी हाउस तीसरा तल 101 एमजी रोड मुम्बई-400 023	महाराष्ट्र (दूसरी किस्त)	400,000 रूपए
4.	श्री गणेश ग्रामीण विकास शिक्षण संस्था गोंदिया महाराष्ट्र	महाराष्ट्र (दूसरी किस्त)	6,00,000 रूपए
5.	राम मोहन मिशन कोलकाता (दूसरी किस्त)	पश्चिम बंगाल	10,00,000 रूपए

[अनुवाद]

विद्युत परियोजनाएं

2668. श्री निनोंग ईरींगः क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अरूणाचल प्रदेश में आज तक कितनी विद्युत परियोजनाएं मंजूर की गई हैं; और

(ख) इस संबंध में मार्च, 2011 के बाद से आज तक कितने समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) वर्तमान में, नीपको एक परियोजना (25 मेगावाट से अधिक की क्षमता वाली) अर्थात रंगानरी स्टेज-। (405 मेगावाट) अरूणाचल प्रदेश में प्रचालनाधीन है। इसके अतिरिक्त, 4460 मेगावाट की कुल संस्थापित क्षमता वाली निम्नलिखित चार परियोजनाएँ (25 मगावाट से अधिक की क्षमता वाली) अरूणाचल प्रदेश में निर्माणाधीन है-

क्र.सं.	योजना का नाम	संस्थापित क्षमता (मेगावाट)	कार्यान्वयन एजेंसी/क्षेत्र	चालू होने का संभावित वर्ष
1.	सुबनसीरी लोअर	2000	एनएचपीसी (केंद्रीय क्षेत्र)	2013-15
2.	कामेंग	600	नीपको (केंद्रीय क्षेत्र)	2016-17
3.	पारे	110	नीपको (केंद्रीय क्षेत्र)	2014-15
4.	देमवे लोअर	1750	मेसर्स अथेना पावर (निजी क्षेत्र)	2016-17
	कुल	4460		

उपरोक्त के अतिरिक्त, 35987.5 मेगावाट की कुल संस्थापित क्षमता वाली 91 जल विद्युत स्कीम (25 मेगावाट से अधिक) अरूणाचल प्रदेश द्वारा आवंटित की गई है जिनका निर्माण अभी शुरू किया जाना है। ये परियोजनाएँ 12वीं योजना और उससे आगे लाभ हेतु निजी और केंद्रीय क्षेत्र में कार्यान्वयन के लिए प्रस्तावित हैं। इन आबंटित स्कीमों का क्षेत्रवार ब्यौरा निम्नवत हैं-

क्षेत्र	संख्या	संस्थापित क्षमता (मेगावाट)
केन्द्रीय	3	4400.0
निजी	88	31587.5
कुल	91	35987.5

(ख) भारत सरकार ने इस संबंध में मार्च, 2011 के पश्चात किसी समझौता पर हस्ताक्षर नहीं किया है।

टीकाकरण संबंधी राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह (एन.टी.ए.जी.आई.)

2669. श्रीमती सुप्रिया सुलेः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या टीकाकरण जैसे जनस्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे पर सरकार को परामर्श देने हेतु टीकाकरण संबंधी राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह (एन.टी.ए.जी. आई) में योग्य सदस्यों का चयन करने के लिए सरकार का एक समिति गठित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या देश में टीकाकरण के महत्वपूर्ण मुद्दे पर एन.टी.ए.जी. आई. द्वारा दी गई सलाह की विभिन्न इलाकों में हो रही आलोचना की ओर सरकार ने ध्यान दिया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) एन.टी.ए.जी.आई. में योग्य सदस्यों की परामर्शी चयन-प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं/अथवा उठाए जाने का विचार किया है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) और (ख) टीकाकरण संबंधी राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह का गठन अगस्त, 2001 में किया गया था और उसके पश्चात इसमे समय-समय पर संशोधन किया गया था। टीकाकरण संबंधी राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह की अध्यक्षता सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) और सहअध्यक्षता सचिव (सचिव अनुसंधान विभाग) द्वारा की जाती है और इसमें जन स्वास्थ्य माइक्रोबायोलॉजी, स्वास्थ्य अनुसंधान, बाल रोग विशेषज्ञों, व्यवसायी निकायों जैसे भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र के क्षेत्र के योग्य प्रतिष्ठित सदस्य और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारी शामिल हैं।

(ग) और (घ) टीकाकरण संबंधी राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह द्वारा लिए गए निर्णय समूह के सामूहिक निर्णय है जो वैज्ञानिक साक्ष्य, प्रकाशित साहित्य पर आधारित हैं और जन स्वास्थ्य हित में है।

(ङ) उपर्युक्त को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

किशोरबंदी-गृहों से गुम हुए बच्चे

2670. श्री अब्दुल रहमानः क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान किशोरबंदी-गृहों से बच्चों के गुम होने के मामले केंद्र सरकार की जानकारी में आए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में सरकार ने क्या कदम उठाए हैं?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ) : (क) से (ग) सूचना एकत्रित की जा रही और सदन के पटल पर प्रस्तुत कर दी जाएगी।

सरकारी ऋण संस्थाओं का पुनरूद्धार

2671. श्री संजय निरूपमः
श्री मारोतराव सैनुजी कोवासेः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वित्त में कुछ राज्य सरकारों ने भूमि विकास बैंक जैसी ग्रामीण सहकारी ऋण संस्थाओं के पुनरूद्धार हेतु केन्द्र सरकार से दीर्घावधिक सहकारी ऋण ढांचे (एलटीसीसीएम) के तहत ऋण मांगा है;

(ख) यदि हां, तो महाराष्ट्र सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार ने विभिन्न राज्य-सरकारों को ऐसा ऋण प्रदान किया है;

(घ) यदि हां, तो महाराष्ट्र सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) राज्य सरकारों को यह ऋण कब तक प्रदान किए जाने की संभावना है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) से (ङ) वैद्यनाथ कार्यदल-II तथा चतुर्वेदी कार्यदल की रिपोर्ट की अनुशंसाओं के आधार पर दीर्घावधि फसल ऋण संरचना के पुनरूज्जीवन के लिए एक पैकेज सरकार के विचाराधीन है।

कैंसररोधी दवाएं/टीके तथा चिकित्सा-पद्धति

2672. डॉ. पी. वेणुगोपालः
श्री आर. थामराईसेलवनः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या एक अध्ययन के अनुसार, विकिरण चिकित्सा-पद्धति अथवा रेडियोथैरेपी अपनाने से स्तर-कैंसर से होने वाली मृत्यु-दर में कमी आती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे देश में सर्वसुलभ बनाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/किए जाने का विचार है;

(ग) देया में कैंसररोधी दवाओं और टीकों की उपलब्धता एवं विकास की वर्तमान स्थिति है;

(घ) क्या सरकार ने लंदन में वैज्ञानिकों द्वारा एक ऐसी विलक्षण दवा विकसित किए जाने की खबर पर ध्यान दिया है जो कैंसर समाप्त करने की क्षमता रखती है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) मेटा विश्लेषण के आधार पर हाल ही में लेंसेट में एक प्रकाशन में यह निष्कर्ष निकाला गया है कि विकिरण थेरेपी से स्तन कैंसर की मौतों में कमी होती है।

(ख) राष्ट्रीय कैसर, मधुमेह, हृदवाहिका रोग तथा आघात निवारण तथा नियंत्रण कार्यक्रम की तृतीयक कैंसर केंद्र की योजना के अंतर्गत रेडियोथेरेपी उपकरणों सहित कैंसर परिचर्या से संबंधित उपकरणों की अधिप्राप्ति और अवसंरचना के निर्माण के लिए पूर्व क्षेत्रीय कैंसर केंद्रों सहित राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पतालों के लिए वित्तीय सहायता है।

(ग) औषध महानियंत्रक (भारत) ने ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के लिए दो ह्यमन पेपिल्लोमा वायरस वैक्सीन को अनुमोदन प्रदान किया है। इन वैक्सीनों के साथ-साथ कैंसर रोधी औषधियाँ बाजार में उपलब्ध हैं।

(घ) सरकार को लंदन में किसी वैज्ञानिक द्वारा नैदानिक रूप से प्रमाणित और वैज्ञानिक साक्ष्य पर आधारित ऐसी कोई चमत्कारिक औषधि तैयार किए जाने के बारे में जानकारी नहीं है।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

विस्थापित आदिवासी

2673. श्री अदगुरू एच. विश्वनाथः क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कर्नाटक के विस्थापित आदिवासियों के लिए सरकार द्वारा पर्याप्त राहत एवं पुनर्वास उपाय किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आदिवासीयों द्वारा राज्य प्राधिकारियों के विरूद्ध एकजुट होने पर उनसे अत्यंत कठोरतापूर्वक बरताव करते हुए उन्हें डराया-धमकाया गया, मनमाने ढंग से गिरफ्तारियां की गई उनके विरोध प्रदर्शनों को अपराध माना गया;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं?

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला): (क) भूमि संसाधन विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार राष्ट्रीय पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति, 2007 (एनआरआरपी, 2007) तैयार कर ली गई है। इसका एक उद्देश्य बड़े स्तर पर विस्थापन को कम करना है। नीति विस्थापित परिवारों को समग्र रूप से पनर्वास एवं पुनर्स्थापना के लाभों हेतु प्रावधान करती है। राज्य सरकारों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों या एजेंसियों तथा अन्य आवश्यक निकाय एनआरआरपी-2007 में निर्धारित लाभों की अपेक्षा बेहतर लाभ स्तरों को रखने के लिए स्वतंत्र है।

राष्ट्रीय पुनर्वास और पुनर्स्थापन नीति, 2007 (एनआरआरपी-2007) कर्नाटक सहित सभी राज्यों को परिचालित कर दी गई थी। कर्नाटक सरकार के अनुसार राज्य में राष्ट्रीय पार्कों के विभिन्न स्थानों से स्थानांतरित जनजातीय परिवारों के लिए पर्याप्त पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन उपाय किए गए हैं।

(ख) से (घ) कर्नाटक सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार ऐसी कोई घटना राज्य में घटित नहीं है। गृह मंत्रालय से प्राप्त सूचना के अनुसार, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के विरूद्ध अपराधों सहित अपराध की रोकथाम एवं नियंत्रण पर बल के साथ आपराधिक न्याय प्रणाली पर और अधिक ध्यान केन्द्रीत करने के लिए परामर्श जारी कर दिए गए हैं।

चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान में विनियामक ढांचा

2674. श्री बाल कुमार पटेलः
श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डीः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में चिकित्सा शिक्षा एंव अनुसंधान के विनियामक ढांचे में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा अभी तक क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या सरकार का 'नेशनल काउंसिल फार ह्यूमन रिसोर्स इन हेल्थ' (एन. सी.एच.आर.एच.) गठित करने का प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) इस प्रस्ताव को कार्यान्वित करने से देश में चिकित्सा शिक्षा एंव अनुसंधान की गुणवत्ता और स्तर में किस प्रकार सुधार आने की संभावना है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) केन्द्रीय सरकार, भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद के परामर्श से भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1956 के अधीन बनाए गए विनियमों की समीक्षा करती रहती है और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने के सरकार के प्रयासों को आगे बढ़ाने में आवश्यकता आधारित संशोधनों को अधिसूचित करती रहती है।

इसके अलावा, केन्द्रीय सरकार ने भारतीस आयुर्विज्ञान परिषद (संशोधन) अधिनियम, 2010 के जरिए भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद को दिनांक 15 मई, 2010 को रद्द करते हुए बोर्ड ऑफ गर्वनर्स गठित किया है और अन्य बातों बोर्ड के साथ-साथ बोर्ड को केन्द्र सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना चिकित्सा कालेज स्थापित करने, उच्चतर अध्ययन पाठ्यक्रम शुरू करने आदि की अनुमति प्रदान करने के लिए अधिकृत किया गया है।

(ख) जी, हां।

(ग) मंत्रालय दो प्रयोजनों अर्थात मौजूदा विनियमांक ढांचे में सुधार लाने तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में कुशल जनशक्ति की आपूर्ति बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मानव संसाधन आयोग नामक समग्र विनियमाक निकाय स्थापित करने पर विचार कर रहा है। स्टेकहोल्डरों से परामर्श करने के बाद आगे की आवश्यक कार्रवाई हेतु मंत्रिमंडल नोट प्रारूप तथा विधेयक को अन्तिम रूप दिया जा रहा है।

(घ) प्रस्तावित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मानव संसाधन आयोग में राष्ट्रीय स्वास्थ्य शिक्षा बोर्ड तथा राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं आकलन समिति भी गठित किया जाएगा जिनका अधिदेश क्रमशः स्वास्थ्य शिक्षा के न्यूनतम मानक निर्धारित करना तथा स्वास्थ्य संबंधी शैक्षणिक संस्थानों के प्रत्यायन की प्रणाली विकसित एवं अनुरक्षित करना है।

म्यूचुअल फंड कंपनियों द्वारा नियमों का उल्लंघन

2675. राजकुमारी रत्ना सिंहः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान जिन म्यूचुअल फंड कंपनियों को नियमों/मार्ग-निर्देशों/अधिनियमों के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया गया उनका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस पर भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सेबी) को मिले प्रत्युत्तर किन्हीं मामलों में अपर्याप्त/अपूर्ण पाए गए;

(ग) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान ऐसे मामलों की कंपनी-वार संख्या क्या है और इन पर क्या कार्यवाही की गई;

(घ) क्या इस सिलसिले में किसी म्यूचुअल फंड कंपनी को दंड दिया गया है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तरे इसके क्या कारण हैं; और

(च) इस सिलसिले में कानूनों को सख्ती से लागू करने अथवा उन्हें सख्त बनाने के लिए क्या उपाय किए गए अथवा किए जाने का विचार है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) जी, हां।

जिन म्यूचुअल फंड कंपनियों को नियमों/दिशानिर्देशों/अधिनियमों के उल्लंघन के लिए विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा वर्तमान वर्ष के दौरान नोटिस तामील किया गया था, उनके ब्यौरे निम्नानुसार दिए गए हैं:-

क्र.सं.	तिथि	म्यूचुअल फंड
वित्त वर्ष 2011-12 से 05.12.2011 तक		
शून्य		
वित्त वर्ष 2010-11		
1.	24-दिसम्बर-10	सुन्दरम म्यूचुअल फंड (पूर्ववर्ती सुन्दरम बीएपनी परीबास म्यूचुअल फंड)
		यूटीआई म्यूचुअल फंड
2.	26-नवम्बर-10	
वित्त वर्ष 2009-10		
1.	3-जनवरी-09	रिलायंस म्यूचुअल फंड
2.	3-अगस्त-09	बिरला सनलाईफ म्यूचुअल फंड
3.	7-अगस्त-09	एचएसबीसी म्यूचुअल फंड
4.	9-सितम्बर-09	आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल म्यूचुअल फंड
5.	13-नवम्बर-09	रेलीगेयर म्यूचुअल फंड
वित्त वर्ष 2008-09		
शून्य		

(ख) से (ङ) जी, हां।

निर्गत कारण बताओ नोटिस पर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा की गई कार्रवाई संलग्न विवरण में दी गई है।

(च) सेबी नियमित रूप से विनियमों की समीक्षा करता है तथा परिपत्र जारी करता है तथा उनकी प्रभावात्मकता में वर्धन करने के लिए, जब और जैसे आवश्यक हो, उनमें संशोधन करता है।

विवरण

म्युचुअल फंड कंपनियों द्वारा नियमों के उल्लंघन पर सेबी द्वारा की गई कार्रवाई

क्र.सं.	तारीख	म्यूचुअल फंड	की गई कार्रवाई
वित्त वर्ष 2010-11			
1.	24-दिसम्बर-10	सुन्दरम म्युचूअल फंड (पहले सुन्दरम बीएनपी परिबास म्यूचुअल फंड)	दिनांक 20 अप्रैल, 2011 को चेतावनी पत्र जारी किया गया जिसमें विज्ञापन दिशानिर्देशों का पालन करने का निदेश दिया गया, जिसके न होने पर सेबी (म्यूचुअल फंड विनियम, 1996 के प्रावधानों का अनुसरण में कार्रवाई शुरू की जा सकती है।
2.	26-नवम्बर-10	यूटीआईम्यूचुलफंड	चूंकि म्यूचुअल फंड कंपनी ने विज्ञापन वापस ले लिया और सेबी की सलाह का अनुपालन किया, आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई।
वित्त वर्ष 2009-10			
1.	3-जून-09	रिलायंस म्युचुअल फंड	डब्ल्यूटीएम द्वारा दिनांक 12 जनवरी, 2010 को आदेश पारित किया गया, जिसमें एएमसी को निदेश दिया गया कि वे म्यूचुअल फंडों द्वारा विज्ञापनों के संबंध में, सेबी द्वारा जारी नियमों का सख्ती से अक्षरक्षः पालन करें।
2.	3-अगस्त-09	बिरला सनलाईफ म्यूचुअल फंड	डब्ल्यूटीएम द्वारा दिनांक 20 फरवरी, 2010 को आदेश पारति किया गया, जिसमें एएमसी को निदेश दिया गया कि वे म्यूचुअल फंडों द्वारा विज्ञापनों के संबंध में, सेबी द्वारा जारी नियमों का सख्ती से अक्षरशः पालन करें।
3.	7-अगस्त-09	एचएसबीसी म्यूचुअल फंड	डब्ल्यूटीएम द्वारा दिनांक 23 अप्रैल, 2010 को आदेश पारित किया गया जिसमें एएमसी की चेतावनी दी गई कि वे प्रतिभूति बाजार में म्यूचुअल फंड के संचालन और कारोबार को शासित करने संबंधी कानून का सख्ती से पालन करेंगे।
4.	9-सितम्बर-09	आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड	डब्ल्यूटीएम द्वारा दिनांक 17 मार्च, 2010 को आदेश पारित किया गया, जिसमें एएमसी को निदेश दिया गया कि वे म्यूचुअल फंडों द्वारा विज्ञापनों के संबंध में, सेबी द्वारा जारी नियमों का सख्ती से अक्षरशः पालन करें।
4.	13 नवम्बर, 2009	रेलीगेयर म्यूचुअल फंड	डब्ल्यूटीएम द्वारा दिनांक 09 फरवरी, 2010 को आदेश पारित किया गया, जिसमें एएमसी को निदेश दिया गया कि वे म्यूचुअल फंडों द्वारा विज्ञापनों के संबंध में, सेबी द्वारा जारी नियमों का सख्ती से अक्षरशः पालन करें।

विशिष्टतम सुविधाओं से लैस कैंसर अस्पताल

2676. श्री हरिभाऊ जावले: क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कैंसर-उपचार की विशिष्टतम सुविधाओं से लैस 'सुपर-स्पेशियॉलिटी' अस्पतालों का राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश में कैंसर रोगियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सरकार का महाराष्ट्र के जलगांव सहित विभिन्न स्थानों पर ऐसे नए अस्पताल स्थापित करने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) इस मंत्रालय ने पहले राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 27 क्षेत्रीय कैंसर केंद्रों को मान्यता प्रदान की थी। क्षेत्रीय कैंसर केन्द्रों की राज्यवार सूची संलग्न विवरण में दी गई है।

(ख) और (ग) 11वी पंचवर्षीय योजना के दौरान, राष्ट्रीय कैंसर, मधुमेह, हृदवाहिका रोग तथा आघात निवारण तथा नियंत्रण कार्यक्रम के कैंसर घटक के अंतर्गत इस प्रकार के नए अस्पतालों को स्थापित करने की कोई योजना नहीं है। तथापि, एनपीसीडीसीएस की नई योजना के अंतर्गत तृतीयक कैसर केंद्र स्थापित करने के लिए पात्र राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पतालों और पूर्व क्षेत्रीय कैंसर केंद्रों के लिए 6.00 करोड़ रु. की वित्तीय सहायता (केंद्र सरकार से 4.80 करोड़ रु. और राज्य सरकार से 1.20 करोड़ रु.) उपलब्ध है, जो व्यापक कैंसर परिचर्या सुविधाएं प्रदान करेंगे।

विवरण

क्षेत्रीय कैंसर केन्द्रों की सूची

क्र.सं.	राज्य	क्षेत्रीय कैंसर केन्द्रों के नाम
1	2	3
1.	आंध्र प्रदेश	एमएनजे इंस्टीट्यूट आफ आंकोलाजी, हैदराबाद, आंध्र प्रदेश
2.	असम	डा. बीबी. कैसर इंस्टीट्यूट, गोवाहाटी, असम
3.	बिहार	इंदिरागांधी इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, पटना, बिहार
4.	चंडीगढ़	आयुर्विज्ञान शिक्षा तथा अनुसंधान स्नातकोत्तर संस्थान, चंडीगढ़
5.	छत्तीसगढ़	पं. जे.एन.एम. चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़
6.	दिल्ली	डी.बी.आर. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल, एम्स, नई दिल्ली
7.	गुजरात	गुजरात कैंसर अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद, गुजरात
8.	हरियाणा	पं. बी.डी. शर्मा स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक हरियाणा
9.	हिमाचल प्रदेश	इंदिरा गांधी मेडिकल कालेज, शिमला, हिमाचल प्रदेश
10.	जम्मू व कश्मीर	शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान, सोरा, श्रीनगर, जम्मू व कश्मीर.
11.	जम्मू व कश्मीर	राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय तथा सम्बद्ध अस्पताल, बक्शीनगर, जम्मू
12.	कर्नाटक	किदवई मेमोरियल इंस्टीट्यूट आफ आंकोलाजी, बैंगलौर, कर्नाटक
13.	केरल	रिजनल कैंसर सेंठर, तिरूवनन्तपुरम, केरल

1	2	3
14.	मध्य प्रदेश	कैंसर हास्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, ग्वालियर मध्य प्रदेश
15.	महाराष्ट्र	राष्ट्रसंत टुकडोजी क्षेत्रीय कैंसर अस्पताल तथा अनुसंधान केंद्र, नागपुर
16.	महाराष्ट्र	टाटा मेमोरियल हास्पिटल, मुम्बई, महाराष्ट्र
17.	मणिपुर	रीजनल इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस, इम्फाल, मणिपुर
18.	मिजोरम	सिविल हास्पिटल, आइजोल, मिजोरम
19.	ओडिशा	आचार्य हरिहर रिजनल कैंसर सेंटर फार कैंसर रिसर्च एवं ट्रीटमेंट, कटक उड़ीसा
20.	पुदुचेरी	जवाहर स्नातकोत्तर मेडिकल शिक्षा तथा अनुसंधान संस्थान
21.	राजस्थान	आचार्य तुलसी रिजनल कैंसर ट्रस्ट एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट बीकानेर, राजस्थान
22.	तमिलनाडु	गवर्नमेंट अरिगनार अन्ना मेमोरियल कैंसर हास्पिटल, कांचीपुरम, तमिलनाडु
23.	तमिलनाडु	रिजनल कैंसर इंस्टीट्यूट (डब्ल्यू आईए), अडयार, चेन्नई, तमिलनाडु
24.	त्रिपुरा	कैंसर हास्पिटल, अगरतला, त्रिपुरा
25.	उत्तर प्रदेश	संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
26.	उत्तर प्रदेश	कमला नेहरू मेमोरियल अस्पताल, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश
27.	पश्चिम बंगाल	चितरंजन नेशनल इंस्टीट्यूट कोलकाता, पश्चिम बंगाल

[हिन्दी]

घरेलू/अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन

2677. श्री अनुराग सिंह ठाकुरः क्या **पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अंतर्देशीय यात्रा व विमान किराए की बढ़ती लागत तथा व्यस्ततम मौसम में होटल कमरों पर कर वृद्धि के कारण घरेलू पर्यटन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है;

(ख) क्या अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन बोर्डो तथा तथा होटल समूहों की ओर से की जा रही आकर्षक पेशकशों से भारतीय पर्यटकों के बीच विदेशी स्थलों के पर्यटन की लोकप्रियता बढ़ गई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) सरकार द्वारा घरेलू पर्यटन को और अधिक बढ़ावा देने और सुलभ बनाने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं; और

(ङ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्य योजना अपनाए जाने का प्रस्ताव है?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुल्तान अहमद)ः (क) राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से संकलित जानकारी के आधार पर घरेलू पर्यटक यात्राएं वर्ष 2009 में 668 मिलियन की तुलना में वर्ष 2010 में 740 मिलियन रही अर्थात् गत वर्ष की तुलना में वर्ष 2010 में 10.7% की वृद्धि हुई।

(ख) और (ग) भारत से आउटबाउंड ट्रैफिक वर्ष 2009 में 11. 06 मिलियन की तुलना में वर्ष 2010 में 12.98 मिलियन रहा अर्थात् गत वर्ष की तुलना में वर्ष 2010 में 17.4% की वृद्धि हुई।

(घ) और (ङ): घरेलू पर्यटन को और अधिक वहनीय बनाने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों को होटल परियोजनाओं का संवर्धन करने के लिए निवेशक अनुकूल भूमि नीतियों सिंगल विंडो अप्रोच का अनुसरण करते हुए और होटलों लैंड बैंकों के सृजन आदि के लिए एक्सट्रा फ्लोर स्पेस इंडेक्स (एफएसआई)/फ्लोर

एरिया रेशिओ (एफएआर) को प्रदान करने के लिए राजस्व भागीदारी आधार पर स्थलों का आवंटन करने के लिए बजट श्रेणी को भी शामिल करते हुए होटल आवास के निर्माण को प्रोत्साहित करने की सलाह दी है।

कुपोषित बालिकाओं एवं गर्भवती महिलाओं को खाद्यान्न

2678. श्री चंद्रकांत खैरेः क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उन योजनाओं का ब्यौरा क्या है जिनके अंतर्गत देश में कुपोषित बालिकाओं एवं गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है;

(ख) इस प्रयोजनार्थ राज्य-वार खाद्यान्न की कितनी मात्रा आवंटित की गई है;

(ग) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान उक्त योजनाओं के अंतर्गत राज्य-वार कितनी बालिकाएं लाभान्वित हुई हैं; और

(घ) उक्त योजनाओं के अन्तर्गत बालिकाओं और गर्भवती महिलाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य सुधार के संबंध में क्या उपलब्धियां अर्जित की गई?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ): (क) वर्ष 2005-06 से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 51 अभिचिन्हांकित जिलों में प्रायोगिक आधार पर किशोरियों हेतु पोषण कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा था। स्कीम के अंतर्गत केवल अल्प-पोषित किशोरियों (11-19 वर्ष) को प्रति वर्ष प्रति लाभार्थी 6 कि.ग्रा. निःशुल्क खाद्यान्न दिया जाता था क्योंकि गर्भवती महिलाएं और धात्री माताएं आईसीडीएस के अंतर्गत शामिल हैं। पात्रता का निर्धारण उनके शरीर के वजन अर्थात् 11-15 वर्ष के आयु वर्ग में जिनके शरीर का वजन 30 कि.ग्रा से कम और 15-19 वर्ष के आयु वर्ग में शरीर का वजन 35 कि.ग्रा. के आधार पर किया जाता था। वर्ष 2010-11 से 200 जिलों में सबला स्कीम के शुरू होने पर किशोरियों हेतु पोषण कार्यक्रम का प्रचलन बंद हो गया है। क्योंकि किशोरी हेतु पोषण कार्यक्रम के सभी जिले सबला के अंतर्गत आ गए हैं।

(ख) और (ग) वर्ष 2008-09 और 2009-10 में अवांछित खाद्यान्न और लाथान्वित हुई बालिकाओं की राज्य-वार संख्या दर्शाने वाला ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। सबला के आरंभ होने पर 2010-11 से किशोरियों हेतु पोषण क्रार्यक्रम बंद हो गया।

(घ) वर्ष 2008-09 और 2009-10 के दौरान शरीर के वजन के निर्धारित बिंदु से अधिक वजन वाली लाभार्थियों की वर्ष-वार संख्या इस प्रकार हैः

वर्ष	निर्धारित बिन्दु प्राप्त करने वाली लाभार्थी
2008-09	1,31,239
2009-10	57,916
2010-11 और 2011-12	एनपीएजी का क्रियान्वयन नहीं किया गया क्योंकि सभी जिले सबला के अन्तर्गत शामिल किए गए हैं।

विवरण

किशोरियों हेतु पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत आवंटित खाद्यान्नों एवं शामिल किए गए लाभार्थियों का राज्य-वार ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2008-09		2009-10	
		आबंटित खाद्यान्न	शामिल किए गए लाभार्थी	आर्वटित खाद्यान्न	शामिल किए गए लाभार्थी
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	17601.77	496506	17674.05	371000
2.	अरूणाचल प्रदेश	42.57	3283	शून्य	लागू नहीं

1	2	3	4	5	6
3.	असम	2612.91	0	शून्य	लागू नही
4.	बिहार	4969.95	113103	3756.96	58168
5.	छत्तीसगढ़	3843.68	0	3859.47	0
6.	गोवा	650.69	9855	667.72	9880
7.	गुजरात	10000	130294	7650.86	149578
8.	हरियाणा	2155	82573	884.17	0
9.	हिमाचल प्रदेश	2195.41	56769	2003.09	49279
10.	जम्मू और कश्मीर	20.62.82	0	शून्य	लागू नहीं
11.	झारखण्ड	3554.99	9950	शून्य	13700
12.	कर्नाटक	5495.63	219373	5621.58	231896
13.	केरल	4417.92	92345	4532.6	सूचना नहीं दी गई
14.	मध्य प्रदेश	3110.45	249948	2837.67	87616
15.	महाराष्ट्र	6251.95	489790	6277.62	566394
16.	मणिपुर	218.11	9013	शून्य	10852
17.	मेघालय	280.28	2752	281.43	3247
18.	मिजोरम	139.16	17591	139.73	17567
19.	नागालैंड	1361.43	सूचना नहीं दी गई	1367.02	सूचना नहीं दी गई
20.	ओडिशा	7782.16	137621	शून्य*	137621
21.	पंजाब	1654.03	41168	1509.14	26805
22.	राजस्थान	4175.92	156066	3156.72	164975
23.	सिक्किम	277.36	3700	228.29	5276
24.	तमिलनाडु	3870.04	72549	2856.89	67696
25.	त्रिपुरा	1552.85	59608	362.92	60000
26.	उत्तर प्रदेश	5002.24	119810	4564.03	सूचना नहीं दी गई
27.	उत्तराखण्ड	1951	56495	शून्य*	सूचना नहीं दी गई
28.	पश्चिम बंगाल	10893.38	325376	10570.74	331258

1	2	3	4	5	6
29.	अण्डमान व निकोबार द्वीपसमूह	785.34	12801	788.57	13383
30.	चंडीगढ़	271.75	18278	247.95	4406
31.	दमन और दीव	34.75	0	270.68	582
32.	दादरा और नगर हवेली	352.44	388	शून्य*	8863
33.	दिल्ली	997.25	14622	909.89	14523
34.	लक्षद्वीप	32.54	807	179.35	1265
35.	पुदुचेरी	178.61	3132	शून्य*	2514
	कुल	110776.38	3005566	83199.14	2408344

शून्य* राज्यों/संघ राज्य से तीन वर्षों के उपयोग प्रमाण पत्र प्राप्त होने के कारण खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली विभाग ने खाद्यान्न निर्मुक्त नहीं किए।

भारतीय चिकित्सा परिषद तथा भारतीय दंत चिकित्सा परिषद

2679. श्री प्रतापराव गणपतराव जाधवः
योगी आदित्यनाथः
श्रीमती रमा देवीः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश भारतीय चिकित्सा परिषद 'एम.सी.आई.' और भारतीय दंत चिकित्सा परिषद 'डी.सी.आई.' भ्रष्टाचार, कदाचार और अनियमितताओं के मामले सामने आए हैं;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;

(ग) सरकार द्वारा चूककर्त्ता अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी; और

(घ) सरकार द्वारा एम.सी.आई. और डी.सी.आई. को भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) से (घ) जहां तक भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद का प्रश्न है परिषद के अध्यक्ष को केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा तथाकथित आरोपों के आधार पर दिनांक 22.04.2010 को गिरफ्तार किया गया था। बाद में केन्द्र सरकार ने भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम में संसोधन करके परिषद को समाप्त कर दिया और परिषद के कार्यों के निर्वहन के लिए बोर्ड आफ गर्वनर्स का गठन किया। केन्द्र सरकार को भी भारतीय दंत चिकित्सा परिषद (डीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान पदधारी के विरूद्ध भ्रष्टाचार, कदाचार और अन्य अनियमितताओं के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं। डीसीआई के पूर्व अध्यक्ष के विरूद्ध शिकायतों की जांच के लिए दो सदस्यीय समिति गठित की गई थी और समिति की रिपोर्ट सतर्कता आयोग को भेज दी गयी है। जहां तक डीसीआई के वर्तमान अध्यक्ष के विरूद्ध शिकायत का संबंध है उसकी जांच स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा की जा रही है। सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में वर्तमान विनियामक कार्य ढ़ांचे में सुधार करने और कुशल कार्मिकों की आपूर्ति में बढ़ोत्तरी करने के दोहरे प्रयोजन के साथ एक सरंक्षी विनियामक निकाय अर्थात राष्ट्रीय स्वास्थ्य मानव संसाधन आयोग की स्थापना करने पर भी अलग से विचार कर रही है।

[अनुवाद]

डीजल/पेट्रोलियम की मूल्यवृद्धि का आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर प्रभाव

2680. श्री शिवराम गौडाः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या डीजल और पेट्रोल की मूल्यवृद्धि से सब्जी, खाद्य सामग्री इत्यादि जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी वृद्धि होती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को डीजल और पेट्रोल की मूल्यवृद्धि के असर से मुक्त रखने/अप्रभावित रखने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) और (ख) जी, हां। डीजल और पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी से परिवहन लागत बढ़ती है और इस तरह सब्जियों, खाद्य-वस्तुओं इत्यादि जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हो जाती है। निम्नलिखित सारणी में अप्रैल 2011 से अक्टूबर 2011 तक समग्र थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति और समग्र मुद्रास्फीति में कुछ आवश्यक वस्तुओं का प्रतिशतांक योगदान दर्शाया गया है।

वर्षानुवर्ष हेडलाइन डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति और चुनिंदा वस्तुओं का प्रतिशतांक योगदान

	मुद्रास्फीति	प्रतिशतांक योगदान							
	सभी वस्तुएं	खाद्यान्न (अनाज + दालें)	सब्जियां	दूध	अण्डे मांस और मछली	पेट्रोल	हाई स्पीड डीजल	खाद्य संयुक्त	31 आवश्यक वस्तुएं
भारांश (%)	100.00	4.09	1.74	3.24	2.41	1.09	4.67	24.31	14.60
अप्रैल-11	9.74	0.11	0.04	0.11	0.34	0.22	0.27	2.45	1.01
मई-11	9.56	0.13	-0.01	0.24	0.21	0.28	0.27	2.24	1.25
जून-11	9.51	0.11	-0.14	0.46	0.31	0.31	0.32	2.23	1.53
जुलाई-11	9.36	0.13	0.16	0.43	0.31	0.25	0.47	2.28	1.46
अगस्त-11	9.78	0.17	0.29	0.38	0.34	0.25	0.47	2.55	1.65
सितम्बर-11	9.72	0.21	0.33	0.42	0.32	0.28	0.47	2.47	1.60
अक्तूबर-11	9.73	0.28	0.51	0.45	0.41	0.30	0.47	2.77	1.72

(ग) और (घ) भारत कच्चे तेल की अपनी आवश्यकता के 70-80 प्रतिशत का आयात करता है; असलिए तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतें पेट्रोलियम उत्पादों के घरेलू मूल्य-निर्धारण में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को डीजल और पेट्रोल की कीमतों की वृद्धि के प्रभाव से अलग रखने/अप्रभावित रखने का कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, सरकार केरोसीन, एलपीजी और डीजल पर सब्सिडी प्रदान करती है ताकि आम आदमी पर मूल्य वृद्धि के असर को कम किया जा सके। इसके अतिरिक्त, सरकार ने कच्चे तेल पर सीमा शुल्क और पेट्रोल एवं डीजल पर आयात शुल्क में कटौती भी की है।

खनन-माफिया

2681. श्रीमती इन्ग्रिड मैक्लोडः
श्री पी.टी. थॉमसः

क्या **खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार ने राज्यों में खनन-माफिया की गतिविधियों और उनके द्वारा आदिवासियों की भूमि हड़पे जाने की ओर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और केन्द्र द्वारा आदिवासियों की भूमि का अन्य प्रकार प्रयोग रोकने तथा इस प्रकार

हस्तगत की भूमि को मूल स्थिति में बहाल करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग की सिफारिश पर केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारों को अवैध खनन/वन माफिया, ट्रांसपोर्टरों और उग्रवादियों के बीच मिलीभगत रोकने के उद्देश्य से विशेष बलातवसूली-रोध प्रकोष्ठ तथा धनशोधन-रोधी प्रकोष्ठ स्थापित करने का परामर्श दिया है;

(घ) यदि हां, तो उक्त प्रकोष्ठों की स्थापना की ओर राज्य सरकारों ने क्या प्रगति की है; और

(ङ) खनन-माफिया की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकारों से सहयोग करने के लिए केन्द्र सरकार ने अन्य और क्या प्रभावी उपाय किए हैं?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दिनशा पटेल): (क) और (ख) भूमि चूंकि राज्य का विषय है इसलिए खनन कार्यकलापों हेतु आदिवासियों की भूमि के अन्य प्रकार प्रयोग के संबंध में केंद्रीय स्तर पर ब्यौरे नहीं रखे जाते हैं। तथापि, आदिवासियों की भूमि हड़पने की एक शिकायत केन्द्र सरकार की जानकारी में आई है जिसे आवश्यक कार्रवाई के लिए मध्य प्रदेश सरकार को भेज दिया गया है।

(ग) और (घ) अवैध खनन/वन ठेकेदारों, परिवाहकों और उग्रवादियों के बीच किसी भी प्रकार की मिलीभगत की रोकथाम के लिए राज्य सरकारों को सलाह दी गई है कि वे राज्यों में विशेष बलातवसूली-रोधी प्रकोष्ठ और धनशोधन-रोधी प्रकोष्ठ स्थापित करें।

(ङ) केंद्र सरकार देश में खनिज संसाधनों के उचित विनियमन और विकास को सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी है और संसद ने खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 अधिनियमित किया है। हालांकि, उक्त अधिनियम की धारा 23 ग यह उपबंधित करती है कि अवैध खनन को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा नियम बनाए जाएं तथापि, केंद्र सरकार अवैध खनन को नियंत्रित करने के लिए सभी राज्यों की मदद करने हेतु अन्य बातों के साथ-साथ निम्नानुसार सलाह दे रही है और कार्यकलापों व पहल-प्रयासों का समन्वय कर रही हैः-

- राज्य सरकारों को रेल, सीमा-शुल्क और पत्तन प्राधिकरणों के प्रतिनिधियों को शामिल करके अवैध खनन को नियंत्रित करने के प्रयासों का समन्वय करने के लिए राज्य समन्वय-सह-अधिकार-प्राप्त समिति (एस सी ई सी) गठित करने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, राज्य सरकारों को सुदूर संवेदन के उपयोग यातायात पर नियंत्रण, बाजार आसूचना एकत्र करने, अंत्य-उपयोगकर्ताओं के पंजीकरण और विशेष प्रकोष्ठ गठित करने आदि सहित अवैध खनन का पता लगाने और नियंत्रित करने के विशिष्ट उपायों के साथ कार्रवाई योजना तैयार करने और अपनाने की भी सलाह दी गई है।
- राज्य सरकारें तत्काल अपने खनन और भूविज्ञान निदेशालयों को सुदृढ़ करने की प्रक्रिया शुरू करें जिसे केंद्र सरकार द्वारा निगरानी के लिए कार्य योजना का भाग बनाया गया
- अठारह राज्यों ने खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 23 ग के तहत नियम बनाए हैं और इक्कीस राज्यों ने केंद्र सरकार के निदेशानुसार अवैध खनन को नियंत्रित करने के लिए राज्य और/अथवा जिला स्तर पर कार्यबल गठित किए हैं।
- वर्ष 2010-11 के दौरान राज्य सरकारों ने गौण और प्रमुख खनिजों के अवैध खनन के 78189 मामलें का पता लगाया जबकि इसकी तुलना में पूरे वर्ष 2009-10 के दौरान 69316 मामलों का पता लगाया गया था।
- सभी राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया था कि वे रेलवे कस्टम तथा पत्तन के प्रतिनिधियों और लौह अयस्क उत्पादन करने वाले राज्यों के मामले में इस्पात मंत्रालय के प्रतिनिधि को राज्य में गठित राज्य समन्वय तथा अधिकार प्राप्त समिति में शामिल करें ताकि खनिजों के आवागमन संबंधी डाटा के परस्पर बांटा जा सके और परिवहन तथा अयस्क के निर्यात की बेहतर निगरानी की जा सके।
- सभी राज्य सरकारों से कहा गया कि वे खनिज रियायत नियमावली, 1960 के नियम, 27 (23) के अंतर्गत विशेष शर्त लगाएं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी खनन पट्टों में संसाधनों का आकलन करें।
- सरकार ने सभी खनन संबंधी विषयों विशेषकर अवैध खनन से निपटने के लिए कार्यकलापों का समन्वय करने से संबंधित मामलों पर समय-समय पर विचार करने के लिए केन्द्रीय समन्वय-एवं-अधिकार-प्राप्त समिति गठित की है जिसमें राज्य सरकारों और संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों के प्रतिनिध शामिल हैं।
- केंद्र सरकार ने खनिज संरक्षण और विकास नियम 1988 के नियम 45 को संशोधित करके दिनांक 9.2.2011 की

अधिसूचना सा.का.नि. 75(अ) के द्वारा अवैध खनन से निपटने के एक उपाय के रूप में सभी खनिकों, व्यापारियों, भंडारियों, निर्यातकों और अंत्य-उपभोगकर्ताओं के लिए भारतीय खान ब्यूरो में पंजीकरण करवाना तथा खनिजों के आवागमन के बारे में भारतीय खान ब्यूरो और राज्य सरकार को सूचित करना अनिवार्य कर दिया है। प्रत्येक स्तर पर ऐसी जांच लौह अयस्क के निर्यात सहित अवैध रूप से खनन किए गए खनिजों के परिवहन को कम करेगी।

- केंद्र सरकार ने विभिन्न राज्यों में वैध प्राधिकार के बिना बड़े पैमाने पर लौह अयस्क और मैंगनीज के अवैध खनन की जांच करने के लिए दिनांक 22 नवम्बर, 2010 की अधिसूचना का.आ. 2817 क द्वारा जांच आयोग अधिनियम, 1952 के तहत न्यायमूर्ति श्री एम बी शाह जांच आयोग नियुक्त किया है। आयोग ने कार्य आरंभ कर दिया है।

- केन्द्र सरकार ने भारतीय खान ब्यूरो के माध्यम से एक विशेष टास्क फोर्स गठित की है जो सेटेलाइट इमेजरीज की सहायता से स्थानिक वांछित क्षेत्रों में खानों का निरीक्षण करेगी। 1.12.2011 की स्थिति के अनुसार विशेष कार्यबल ने गोवा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखंड, उड़ीसा, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और गुजरात राज्यों में कुल 434 खानों का निरीक्षण किया। आई बी एम ने निरीक्षण के पश्चात जहां 152 खानें निलंबित की वहीं 96 खानों के मामले में नियमों के अनुपालन के पश्चात निलंबन वापस ले लिया गया। इसके अतिरिक्त आई बी एम ने राज्य सरकारों से 8 पट्टों को समाप्त करने की सिफारिश की है।

विद्युत परियोजनाएं

2682. डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंहः क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बिहार सहित देश में विश्व बैंक कोष की राजसहायता अथवा ऋण से विद्युत परियोजनाओं की स्थापना का विचार किया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. सी. वेणुगोपाल): (क) जी, हां।

(ख) बिहार में बरौनी थर्मल पावर स्टेशन पर 2× 50 मेगावाट की पूरी यूनिट को 1× 250 मेगावाट की एक नई यूनिट से प्रतिस्थापित करने का एक परियोजना प्रस्ताव विश्व बैंक से 350 मिलियन अमरीकी डॉलर की व्यवस्था करने के लिए आर्थिक कार्य विभाग को प्रस्तुत किया गया है।

मुद्रास्फीति की भविष्यवाणी

2683. श्री गुथा सुखेन्द्र रेड्डीः
श्री डी.बी. चन्द्रे गौडाः
श्री अब्दुल रहमानः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) योजना आयोग और वित्त मंत्रालय के अलावा अन्य कौन सी एजेसियां वित्तीय स्थिति के संबंध में भविष्यवाणी की प्रक्रिया में हिस्सा लेती हैं;

(ख) क्या देश में मुद्रास्फीति/वित्तीय स्थिति के संबंध में उक्त एजेंसियों द्वारा की गयी भविष्य वाणियों में अपवादों को भी शामिल किया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) कई एजेंसियां और अनुसंधान संस्थान कुछ आर्थिक और वित्तीय संकेतकों नामशः सकल घरेलू उत्पाद, मुद्रास्फीति, विदेशी मुद्रा विनियम दर, इक्विटी मूल्य आदि के संबंध में पुर्वानुमान लगाने के कार्य से जुड़े हैं। इन संस्थानों में राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स, आर्थिक विकास संस्थान इत्यादि शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष विश्व बैंक तथा एशियाई विकास बैंक जैसी कुछ अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां भी आर्थिक एवं वित्तीय संकेतकों का पूर्वानुमान लगाने के कार्य से जुड़ी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक कभी पेशेवर पूर्वानुमान-कर्ताओं द्वारा किए गए सर्वेक्षण के जरिए चुनिंदा बृहत आर्थिक संकेतकों के पूर्वानुमान प्रकाशित करता है।

(ख) और (ग) इन एजेंसियों द्वारा लगाए गए पुर्वानुमान, प्रयुक्त की गई विभिन्न धारणाओं, पद्धतियों, डाटा सेटों तथा डाटा संकेतों पर आधारित होते हैं और इसलिए संभवतः इनकी संपूर्ण परस्पर तुलना नहीं की जा सकती। वास्तविक स्थिति कभी-कभी पूर्वानुमानों के नजदीक होती है तो कभी-कभी बिल्कुल भिन्न हो सकती है।

(घ) सरकार भिन्न एजेंसियों द्वारा मापदंडों के आधार पर किए जा रहे पूर्वानुमानों से अवगत है। इन्हें देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति के मूल्यांकन में जरूरी जानकारी माना जाता है।

[हिन्दी]

एयरलाइन कंपनियों से कर

2684. श्री पशुपति नाथ सिंहः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत में विभिन्न एयरलाइन कंपनियों से प्रभारित करों का प्रकार/ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रत्येक कंपनी के विरूद्ध बकाया करों की राशि का श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा उन पर बकाया ऋणों की वसूली के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सफलता हासिल की गई है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम): (क) जहां तक केन्द्रीय करों का संबंध है भारत में एयरलाइन कंपनियों सहित अन्य कंपनियों से प्रत्यक्ष करों के एक हिस्से के रूप में कंपनी कर प्रभावित किया जाता है। सीमा शुल्क केन्द्रीय उत्पादक शुल्क और सेवा कर जैसे अप्रत्यक्ष कर वास्तव में माल एवं सेवाओं पर लगाये जा सकते हैं कंपनियों पर नहीं। तथापि वर्तमान में नियत और अनियत उड़ानों (ऑपरेशन) के लिए तथा इन विमानों की सर्विसिंग और मरम्मत के लिए आयातित विमानों पर सशर्त छूट दी जाती है। इस प्रकार के अन्य सभी विमानों के आयातों पर 2.5% की दर से मूल सीमा शुल्क और 10% की दर से उत्पाद शुल्क के बराबर प्रतिसंतुलनकारी शुल्क (सी वी डी) लगता है। हेलीकॉप्टर के आयातों पर भी 2.5% की दर से मूल सीमा शुल्क और 10% की दर से प्रति संतुलनकारी शुल्क लगता है। छपी हुई टिकटों के स्टॉफ एयरवेज बिलों एयरलाइन द्वारा आयातित सभी सामानों पर आयात शुल्क प्रभारित किया जाता है। एविएशन टरबाइन फ्यूल (ए टी एफ) पर मूल सीमा शुल्क शून्य है तथा 8% की दर से उत्पादक शुल्क के बराबर प्रति संतुलनकारी शुल्क लगता है।

(ख) एयर लाइन कंपनियों पर विचार किये बिना विभिन्न निर्धारितियों के प्रति बकाया कंपनी कर के आकड़े केन्द्रीय रूप से नहीं रखे जाते हैं। तथापि 01.04.2011 को कंपनी करदाताओं के प्रति कुल बकाया राशि 1,36,315 करोड़ रूपए थी जिसमें ऐसी मांग शामिल है जो वसूल करना मुश्किल है।

(ग) जहां तक प्रत्यक्ष करों का संबंध है एयरलाइन कंपनियों का ध्यान किये बिना विभिन्न निर्धारितियों के प्रति लंबित कर देयताओं की वसूली में तेजी लाने के लिए आयकर अधिनियम 1691 के तहत बकाया कर देयताओं की वसूली के लिए निर्धारित सांविधिक उपायों (जिसमें बैक खातों की कुर्की अचल संपत्ति की कुर्की और बिक्री आदि शामिल हैं) के अतिरिक्त निम्नलिखित विशेष उपाय किये जा रहे हैः

(1) कार्रवाई योग्य मामलों की पहचान कर बकाया करों की वसूली तथा उनकी कड़ी मॉनिटरिंग।

(2) आयुक्त (अपील) और आईटीएटी के समक्ष लंबित भारी रकम वाले को मामलों की पहचान तथा इन प्राधिकारियों से अनुरोध कि वे ऐसे अपील वाले मामलों का शीघ्र निपटान करें ताकि उन रकमों की शीघ्र वसूली की जा सके।

(3) करदाताओं को शिक्षित करने और उनमें स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देने के लिए प्रचार एवं जागरूकता अभियान।

(घ) अप्रैल से नवम्बर 2011 की अवधि के दौरान एयरलाइन कंपनियों का ध्यान किये बिना कंपनी कर देयताओं से बकाया राशि से बकाया राशि की नकद संग्रहण 13 000 करोड़ रूपये (अनंतिम) था।

अप्रत्यक्ष करों से संबंधित प्रश्न के भाग (ख) से (घ) के उत्तर के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है सभा पटल पर रख दी जाएगी।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

2685. श्री वीरेन्द्र कुमारः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार देश में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की और अधिक शाखाएं खोलने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी मध्य प्रदेश सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

वित मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायण मीणा): (क) से (ग) कम बैंकिंग सेवा/बैंक रहित ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवा

की पहुंच बढ़ाने को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय ग्रामीण बैकों (आरआरबी) को वर्ष 2011-12 और 2012-13 के लिए शाखा विस्तार योजना बनाने की सलाह दी गयी है जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 10% की वृद्धि की जानी है। इसके अलावा कम बैकों वाले जिलों जहां की औसत जनसंख्या प्रति बैंक शाखा नवीनतम आंकड़ों के अनुसार 18000 से अधिक है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैकों से वर्ष 2011-12 की तुलना में 2012-13 में 15% की वृद्धि की योजना बनाना अपेक्षित है।

31 मार्च, 2011 की स्थिति के अनुसार आरआरबी की शाखाओं का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

31 मार्च 2011 की स्थिति के अनुसार आरआरबी की शाखाओं का राज्यवार ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य	शाखाओं की संख्या
1	2	3
1.	आन्ध्र प्रदेश	1413
2.	अरूणाचल प्रदेश	22
3.	असम	408
4.	बिहार	1537
5.	छत्तीसगढ़	468
6.	गुजरात	446
7.	हरियाणा	415
8.	हिमाचल प्रदेश	158
9.	जम्मू व कश्मीर	409
10.	झारखण्ड	409
11.	कर्नाटक	1256
12.	केरल	420
13.	मध्य प्रदेश	1098
14.	महाराष्ट्र	607
15.	मणिपुर	27
16.	मेघालय	58
17.	मिजोरम	62
18.	नागालैंड	8
19.	ओडिशा	875
20.	पुदुचेरी	25
21.	पंजाब	261
22.	राजस्थान	1068
23.	तमिलनाडु	313
24.	त्रिपुरा	113
25.	उत्तर प्रदेश	3157
26.	उत्तरांचल	203
27.	पश्चिम बंगाल	887
	कुल	16001

हवाला लेन-देन

2686. श्री गोपीनाथ मुंडे:
श्री रमेश बैस:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) चालू वर्ष के दौरान सरकार की जानकारी में हवाला लेन-देन का कोई मामला आया है;

(ख) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गयी है; और

(ग) देश में हवाला लेन-देन करने वाले प्रमुख बाजारों पर नजर रखने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम): (क) और (ख) चालू वित्त के दौरान (दिनांक 31-10-2011 तक) प्रर्वतन निदेशालय ने विदेश मुद्रा प्रबंध अधिनियम 1999 (फेमा) के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले हवाला लेन-देन के संबंध में जिसमें कुल 2246.31 लाख रुपये की राशि शामिल है 117 कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

(ग) प्रवर्तन निदेशालय विनिर्दिष्ट सूचना के आधार पर फेमा के तहत उचित कार्रवाई है।

[अनुवाद]

राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना

2687. श्री जोस के. मणिः क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विद्युत आपूर्ति अवसंरचना की निरंतरता तथा ग्रामीण विकास में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के योगदान के संबंध में प्रश्न उठाए गए हैं;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इन मुद्दों के समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी.वेणुगोपाल): (क) से (ग) जी, हाँ। विद्युत आपूर्ति, अवसंरचना का स्थयित्व और ग्रामीण विकास के लिए योगदान राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आरजीजीवीई) के महत्वपूर्ण पहलू हैं और इस संबंध में विभिन्न क्षेत्रों द्वारा चिंता व्यक्त की गई है। इन मामलों के समाधान के लिए इस स्कीम के अंतर्गत निम्नलिखित के लिए परियोजनाओं की मंजूरी से पूर्व राज्यों से पूर्व प्रतिबद्धता प्राप्त की गई है:-

(i) आरजीजीवीई गांवों में 6-8 घंटे की न्यूनतम दैनिक विद्युत आपूर्ति हेतु राज्य सरकार द्वारा गारंटी।

(ii) स्कीम के अंतर्गत वित्तपोषित परियोजनाओं के अपने स्थायित्व के लिए ग्रामीण वितरण के प्रबंधन हेतु फ्रैंचाइजियों की तैनाती।

(iii) स्कीम के अंतर्गत कनैक्शन उपलब्ध करवाए जाने वाले बीपीएल उपभोक्ताओं के लिए विद्युत अधिनियम के अंतर्गत आवश्यकतानुसार राज्य यूटिलिटियों को राज्य सरकार द्वारा अपेक्षित राजस्व सब्सिडी का प्रावधान।

विद्युत मंत्रालय ने, राज्य सरकारों को सुविधा के लिए विभिन्न संभाव्य माडलों, सैंपल व्यावसायिक योजना, मॉडल करार आदि के ब्यौरे वाले "फ्रैंचाइजी दिशानिर्देश" जारी किए हैं। यह मंत्रालय फ्रैंचाइजी प्रशिक्षण संबंधी राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत वर्तमान तथा भावी फ्रैंचाइजियों के क्षमता निर्माण के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर फ्रैंचाइजियों की नियुक्ति की प्रक्रिया को सरल भी बना रहा है।

राज्य सरकारों से अवसंरचना के स्थायित्व को सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण विद्युतीकरण नीति (2006) के अनुसार अपेक्षित वितरण एवं पारेषण प्रणाली की स्थापना तथा पर्याप्त विद्युत आपूर्ति की उपलब्धता के लिए योजना को सम्मिलित करते हुए ग्रामीण विद्युतीकरण योजना तैयार तथा अधिसूचित करने की भी अपेक्षा की जाती है।

जनजातियों के अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम

2688. श्री रामसिंह राठवाः क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में बड़ी संख्या में जनजातीय लोग अपने संवैधानिक अधिकारों के बारे में जागरूक नहीं हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान इसके अधीन क्या गतिविधियां शुरू की गयी हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान इसके अधीन क्या गतिविधियां शुरू की गयी हैं; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान इस प्रकार के कार्यक्रमों हेतु आवंटित और उपयोग की गयी निधियों का ब्यौरा क्या है?

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला) : (क) देश में अधिकांश अनुसूचित जनजातियां अपने संवैधानिक अधिकारों के बारे में जागरूक हैं।

(ख) अनुसूचित जनजातियों के लिए संवैधानिक प्रावधान संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों, राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे हैं।

(ग) ऐसी सूचना इस मंत्रालय द्वारा नहीं रखी जाती।

(घ) उपर्युक्त (ङ) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

वेतन विसंगति

2689. श्री के.सी. सिंह "बाबा" क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या समान पदों पर होने के बावजूद पदोन्नति वाले और सीधे भर्ती वाले कर्मचारियों को अलग-अलग वेतन दिए जाने की घटनाएं केंद्र सरकार की जानकारी में आयी हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और वित्त मंत्रालय द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं या प्रस्तावित हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) सरकार की जानकारी में ऐसी कुछ घटनाएं आई हैं जो समान पदों पर हाने पर भी 01.01.2006 को अथवा उसके पश्चात नियुक्त सीधी भर्ती वाले कनिष्ठ कर्मचारियों की तुलना में पदोन्नत वरिष्ठ कर्मचारियों को कम वेतन दिया जा रहा है।

(ख) यह पदोन्नत कर्मचारियों तथा सीधी भर्ती वाले कर्मचारियों के संबध में वेतन निर्धारण के लिए केंद्रीय सचिवालय सेवा (संशोधित वेतन) नियमावली, 2008 में यथा-विनिर्दिष्ट विभिन्न तरीको के कारण है। वेतन निर्धारण के संबंध में स्पष्टीकरण के लिए मंत्रालयों/विभागों से प्राप्त मामलों पर नियमों और अनुदेशों के अनुसार कार्रवाई की जाती है तथा नियम की स्थिति और वेतन बढ़ाए जाने की स्वीकार्यता का स्पष्टीकरण संबंधित प्रशासनिक प्राधिकरणों को दे दिया जाता है।

खरीदे गए चिकित्सा उपकरण

2690. श्री अरूण यादवः
श्री सी. शिवासामीः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में सरकारी अस्पतालों के लिए घटिया चिकित्सा उपकरणों की खरीद की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो गत वर्षों और चालू वर्ष के दौरान ऐसे चिकित्सा उपकरणों की खरीद पर राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी धनराशि व्यय की गई;

(ग) सरकार द्वारा अस्पतालों में जीवनरक्षक उपकरणों को अच्छी कार्य स्थिति में रखने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/प्रस्तावित हैं;

(घ) क्या घटिया चिकित्सा उपकरणों के इस्तेमाल के कारण किसी रोगी की मृत्यु होने की जानकारी मिली है, यदि हां, तो गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान ऐसी मौतों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने एन आर एच एम निधियों से खरीदे गए अस्पताल उपकरणों की खरीद और रख रखाव अनुसूची की अनिवार्य घोषणा हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन 'एन.आर.एच.एम' के अंतर्गत राज्य सरकारों को कोई दिशानिर्देश जारी किए हैं; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और संघ सरकार के परामर्श का अनुपालन कर रहे राज्यों का ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) से (घ) स्वास्थ्य राज्य का विषय है और इस प्रकार की जानकारी का रख-रखाव केंद्र नहीं करता है। फिर भी, जहाँ तक दिल्ली के केन्द्र सरकार के अस्पतालों अर्थात् डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल और साफदरजंग अस्पताल और एलएचएमसी एवं सम्बद्ध अस्पतालों का संबंध है, घटिया चिकित्सा उपकरणों की खरीद की ऐसी किसी धटना की जानकारी नहीं है। इन अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों की खरीद की ऐसी किसी घटना की जानकारी नहीं हैं इन अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों की खरीद सामान्य वित्तीय नियम, 2005 में निहित अनुदेशों, केन्द्रीय सतर्कता आयोग एंव स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी किए गए दिशा-निर्देर्शों के अनुसार की जाती है। एक लाख रूपए से अधिक की लागत वाले चिकित्सा उपकरणों के कार्यकरण की स्थिति की स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा मासिक आधार पर समीक्ष की जाती है। केन्द्र सरकार के इन तीन अस्पतालों में घटिया उपकरणों के प्रयोग के कारण होने वाली मौत की कोई सूचना नहीं मिली है।

(ङ) और (च) इस प्रकार के कोई दिशा-निर्देश परिचालित नहीं किए गए हैं।

भ्रष्टाचार रोकने के उपाय

2691. डॉ. पद्मसिंह बाजीराव पाटीलः
श्री बलीराम जाधवः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार सरकारी क्षेत्र में कच्चे माल के प्रापण में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कड़े कदम दठाए जाने और पारदर्शिता लाये जाने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार प्रस्तावित उपायों को लागू करने के लिए कुछ विधान लाए जाने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त उपायों के कब तक लागू किए जाने की संभावना है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) से (घ) जी, हां। सरकार केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और स्वायत्त एवं सांविधिक निकायों

द्वारा लोक प्रापण को विनियमित करने के लिए चालू वित्त वर्ष में संसद में एक लोक प्रापण विधेयक पेश करना चाहती है।

प्रस्तावित लोक प्रापण विधेयक का मसौदा जनता से टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए वित्त मंत्रालय की वेबसाइट पर डाला गया है। प्रस्तावित विधेयक पर व्यापक विचार-विमर्श करने तथा विधेयक का अंतिम मसौदा तैयार करने के लिए एक ड्राफ्टिंग समिति का भी गठन किया गया है।

[हिन्दी]

घोषित वस्तुओं की श्रेणी में शामिल किया जाना

2692. श्री दिनेश चन्द्र यादवः
श्री अर्जुन रायः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम जैसे उत्पादों को घोषित वस्तुओं की श्रेणी में शामिल किए जाने के लिए राज्य सरकारों से आग्रह किया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त समावेशन के क्या परिणाम होने की संभावना है;

(ग) क्या सरकार ने राज्य सरकारों को यह कार्रवाई करने के लिए कहने से पहले कतिपय करों की दरों में कटौती की घोषणा की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो उक्त कदम को उठाने के लिए राज्य सरकारों को कहने के क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम): (क) और (ख) जी नहीं, सरकार ने घरेलू प्राकृतिक गैस/रिगैसीफाइड एलएनजी को "घोषित वस्तुओं" का स्तर प्रदान करने के प्रश्न पर राज्यों के वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति (ई सी) से केवल उनके विचार मांगे थे। राज्यों के वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति (ईसी) ने अपने विचार दिए तथा यह कहा कि प्राकृतिक गैस/रिगैसीफाइड एलएनजी को "घोषित वस्तुओं" की सूची में नहीं लाया जाना चाहिए।

(ग) से (ङ) उपर्युक्त (क) एवं (ख) भाग के उत्तरों को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

[अनुवाद]

ओडिशा को नाबार्ड से अनुदान

2693. श्री नित्यानंद प्रधान
श्री वैजयंत पांडाः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या नाबार्ड ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास के लिए ओडिशा राज्य को कुछ ऋण प्रदान किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रकार किस अवसंरचना के विकसित किए जाने का प्रस्ताव है;

(ग) नाबार्ड द्वारा इस राज्य को ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के अधीन अवसंरचना विकास तथा ग्रामीण बाजारों के लिए कुल कितनी राशि आवंटित की गयी है; और

(घ) उक्त परियोजनाओं के लिए केन्द्र सरकार द्वारा मुहैया करायी गयी वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) से (घ) नाबार्ड द्वारा ओडिशा राज्य के लिए ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) के अंतर्गत संस्वीकृत और संवितरित ऋण के विवरण नीचे दिए गए हैं। विकसित/विकसित किए जाने के लिए प्रस्तावित अवसंरचना में सड़क एवं पुल सिंचाई एवं कृषि से जुड़े कार्यकलाप, पेय जल आपूर्ति और सामाजिक क्षेत्र के अन्य कार्यकलाप सम्मिलित हैं।

ओडिशा राज्य के लिए आरआईडीएफ के अंतर्गत संस्वीकृत एवं संवितरण के विवरण

(करोड रुपए)

वर्ष	परियोजनाओं की सं.	संस्वीकृति	संवितरण	%
1	2	3	4	5
1995-96	2506	169.50	162.05	95.60
1996-97	44	151.13	141.03	93.32

1	2	3	4	5
1997-98	52	198.85	172.04	86.52
1998-99	39	149.12	117.16	78.57
1999-00	73	128.13	99.93	77.99
2000-01	16119	104.18	86.26	82.80
2001-02	140	148.88	137.19	92.15
2002-03	365	246.83	210.74	85.38
2003-04	28555	185.11	155.88	84.21
2004-05	413	376.32	284.98	66.16
2005-06	7012	396.97	294.60	74.21
2006-07	16622	499.81	425.87	85.21
2007-08	1990	508.97	328.61	64.56
2008-09	29247	849.26	497.17	58.54
2009-10	12683	759.58	286.62	37.73
2010-11	1284	898.26	72.92	8.12
2011-12	14518	818.80	0.05	0.01
कुल	131673	6589.70	3473.09	52.7

नाबार्ड द्वारा ओडिशा के लिए 31 अक्तूबर 2011 तक प्रदत्त कुल धनराशि 6589.70 करोड़ रुपए है। ग्रामीण बाजारों के लिए संस्वीकृत धनराशि 0.99 करोड़ रुपए है जिसमें से 0.85 करोड़ रुपए संवितरित किए जा चुके हैं।

स्वास्थ्य क्षेत्र हेतु सकल घरेलू उत्पाद

2694. श्री यशवीर सिंहः
श्री अधलराव पाटील शिवाजीः
श्री धर्मेन्द्र यादवः
श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डीः
श्री आनंदराव अडसुलः
श्री नीरज शेखरः
श्री जगदानन्द सिंहः
श्रीमती दर्शना जरदोशः
श्री गजानन ध. बाबरः
डॉ.पी. वेणुगोपालः
श्री रायापति सांबासिवा रावः
श्री महेन्द्र सिंह पी. चौहाणः
श्री आर. ध्रुवनारायणः
श्री विक्रमभाई अर्जनभाई मादमः
श्री रूद्र माधव रावः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान अब

तक अन्य क्षेत्रों की तुलना में देश में स्वास्थ्य क्षेत्र को कितनी धनराशि आवंटित तथा व्यय की गई;

(ख) क्या विश्व के विकसित देशों की तुलना में स्वास्थ्य क्षेत्र में सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत का व्यय निम्नतर है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसकें क्या कारण हैं;

(घ) क्या यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज पर उच्च स्तर के विशेषज्ञ समूह तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने सरकार से स्वास्थ्य पर व्यय बढ़ाने को कहा है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान स्वास्थ्य तथा चिकित्सा क्षेत्र पर व्यय बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या अनुवर्ती कार्यवाही की गई/प्रस्तावित है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) आर्थिक सर्वेक्षण 2010-11 के अनुसार, 2008-2009, 2009-10 (संशोधित अनुमान) के दौरान देश के अन्य सामाजिक क्षेत्रों की तुलना में स्वास्थ्य क्षेत्र पर व्यय की गई सार्वजनिक निधियों और 2010-11 (बजट अनुमान) हेतु किए गए आबंटन का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ख) और (ग) विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा प्रकाशित की गई विश्व स्वास्थ्य सांख्यिकी-2011 के अनुसार, भारत में 2008 में स्वास्थ्य क्षेत्र पर किया गया सकल घरेलू उत्पाद प्रतिशत व्यय 2008 में कुछ चुनिंदा विकसित देशों जैसे कि जर्मनी 10.5 प्रतिशत, फ्रांस 11. 2 प्रतिशत, संयुक्त राज्य 8.7 प्रतिशत तथा जापान 8.3 प्रतिशत की तुलना में 4.2 प्रतिशत है।

वर्ष 2008 में स्वास्थ्य पर सामान्य सरकार का व्यय स्वास्थ्य पर किए गए कुल व्यय का 32.4 प्रतिशत है। भारत में स्वास्थ्य पर निम्न सार्वजनिक व्यय अन्य कारणों के साथ-साथ जीडीपी अनुपात पर कम कर की वजह से है।

(घ) जी, हाँ। सार्वजनिक स्वास्थ्य कवरेज संबंधी उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समूह (एलएलईजी) तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने सरकार से स्वास्थ्य पर व्यय बढ़ाने को कहा है। एचएलईजी ने 12वीं योजना के अंत तक जीडीपी को लगभग 1.2 प्रतिशत से बढ़ाकर कम से कम 2.5 प्रतिशत करने और 2022 तक जीडीपी का कम से कम 3 प्रतिशत करने की सिफारिश की है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने अनुमान लगाया है कि केन्द्र और राज्य स्तर पर स्वास्थ्य विभागों द्वारा कुल सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय सकल घरेलू उत्पाद का 3 प्रतिशत होना चाहिए।

(ङ) योजना आयोग के दस्तावेज-"फास्टर, सस्टेनेबल एंड मोर इन्क्लूसिव ग्रोथः एन एप्रोच टू द टवेल्थ फाइव ईयर प्लान (ड्राफ्ट)" के अनुसार, बारहवीं योजना के अंत तक कुल स्वास्थ्य व्यय को बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद के 2.5 प्रतिशत का लक्ष्य होना चाहिए।

विवरण

आम सरकार (केन्द्र एवं राज्य सरकार संयुक्त) द्वारा समान सेवा व्यय में रूझान

(करोड़ रुपये में)

मदें	2007-08 वास्तविक	2008-09 वास्तविक	2009-10 (संशोधित प्राक्कलन)	2010-11 (बजट प्राक्कलन)
सामाजिक सेवाओं पर व्यय	2,94,584	3,80,269	4,76,351	5,22,492
(i) शिक्षा	1,29,366	1,61,360	2,04,986	2,35,035
(i) स्वास्थ्य	63,226	73,898	90,700	99,738
(iii) अन्य	1,01,992	1,45,011	1,80,665	1,87,719

स्त्रोतः आर्थिक सर्वेक्षण 2010-11

सरकारी क्षेत्र के बैंकों को पूंजी

2695. श्री जे.एम. आरून रशीदः
श्री के. सुगुमारः
श्री असादूद्दीन ओवेसीः
श्री अवतार सिंह भडानाः
श्रीमती बोचा झांसी लक्ष्मीः
श्री सी.आर. पाटिलः
श्री प्रताप सिंह बाजवाः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बैंकिंग संस्थानों की पूंजी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार ने इस राजकोषीय वर्ष में सरकारी क्षेत्र के बैंकों में 6000 करोड़ रुपए के बराबर की राशि का निवेश किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने बैंकों की न्यूनतम पूंजी पर्याप्तता अनुपात (पीएआर) को बेसल- iii मानकों के अधीन बनाए रखने के लिए उक्त बैंकों की पूंजी आवश्यकताओं की जांच के लिए कोई समिति गठित की है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का उक्त बैंकों को विभेदात्मक मतदान अधिकार शेयर (डीवीआरएस) तथा गोल्डेन शेयरों जैसी निधियां उगाहने वाले नवोन्मेषी साधनों के उपयोग को अनुमति देने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) और (ख) सरकार ने वर्ष 2011-12 के संघीय बजट में 6000 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है ताकि सरकारी क्षेत्र के बैंकों से 31. 03.2012 की स्थिति के अनुसार 8% के जोखिम भारित परिसंपत्ति अनुपात के प्रति न्यूनतम श्रेणी-। पूंजी बनी रहे। पूंजी लगाए जाने के तौर-तरीकों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

(ग) और (घ) जी, हां। अगले 10 वर्षो के लिए बैंकों सहित विभिन्न वित्तीय संस्थाओं के पूंजीकरण के लिए जरूरत का आकलन करने; इन वित्तीय संस्थाओं के पूंजीकरण के लिए संसाधन जुटाने के लिए विभिन्न संभव विकल्पों की तलाश करने, ऐसी पूंजीकरण जरूरतों को पूरा करने में विभिन्न सरकारों, विशेषकर, विकासशील देशों में, के वैश्विक अनुभव को जानने-समझने के लिए, और पूंजीकरण के लिए सुझाए गए/अधिमान्य तरीकों और उससे जुड़े विनियामकीय एवं राजकोषीय मुद्दों, यदि कोई हों, से संबंधित सिफारिशों का विश्लेषण करने के लिए वित्त मंत्री जी के अनुमोदन से वित्त सचिव की अध्यक्षता में 15.09. 2011 को एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। सचिव (व्यय), सचिव (आर्थिक-कार्य), मुख्य आर्थिक सलाहकार वित्त मंत्रालय और सचिव (वित्तीय सेवाएं) इस समिति के सदस्य हैं।

(ङ) समिति ने अभी अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप नहीं दिया है।

ऋणों की वसूली

2696. श्री लालचन्द कटारियाः
श्री पी. कुमारः
श्री विलास मुत्तेमवारः
श्री आनंद प्रकाश परांजपेः
श्री भास्करराव बापूराव पाटील खतगांवकरः
श्री गुरूदास दासगुप्तः
श्री अर्जुन राम मेघवालः
श्री अर्जुन रायः
श्री अनंत कुमार हेगड़ेः
श्री संजय भोईः
श्री उदय प्रताप सिंहः
श्रीमती रमा देवीः
श्री एक नाथ महादेव गायकवाड़ः
श्री चंद्रकांत खैरेः
श्री एस. अलागिरीः
श्री प्रबोध पांडाः
श्री दिलीप कुमार मनसुखलाल गांधीः
श्री अरविंद कुमार शर्माः
श्री रूद्रमाधव रायः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश केन्द्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) से देश के उन औद्योगिक घरानों के नाम एवं अन्य ब्यौरे सार्वजनिक करने को कहा है जिन्होंने उक्त बैंकों से लिये गये ऋण के मामले में चूककर्ता साबित हुये हैं:

(ख) यदि हां, तो इस पर केन्द्र सरकार की क्या प्रतिक्रिया है तथा इन चूककर्ता के नाम सार्वजनिक करने के संबंध में क्या प्रगति हुई हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार ऋणों/अशोध्य ऋणों की वसूली करने

की समस्या से निपटने हेतु बैंकिंग कानूनों सहित संबंधित संविधि में सुधार करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा ऋणों/अशोध्य हेतु सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा क्या उपचारात्मक उपाय किये गये/किये जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) जी हां, भारतीय रिजर्व बैंक ने सूचित किया है कि उद्योगपतियों द्वारा सरकारी क्षेत्र के बैंकों से लिए गए ऋण में चूक सहित 100 शीर्ष चूककर्ताओं, जिसमें व्यवसायी का नाम, पता, फर्म का नाम, मूल राशि, ब्याज राशि, चूक की तारीख तथा ऋण लेने की तारीख का विवरण दिया हो, के संबंध में एक अपीलकर्ता द्वारा मांगी गई सूचना के संबंध में केन्द्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने 15 नवंबर, 2011 के अपने निर्णय में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को निर्देश दिया है कि वह आरटीआई अधिनियम की धारा 4 (i) (ख) (xvii) के तहत अपने दायित्वों की पूर्ति में अपनी वेबसाइट पर यह सूचना प्रदर्शित करें। आरबीआई को सीआईसी के आदेश का अनुपालन करने के लिए 10 दिसम्बर, 2011 तक का समय दिया गया है।

(ग) और (घ) वित्तीय क्षेत्र की स्थिति में सुधार करने, 'एनपीए' में कमी लाने, बैंकों की आस्ति गुणवत्ता में सुधार करने और एक अच्छा वसूली वातावरण बनाने के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक तथा सरकार ने गत वर्षों में पहले से ही विभिन्न उपाय किए हैं, जिनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, अनुपयोज्य आस्तियों के प्रावधानीकरण एंव वर्गीकरण हेतु विवेकपूर्ण मानदण्ड निर्धारित करना, चूक की रोकथाम हेतु दिशानिर्देश, कारपोरेट ऋण पुनर्निधारण एवं अन्य पुनर्निधारण योजनाएं एक बारगी निपटान योजनाएं वित्तीय आस्तियों का प्रतिभतिकरण एवं पुनगर्ठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन (एसएआरएफएईएसआई) अधिनियम, 2002, ऋण सूचना कंपनी (विनियमन) अधिनियम, 2005 तथा बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं को शोध्य ऋणों की वसूली (डीआरटी) अधिनियम 1993 का अधिनियम और 31 मार्च, 2011 से परिचालनरत सेन्ट्रल रजिस्ट्री आफ सिक्यूरिटाइजेशन एसेट रिकंस्ट्रक्शन एंड सिक्योरेटी इंटरसट आफ इंडिया (सीईआरएसएआई) जैसे उपाय शामिल हैं।

विनिवेश का लक्ष्य

2697. श्री मनीष तिवारीः
श्री सी. शिवासामीः
श्री एस.आर. जेयदुरईः
डॉ. एम. तम्बिदुरईः
श्री उदयन राजे भोंसलेः
श्री अनुराग सिंह ठाकुरः
श्री असादूद्दीन ओवेसीः
श्री रायापति सांबासिवा रावः
श्री नवीन जिन्दलः
श्री राजय्या सिरिसिल्लाः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विनिवेश का लक्ष्य पूरा करने के लिए पब्लिक इश्यू के अतिरिक्त अन्य विकल्पों की खोज की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसका संबंधित सरकारी उपक्रमों के वर्ममान शेयरधारकों पर क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है;

(ग) क्या सरकार का लाभार्जन सरकारी उपक्रमों के बीच क्रास-होल्डिंग की अनुमति देने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इसे किस स्तर पर सीमित किए जाने की संभावना है; और

(ङ) इसका सरकारी उपक्रमों के वित्तकोष और अन्य निवेश/देनदारियों पर क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम): (क) जी, नहीं।

(ख) उपर्युक्त (क) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(ग) से (ङ) जब पूंजी बाजार में मन्दी का दौर हो तो केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के शेयरों का सर्वोत्तम मूल्य नहीं जुटाया जा सकता, इसलिए अन्य विकल्पों का पता लगाया जा रहा है। जब इन विकल्पों को ठोस रूप दे दिया जाएगा केवल तभी सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों पर प्रभाव का मूल्यांकन किया जा सकेगा।

अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर

2698. श्री धनंजय सिंहः
श्री मनोहर तिरकीः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था द्वारा हासिल वृद्धि दर कितनी है;

(ख) क्या हाल की तिमाही में अर्थव्यवस्था के विकास दर में वृद्धि आशा से कम रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(घ) अर्थव्यवस्था में मंदी को रोकने के लिए क्या उपचारी उपाय किए गए हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) पिछले तीन वर्षो के दौरान और अप्रैल-सितम्बर 2011-12 हील ही के अवधि जिसके आंकड़े उपलब्ध है, के दौरान उपादन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर निम्नलिखित है:

वर्ष	स.घ.उ. में वृद्धि (प्रतिशत)
2008-09	6.8
2009-10	8.0
2010-11	8.5
2011-12 (अप्रैल-सितम्बर)	7.3

(ख) हाल की तिमाहियों में विकास में मंदी आई है।

(ग) वर्ष 2011-12 की पहली दो तिमाहियों में भारतीय अर्थव्यवस्था में क्रमशः 7.7 प्रतिशत और 6.9 प्रतिशत की दर पर विकास हुआ।

(घ) सरकार ने वैश्विक वित्तीय संकट के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए हाल के वर्षो में प्रतिचक्रीय रवैया अपनाकर सतत् आधार पर विवेकपूर्ण बृहत-आर्थिक नीतियां अपनाई हैं, विकास को बढ़ावा देने, उत्पाद एवं वित्तीय बाजार विकसित करने के लिए संरचनागत उपायों को मजबूत बनाया है तथा गरीबों की रक्षा के लिए मजबूत बुनियाद के निर्माण हेतु सामाजिक व्यय में बढ़ोतरी की है। विकास को गति देने के लिए हाल की अवधि में किए विशिष्ट उपायों में, अन्य के साथ-साथ अवसंरचना ऋण निधि के सृजन के जरिए अवसंरचना क्षेत्र में निवेश को बढ़ाना, सरकारी निजी भागीदारियों पर ध्यान देना, नई विनिर्माण नीति की घोषणा करना, नई मसौदा नीति की घोषणा करना, संसद में भूमि अधिग्रहण विधेयक लाना, तथा भारत में बैंकिंग क्षेत्र के विकास के लिए कई विधायी उपाय करना शामिल हैं।

गैस आधारित विद्युत परियोजनाएं

2699. श्री संजय भोई:
श्री आनंद प्रकाश परांजपे:
श्री एकनाथ महादेव गायकवाड:
श्री भास्करराव बापूराव पाटील खतगांवकर:

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में कमी के कारण विद्युत कंपनियों को गैस-आधारित विद्युत परियोजनाओं की स्थापना के संबंध में अपनी विस्तार योजनाओं पर पुनर्विचार करना पड़ा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या गैस ईंधन की कमी के कारण 8000 मेगावाट की नई गैस आधारित विद्युत परियोजनाएं लंबित पड़ी हुई हैं;

(घ) यदि हां, तो ईंधन आपूर्ति के अभाव का सामना कर रही विद्युत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल): (क) और (ख) वर्तमान में प्राकृतिक गैस आपूर्ति में मुश्किल होने के कारण अपनी विस्तार योजना पर पुनः विचार करने के लिए किसी विद्युत परियोजना विकासकर्ता ने सूचित नहीं किया है। तथापि, यह सूचित किया जाता है कि अतिरिक्त गैस के उपलब्ध न होने और विद्युत परियोजनाओं को आवंटित गैस की न्यूनतम आपूर्ति के कारण वर्तमान गैस आधारित विद्युत संयंत्र भी उप इष्टतम स्तर पर प्रचालनरत हैं।

(ग) और (घ) केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की रिपोर्ट के आधार पर, विद्युत मंत्रालय ने 11वीं योजना संलग्न विवरण-I में शुरू किए जाने की संभावना वाली 5820 मेगावाट क्षमता हेतु 31.81 एमएमएससीएमडी गैस के आबंटन हेतु सिफारिश की है। इसके अतिरिक्त, विद्युत मंत्रालय ने केंद्रीय/राज्य क्षेत्र संलग्न विवरण-II में 6450 मेगावाट क्षमता के लिए 24.27 एमएमएससीएमडी गैस के आबंटन के लिए आश्वासन हेतु अनुरोध भी किया है। ताकि वे अपनी परियोजनाओं की योजना एंव निष्पादन हेतु डीपीई की दिशानिर्देशों के अनुसार अपने-अपने बोर्डो से निवेश अनुमोदन प्राप्त कर सकें।

(ङ) सरकार ने निम्नलिखित बातों के साथ-साथ देश में प्राकृतिक गैस की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए बहुस्तरीय कार्यनीति अपनाई है-

(i) नयी अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) दौर के माध्यम से घरेलू अन्वेषण एवं उत्पादन (ई एवं पी) का सुदृढ़ीकरण

(ii) कोयला बेड मीथेन (सीबीएम) ई एंड पी कार्य

(iii) भूमिगत कोयला गैसीकरण

(iv) विभिन्न देशों से जलीय प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का आया और

(v) ट्रांसनैशनल पाइपलाइन अर्थात तुर्केमिनिस्तान अफगानिस्तान-पाकिस्तान-भारत (टीएपीआई) पाइपलाइन और इरान पाकिस्तान भारत (आईपीआई) पाइपलाइन।

विवरण I

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की रिपोर्ट के आधार पर इस मंत्रालय द्वारा सिफारिश की गई 11वीं योजना की निर्माणाधीन परियोजनाओं के लिए गैस की मांग

क्र.सं.	विद्युत स्टेशन/एजेंसी का नाम	कुल क्षमता (मेगावाट)	11वीं योजना में संभावित क्षमता (मेगावाट)	राज्य में अवस्थित	70/75% पीएलएफ पर 11वीं योजना में संभाव्य क्षमता हेतु गैस की मांग (एमएमएससीएमडी)
1	2	3	4	5	6
1.	पीपीसीएल (राज्य क्षेत्र) द्वारा बवाना सीसीजीटी	1500	1250	दिल्ली	4.67$
2.	हजारी सीसीपीपी/मैसर्स गुजरात राज्य एनर्जी जेनेरेशन लि. (जीएसइजी) (राज्य क्षेत्र)	351	351	गुजरात	1.31
2731. श्री प्रताप सिह बाजवाः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में मृत्यु के उपरांत अंग दान की प्रतिशतता क्या है;

(ख) क्या मंत्रालय एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य निकायों ने जागरूकता लाने तथा मृत्यु के उपरांत अंग दान को प्रोत्साहन देने हेतु कोई कार्यक्रम शुरू किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके फलस्वरूप क्या उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) चूंकि स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए केन्द्रीय स्तर पर आंकड़ें नहीं रखे जाते हैं।

(ख) और (ग) छठा विश्व तथा पहला भारतीय अंगदान दिवस

पिछले वर्ष अर्थात नवम्बर, 2010 में मनाया गया था। जनता के बीच अंदान पर बल देने और सूचना प्रचार करने के लिए दिनांक 28 नवम्बर, 2011 को एम्स, नई दिल्ली में दूसरा भारतीय अंगदान दिवस आयोजित किया गया था।

वर्ष 2011 के दौरान अंगदान के लिए जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने हेतु बंगलौर, हैदराबाद चेन्नई, पुडुचेरी, कोलकात और अहमदाबाद में अंगदान जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की गई थी।

[हिन्दी]

समेकित ग्रामीण ऊर्जा कार्यक्रम

2732. श्री मारोतराव सैनुजी कोवासेः क्या **नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) महाराष्ट्र सहित देश में समेकित ग्रामीण ऊर्जा कार्यक्रम के क्रियान्वयन का तरीका क्या है;

(ख) इस कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने देश में उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन की प्रगति के बारे में कोई अध्ययन कराया है;

(घ) यदि हां, तो महाराष्ट्र सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (डॉ. फारुख अब्दुल्ला): (क) देश में राज्य सरकारों के माध्यम से महाराष्ट्र राज्य सहित केन्द्रीय और राज्य सरकारों के मध्य 50:50 लागत शेयरिंग आधार पर एक केन्द्रीय रूप से प्रायोजित स्कीम के रूप में वर्ष 2006-07 तक एकीकृत ग्रामीण ऊर्जा कार्यक्रम का कार्यान्वयन किया गया और 1 अप्रैल, 2007 के बाद उसे समाप्त कर दिया गया।

(ख) एकीकृत ग्रामीण ऊर्जा कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं थी ग्राम समूह की पद्धति में कार्यक्रम का कार्यान्वयन, माइक्रो और मेक्रो-स्तरों पर ऊर्जा योजनाओं की तैयारी, अक्षय ऊर्जा और ऊर्जा संरक्षण उपकरणों/प्रणालियों का प्रदर्शन और जागरुकता सृजन तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना।

(ग) से (ङ) 11वीं योजना हेतु प्रस्ताव तैयार करते समय एकीकृत ग्रामीण ऊर्जा कार्यक्रमों की समीक्षा की गई और कार्यक्रम को समाप्त करने का निर्णय लिया गया था चूंकि कार्यक्रम के उद्देश्य पहले ही पूरे हो चुके थे और इस कार्यक्रम के अधिकांश घटक मंत्रालय के अन्य कार्यक्रमों/स्कीमों में शामिल किए जा चुके हैं।

सुनामी के बाद की बर्बादी के बारे में भारतीय भू-गर्भ सर्वेक्षण विभाग द्वारा अध्ययन

2733. श्री अशोक कुमार रावतः क्या **खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय भू-गर्भ सर्वेक्षण विभाग ने 26 दिसम्बर, 2004 को हिंद महासागर में भयानक भूकम्प के कारण आई सुनामी के मद्देनजर तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जान-माल की रक्षा करने हेतु कोई अध्ययन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त उद्देश्य हेतु भारतीय भू-गर्भ सर्वेक्षण विभाग को कितनी निधियां प्रदान की गई हैं;

(घ) क्या भारतीय भू-गर्भ सर्वेक्षण विभाग ने पूरे विश्व से इस विषय के प्रसिद्ध विशेषज्ञों से सहायता ली है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दिनशा पटेल): (क) जी, हां। 26 दिसम्बर, 2004 को हिंद महासागर में विध्वंसकारी भूकंप के कारण आए सुनामी के पश्चात भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने अनेक अध्ययन करवाए।

(ख) जीएसआई ने भूकंप तथा इसके कारण आए सुनामी के तुरंत बाद आवश्यक कार्रवाई की है। इसका ब्यौरा निम्नानुसार हैः

(i) भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने पश्चिम बंगाल सरकार से दीघा-शंकरपुर के तटीय क्षेत्रों, हल्दिया बंदरगाह क्षेत्रों तथा हुगली नदी के जल स्तर की बारीकी से निगरानी हेतु कार्रवाई आरंभ करने का अनुरोध किया है।

(ii) भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने विशाखापट्टनम से कन्याकुमारी होते हुए कोचीन तक संपूर्ण दक्षिण भारतीय तटों पर सुनामी क्षति मूल्यांकन करने तथा इसके प्रभाव को कम करने वाले मापदंडों को सुझाने हेतु गहरी छानबीन की है। जबलपुर तथा नागपुर स्थित जीएसआई की ब्रॉड भूकंपीय पर्यवेक्षणशाला में मुख्य झटका तथा उत्तरवर्ती छोटे झटकों के मापदंडों को रिकार्ड किया है।

(iii) प्रभावित क्षेत्रों में वैज्ञानिक कार्मिकों की नियुक्ति के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं तत्परता से की गई तथा अंडमान एवं निकोबार द्वीप-समूहों में भूकंप के कारण उत्तरवर्ती झटकों तथा विनाश की प्रकृति की निगरानी के लिए भूकंपीय तथा जियोडेटिक उपकरणों के संस्थापन हेतु कार्य योजना बनाई गई है। अंडमान द्वीपों में भूकंप के दीर्घ भूकंपीय प्रभावों के अध्ययन हेतु एक दल वहां भेजा गया है।

(iv) इसके अलावा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल के तटीय क्षेत्रों में सुनामी के प्रभावों (सुनामी पश्चात सर्वेक्षण) के अध्ययन हेतु कुछ और दलों का भी गठन किया गया है।

(v) टोपोग्राफिक तथा फिजीयोग्राफिक परिवर्तनों के मूल्यांकन हेतु पूर्व एवं उत्तरवर्ती घटना संबंधी उपग्रहीय चित्रों का अध्ययन किया गया।

(vi) अब तक, जीएसआई दल भू-विध्वंस के प्रभाव नियंत्रित करने के लिए 'कम्पैन मोड में ग्लोबल पॉजिशनिंग सिस्टम' (जीपीएस) सर्वेक्षण हेतु अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूहों में कार्य कर रहा है। जीपीएस स्टेशनों को वर्ष में दो-तीन बार 'रि-ओक्यूपाइड' करने का प्रस्ताव है। जी एस आई सूनामी प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी कार्य भी कर रहा है।

(ग) जीएसआई इस प्रकार के कार्य अपने स्वयं के बजट परिव्यय से करता है।

(घ) जी, हां। जीएसआई का भूकंप तथा सुनामी अध्ययनों संबंधी कार्य विश्व में अन्यत्र अपनाई जाने वाले मौजूदा कार्य प्रणालियों तथा तकनीकों के अनुसार है। अतः ऐसे कार्यों को सम्पन्न करने हेतु उन्नत देशों में प्रमुख विशेषज्ञों द्वारा अपनाई गई तकनीकों तथा उपायों को जीएसआई के वैज्ञानिकों द्वारा हमेशा ध्यान में रखा जाता है।

(ङ) ब्यौरा निम्नानुसार हैः

(i) सुनामी से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करने के लिए एनजीआरआई, हैदराबाद में मार्च, 2005 में एक संयुक्त भारत-जापान कार्यशाला का आयोजन किया गया था। भारत तथा जापान में संभावित प्रतिभागी संगठनों के साथ-साझा हितों के कई क्षेत्रों (मदों) की भी पहचान की गई।

(ii) "पालियो-सुनामी डिपोजिट्स/पालियो-सेस्मोलॉजी फॉर एस्टीमेशन ऑफ रिकरेंस हिस्ट्री" शीर्षक अनुसंधान मद हेतु जीएसआई को एक प्रमुख अभिकरण (एजेंसी) के रूप में पहचान मिली है। सहयोगात्मक अनुसंधान में एक्टिव फॉल्ट रिसर्च सेंटर, जिओलोजिकल सर्वे ऑफ जापान/नेशनल इंस्टीट्यूट आफ एडवांसड इंड्रस्ट्रीयल साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एआईएसटी) के वैज्ञानिकों ने सक्रियता से भाग लिया है। सहयोगात्मक कार्यक्रम के एक भाग के रूप में टोकियो, जापान में एक चार दिवसीय सम्मेलन 14-17 दिसम्बर, 2005 के बीच आयोजित किया गया था और सम्मेलन में जीएसआई के प्रतिनिधि (श्री ए.के. घोष रॉय, निदेशक, जीएसआई, पूर्वी क्षेत्र, कोलकाता) ने जीएसआई द्वारा अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूहों में सुनामी पश्चात किए गए कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा सहयोगात्मक कार्यों पर आधारित भारत एवं जापान के वैज्ञानिकों के बीच विचार-विमर्श में भी हिस्सा लिया।

(iii) अंडमान द्वीप समूहों में एक संयुक्त क्षेत्रीय सर्वेक्षण 12 से 21 मार्च, 2006 के बीच किया गया था। आईआईटी कानपुर, टोकियो विश्वविद्यालय तथा जिओलोजिकल सर्वे ऑफ जापान के अनुसंधानकर्ताओं सहित जीएसआई के दो वैज्ञानिकों ने क्षेत्रीय अध्ययनों में भागीदारी की।

(iv) सुनामी से संबंधित भारत-जापान सहयोगात्मक कार्यों में जीएसआई के साझा हितों के क्षेत्रों की निम्नानुसार पहचान की गईः

(i) सुनामी की न्युमेरिकल मॉडलिंग के लिए जीपीएस; ब्यायस तथा टाइड गेज का संयोजन

(ii) भूकंप पश्चात विनाश अध्ययन (प्राप्त आंकड़ों का संयुक्त विश्लेषण)

(iii) रिकरेंस हिस्ट्री के आकलन हेतु पालियो-सूनामी निक्षेपों/पालियो सेस्मोलॉजी

(iv) भूकंपीय आंकड़ों के प्रयोग से रप्चर प्रोपेगेशन मॉडलिंग

(v) भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने 22-29 मार्च, 2006 के बीच कालेज डे फ्रांस, पेरिस में "26 दिसम्बर, 2004 को सुमात्रा में भूकंप तथा भारत आस्ट्रलिया सबडक्शन" विषय पर आधारित सम्मेलन में भी भाग लिया।

[अनुवाद]

सौर ऊर्जा परियोजनाओं के वित्त पोषण हेतु बैंकिंग समूह

2734. श्रीमती अन्नू टंडनः क्या **नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सौर ऊर्जा संयंत्रों को स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का सौर ताप विद्युत परियोजनाओं के वित्त पोषण हेतु बैंकिंग समूह गठित करने का प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार उच्च लागत वाली सौर ऊर्जा से कम लागत वाली ताप विद्युत के साथ संयोजित करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस दिशा में अभी तक क्या प्रगति हुई है?

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (डा. फारूख अब्दुल्ला): (क) गत दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सरकार की विभिन्न स्कीमों के तहत सौर विद्युत संयंत्रों हेतु मंजूर की गई, जारी और उपयोग में लाई गई निधियों का ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(ख) और (ग) सरकार ने सौर विद्युत क्षेत्र में निवेश और साख को सुदृढ़ करने हेतु महत्वपूर्ण पहलुओं की पहचान करने और पर विचार करने हेतु एक कार्य दल का गठन किया था जिसमें बैंकों, भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी, विद्युत मंत्रालय और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल थे।

(घ) और (ङ) निम्न लागत तापीय विद्युत के साथ सौर विद्युत को मिलाने का प्रावधान जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय सौर मिशन के प्रथम चरण के तहत परियोजनाओं के द्वितीय बैच हेतु जारी रखा गया है। मिली-जुली तकनीक से सहायता के लिए चयनित सौर विद्युत परियोजनाओं की कुल क्षमता 1000 मेगावाट से भी ज्यादा हो गई है।

विवरण

योजना का नाम-ग्रिड इंटरएक्टिव सौर पीवी विद्युत उत्पादन पर प्रदर्शन कार्यक्रम

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	वित्तीय वर्ष 2009-10			वित्तीय वर्ष 2010-11			वित्तीय वर्ष 2011-12 (31.10.2011)		
		स्वीकृत राशि (लाख रू.)	जारी और उपयोग की गई राशि (लाख रू.)		स्वीकृत राशि (लाख रू.)	जारी और उपयोग की गई राशि (लाख रू.)		स्वीकृत राशि (लाख रू.)	जारी और उपयोग की गई राशि (लाख रू.)	
1.	आंध्र प्रदेश	-	-	-	0.00	0.00	0.00	312.80	312.80	0.00
2.	महाराष्ट्र	-	-	-	144.88	144.88	142.88	154.96	154.96	0.00
3.	पंजाब	-	-	-	76.57	76.57	76.57	74.44	74.44	0.00
4.	राजस्थान	-	-	-	178.57	178.57	178.57	1137.71	1137.71	292.71
5.	तमिलनाडु	-	-	-	-	-	-	1129.81	1129.81	652.74
6.	पश्चिम बंगाल	74.22	74.22	74.22	111.37	111.37	111.37	76.69	76.69	0.00
	कुल	74.22	74.22	74.22	511.38	511.38	509.38	2886.41	2886.41	945.45

योजना का नाम-टेल-एंड ग्रिड सम्बद्ध सौर विद्युत संयंत्रों पर प्रदर्शन कार्यक्रम

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	वित्तीय वर्ष 2009-10			वित्तीय वर्ष 2010-11			वित्तीय वर्ष 2011-12 (31.10.2011 तक)		
		स्वीकृत राशि	रिलीज की गई राशि	उपयोग की गई राशि राशि	स्वीकृत राशि	रिलीज की गई राशि	उपयोग की गई राशि	स्वीकृत राशि	रिलीज की गई राशि	उपयोग की गई राशि
1.	दिल्ली	96.88	52.03	52.03	324.06	116.84	35.83	393.77	106.45	8.00
2.	कर्नाटक	658.12	368.18	368.18	-	191.22	191.22	-	-	-
3.	पंजाब	631.10	219.57	153.01	-	316.87	-	-	-	-
4.	राजस्थान	737.50	185.00	-	-	0.00	-	-	-	-
	कुल	2123.60	824.78	573.22	324.06	624.93	227.05	393.77	106.45	8.00

नवजात शिशु सघन परिचर्या इकाइयों की स्थापना

2735. श्रीमती मेनका गांधीः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश के ग्रामीण क्षेत्रों में नवजात शिशु सघन परिचर्या इकाइयों की स्थापना करने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) और (ख) जी, हां।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरसीएच-II) के अंतर्गत नवजात शिशु मृत्यु को कम करने के लिए सुविधा आधारित नवजात शिशु परिचर्या एक महत्वपूर्ण कार्यनीति है।

देश के प्रत्येक जिला अस्पताल में एक विशेष नवजात शिशु परिचर्या स्थापित करने का प्रस्ताव है। इस समय देश में 293 विशेष नवजात शिशु परिचर्या एकक कार्य कर रहे हैं। राज्यवार ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं। राज्यों को विशेष नवजात शिशु परिचर्या एक स्थापित करने के लिए एनआरएचएम के अंतर्गत निधियां आवंटित की जाती हैं।

विवरण

विशेष नवजात शिशु परिचर्या एककों की स्थिति

क्र.सं.	राज्य	विशेष नवजात शिशु परिचर्या एककों की संख्या
1	2	3
1.	बिहार	8
2.	छत्तीसगढ़	2
3.	हिमाचल प्रदेश	2
4.	जम्मू व कश्मीर	2
5.	झारखंड	2
6.	मध्य प्रदेश	28
7.	ओडीशा	16
8.	राजस्थान	36
9.	उत्तर प्रदेश	7
10.	उत्तराखण्ड	1
11.	अरूणाचल प्रदेश	0
12.	असम	6

1	2	3
13.	मणिपुर	1
14.	मेघालय	0
15.	मिजोरम	0
16.	नागालैंड	0
17.	सिक्किम	0
18.	त्रिपुरा	0
19.	आंध्र प्रदेश	14
20.	गोवा	1
21.	गुजरात	34
22.	हरियाणा	6
23.	कर्नाटक	25
24.	केरल	16
25.	महाराष्ट्र	34
26.	पंजाब	0
27.	तमिलनाडु	30
28.	पश्चिम बंगाल	6
29.	अण्डमान व निकोबार द्वीपसमूह	1
30.	चंडीगढ़	1
31.	दादरा और नगर हवेली	1
32.	दमन और दीव	1
33.	दिल्ली	10
34.	लक्षद्वीप	0
35.	पुडुचेरी	2
	कुल योग	293

पीटीजी के बीच शिक्षा को बढ़ावा

2736. श्री पी.के. बिजू: क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान आदिम जनजातीय समूहों (पीटीजी) को शिक्षा मुहैया कराने के लिए विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत राज्य सरकारों को आवंटित, जारी की गयी निधियों तथा इनके उपयोग का राज्य-वार और स्कीम-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने पीटीजी के बीच शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कोई विशिष्ट योजनाएं प्रारंभ की हो;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान उनमें से राज्य-वार और योजना-वार लाभान्वित होने वाले व्यक्तियों की संख्या क्या है?

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला): (क) विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीटीजी) जिन्हें पहले आदिम जनजातीय समूहों के रूप में जाना जाता था, अनुसूचित जनजातियों में शिक्षा के संवर्धन के लिए बनी योजनाओं सहित इस मंत्रालय की सभी योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करते हैं। तथापि, "राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति" की योजना में पीटीजी के अभ्यर्थियों के लिए दो सीटों के आरक्षण जैसी कुछ योजनाओं के तहत पीटीजी के लिए कुछ विशेष प्रावधानों/प्राथमिकताओं के अलावा अनुसूचित जनजातियों के लिए शैक्षिक योजनाओं के तहत पीटीजी के लिए अलग बजट का आबंटन नहीं किया जाता था। "कम साक्षरता वाले जिलों में अनुसूचित जनजाति की लड़कियों में शिक्षा का सुदृढ़ीकरण की योजना इत्यादि के तहत पीटीजी द्वारा आबाद क्षेत्रों के लिए प्राथमिकता है। तथापि एक समग्र योजना है जो केवल पीटीजी के लिए बनी है-विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीटीजी) का विकास जिसके तहत शिक्षा से संबंधित गतिविधियां कार्यान्वयनकारी एजेंसियों द्वारा की जा सकती हैं।

उपलब्ध सूचना के अनुसार विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान संरक्षण यह विकास योजना के भाग के रूप में पीटीजी को शिक्षा प्रदान करने के लिए योजना के तहत आबंटित/निर्मुक्त तथा उपयोजित निधियां निम्नानुसार हैं:-

(लाख रू. में)

राज्य	2008-09		2009-10		2010-11		2011-12
	आबंटित/ निर्मुक्त	उपयोजित	आबंटित/ निर्मुक्त	उपयोजित	आबंटित/ निर्मुक्त	उपयोजित	आबंटित/ निर्मुक्त
त्रिपुरा	86.23	86.23	122.85	122.85	78.65	78.65	64.35
केरल	-	-	-	-	-	-	162.00
मध्य प्रदेश	623.17	623.17	1954.00	1954.00	1758.77	1758.77	1951.72
महाराष्ट्र	60.18	60.18	60-18	60.18	60.18	60.18	-
ओडीशा	144.50	144.50	101.20	10120	74.91	7491	-
राजस्थान	669.66	66966	710.16	71016	681.00	681.00	681.00
छत्तीसगढ़	52.70	52.70	78.00	78.00	342.00	-	-
छत्तीसगढ़ (एनजीओ घटक)	3.85	3.85	3.04	3.04	5.33	5.33	-
झारखण्ड (एनजीओ घटक)	158.87	158.87	191.17	191.17	17549	175.49	0.16

*वर्ष 2011-12 के लिए पहली किस्त उड़ीसा राज्य सरकार को निर्मुक्त कर दी गई है, शिक्षा के उद्देश्य हेतु निर्मुक्त यथातथ्य राशि देना संभव नहीं हैं।

(ख) जी नहीं।

(ग) और (घ) उपरोक्त (ख) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

स्वास्थ्य क्षेत्र के लंबित प्रस्ताव

2737. श्री नारनभाई कछाड़िया: क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार को गुजरात और मध्य प्रदेश राज्य सरकारों के स्वास्थ्य क्षेत्र संबंधी परियोजना प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत तथा रद्द की गई स्वास्थ्य परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा उन पर आने वाली लागत क्या है;

(ग) इस संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा कितनी धनराशि आबंटित/जारी की गयी है; और

(घ) लंबित परियोजना को कब तक स्वीकृति दिये जाने की संभावना है और उनके लंबित रहने के कारण क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) से (ग)

1. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम): स्वास्थ्य क्षेत्र से सम्बद्ध राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन एक सतत प्रक्रिया है। गुजरात और मूध्य प्रदेश राज्य सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें अपनी वार्षिक पीआईपी भारत सरकार को भेजती हैं जिनकी जांच की जाती है और एनपीसीसी द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत अनुमोदित कार्यकलापों के लिए अनुमोदन दिया जाता है। बाद में यदि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें अपनी विशिष्ट आवश्यकता के अनुसार कुछ अतिरिक्त कार्यकलाप शुरु करने की आवश्यकता महसूस करती हैं तो वे अनुपूरक प्रस्ताव

भेजती हैं। इस प्रस्तावों की मामला-दर-मामला के आधार पर जांच की जाती है और तदनुसार अनुमोदन दिया जाता है।

गुजरात राज्य के लिए आज तक राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति (एनपीसीसी) द्वारा 644.96 करोड़ रुपए की धनराशि और 68.23 करोड़ रुपए की धनराशि के अतिरिक्त प्रस्ताव (जेएसएसके के लिए 17.20 करोड़ रुपए सहित) अनुमोदित किए गए हैं।

मध्य प्रदेश राज्य के लिए आज तक राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति 990.97 करोड़ रुपए की धनराशि और वर्ष के दौरान 51.56 करोड़ रुपए की धनराशि के अतिरिक्त प्रस्ताव (जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के लिए) अनुमोदित किए गए हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत कार्यक्रम-वार आबंटन, निर्मुक्ति और व्यय संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

2. राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (एनएसीपी): राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटियों के जरिए क्रियान्वित किया जाता है। राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी (एसएसीएस) से कोई परियोजना प्रस्ताव नहीं मांगे जाते हैं। इसके बजाय, कार्यक्रम एक वार्षिक कार्य योजना के आधार पर क्रियान्वित किया जाता है जो राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी से परामर्श करके तैयार किया जाता है और उसके अंतर्गत कार्यकलाप चलाने के लिए निधियां निर्मुक्त की जाती है। विगत तीन वर्षों के दौरान वार्षिक कार्य योजना के अंतर्गत गुजरात और मध्य प्रदेश राज्यों को आबंटित की गई निधियां इस प्रकार हैं:

क्र.सं.	वर्ष	वार्षिक कार्य योजना (रुपये लाख में)	
		गुजरात	मध्य प्रदेश
1.	2008-09	3552.86	2458.36
2.	2009-10	4492.37	3435.79
3.	2010-11	4838.62	3547.89

3. राष्ट्रीय बधिरता निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीपीसीडी): 656.98 लाख रुपए के बजट के साथ गुजरात से सभी 26 जिलों में कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु गुजरात राज्य सरकार से राज्य पीआईपी 2010-11 में राष्ट्रीय बधिरता निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। इस कार्यक्रम को 654.38 लाख रुपए के बजट के साथ गुजरात के सभी 26 जिलों में क्रियान्वित करने का अनुमोदन प्रदान किया गया था जिसमें से वर्ष 2010-11 में 238.65 लाख रुपए पहली किस्त के रूप में निर्मुक्त किए गए थे। एनपीपीसीडी से संबंधित प्रस्ताव वर्ष 2008-09 की राज्य पीआईपी में मध्य प्रदेश के तीन जिलों में कार्यक्रम को क्रियान्वित करने और 97.30 लाख रुपए के बजट के साथ मध्य प्रदेश के तीन और जिलों में कार्यक्रम का विस्तार करने के लिए वर्ष 2009-10 में प्राप्त हुआ था। मध्य प्रदेश के 6 जिलों में कार्यक्रम को क्रियान्वित करने का अनुमोदन दिया गया था और वर्ष 2008-09 तथा वर्ष 2009-10 तक पहली किस्त के रूप में क्रमशः 27.415 लाख रुपए और 34.00 लाख रुपए निर्मुक्त किए गए।

4. राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीसीबी): गुजरात और मध्य प्रदेश सहित राज्य सरकारों से पीआईपी के रूप में राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम समेकित प्रस्ताव प्राप्त किए जाते हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राज्य प्राधिकारियों के साथ अनेक बैठकों में इन प्रस्तावों का मूल्यांकन किया जाता है और इन पर विचार विमर्श किया जाता है। संबंधित राज्यों/संघ-राज्य क्षेत्रों के लिए अनुमोदित पीआईपी के अनुसार वर्ष के दौरान निधियां निर्मुक्त की जाती है। इसलिए इस स्तर पर कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

विगत तीन वर्षों के दौरान एनपीसीबी के अंतर्गत गुजरात तथा मध्य प्रदेश को आबंटित तथा निर्मुक्त निधियों की स्थिति निम्नानुसार है:

गुजरात (रुपये करोड़ रुपये में)

वर्ष	आबंटित	निर्मुक्त
2008-09	1394.80	1414.98
2009-10	1888.70	1888.63
2010-11	1691.00	1530.76

मध्य प्रदेश (रुपये करोड़ में)

वर्ष	आबंटित	निर्मुक्त
2008-09	1207.72	1256.97
2009-10	1290.00	1286.78
2010-11	1000.00	1000.00

5. आयुष विभाग: यह प्रस्ताव गुजरात तथा मध्य प्रदेश में आयुष अस्पताल तथा औषधालयों को विकसित करने के लिए केन्द्रीकृत प्रायोजित योजना से संबंधित था। परियोजना के ब्यौरे संलग्न विवरण-II और III में दिए गए हैं।

गुजरात तथा मध्य प्रदेश सरकार ने उन्हें वित्तीय वर्ष 2009-10 तक निर्मुक्त किए अनुदानों के संबंध में उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किए हैं। इसलिए वित्त मंत्रालय के निदेशक के परिप्रेक्ष्य में गुजरात तथा मध्य प्रदेश के प्रस्तावों पर अनुमोदन किए जाने पर विचार नहीं किया गया है।

(घ) कोई भी प्रस्ताव लंबित नहीं है।

विवरण I

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

एनआरएचएम वित्त प्रभाग

वित्तीय वर्षों 2008-09 से 2011-12 तक के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आबंटन निर्मुक्त तथा व्यय दर्शाने वाला विवरण गुजरात

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	कार्यक्रम	2008-09			2009-10			2010-11			2011-12			कुल		
		आबंटन	निर्मुक्ति	व्यय	आबंटन	निर्मुक्त	व्यय	आबंटन	निर्मुक्ति	व्यय	आबंटन	निर्मुक्ति	व्यय	आबंटन	निर्मुक्ति	व्यय
1.	आर सी एच-II	117.94	79.09	94.58	125.09	124.85	122.81	142.02	162.02	170.11	156.90	156.90	48.10	541.95	522.86	435.60
2.	एन आरएचएम के अंतर्गत एडिशनल्टिज	101.58	101.58	239.12	133.80	182.56	303.75	157.50	167.50	322.32	193.17	193.17	77.86	586.05	644.81	943.05
3.	नेमी रोग प्रतिरक्षण	0.80	-	3.26	9.50	7.13	8.19	7.95	6.74	9.38	7.96	7.63	3.07	26.21	21.50	23.90
4.	पीपीआई	11.27	11.27	0.00	12.19	12.78	8.98	12.50	13.01	8.56	11.03	0.00	0.10	46.99	37.06	17.64
5.	अवसंरचना अनुरक्षण	139.53	114.99	121.26	139.23	120.96	144.32	164.75	164.75	203.07	182.15	136.62	58.11	625.67	537.31	526.76
6.	**राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम**															
क	आई डी एस पी	1.24	0.41	0.95	0.55	0.90	1.59	1.23	1.69	1.78	2.35	1.02	0.70	5.37	4.02	5.02
ख	एन आई डी डी सी पी	0.24	0.24	0.10	0.24	0.00	0.23	0.24	0.24	0.25	0.30	0.23	0.00	1.02	0.71	0.58
ग	एन एल ई पी	1.90	1.36	1.28	1.79	2.26	2.93	1.74	2.00	2.17	1.70	1.07	0.30	7.13	6.69	6.69
घ	एन पी सी बी	13.95	13.95	14.21	18.89	18.89	18.55	16.91	15.31	16.15	17.15	12.13	0.00	66.90	60.27	48.91
ङ.	एन वीबीडीसीपी*	13.24	4.83	4.83	6.98	11.16	3.81	5.31	2.67	3.20	6.83	0.00	0.93	32.37	18.66	12.77
च	आरएनटीसीपी*	12.38	15.09	15.83	16.64	19.06	19.11	18.54	20.87	20.89	21.07	11.40	9.89	68.63	66.42	65.71
	महायोग	414.07	342.81	495.43	464.90	500.55	634.27	528.69	556.79	757.88	600.61	520.15	199.06	2008.28	1920.31	2086.63

टिप्पणी: *वस्तुगत अनुदान सहित उल्लेख

वित्त वर्ष 2009-10, 2010-11 और 2011-12 (30.09.2011 तक) अनंतिम है।

आरसीएच और एम एफपी के लिए वित्त वर्ष 2011-12 के लिए 6.12.11 तक और अन्य कार्यक्रमों के लिए 15.11.2011 तक निर्मुक्तियां

उपर्युक्त निर्मुक्तियां केन्द्रीय सरकार अनुदान से संबंधित हैं और इनमें राज्य शेयर का भाग शामिल नहीं है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

वित्त वर्ष 2005-06 से 2010-11 के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आबंटन निर्मुक्ति और व्यय दर्शाने वाला विवरण मध्य प्रदेश एनआरएचएम वित्त प्रभाग

वित्त वर्ष 2008-09 से 2011-12 के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आबंटन निर्मुक्ति और व्यय दर्शाने वाला विवरण मध्य प्रदेश

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	कार्यक्रम	2008-09			2009-10			2010-11			2011-12			कुल		
		आबंटन	निर्मुक्ति	व्यय	आबंटन	निर्मुक्ति	व्यय	आबंटन	निर्मुक्ति	व्यय	आबंटन	निर्मुक्ति	व्यय	आबंटन	निर्मुक्ति	व्यय
1.	आर सी एच-II	183.00	316.84	350.57	194.07	244.07	340.74	220.34	271.34	375.84	242.84	242.84	146.13	840.25	1075.09	1213.08
2.	एनआरएचएम के अंतर्गत एडिशनलिटज	157.51	157.51	109.54	207.59	147.82	149.61	244.36	219.86	236.14	298.98	0.00	44.38	908.44	525.19	539.67
3.	नेमी रोग प्रतिरक्षण	8.00	4.60	13.19	14.75	9.10	16.32	12.34	12.34	15.42	12.32	15.09	5.69	47.41	41.13	50.62
4.	पीपीआई	19.57	19.57	18.78	55.20	14.72	0.00	14.72	15.00	4.94	15.00	0.00	0.04	104.48	49.29	23.76
5.	अवसंरचना अनुरक्षण	188.52	174.34	156.61	186.95	139.73	199.42	220.27	220.27	251.72	226.92	180.48	154.79	822.66	714.82	762.53
6.	**राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम**															
क	आई डी एस पी	1.83	0.00	2.09	2.07	2.01	1.94	1.65	1.98	2.44	2.89	0.00	0.45	8.44	3.99	6.92
ख	एन आई डी डी सी पी	0.20	0.13	0.00	0.20	0.00	0.00	0.20	0.00	0.00	0.24	0.00	0.00	0.84	0.13	0.00
ग	एन एल ई पी	3.34	2.73	1.71	2.57	0.60	1.39	2.57	1.57	1.36	260	1.31	0.11	11.08	6.20	4.56
घ	एन पी सी बी*	12.08	12.08	14.49	12.90	12.87	4.29	10.00	10.00	36.33	15.57	1620	0.00	50.55	51.15	55.12
ङ.	एन बीवीडीसीपी*	20.12	7.40	7.40	14.44	18.14	13.46	23.31	1825	15.64	3429	0.00	3.28	92.1	43.78	39.79
च	आरएनटीसीपी*	14.86	12.69	12.59	15.14	15.74	14.10	16.90	13.80	16.73	19.19	11.67	7.99	66.08	53.90	51.4
	कुल योग	609.02	707.88	686.97	705.88	604.79	741.28	766.66	784.40	956.56	870.83	467.59	362.85	2952.39	2564.67	2747

टिप्पणी*: वस्तुगत अनुदान सहित उल्लेख

वित्त वर्ष 2009-10, 2010-11 और 2011-12 (30.09.2011 तक) अनंतिम हैं।

आरसीएच और एम एफपी के लिए वित्त वर्ष, 2011-12 के लिए 6.12.11 तक और अन्य कार्यक्रमों के लिए 15.11.2011 तक निर्मुक्तियां

उपर्युक्त निर्मुक्तियां केन्द्रीय सरकार अनुदान से संबंधित हैं और इनमें राज्य शेयर का भाग शामिल नहीं है।

विवरण II

आयुष अस्पतालों एवं औषधालयों के विकास के लिए केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत गुजरात राज्य सरकार को निर्मुक्त निधियों और प्राप्त प्रस्तावों के ब्यौरे

क्र.सं.	वर्ष	राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्ताव	निर्मुक्त निधियां (रुपये लाख में)	टिप्पणियां
1	2	3	4	5
1.	2008-09	आयुर्वेद के 118 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के विशिष्ट क्लिनिकों की स्थापना के लिए 1180.00 रुपये	1180	
		552 स्वास्थ्य केन्द्रों में विशिष्ट क्लिनिकों की स्थापना के लिए 1656.00 लाख रुपये का आवर्ती अनुदान	1240.84	414 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए निधियां निर्मुक्त की गई हैं।
		श्री सहजा नन्द सार्वजनिक अस्पताल मांडवी कच्छ गुजरात में पंचकमी थेरेपी केन्द्र की स्थापना के लिए 22.00 रुपये	22	
		720 आयुष औषधालयों के लिए आवश्यक औषधि की आपूर्ति हेतु 180.00 लाख रुपये	180	प्रस्ताव को शीर्ष समिति ने अनुमोदन किया परन्तु लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र के कारण निधियां निर्मुक्त नहीं की जा सकी।
2.	2009-10	720 आयुष औषधालयों के लिए आवश्यक औषधि की आपूर्ति हेतु 180.00 लाख रुपये	Nil	
		24 आयुष औषधलयों के उन्नयन के लिए आवश्यक औषधियों की आपूर्ति के लिए 1520.64 लाख रुपये	Nil	प्रस्ताव में कमियों तथा लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र के कारण निधियां निर्मुक्त नहीं की जा सकी।
3.		732 आयुष औषधालयों में आवश्यक औषधियों की आपूर्ति के लिए 306 लाख रुपये	Nil	प्रस्ताव में कमियों तथा लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र के कारण निधियां निर्मुक्त नहीं की जा सकी।
		24 आयुष अस्पतालों के उन्नयन के लिए 1070.64 लाख रुपये	405.35	5 इकाइयों के लिए 132.81 लाख रुपये की गैर-आवर्ती अनुदान निर्मुक्त की गई तथा 24 इकाईयों के लिए 272.54 लाख रुपये का आवर्ती अनुदान निर्मुक्त किया गया। शेष अनुदान निधियों की कमी के कारण निर्मुक्त नहीं किया जा सका।
		739 आयुष अस्पतालों के उन्नयन के लिए 5433.90 लाख रुपये	815.58	95 इकाईयों के लिए गैर आवर्ती एवं आवर्ती दोनों ही निर्मुक्त किए गए हैं। शेष अनुदान निधियों की कमी के कारण निर्मुक्त नहीं किया जा सका।
		पीएमयू इकाई की स्थापना के लिए 9.60 लाख रुपये	शून्य	प्रस्ताव में कमियों तथा लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र के कारण निधियां निर्मुक्त नहीं की जा सकी।
		आर के एस इकाई की स्थापना के लिए 160 लाख रुपये	शून्य	प्रस्ताव में कमियों तथा लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र के कारण निधियां निर्मुक्त नहीं की जा सकी।

1	2	3	4	5
4.	2011-12	कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के लिए 16.98 लाख रुपये	शून्य	प्रस्ताव में कमियों तथा लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र के कारण निधियां निर्मुक्त नहीं की जा सकी।
		स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली की स्थापना के लिए 10.16 लाख रुपये	शून्य	प्रस्ताव में कमियों तथा लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र के कारण निधियां निर्मुक्त नहीं की जा सकी।
		739 आयुष औषधालयों की आवश्यक औषधी के लिए (523-आयुर्वेद, 216 होम्योपैथी) 464.00 लाख रुपये	शून्य	प्रस्ताव में कमियों तथा लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र के कारण निधियां निर्मुक्त नहीं की जा सकी।

पीएचसी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

आर के एस रोगी कल्याण समिति

विवरण-III

आयुष अस्पतालों एवं औषधालयों के विकास के लिए केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य सरकार को निर्मुक्त निधियों और प्राप्त प्रस्तावों के ब्यौरे

क्र.सं.	वर्ष	राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्ताव	निर्मुक्त निधियां (रुपये लाख में)	टिप्पणियां
1	2	3	4	5
1.	2008-09	1617 आयुष औषधालयों को आवश्यक औषधियों की आपूर्ति	398.68	
		1433 आयुष औषधालयों को आवश्यक औषधियों की आपूर्ति	583.55	
2.	2009-10	16 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को आवर्ती सहायता	47.06	
		12 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	646.27	
3.	2010-11	11 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	592.41	
		103 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को आवर्ती सहायता	113.82	
		40 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को आवर्ती सहायता	85	
		कार्यक्रम प्रबंधन इकाई	6.9	

1	2	3	4	5
		35 जिला अस्पतालों के लिए आवर्ती सहायता एवं 100 आयुष औषधालयों के उन्नयन के लिए 1112.00 लाख रुपये	शून्य	वर्ष 2008-09 तक निर्मुक्त की गई निधि के बारे में लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र के कारण शीर्ष समिति ने प्रस्ताव का अनुमोदन नहीं किया।
4.	2011-12	1623 आयुष अस्पताल एवं औषधलयों को आवश्यक औषधियों के लिए 776.00 लाख रुपये	शून्य	वर्ष 2009-10 तक निर्मुक्त अनुदान के बारे में लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र के कारण निधियां निर्मुक्त नहीं की जा सकी।
		आयुष औषधालयों के उन्नयन के लिए 1250 लाख रुपये	शून्य	
		373 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएससी) एवं 36 जिला अस्पतालों के लिए 260.45 लाख रुपये की आवर्ती सहायता	शून्य	

[अनुवाद]

खसरा टीकाकरण अभियान

2738. श्री के. सुगुमारः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वैक्सीन की एकल खुराक द्वारा खसरे की रोकथाम की जा सकती है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने कोई खसरा टीकाकरण अभियान चलाया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या खसरा रोको अभियान के अन्तर्गत 13 करोड़ से अधिक बच्चों को कवर करने का अनुमान है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) जी नहीं, वैक्सीन की एकल खुराक जब 9 महीने की आयु पर दी जीती है तब 85% बच्चों का बचाव होता हैं

(ख) जी, हां, सरकार ने खसरे की दुसरी खुराक देने के लिए खसरा टीकाकरण अभियान शुरू किया है।

(ग) खसरे के टीके को 9 महीने की आयु में दिए जाने पर 85% बच्चों का खसरे से बचाव होता है। देश में इस पर तथा खसरे की कवरेज पर ध्यान देते हुए सरकार ने, राष्ट्रीय रोग प्रतिरक्षण तकनीकी सलाहकार समुह (एनटीएजीआई) की संस्तुति के अनुसार खसरे की दूसरी खुराक की शुरूआत की है। जिला स्तरीय घरेलू सर्वेक्षण 3 के अनुसार उन 14 राज्यों में जिनमें 80% से कम खसरे की कवरेज है, उनमें दूसरी खुराक देने के लिए खसरा टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। शेष रह गए 21 राज्यों में जहां खसरे की कवरेज 80% से अधिक है उनमें नेमी रोग प्रतिरक्षण के अंतर्गत खसरे की दूसरी खुराक शुरू कर दी गई है।

(घ) और (ङ) जी, हां, वर्ष 2010 से एक चरणबद्ध तरीके से 9 महीने से 10 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों का लक्ष्य रखते हुए 14 राज्यों में खसरे की दूसरी खुराक के कैचअप अभियान के अंतर्गत 13 करोड़ से अधिक बच्चों को कवर करने की आशा है। ये राज्य

उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, असम, अरूणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड व त्रिपुरा हैं।

[हिन्दी]

एम्स के डॉक्टर

2739. श्री ए. टी. नाना पाटीलः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉक्टरों का निजी अस्पतालों में सेवा ग्रहण के मामले का संज्ञान लिया है जो उन्हें आकर्षक वेतन और भत्तों की पेशकश कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा डॉक्टरों को निजी अस्पतालों में सेवा देने से रोकने के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) से (घ) यह देखा गया है कि विगत तीन वर्षों में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के 14 संकाय सदस्यों ने या तो स्वैच्छिक सेवानिवृति ले ली है अथवा त्यागपत्र दे दिया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान से कार्यमुक्त किए जाने के बाद चिकित्सकों के पेशे के बारे में आंकड़े रखने की कोई प्रक्रिया/पद्धति नहीं है। तथापि छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन से चिकित्सकों और संकाय सदस्यों की सेवा शर्तों में सुधार आया है।

स्वसहायता समूहों को सहायता

2740. श्रीमती ज्योति धुर्वेः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबाड) के सूक्ष्म वित्त कार्यक्रम के अन्तर्गत स्व सहायता समूहों को सहायता मुहैया कराती है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान राज्य-वार, विशेषकर मध्य प्रदेश और गुजरात का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उनकी वर्तमान स्थिति क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) से (ग) भारत सरकार ने सूक्ष्म वित्त अभियान को सहायता देने के लिए सूक्ष्म वित्त विकास और इक्विटी निधि (एमएफडीईएफ) का निर्माण करने की सुविधा दी है। इस निधि का उद्देश्य गरीबों विशेषकर महिला और समाज के वंचित वर्गों के लिए वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए विविध तौर-तरीकों के जरिए सूक्ष्म वित्त क्षेत्र के क्रमिक विकास को सुकर बनाना तथा इसकी सहायता करना है। एमएफडीईएफ का कुल 'कार्पस' 400 करोड़ रु. है जिसमें आरबीआई, नाबार्ड तथा वाणिज्यिक बैंकों द्वारा 2:2:1 के अनुपात में अंशदान किया जाता है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान एमएफडीईएफ में से मध्य प्रदेश और गुजरात राज्य में एसएचजी के संवर्धन और उनके प्रशिक्षण के लिए विभिन्न एजेंसियों को दी गई सहायता का ब्यौरा नीचे दिया गया हैः-

(रु. लाख में)

राज्य/वर्ष	2008-09	2009-10	2010-11
मध्य प्रदेश	38.27	33.66	36.76
गुजरात	29.85	39.60	36.43

31 अक्टूबर, 2011 की स्थिति के अनुसार, एमएफडीईएफ के तहत 262.46 करोड़ रु. के प्राप्त कुल अंशदान के मुकाबले संचयी व्यय 257.81 करोड़ रु. रहा।

शहरी सहकारी बैंक

2741. श्री एन. चेलुवरया स्वामीः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के शहरी सहकारी बैंकों की वित्तीय स्थिति दिनों-दिन खराब होती जा रही है तथा वित्तीय रूप से सुदृढ़ शहरी सहकारी बैंक वित्तीय रूप से कमजोर शहरी सहकारी बैंकों के व्यवसाय को अधिग्रहण करने में ज्यादा रूचि नहीं ले रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या वित्तीय रूप से कमजोर शहरी सहकारी बैंकों के खातेधारक तथा हितधारक अपनी जमाराशि में से एक लाख रूपए से अधिक की राशि के शेयर लेने को तैयार नहीं हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) से (ङ) शहरी सहकारी बैंकों की कुल संख्या में शामिल वित्तीय रूप से कमजोर शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) (श्रेणी III एवं IV बैंक) की संख्या के प्रतिशत में उल्लेखनीय गिरावट आई है। 31 मार्च, 2004 की स्थिति के अनुसार यह गिरावट 38% थी, जो मार्च, 2011 की समाप्ति पर कम होकर 18% हो गई। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा यूसीबी के विलय/समामेलन संबंधी दिशानिर्देश वर्ष 2005 में जारी किए गए थे। तब से 31.03.2011 तक 89 कमजोर यूसीबी में विलय कर दिया गया है।

यूसीबी की वित्तीय पुनर्निर्धारण योजना, एक लाख रुपए से अधिक की व्यक्तिगत जमा राशियों के एक भाग को इक्विटी में परिवर्तित कर, समस्यामूलक बैंकों के समाधान हेतु एक अतिरिक्त विकल्प के रूप में दिसम्बर, 2007 में इस उद्देश्य के साथ तैयार किया गया था कि कमजोर एवं ऋणात्मक शुद्ध मालियत वाले बैंक अपनी शुद्ध मालियत की धनात्मक बनाने में समर्थ हो सके। विभिन्न बैंकों ने एक लाख रूपए से अधिक की जमा राशियों को इक्विटी में परिवर्तित करने हेतु भारतीय रिजर्व बैंक की अनुमति मांगी है और भारतीय रिजर्व बैंक ने मौजूदा अनुदेशों के अनुसार निम्नलिखित बैंकों को अनुमति प्रदान की है:-

(i) मण्डी शहरी सहकारी बैंक लिमिटेड, हिमाचल प्रदेश

(ii) महालक्ष्मी सहकारी बैंक लिमिटेड, धारवाड, कर्नाटक

(iii) अभिनव सहकारी बैंक लिमिटेड, राहुड़ी

(iv) नासिक पीपल्स सहकारी बैंक लिमिटेड

(v) कृष्णा वेली सहकारी बैंक लिमिटेड, कुपवाड, संगली

(vi) चित्तूर सहकारी टाउन बैंक लिमिटेड, चित्तूर, आंध्र प्रदेश

(vii) भीमावरम सहकारी शहरी बैंक लिमिटेड, आंध्र प्रदेश

[हिन्दी]

महिलाओं और बच्चों का पुनर्वास

2742. कुमारी सरोज पाण्डेयः क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने आतंकी अथवा नक्सली हमलों में मारे गए व्यक्तियों की पत्नियों तथा बच्चों की आजीविका का पुनर्वास करने के लिए कोई विशेष कार्य-योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उनसे राज्य-वार ऐसी कितनी महिलाओं और बच्चों के लाभान्वित होने की संभावना है?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ): (क) और (ख) राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भावना प्रतिष्ठान (एन.एफ.सी.एच.) जो गृह मंत्रालय के अन्तर्गत सरकार का एक स्वायत्त संगठन है, योजना आयोग द्वारा निर्धारित मानदण्डों के आधार पर गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यावन कर रहे परिवारों के बच्चे जो साम्प्रदायिक दंगों, जातिवाद, आतंकी या आतंकवादी हिंसा में अनाथ या बेसहारा हो चुके हैं उनकी देखरेख, शिक्षा तथा प्रशिक्षण के लिए संबंधित जिलाधिकारियों/उपायुक्तों/जिला मजिस्ट्रेटों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

इसके अलावा, देखरेख तथा संरक्षण के जरूरतमंद बच्चों के पुनर्वास तथा समेकन हेतु सरकार का महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, समेकित बाल संरक्षण स्कीम (आई.सी.पी.एस.) के अन्तर्गत किशोर न्याय (बच्चों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2000 के अन्तर्गत स्वयं राज्य सरकारों या स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से गृहों तथा विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसियों की स्थापना तथा उसके रख-रखाव के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों को वर्ष 2009-10 से वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है।

सरकार ने ग्रामीण विकास मंत्रालय के माध्यम से गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन कर रही 40 से 59 वर्ष के आयु वर्ग की विधवाओं के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन स्कीम (आई.जी.एन. डब्ल्यू. पी.एस.) तथा 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन स्कीम (आई.जी.ओ.ए.पी.एस) कार्यान्वित की है।

सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के माध्यम से कठिन परिस्थितियों में रह रही महिलाओं के पुनर्वास हेतु स्वाधार गृह स्कीम भी कार्यान्वित कर रही है।

आतंकी या नक्सली हमलों में मारे गये पतियों/पिता की विधवाओं तथा बच्चों को उपर्युक्त स्कीम के लक्षित लाभार्थियों में शामिल किया गया है।

(ग) भविष्य में, इन स्कीमों के अन्तर्गत सहायता के जरूरतमन्द ऐसी महिलाओं तथा बच्चों की संख्या का अनुमान लगा पाना असम्भव है।

नेत्रदान शिविरों हेतु अनुदान

2743. श्री हुक्मदेव नारायण यादवः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार और रेडक्रास समिति विभिन्न राज्यों में नेत्रदान शिविरों और अन्य स्वास्थ्य मेलों के लिए अनुदान प्रदान करती है;

(ख) यदि हां, तो बिहार में गत पिछले वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान उक्त उद्देश्य हेतु किन-किन नेत्र अस्पतालों/संस्थानों को अनुदान दिया गया तथा कितनी अनुदान राशि जारी की गयी;

(ग) क्या इस उद्देश्य हेतु निर्धारित मानदण्डों को पूरा करने के बावजूद मधुबनी स्थित शंकर नेत्रालय सहित अनेक नेत्र अस्पतालों/संस्थानों को निधियां स्वीकृत नहीं की गयी हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए/किए जाने का प्रस्ताव है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) और (ख) स्वाथ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम को संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के माध्यम से विकेन्द्रीकृत ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत भाग लेने के लिए नेत्र अस्पतालों/संस्थाओं का चयन करने और उन्हें निधियां जारी करने की भूमिका राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की है। बिहार सहित राज्यों में नेत्र दान समेत नेत्र-परिचर्या कार्यकलापों के लिए नेत्र-अस्पतालों/संस्थाओं को केन्द्रीय स्तर पर कोई निधियां जारी नहीं की जाती हैं।

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी (एनएचक्यू), नई दिल्ली ने सूचना दी है कि वे राज्यों में नेत्र दान शिविरों और ऐसे अन्य स्वास्थ्य मेलों को आयोजित करने के लिए कोई अनुदान प्रदान नहीं करते हैं।

(ग) और (घ) स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, बिहार द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट के अनुसार, मधुबनी में शंकर नेत्रालय द्वारा वर्ष 1999 से किसी नेत्र दान शिविर का आयोजन नहीं किया गया है जिसके लिए निधियां जारी की जानी हैं।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र

2744. श्री गोरखनाथ पाण्डेयः क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों के कार्यनिष्पादन का कोई आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और उसका निष्कर्ष क्या है; और

(ग) इन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए है अथवा उठाए जाने का विचार है?

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला): (क) जी, हां।

(ख) वर्ष 2006-07 में इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा गुजरात, कर्नाटक, उड़ीसा, केरल तथा असम राज्यों में व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र (वीटीसी) का अध्ययन कराया गया है। अध्ययन की मुख्य सिफारिशें निम्नानुसार हैं:

(i) व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र (वीटीसी) की योजना जारी रखी जाए क्योंकि यह काफी हद तक वांछित उद्देश्यों की पूर्ति कर रही है।

(ii) किसी प्रशिक्षण का उद्देश्य लोगों के विद्यमान व्यवसायों में उनके शिल्पों का विकास करना होना चाहिए। विद्यमान व्यवसाय से परिवर्तन करने के लिए स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए तथा यह प्रसंग से बाहर नहीं होना चाहिए।

(iii) वीटीसी की योजना के कार्यान्वयन में लगे जनजातीय विकास के राज्य तथा जिला अधिकारियों को सुग्राही बनाने की आवश्यकता है।

(iv) वीटीसी की योजना को कृषि के आधुनिकीकरण तथा कृषि एवं वन आधारित उद्यमों के विकास पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए क्योंकि अधिकतर जनजातीय लोग अभी भी कृषि एवं लघु वन उत्पादों पर निर्भर हैं।

(v) अधिक से अधिक महिला उन्मुख ट्रेडों को लाया जाना चाहिए जैसे कंप्यूटर, फैशन प्रौद्योगिकी/डिजाइन, इंटिरियर

डिजाइनिंग, हॉसपीटेलिटी, कटिंग, सिलाई एवं कताई, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन तथा कॉल सेंटरों में काम करने के लिए प्रशिक्षण।

(vi) ट्रेडों की संगतत एवं विपण्यता को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न ट्रेडों में व्यावसायिक प्रशिक्षण की शुरुआत करने से पूर्ण बाजार का सर्वेक्षण किया जाना चाहिए।

(ग) व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए योजना को 01.04.2009 से संशोधित किया गया है। संशोधित योजना में (i) योजना के तहत वित्तीय सहायता बढ़ाई गई हैं (ii) दो ट्रेडों में प्रशिक्षण के बजाय प्रशिक्षणार्थी उसकी पसंद के एक ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं तथा प्रशिक्षण की अवधि को छह माह के बजाए एक वर्ष तक बढ़ाया जाता है; (iii) पहले से स्थापित व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों तथा संस्थानों के अलावा राज्य सरकार निजी मान्यता प्राप्त संस्थानों में अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण की सिफारिश भी करे। उन संस्थानों को प्राथमिकता दी जाती है जो प्रशिक्षण पूरा होने के उपरांत प्लेसमेंट/रोजगार की गारंटी देता है।

[अनुवाद]

साहूकारों से कृषकों को ऋण

2745. श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी: क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कृषकों द्वारा साहूकारों से लिए गए ऋण की राशि का पता लगाने के लिए कोई सर्वेक्षण कराया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने ऋण ग्रस्त कृषकों को ऋण से मुक्त कराने तथा उन्हें साहूकारों के पंजों से छुड़ाने के उद्देश्य से कोई योजना/कार्यक्रम/सांविधिक ऋण राहत आयोग बनाया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को सुधारने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) से (ङ) "राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) कृषकों की स्थिति मूल्यांकन सर्वेक्षण 2003" के अनुसार, कृषक परिवार का साहूकारों से ऋण 25.7 प्रतिशत वर्ष 2003 में प्रति परिवार 3,237 रु. बकाया था।

भारत सरकार ने किसानों को बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने के लिए अनेक उपाय किए गए हैं। इन उपायों में निम्नलिखित शामिल हैं:-

(i) किसानों को 7 प्रतिशत वार्षिक की ब्याज दर पर एक वर्ष की अवधि हेतु 3 लाख रुपए तक के अल्पावधि फसल ऋण उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 2006-07 से ब्याज सहायता योजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है। भारत सरकार वर्ष 2009-10 से तत्पर आदाता किसानों अर्थात जो अपने ऋण समय पर अदा पर वापिस अदा करते हैं, को अतिरिक्त ब्याज सहायता प्रदान कर रही है। अतिरिक्त सहायता 2009-10 में 1% और 2010-11 में 2% थी। वर्ष 2011-12 में इसे बढ़ाकर 3% किया जा रहा है।

(ii) कृषि ऋण माफी एवं ऋण राहत योजना (एडीडब्ल्यूडीआरएस) 2008 से वह ऋण प्रणाली शुरू हो गई है जो किसानों पर ऋण के बोझ के कारण बंद हो गई थी।

(iii) बैंकों को सलाह दी गई है कि वे 50,000 रु. तक के लघु ऋणों के लिए एवं सीमांत किसानों, बंटाईदारों और इनसे मिलते-जुलते लोगों से "नो ड्यूज" प्रमाणपत्र लेने की अपेक्षा को छोड़ दें और इसें बजाय उधारकर्ता से स्व-घोषणा पत्र प्राप्त करें।

(iv) आरबीआई ने बैंकों को सलाह दी है कि वे 1,00,000 रु. तक के कृषि ऋणों के लिए मार्जिन/जमानती अपेक्षाओं को माफ कर दें।

(v) बैंकिंग सुविधाओं की पहुंच का विस्तार ग्रामीण आबादी तक करने के लिए बैंकों ने 2000 से अधिक आबादी वाले ऐसे 73,000 गांवों की पहचान की है जिनमें मार्च, 2012 तक बैंकिंग सुविधाएं प्रदान की जानी हैं। राज्य स्तर बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) संयोजक बैंक से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 45000 ऐसे गावों को कवर कर लिया गया है।

(vi) घरेलू अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के अलावा) को रिपोर्ट करने की शर्त के अधीन (i) टीयर 3 से टीयर 6 केन्द्रों (49,999 तक की आबादी वाले) में और (ii) उत्तर-पूर्वी राज्यों एवं सिक्किम के ग्रामीण, अर्ध-शहरी और शहरी केन्द्रों में शाखाएं/मोबाइल शाखाएं खोलने की

सामान्य अनुमति दी गई है। आरबीआई ने बैंकों को सलाह दी है कि अपनी वार्षिक शाखा विस्तार योजना (एबीईपी) तैयार करते समय बैंकों को वर्ष के दौरान खोले जाने वाली प्रस्तावित शाखाओं की कुल संख्या का कम से कम 25 प्रतिशत बैंक रहित ग्रामीण (टीयर 5 और टीयर 6) केन्द्रों के लिए आवंटित करना चाहिए।

बैंकों में आस्ति गुणवत्ता

2746. श्री आर. ध्रुवनारायणः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान क्रेडिट कार्ड तथा व्यक्तिगत ऋण उत्पाद क्षेत्रों पर भारी दबाव के कारण बैंकों की आस्ति गुणवत्ता में धीरे-धीरे कमी आयी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कारण क्या हैं; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उपचारी उपाय किए गए हैं/ किए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) और (ख) मार्च, 2011 के अंत में सकल अनर्जक आस्तियों के प्रति बैंकों का सकल अग्रिम अनुपात 2.35% था जो सितंबर, 2011 में बढ़कर 2.87% हो गया है। तथापि, मार्च, 2009 से सितम्बर, 2011 की अवधि में बैंकों की अनर्जक आस्तियों में क्रेडिट कार्ड और वैयक्तिक ऋण का जो योगदान सकल में हुआ है उस योगदान की अनर्जक आस्तियों के सकल में कुल मिलाकर कमी हुई है।

की समाप्ति पर	सकल एनपीए और सकल अग्रिम (%)	अनर्जक क्रेडिट कार्ड प्राप्य	कुल सकल	कुल सकल एनपीएके % के रूप में अनर्जक वैयक्तिक ऋण प्राप्य	अनर्जक वैयक्तिक ऋण	कुल सकल एनपीए के % के रूप में अनर्जक वैयक्तिक ऋण प्राप्य
मार्च 2009	68,222	2.44	5,094	7.5	11,268	16.5
मार्च 2010	81,816	2.50	3,653	4.5	9,897	12.1
मार्च 2011	94,088	2.35	2,946	3.1	9,985	10.6
सितम्बर 2011	119,124	2.87	2,660	2.2	11,726	9.8

स्रोतः बैंकों द्वारा प्रस्तुत नवीनतम अद्यतिम स्थलेत्तर विवरण, अनंतिम और घरेलू परिचालन

(ग) भारतीय रिवर्ज बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति बनाने की सलाह दी है जिसमें बैंक की ऋण जोखिम नीति निहित हो। इसके अलावा, उससे यह अपेक्षा भी की गई है कि वे मंजूरी प्राधिकारी के स्तर को तय करे और ऐसी ऋण समीक्षा करे जिससे आरंभ मे ही चेतवानी के संकेत प्राप्त हो और किसी खाते के एनपीए में तब्दील होने से पूर्व उपचारात्मक कार्रवाई के सुझाव दिए जाए। बैंकों से एनपीए की निगरानी करना और वसूली/अन्य माध्यमों के द्वारा इसे कम करने के लिए कदम उठाए जाने अपेक्षित है। आरबीआई भी सतत आधार पर बैंकों के एनपीए स्तर की निगरानी करता है। जब कभी भी एनपीए स्तर में वृद्धि की प्रवृत्ति पायी जाती है, आरबीआई द्वारा एनपीए कम करने के लिए संबंधित बैंकों के साथ यह मुद्दा उठाया जाता है और प्रगति की निगरानी की जाती है।

बैंक वसूली के जिन माध्यमों को अपना सकते हैं, उनमें वित्तीय आस्ति का प्रतिभूतिकरण और पुनर्सरचना एवं प्रतिभूति ब्याज का प्रवर्तन (एसएआरएफईएसआई) अधिनियम, 2002 ऋण वसूली अधिकरण, लोक अदालत इत्यादि शामिल हैं।

एनएचआरडी की स्थापना

2747. श्री ई.जी. सुगावनमः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियामक और विकास प्राधिकरण (एनएचआरडीए) की स्थापना करने का है;

(ख) यदि हां, तो इसके प्रस्तावित प्रकार्यों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रस्तावित प्राधिकरण भेषज तथा मेडिकल उपकरणों का विनियमन भी करेगा; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) योजना आयोग ने अक्टूबर, 2010 में भारत के लिए व्यापक स्वास्थ्य कवरेज पर एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समूह (एच एल ई जी) स्थापित किया था। उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समूह ने अपनी रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियामक एवं विकास प्राधिकरण स्थापित करने की अनुशंसा की है। उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समूह की अनुशंसाएं योजना आयोग के विचाराधीन हैं।

(ख) उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समूह ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियामक एवं विकास प्राधिकरण के अंतर्गत निम्नलिखित तीन यूनिट के लिए अनुशंसा की है:

(i) प्रणाली सहायता यूनिट, जो यू एच सी प्रणाली के लिए मानक उपचार दिशानिर्देश, प्रबंधन प्रोटाकॉल और गुणवत्ता आश्वासन विधियां विकसित करने के लिए जिम्मेदार होगी। यह विधिक वित्तीय एवं विनियामक मानदंडों तथा यूएचसी प्रणाली के लिए प्रबंधन सूचना प्रणाली विकसित करने के लिए जिम्मेदार होगी।

(ii) राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा प्रत्यायन यूनिट, जो सरकारी एवं निजी, दोनों क्षेत्रों के सभी एलोपैथिक एवं आयुष स्वास्थ्य परिचर्या प्रदायकों तथा सभी स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं के अनिवार्य प्रत्यायन के लिए जिम्मेदार होगी।

(iii) स्वास्थ्य प्रणाली मूल्यांकन युनिट, जो इनपुटों, आउटपुटों एवं आउटकम के कार्य निष्पादन की मानीटरिंग के लिए वस्तविक समय पर आकड़ा प्राप्त करने के लिए प्रणलियां स्थापित करने के बाद सभी स्तरों पर सरकारी एवं निजी स्वास्थ्य सेवाओं के कार्यानिष्पादन का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करने के लिए जिम्मेदार होगी।

(ग) और (घ) जी, नहीं, उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समूह ने फार्मास्यूटिकल एवं चिकित्सा युक्तियों को विनियमित करने तथा सुरक्षित एवं सस्ते उत्पादों तक रोगी की पहुंच प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय औषध विनियामक एवं विकास प्राधिकरण स्थापित करने की अनुशंसा की है।

राष्ट्रीय जनजाति कल्याण परिषद

2748. क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय जनजाति कल्याण परिषद की स्थापना करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रकार की परिषद की स्थापना के क्या कारण हैं;

(ग) देश में मुख्य भूमि से अलग-अलग पड़ी जनजातीय बस्तियों की संख्या कितनी है; और

(घ) उन्हें मुख्य भूमि से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जाने का प्रस्ताव है?

जनजातीय मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला): (क) और (ख) जनजातीय कार्य मंत्रालय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनजातीय कल्याण परिषद का गठन 03.09.2010 को कर चुका है जिसमें निम्नलिखित सदस्य हैं:-

(i) जनजातीय कार्य मंत्री, भारत सरकार

(ii) वित्त मंत्री, भारत सरकार;

(iii) कृषि मंत्री, भारत सरकार;

(iv) गृह मंत्री, भारत सरकार;

(v) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार;

(vi) पर्यावरण एवं वन मंत्री, भारत सरकार;

(vii) मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार;

(viii) ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार;

(ix) महिला एवं बाल विकास मंत्री, भारत सरकार;

(x) संस्कृति मंत्री, भारत सरकार

(xi) खान मंत्री, भारत सरकार;

(xii) कोयला मंत्री, भारत सरकार;

(xiii) विद्युत मंत्री, भारत सरकार;

(xiv) उपाध्यक्ष, योजना आयोग;

(xv) आंध्र प्रदेश/गुजरात/हिमाचल प्रदेश/महाराष्ट्र/राजस्थान/उड़ीसा/झारखंड/मध्यप्रदेश/छत्तीसगढ़/असम/मेघालय/मिजोरम/त्रिपुरा (अनुसूची v तथा अनुसूची vi राज्य) के मुख्यमंत्री;

(xvi) प्रधानमंत्री द्वारा दो वर्षों के लिए नामित किए जाने वाले दो विशेषज्ञ;

(xvii) सचिव, जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, सदस्य सचिव के रूप में;

राष्ट्रीय जनजातीय कल्याण परिषद के उद्देश्य निम्नानुसार हैं:-

(i) देश में अनुसूचित जनजाति समुदायों के जीवन में सुधार करने के लिए वृहद नीति दिशानिर्देश देना।

(ii) वन अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन की समीक्षा करना।

(iii) संविधान की अनुसूची v एवं अनुसूची vi के कार्यान्वयन की समीक्षा करना।

(iv) जनजातीय उपयोजना के कार्यान्वयन की निगरानी करना।

(v) विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों की सुरक्षा के उद्देश्य वाले कार्यक्रमों की निगरानी करना।

(ग) और (घ) यह मंत्रालय देश के मुख्य भाग से कटे जनजातीय आवासों के आंकड़े नहीं रखता है। केन्द्रीय मंत्रालय/विभाग, राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन और स्वैच्छिक संगठन अगम्य और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों सहित जनजातीय जनसंख्या के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए योजनाओं/कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करते हैं। जनजातीय लोगों को देश की मुख्य धारा में लने के लिए जनजातीय क्षेत्रों/आवासों के संयोजन में अंतर को दूर करना ऐसी योजनाओं/कार्यक्रमों के महत्वपूर्ण में से एक है।

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में सरकारी सेवाओं में जनजातियों को आरक्षण

2749. श्री विष्णु पद रायः क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या जनजातीय कल्याण मंत्री ने दिनांक 3/6/2010 के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या 12016/35/03 टीए (आरएल)/सी एवं एलएम-1 द्वारा संसद सदस्य को पत्र लिखा है कि छोटानागपुरी आदिवासी, ओरॉव, मुण्डा इत्यादि को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल करने संबंधी मामले को अंडमान एवं निकोबार प्रशासन को उनकी टिप्पणियों/विचार के लिए भेजा गया;

(ख) यदि हां, तो उक्त पत्राचार के क्या परिणाम रहे;

(ग) अनुसूचित जनजातियों के लिए अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में समूह 'ग' एवं 'घ' पदों पर सीधी भर्ती हेतु कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा दिनांक 5/7/2005 के पत्र संख्या 36071/1/2004-स्थापना (आरक्षण) के माध्यम से प्रस्तावित आरक्षण का प्रतिशत कितना है;

(घ) अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में अनुसूचित जनजातियों को किस अवधि तक 12 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था और अब दिए जाने वाले आरक्षण का प्रतिशत कितना है;

(ङ) क्या उपरोक्त वर्णित वर्गों को शेष 4 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जनजातीय मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला): (क) जी, हां।

(ख) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (एएंडएनआई) प्रशासन ने सूचित किया है कि "2008 की सं. 9845-9847 सहित अपील (सिविल) सं. 8040-42/2007, रांची एसोसिएशन बनाम भारत सरकार और अन्य को विशेष छूट" भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय में न्याय निर्णयाधीन है और अगली कार्रवाई उस आदेश पर आधारित होगी। ये टिप्पणियां माननीय संसद सदस्य को संप्रेषित कर दी गई हैं।

(ग) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह ने सूचित किया है कि कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने दिनांक 5.7.2005 के कार्यालय ज्ञापन द्वारा अनुसूचित जनजातियों के लिए अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में समूह "ग" और "घ" पदों के लिए सीधी भर्ती हेतु 8 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव रखा था।

(घ) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह प्रशासन ने यह भी सूचित किया है कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अनुसूचित जनजाति को 23.06.2011 से 12 प्रतिशत आरक्षण दिया गया और अब अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अनुसूचित जनजाति को 8 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है।

(ङ) जी, नहीं।

(च) उपर्युक्त (ङ) के उत्तर के मद्देजनर प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

एनआईबी पर प्रतिबंध

2750. श्री भूपेन्द्र सिंहः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय बायोलॉजीकल संस्थान (एनआईबी) पर रक्त उत्पादों तथा नैदानिक किटों का परीक्षण करने के लिए प्रतिबंध लगाया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कारण क्या हैं;

(ग) क्या प्रतिबंध के बावजूद केन्द्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ), पश्चिमी जोन ने एनआईबी को रक्त उत्पादों तथा नैदानिक किटों के नमूने भेजे थे;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन उत्पादों के विनिर्माताओं के नाम क्या हैं; और

(ङ) उपरोक्त चूक के लिए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गयी है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) और (ख) औषध महानियंत्रक (भारत) [डीसीजी (I)] ने दिनांक 18.7.2007 को केन्द्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के पोर्ट तथा जोनल कार्यालयों को लिखा था कि वे रक्त उत्पादों तथा नैदानिक किटों के नमूने अगले आदेशों तथा परीक्षण के लिए राष्ट्रीय बायोलाजीकल संस्थान (एनआईबी) को न भेजें। तथापि, जोनल कार्यालयों को परीक्षणों के लिए दिनांक 10.2.2009 से नूमनों को एनआई बी को भेजने की स्वीकृति दी गई थी।

(ग) से (ङ) जुलाई 2007 से फरवरी, 2009 के बीच सीडीएससीओ (पश्चिमी जोन) से एन आई बी को निम्नलिखित नमूने प्राप्त हुए थेः

(i) रक्त उत्पाद

1. रिलायन्स लाइफ साइसेज, मुंबई (274)
2. सिलेस्टियल बायोलोजिकल लिमिटेड, अहमदाबाद (14)
3. भारत सीरम एवं वैक्सीन, मुंबई (2)

(ii) नैदानिक किटे 3 किटें स्पान डायग्नोस्टिक सूरत से प्राप्त हुई थी।

एन आई बी को जांच के लिए नमूने भेजने हेतु विनिर्माता को औषध एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली, 1945 के अंतर्गत जारी लाइसेंस की शर्त के कारण नूमने भेजे गए थे। तत्कालीन निदेशक (एनआईबी) के विरुद्ध उनके कार्यकाल के दौरान संस्थान में हुई कथित अनियमितताओं के लिए अनुशासनात्मक कार्यवाहियां की गई थी। उन्हें उनके मूल कार्यालय में वापस भी भेज दिया गया था।

भारतीय कंपनियों का विश्वास बढ़ाना

2751. श्री ताराचन्द भगोराः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हाल ही में भारतीय करेंसी के भारी अवमूल्यन के कारण कुछ शीर्ष व्यावसायिक घरानों/कंपनियों, जिनके उद्यम विदेशों में भी हैं, को भारी क्षति होने की रिपोर्ट मिली है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रकार की कंपनियों का विश्वास बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा): (क) भारतीय व्यावसायिक घरानों/कंपनियों जिनके उद्यम विदेशों में भी है, के उभरते यूरो जोन संकट से प्रभावित होने की संभावना है। रुपये के मूल्यह्रास से रुपये के संदर्भ में विदेशी मुद्रा ऋण शोधन की लागत बढ़ सकती है। तथापि, रुपये के मूल्यह्रास से रूपये मूल्य में आवक लाभांश/लाभों, विप्रेषणों का मूल्य भी बढ़ सकता है।

(ख) रुपये की कीमत को स्थिर करने और पूंजी बाजार को सक्रिय करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं हाल ही में उठाए गए नीतिगत कदमों में अन्य बातों के साथ-साथ ये शामिल हैंः व्यापार ऋणों की ऑल-अन-कॉस्ट सीमा में वृद्धि, विदेशी वाणिज्यिक उधार संबंधी मानदंडों को उदार बनाना, रुपया व्यय के लिए विदेशों में जुटाई गई ईसीबी प्राप्तियों को देश में लाने की आवश्यकता कारपोरेट और सरकारी प्रतिभूतियों में विदेशी संस्थागत निवेशों की सीमा को बढ़ाना तथा अनिवासी भारतीय जमाराशियों पर ब्याज दरों को बढ़ाना। डालर-आपूर्ति को बढ़ाने के लिए रिजर्व बैंक ने बाजार में बैंकों की निवल मुद्रा आपूर्ति की स्थिति पर लगाई गई 100 मिलियन अमरीकी डालर की सीमा भी हटा दी है।

कोयले के मूल्यों को नियंत्रित करना

2752. श्री उदय सिंहः क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) के विद्युत संयंत्रों को आपूर्तित कोयले के मूल्यों को नियंत्रित करने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल): (क) जी, नहीं।

(ख) उपर्युक्त (क) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

कर के मामले

2753. श्रीमती जे. शांताः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तारीख के अनुसार आयकर, केन्द्रीय उत्पाद, सीमा तथा सेवा कर कार्यलयों में विभागीय अधिकारियों के पास न्यायनिर्णयन हेतु कितने मामले लंबित हैं;

(ख) उनके पास कितने मामले एक वर्ष, दो वर्षों से अधिक समय से लंबित पड़े हुए हैं;

(ग) इन मामलों में कितनी धनराशि फंसी हुई है;

(घ) क्या इस प्रकार के मामलों के निपटान हेतु कोई समय-समय निर्धारित है;

(ङ) यदि हां, तो उक्त समय-सीमा का पालन न करने के क्या कारण हैं; और

(च) इस प्रकार के मामलों को शीघ्रता से निपटाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाये जाने का प्रस्ताव है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम): (क) विभागीय अधिकारियों के पास न्यायनिर्णयन हेतु लंबित आयकर, केन्द्रीय उत्पाद, सीमा शुल्क तथा सेवा कर के मामलों की संख्या निम्न है:-

मामले के प्रकार	कुल संख्या
केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (30.9.2011 के अनुसार)	21200
सीमा शुल्क (31.8.2011 के अनुसार)	10593
सेवा कर (30.9.2011 के अनुसार)	28429
आयकर (31.08.2011 के अनुसार)	206523

(ख)

मामलों का प्रकार	1-2 वर्ष	2-3 वर्ष	3 वर्षों से अधिक
केन्द्रीय उत्पाद शुल्क	1376	285	104
सीमा शुल्क	716	121	246
सेवा कर	12816 मामले एक वर्ष से अधिक के लिए लंबित है। दो और तीन वर्षो से अधिक के लिए लंबित मामलों के ब्यौरे का रखरखाव नहीं किया जाता है।		
आयकर	कुल लंबित में से, 83227 अपील 31.3.2010 से लंबित हैं। 80832 अपील लंबित हैं जिनकी जांच 1.4.2010 और 31.3.2011 के बीच शुरू की गई और 42914 अपीलों की जांच 1.4.2011 के बाद शुरू की गई है। इन मामलों के वर्षवार लंबन के द्विशाखन का रखरखाव नहीं किया जाता है।		

(ग) (करोड़ रुपए में)

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क	22037.89
सीमा शुल्क	7209.15
सेवा कर	22759
आयकर	250622

(घ) और (ङ) अप्रत्यक्ष करों के मामले में, सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 28 की उपधारा (2क) और केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 11 क की उप धारा 11 में समाहित उपबंधों के अनुसार, जहां ऐसा करना संभव हों, धोखेबाजी, सांठ-गांठ, तथ्यों को छिपाना आदि से संबंधित मामलों पर एक वर्ष की अवधि के भीतर न्यायनिर्णयन किया जाना है और अन्य मामलों पर नोटिस देने की तारीख से छह माह की अवधि के भीतर करना है। ऐसे मामलों पर एक वर्ष की अवधि के भीतर न्यायनिर्णन करने के लिए विभागीय निर्देश भी जारी किए गए हैं। निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर इन मामलों को न्यायनिर्णयन करने में देरी कार्यविधि अपेक्षाओं के कारण हैं जिन्हें प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को पूरा करने के लिए अपेक्षित किया गया है।

प्रत्यक्ष कर के मामले में आयकर अधिनियम 1961 की धारा 250 (6 क), में निम्न प्रावधान है:-

"आयुक्त (अपील), जहां ऐसा संभव हो, ऐसी अपीलों पर उस वित्तीय वर्ष, जिसमें ऐसी अपील उनके समक्ष फाइल की है, की समाप्ति से एक वर्ष की अवधि के भीतर सुनवाई करेगा एवं निर्णय लेगा।"

अधिनियम में कोई बाध्यकारी समय सीमा निर्दिष्ट नहीं है बल्कि केवल आयकर आयुक्त (अपील) द्वारा अपीलों के न्यायनिर्णयन हेतु सुझावात्मक समय सीमा निर्धारित है। एक वर्ष की उक्त सीमा के भीतर मामलों का निपटान करने के लिए सर्वोत्तम प्रयास किए जाते हैं। तथापि कई मामलों में, कारकों जैसे मामलों के तथ्यों और परिस्थितियों के कारण, आगे जांच की आवश्यकता, कर-निर्धारिती द्वारा प्रतिवेदन में देरी या अन्य ठोस कारणों से, आयकर आयुक्त (अपील) अपील को निर्णित करने में एक वर्ष से अधिक का समय ले सकते हैं। अपीलों की अधिक संख्या (वर्कलोड) को देखने के लिए जनशक्ति की कमी है जोकि अपीलों के शीघ्र निपटान पर प्रतिकूल रूप से प्रभाव डालती है।

(च) न्यायनिर्णयन मामलों के लंबन की मानिटरिंग की जाती है और क्षेत्रीय कार्यालयों को समय-समय पर इनके शीघ्र निपटान हेतु उपयुक्त निर्देश जारी किए जाते हैं। प्रत्यक्ष करों के संबंध में, आयुक्त (अपील) के लिए एक केन्द्रीय कार्ययोजना तैयार की गई है जिसमें मामलों के शीघ्र निपटान के उपाय शामिल हैं।

बच्चों को त्वरित न्याय हेतु न्यायालय

2754. श्री पी.आर. नटराजनः
श्री आर. ध्रुवनारायणः

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश भर में आपराधिक/अपराधों से पीड़ित बच्चों को त्वरित न्याय, राहत देने और उनकी देखभाल के लिए कोई विधिक न्यायालय कार्य कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं; और

(घ) बाल न्यायालय मुहैया कराने के लिए क्या कार्रवाई की गई है/की जा रही है?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ): (क) से (घ) बालक अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) अधिनियम, 2005 की धारा 25 में बाल अपराध या बाल अधिकार हनन के मामलों के शीघ्र कानूनी निपटान का उपबंध हैं, राज्य सरकार उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से इन व्यथित अपराधों की कानूनी कार्यवाही हेतु राज्य या प्रत्येक जिले में एक न्यायालय एक सत्र न्यायालय को बाल न्यायालय के रूप में अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट कर सकती हैं।

बालक अधिकारी संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) अधिनियम, 2005 की धारा 25 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (एनसीआर) तथा केरल सरकारों ने बाल न्यायालय स्थापित किए हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली ने प्रत्येक पुलिस जिले में एक अतिरिक्त सत्र न्यायालय को बाल न्यायालय के रूप में विनिर्दिष्ट किया है तथा केरल सरकार ने प्रत्येक जिले में प्रधान सत्र न्यायालय को बाल न्यायालयों को बाल न्यायालय के रूप में विनिर्दिष्ट किया है।

इसके अतिरिक्त, गोवा बाल अधिनियम, 2003 के अंतर्गत राज्य में दंडिक अपराधों से पीड़ित बच्चों के शीघ्र न्याय दिलाने हेतु गोवा में भी एक बाल न्यायालय मौजूदा है।

सीपीसीआर अधिनियम, 2005 किसी भी राज्य सरकार को बाल न्यायालय स्थापित करने के लिए अधिदेश नहीं देता है।

तंबाकू सेवन को बढ़ावा देने की गतिविधियों के दुष्प्रभाव

2755. श्री रूद्रमाधव रायः
श्री प्रताप सिह बाजवाः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने फिल्मों/टेलीविजन कार्यक्रमों में धूम्रपान दर्शाने तथा गुटखा एवं पान मसाले के उपयोग को दिखाए जाने के दुष्परिणाम तथा तंबाकू सेवन को बढ़ावा देने वाली विभिन्न गतिविधियां जो तंबाकू-रोधी अभियान के सामने बढ़ी चुनौती पैदा करती हैं, का संज्ञान लिया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने देश में हाल ही में आयोजित फार्मूला वन रेस सहित विभिन्न खेल स्पर्धाओं के दौरान राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय तंबाकू कंपनियों द्वारा ब्रांड प्रोमोशन गतिविधियों को नोट किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार फिल्मों तथा टेलीविजन कार्यक्रमों में धूम्रपान तथा गुटखा/पान मसाले के उपयोग पर प्रतिबंध/रोक लगाने खेल एवं इस प्रकार की अन्य स्पर्धाओं के दौरान तंबाकू कंपनियों द्वारा ब्रांड प्रोमोशनल गतिविधियों को रोकने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) मंत्रालय ने "सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध एवं व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति एवं वितरण का विनियमन) अधिनियम, (सीओटीपीए) 2003" जो सभी तंबाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विज्ञापनों, संवर्धन तथा प्रायोजन को प्रतिबंधित करता है, की धारा-5 के सख्त अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को पत्र लिखा है।

इसके अलावा, इस मंत्रालय ने राज्य स्वास्थ्य सचिव, उत्तर प्रदेश एवं प्रसारण मंत्रालय, युवा मामले मंत्रालय तथा खेल और जे पी स्पोर्ट्स, एफ-I मोटर रेस के आयोजक को यह सुनिश्चित करने के लिए पत्र लिखा था कि देश में फार्मूला वन रेस के दौरान राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू कंपनियों द्वारा ब्रांड को बड़ावा देने वाले क्रियाकलापों का आयोजन न किया जाए।

(घ) और (ङ) भारत सरकार ने दिनांक 27-10-2011 के सा.का. नि. सं. 786 (ई) के तहत" सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध एवं व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति एंव वितरण का विनियमन (दूसरा संशोधन) नियम, 2011 को अधिसूचित किया है जिसमें फिल्मों और टेलीविजन कार्यक्रमों में स्क्रीनिंग व प्रसारित किए जा रहे तंबाकू उत्पादों को दर्शाने व इस्तेमाल के लिए विनियमों का प्रावधान किया गया है।

सीओटीपीए, 2003 की धारा 5 में यह प्रावधान किया गया है कि सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पादों के उत्पादन, आपूर्ति या वितरण कार्य में नियोजित या नियोजित किए जाने के लिए अभिप्रेत कोई भी व्यक्ति विज्ञापन नहीं देगा और किसी प्रचार माध्यम पर नियंत्रण रखने वाला कोई भी व्यक्ति उस माध्यम से तंबाकू या किन्हीं तंबाकू उत्पादों का विज्ञापन नहीं करवाएगा तथा ऐसा कोई भी व्यक्ति किसी ऐसे विज्ञापन में भाग नहीं लेगा जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सिगरेट या किन्हीं अन्य तंबाकू उत्पादों के इस्तेमाल या उपभोग का सुझाव देता हो या उसे बढ़ावा देता हो

मेडिसिन स्ट्रिप की ब्रिक्री

2756. श्री पूर्णमासी राम: क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कैमिस्टों द्वारा ग्राहकों को टेबलेट्स की पूरी स्ट्रिप खरीदने का आग्रह करने और स्ट्रिप काटने अथवा उससे कम बेचने से मना करने के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस प्रकार की घटनाओं को मॉनीटर करने और शिकायतों की जांच के लिए सरकार के पास तंत्र उपलब्ध है;

(घ) क्या इस प्रकार की प्रथा उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है तथा प्रतिबंधित व्यापार व्यवहार है जिससे उपभोक्ताओं पर अनावश्यक वित्तीय बोझ पड़ता है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं/किए जाने का प्रस्ताव है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) से (ङ) औषध एवं प्रसाधन-सामग्री नियमावली, 1945 के अंतर्गत मेडिसिन की पूरी स्ट्रिप अथवा भागों में बिक्री के लिए कोई नियम निर्धारित नहीं किए गए हैं। पूरी स्ट्रिप खरीदने से उपभोक्ताओं को औषधों के बैच नंबर तथा वैधता समाप्ति की तारीख के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। औषधों के विनिर्माण एवं बिक्री पर विनियामक नियंत्रण औषध एवं प्रसाधन-सामग्री अधिनियम के अंतर्गत राज्य सरकारों द्वारा नियुक्त किए गए राज्य अनुज्ञापन प्राधिकरणों द्वारा रखा जाता है।

जीटीएल इन्फ्रा स्ट्रक्चर कंपनियों द्वारा कर अपवंचन

2757. श्री सुशील कुमार सिंहः क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जीटीएल नामक किसी अवसंरचना कंपनियों ने पांच सौ करोड़ रुपये का कर अपवंचन करने की बात स्वीकार की है और आय कर प्राधिकारियों को अतिरिक्त कर देयता का भुगतान करने पर सहमति व्यक्ति की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) आईटी प्राधिकारियों द्वारा सरकार से जालसाजी करने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कंपनियों के प्रोमोटर्स के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई है कि प्रोमोटर्स वित्तीय संस्थानों के पास गिरवी रखे अपने शेयरों को बेच न सके; और

(घ) शेयरधारकों के हितों की रक्षा करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस. एस. पलानीमनिकम): (क) जी, हां।

(ख) 2010 में की गई एक तलाशी कार्रवाई के फलस्वरूप एक समूह ने 500.65 करोड़ रुपए की अप्रकट आय स्वीकार की थी।

(ग) और (घ) आयकर विभाग केवल प्रत्यक्ष कर कानूनों को प्रशासित करता है जिसमें लेखाबाह्य अथवा अप्रकट आय का खुलासा करना ऐसी राशियों को कराधान में लाने की कार्रवाईयां शामिल हैं। उसे प्रमोटरों द्वारा शेयरों के विक्रय को रोकने का अधिकार नहीं है जब तक कि शेयरों की प्रत्यक्ष कर कानूनों के तहत कुर्की अथवा जब्ती नहीं की जाती।

बच्चों में आयोडीन की कमी से विकृति

2758. श्री एस.एस. रामासुब्बू : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में किए गए अध्ययन को नोट किया है कि प्रतिवर्ष भारत में पैदा हुए तकरीबन 50 प्रतिशत बच्चे आयोडीन की कमी से पीड़ित है जिससे दिमाग की क्षति सहित विभिन्न रोग और विकृतियां पैदा होती हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में बच्चों के बीच आयोडीन की कमी से बड़े पैमाने पर विकृति के क्या कारण हैं; और

(घ) देश में आईडीडी से बच्चों की रक्षा के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): (क) और (ख) आयोडीन अल्पताजन्य विकास सभी राज्यों/संघ क्षेत्रों में व्यापक रूप से व्याप्त हैं। इसके परिणामस्वरूप शारीरिक एवं मानसिक मंदता, निम्न बौद्धिक स्तर (आई क्यू), स्कूल में घटिया प्रदर्शन, न्युरो-मोटर विकार, बधिर-मूटिनिज्म, बौनापन, भेंगापन, क्रेंटिनिज्म, सभी आयु में घेंघा, गर्भपात मृत बच्चों का जन्म आदि हो सकता है। यह सभी आयु एवं दोनों लिंगों तथा विभिन्न सामाजिक-आर्थिक स्थिति के लोगों को प्रभावित करता है।

(ग) आयोडीन अल्पता जन्य विकारों के मुख्य कारण निम्नलिखित हैं:-

(i) स्थानीय स्तर पर उगाए गए खाद्य पदार्थ में आयोडीन की अल्पता होती है और ये आयोडीन की दैनिक आवश्यकता को पूरी नहीं कर पाते हैं।

(ii) कवरेज मूल्यांकन सर्वेक्षण रिपोर्ट, 2009 के अनुसार, देश में परिवार स्तर पर पर्याप्त रूप से आयोडीनयुक्त नमक का उपभोग मात्र 71 प्रतिशत है। प्रतिदिन केवल 10 ग्राम आयोडीनयुक्त नमक का उपभोग ही आयोडीन की दैनिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

(घ) आयोडीन अल्पता जन्य विकारों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए भारत सरकार देश में बच्चों सहित संपूर्ण जनसंख्या के लिए एनआरएचएम के समग्र नियंत्रणधीन केंद्रीय सहायता प्राप्त राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता जन्य विकार नियंत्रण कार्यक्रम कार्यान्वित कर रही है। इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य जिला आईडीडी सर्वेक्षण/पुर्नसर्वेक्षण करना, आयोडीन नमक के मानव उपभोग को बढ़ावा देना, नमक एवं मूत्र की प्रयोगशाला मानीटरिंग, स्वास्थ्य शिक्षा एवं प्रचार-प्रसार कार्य करना है। आयोडीन अल्पता जन्य विकार प्रकोष्ठ एवं आईडीडी मानीटरिंग प्रयोगशाला स्थापित करने, जिला आईडीडी सर्वेक्षण करने केवल आयोडीन युक्त नमक के सेवन के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए स्वास्थ्य शिक्षा एवं प्रचार-प्रसार हेतु सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त उत्पादन स्तर पर आयोडीनयुक्त नमक के गुणवत्ता नियंत्रण के लिए नमक आयुक्त के कार्यालय को निधियां प्रदान की जाती है।

स्ववित्तपोषित कालेजों में मेडिकल शिक्षा

2759. श्री के.पी. धनपालनः क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्ववित्तपोषित मेडिकल कालेजों में मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाये जाने का प्रस्ताव है;

(ख) क्या इन मेडिकल कालेजों में अध्यापकों की नियुक्ति का मानकीकरण करने के लिए भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) द्वारा कोई दिशानिर्देश जारी किए गए है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) संसद के एक अधिनियम के अंतर्गत स्थापित भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद एक सांविधिक निकाय है जो देश में चिकित्सा शिक्षा के उच्च मानक स्थापित करने और उन्हें बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है। केन्द्र सरकार के विधिवत अनुमोदन से इस संबंध में भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद द्वारा बनाए गए विनियम भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद के कार्यक्षेत्र में आने वाले सभी मेडिकल कॉलेजों पर बाध्यकारी हैं चाहे वे सरकारी हो अथवा निजी हों अथवा स्ववित्तपोषित हों।

(ख) और (ग) भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद ने मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति का मानकीकृत करने के लिए "चिकित्सा संस्थानों में शिक्षकों हेतु न्यूनतम अर्हता विनियम, 1998" जारी किए हैं।

विश्व बैंक से सहायता प्राप्त स्वास्थ्य परियोजनाओं में भ्रष्टाचार

2760. श्री अघलराव पाटील शिवाजीः
श्री आनंदराव अडसुलः
श्री गजानन ध. बाबरः
श्री दुष्यतः सिंहः
श्री धमेन्द्र यादवः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विश्व बैंक को 2006 में प्रारंभ की गयी विस्तृत क्रियान्वयन समीक्षा (डीआईआर) में अपनी वित्तपोषित कतिपय स्वास्थ्य परियोजनाओं में एचआईवी/एड्स मलेरिया तथा तपेदिक उन्मूलन में गंभीर जालसाजी और भ्रष्टाचार का पता चला है;

(ख) यदि हां, तो इन स्वास्थ्य परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और उनमें पाई अनियमितताओं की राज्य-वार/संघ-राज्यक्षेत्र-वार प्रकृति क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा इस संबंध में कोई विस्तृत जांच करायी गयी है/कराये जाने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और दोषी पाए गए व्यक्तियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गयी है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) से (घ) जी, हां। ब्यौरे निम्नानुसार हैं:-

1 मामला सं. (आरसी) 2 (ई)/2010 ई ओ यू VII दिनांक 01-04-2010 वर्ष 2003 और 2004 के दौरान मैसर्स ग्लोबल स्पिन वीव लिमिटेड, गाजियाबाद ने मैसर्स रेल इंडिया टेक्नीकल एंड इकोनामिक सर्विस लिमिटेड (राईट्स) के अज्ञात अधिकारियों के साथ एक आपराधिक षडयंत्र किया और जाली कार्य-निष्पादन प्रमाणपत्रों के बल के आधार पर मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत बिस्तर मचछरदानियों के अधिप्रापण की आपूर्ति हेतु ओदश प्राप्त किए। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा इसकी छानबीन की जा रही है।

2 मामला सं. (आरसी), 3 (ई)/2010 ई ओ यू-VII दिनांक 01.04.2010 मैसर्स ग्लोबल स्पिन वीव लिमिटेड, गाजियाबाद, ने वर्ष 1999 के दौरान मैसर्स होस्पिटल सर्विसेज कन्सलटेंसी कारपारेशन अज्ञात अधिकारियों के साथ एक आपराधिक षडयंत्र किया और जाली कार्य-निष्पादन प्रमाणपत्रों के बल के आधार पर प्रजनन तथा बाल स्वास्थ्य-I परियोजना के अंतर्गत फार्मास्युटिकल्स किटों की आपूर्ति के लिए आदेश प्राप्त कर लिए। छानबीन के पश्चात सीबीआई ने अदालत में समापन रिपोर्ट दायर कर दी है। यह मामला अदालत में जांच के अधीन है।

3 मामला सं. (आर सी) 3 (ई)/2010/ई ओ यू- IX दिनांक 01-04-2011, मैसर्स सिस्टोनिकस इंटरप्राइसिस प्राईवेट लिमिटेड, (अम्बालाल साराभाई इंटरप्राइसिस लिमिटेड) ने वर्ष 2004 से 2006 के दौरान खाद्य तथा औषधि क्षमता निर्माण परियोजना के अंतर्गत निविदा देने के मामले में एचएससीसी के अज्ञात अधिकारियों के साथ एक आपराधिक षड्यंत्र किया और छह

फलेश फोटोमीटर्स के लिए निविदा में समापन रिपोर्ट दायर कर दी है। अदालत में इस मामले की जांच की जा रही है।

4 मामला सं. (आर सी) 4(ई)/2010/ई ओ यू-IX दिनांक 01-04-2010, मैसर्स केमिटो टैक्नोजोजिस प्राईवेट लिमिटेड से संबंधित, वर्ष 2004 से 2006 के दौरान खाद्य तथा औषध क्षमता निर्माण परियोजनाओं के अंतर्गत निविदा के मामले में एचएचसीसी के अज्ञात अधिकारियों के साथ एक आपराधिक षड्यंत्र किया और छह फलेम फोटोमीटर्स के निविदा में जाली/नकली कार्य- निष्पादन प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए। सीबीआई द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है।

5 मामला सं.5 (ई)/2010/ई ओ यू-IX दिनांक 01-04-2010 संबंधित-मैसर्स एसएम साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट प्राईवेट लिमिटेड ने वर्ष 2004 से 2006 के दौरान खाद्य तथा औषधि क्षमता निर्माण परियोजनाओं के अंतर्गत निविदा दिए जाने के मामले में एचएससीसी के अज्ञात अधिकारियों के साथ एक आपराधिक षड्यंत्र किया और छह फलेम फोटोमीटर्स के लिए निविदा में जाली/नकली कार्य-निष्पादन प्रमाणपत्रों को प्रस्तुत किए। सीबीआई द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है।

6 सीबीआई प्रारंभिक जांच सं. 071/2008 (ई) 0001 विश्व बैंक द्वारा डीआईआर में कर्नाटक राज्य एड्स नियत्रंण सोसाइटी द्वारा एनजीओं को अनुदान प्रदान करने के संबंध में रिश्वत और जालसाजी के आरोप निहित थे। चूंकि परिस्थितिगत साक्ष्य से जालसाजी पद्धतियों का पता चला, अतः मामला सीबीआई के पास भेजा गया जिसने तत्कालीन परियोजना निदेशक के खिलाफ प्रारंभिक जांच दर्ज कर ली। छानबीन के पश्चात सीबीआई का यह निष्कर्ष था कि तत्कालीन परियोजना निदेशक की ओर से एनजीओ के चयन और उसे कार्य/परियोजना प्रदान करने के मामले में तथ्यों तथा परिस्थितियों के कारण अनियमितताओं के शुरू होने का पता चला है और उसने पदाधिकारी के खिलाफ उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई करने की सिफारिश की है। कर्नाटक सरकार को सीबीआई की रिपोर्ट भेज दी गई है, जिसने अभी तक कोई उत्तर नहीं दिया है।

7 सीबी प्रारंभिक जांच सं. 072/2008 (ई) 0001 विश्व बैंक द्वारा डीआईआर में छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा एनजीओ को अनुदान प्रदान करने के संबंध में रिश्वत और जालसाजी के आरोप निहित है। परिस्थिति जन्य साक्ष्य से जालसाजी का पता चला है। यह मामला सीबीआई को भेजा गया था जिसने तत्कालीन परियोजना निदेशक के खिलाफ प्रारंभिक जांच दर्ज कर ली। छानबीन के पश्चात सीबीआई ने यह निष्कर्ष निकाला यद्यपि, तथ्यों तथा परिस्थियों से तत्कालीन परियोजना निदेशक और अन्य अधिकारियों की ओर से अधिप्रापण और कार्यान्वयन के लिए फर्मो के चयन और उन्हें कार्य/परियोजना प्रदान किए जाने के मामले में अनियमितताएं इंगित होती हैं, तथापि एक नियमित मामला दर्ज करने के लिए सामग्री पर्याप्त नहीं है। छत्तीसगढ़ सरकार को सीबीआईकी रिपोर्ट भेज दी गई है जिसने अभी तक कोई उत्तर नहीं दिया है।

अध्यक्ष महोदयाः सभा मध्यान 12.00 बजे पुनः समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

पूर्वाह्न 11.03

तत्पश्चात लोक सभा मध्याह्न 12.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई।

मध्याह्न 12.00 बजे

लोक सभा मध्याह्न 1200 बजे पुनः समवेत हुई
(अध्यक्ष महोदया पीठासीन हुई)

अध्यक्ष द्वारा बधाई

एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वीरेन्द्र सहवाग द्वारा विश्व रिकार्ड बनाए जाने पर उन्हे बधाई

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदयाः माननीय सदस्यों, मैं अपनी ओर से और सभा की ओर से एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 219 रन बनाने पर, जो कि विश्व कीर्तिमान है, श्री वीरेन्द्र सहवाग को हार्दिक बधाई देती हूं।

इस जोशीले सलामी बल्लेबाज ने यह प्रशंसनीय उपलब्धि कल इन्दौर में वेस्टइंडीज के साथ हुए चौथे एक दिवसीय मैच के दौरान प्राप्त की। यह असाधारण उपलब्धि राष्ट्रीय गौरव का विषय है और हमारे देश के उभरते क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

हम श्री वीरेन्द्र सहवाग को उनके भावी प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हैं। हम भारतीय क्रिकेट टीम को उसके अदभुत प्रदर्शन के लिए बधाई देते हैं।

अपराह्न 12.01 बजे

[अनुवाद]

सभा पटल पर रखे गए पत्र

अध्यक्ष महोदयाः अब सभा पटल पर पत्र रखे जाएंगेः

वित्त मंत्री (श्री प्रणब मुखर्जी): अध्यक्ष महोदया, आपकी अनुमति से मैं राजवित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम, 2003 की धारा 7 की उप-धारा (1) के अंतर्गत मध्य-वर्षीय विश्लेषण-2011-12 की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं:

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5437/15/11]

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दिनिशा पटेल): अध्यक्ष महोदया, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:

(1) कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (क) की उपधारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):

(क) (एक) मिनरल एक्सप्लोरेशन कॉरपोरशन लिमिटेड, नागपुर के वर्ष 2010-2011 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा

(दो) मिनरल एक्सप्लोरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड, नागपुर का वर्ष 2010-2011 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5438/15/11]

(ख) (एक) भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड, कोलार गोल्ड फील्ड का वर्ष 2010-2011 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड, कोलार गोल्ड फील्ड का वर्ष 2010-2011 का वार्षिक प्रतिवेदन लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5439/15/11]

(2) (एक) जवाहर लाल नेहरू एल्युमिनियम रिसर्च डवेलपमेंट एण्ड डिजाइन सेंटर, नागपुर के वर्ष 2010-2011 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) जवाहर नेहरू एल्युमिनियम रिसर्च डवेलपमेंट एण्ड डिजाइन सेंटर, नागपुर के वर्ष 2010 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अग्रेंजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5440/15/11]

(3) खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 28 की उप-धारा (1) के अंतर्गत अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 778 (अ) जो 21 अक्तूबर, 2011 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी, तथा जो भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के अंतर्गत विश्वेश्वरैया आयरन एण्ड स्टील प्लांट के पक्ष में लौह अयस्क के लिए उत्तर पूर्व ब्लॉक रेंज, संदूर तालुक, बेल्लारी जिला, कर्नाटक में एक क्षेत्र को आरक्षित किए जाने के बारे में है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5441/15/11]

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ): अध्यक्ष महोदया मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखती हूं:-

(1) सेन्ट्रल एडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी, नई दिल्ली के वर्ष 2008-2009 और 2009-2010 के वार्षिक प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(2) उपर्युक्त (5) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारणों को दर्शाने वाले दो विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5442/15/11]

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती पनबाका लक्ष्मी): अध्यक्ष महोदया श्री एस.एस पलानीमनिकम की ओर से मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखती हूं:

(1) कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (क) की उपधारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(क) (एक) राष्ट्रीय बीमा कंपनी लिमिटेड, कोलकाता के वर्ष 2010-2011 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) राष्ट्रीय बीमा कंपनी लिमिटेड, कोलकाता का वर्ष 2010-2011 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5443/15/11]

(ख) (एक) न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, मुंबई के वर्ष 2010-2011 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड मुंबई के वर्ष 2010-2011 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5444/15/11]

(ग) (एक) ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2010-2011 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2010-2011 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5445/15/11]

(घ) (एक) जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, मुंबई के वर्ष 2010-2011 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड मुंबई का वर्ष 2010-2011 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियत्रंक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5446/15/11]

(ङ) (एक) यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, चेन्नई के वर्ष 2010-2011 के कार्यकारण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, चेन्नई का वर्ष 2010-2011 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5447/15/11]

(2) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड की धारा 31 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (म्यूचुअल फंड्स) (संशोधन) विनियम, 2011 जो 30 अगस्त, 2011 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एफ. सं. एलएडी-एनआरओ/जीएन/2011-12/22/27668 में प्रकाशित हुए थे।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5448/15/11]

(दो) भारतीय प्रतिभति और विनिमय बोर्ड (स्टॉक ब्रोकर्स और सब-ब्रोकर्स) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2011 जो 17 अगस्त, 2011 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एफ. सं. एलएडी-एनआरओ/जीएन/2011 12/19/26273 में प्रकाशित हुए थे।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5449/15/11]

(तीन) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इनसाइडर ट्रेडिंग का प्रतिषेध) (संशोधन) विनियम, 2011 जो 16 अगस्त, 2011 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एफ.सं. एलएडी-एनआरओ/जीएन/2011-12/16/26150 में प्रकाशित हुए थे।

(चार) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निगम के लिए रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट्स) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2011 जो 16 अगस्त, 2011 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एफ. सं. एलएडी-एनआरओ/जीएन/2011 12/18/26/48 में प्रकाशित हुए थे।

(पांच) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंकर्स) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2011 जो 16 अगस्त, 2011 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एफ. सं. एलएडी-एनआरओ/जीएन/ 2011/12/18/ 26149 में प्रकाशित हुए थे।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5450/15/11]

(3) वित्त अधिनियम, 1994 की धारा 94 की उप-धारा (4) के अंतर्गत सेवा कर (पांचवा संशोधन) नियम, 2011 जो 21 अक्तूबर, 2011 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा. का. नि. 771 (अ) में प्रकाशित हुए थे, एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5451/15/11]

(4) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10 के अंतर्गत जारी अधिसूचना संख्या का.आ. 2045 (अ) जो 6 सितम्बर, 2011 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे, तथा जिसके द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 10 के खण्ड 45 के प्रयोजनों के लिए संघ लोक सेवा आयोग के कार्यरत तथा सेवानिवृत चेयरमैन और सदस्यों के भत्तों और परिलब्धियों को निर्दिष्ट किया गया है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5452/15/11]

(5) सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 159 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)

(एक) सा.का.नि. 712 (अ) जो 22 सितम्बर, 2011 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनमें वर्ष 2011-2012 के लिए ऑल इंडस्ट्री रेट्स ऑफ ड्यूटी ड्रॉबैक को अधिसूचित किया गया है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) सा.का. नि. 787 (अ) जो 28 अक्तूबर, 2011 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे, तथा जिनके द्वारा 22 सितम्बर 2011 की अधिसूचना संख्या 68/2011-सी.शु. (एन.टी.) में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तीन) सीमा शुल्क, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क तथा सेवा कर ड्रॉबैक (संशोधन) नियम, 2011 जो 22 सितम्बर 2011 के भारत के राजपत्र में सा.का.नि. 713 (अ) में प्रकाशित हुए थे, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चार) का.आ. 2270 (अ) जो 30 सितम्बर, 2011 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था, तथा जिसके द्वारा अंतरराष्ट्रीय मूल्यों के आधार पर ब्रास स्क्रैप (सभी श्रेणियों के) तथा पॉपी सीड्स संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पांच) का. आ. 2364 (अ) जो 14 सितम्बर, 2011 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 3 अगस्त, 2001 की अधिसूचना संख्या 36/2001-सी.शु. (एन.टी.) में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(छह) का.आ. 2444 (अ) जो 27 अक्तूबर, 2011 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आयातित और निर्यात माल के निर्धारण के प्रयोजनार्थ कतिपय विदेशी मुद्राओं के भारतीय मुद्रा के कतिपय विदेशी मुद्राओं में संपरिवर्तन की संशोधित विनिमय दरों के बारे में है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(सात) का. आ. 2470 (अ) जो 31 अक्तूबर, 2011 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था जिसके द्वारा 3 अगस्त, 2001 की अधिसूचना संख्या 36/2001-सी.शु (एन.टी.) में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(आठ) का.आ. 2579 (अ) जो 15 नवम्बर, 2011 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 3 अगस्त, 2001 की अधिसूचना संख्या 36/2001-सी.शु. (एन.टी.) में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(नौ) का.आ. 2244 (अ) जो 28 सितम्बर, 2011 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आयातित और निर्यात माल के निर्धारण के प्रयोजनार्थ कतिपय विदेशी मुद्राओं के भारतीय मुद्रा में अथवा भारतीय मुद्रा के कतिपय विदेशी मुद्राओं में संपरिवर्तन की संशोधित विनिमय दरों के बारे में है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5453/15/11]

(6) बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 19 की उपधारा (4) के अंतर्गत इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा (संशोधन) विनियम 2010 जो 2 सितम्बर, 2011 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एचओ/एडमिन/एफ-49/3241 में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उसका शुद्धिपत्र जो 3 नवम्बर, 2011 की अधिसूचना संख्या 181 में प्रकाशित हुआ था।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5454/15/11]

(7) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 38 की उप-धारा (2) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का. नि. 676 (अ) जो 13 सितम्बर, 2011 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे, तथा जिनके द्वारा 18 जुलाई, 2011 की अधिसूचना संख्या 16/2011 के उ.शु. (एन.टी.) में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (चौथा संशोधन) नियम, 2011 जो 14 सितम्बर 2011 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा. का. नि. 677 (अ) में प्रकाशित हुए थे, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तीन) सेनवैट क्रेडिट (चौथा संशोधन) नियम, 2011 जो 14 सितम्बर, 2011 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा. का. नि. 678 (अ) में प्रकाशित हुए थे, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5455/15/11]

(8) भारतीय जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 की धारा 48 की उपधारा (3) के के अंतर्गत भारतीय जीवन बीमा निगम, श्रेणी तीन और श्रेणी चार कर्मचारी (प्रोन्नति) संशोधन नियम, 2011 जो 21 अक्तूबर, 2011 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा. का. नि. 779 (अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5456/15/11]

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.जी. वेणुगोपाल): अध्यक्ष महोदया, मैं कंपनी अधिनियम 1956 के धारा 619 (क) की उपधारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथ अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

1. (एक) एनएचपीसी लिमिटेड, फरीदाबाद के वर्ष 2010-2011 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) एनएचपीसी लिमिटेड, फरीदाबाद के वर्ष 2010-2011 के वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5457/15/11]

2. (एक) टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, ऋषिकेश के वर्ष 2010-2011 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, ऋषिकेश के वर्ष 2010-2011 के वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5458/15/11]

3. (एक) एसजेवीएन लिमिटेड, शिमला के वर्ष 2010-2011 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) एसजेवीएन लिमिटेड, शिमला का वर्ष 2010-2011 के वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5459/15/11]

4. (एक) एनएचडीसी लिमिटेड, भोपाल के वर्ष 2010-2011 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) एनएचडीसी लिमिटेड, भोपाल का वर्ष 2010-2011 के वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5460/15/11]

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय): अध्यक्ष महोदया मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:

(1) खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 93 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य संव्यवहारों की लाइसेंसिंग और रजिस्ट्रीकरण) विनियम, 2011 जो 1 अगस्त, 2011 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एफ. संख्या 2-15015/30/2010 में प्रकाशित हुए थे।

(दो) खाद्य सुरक्षा और मानक (संदूषक, टॉक्सीन और अपशिष्ट) विनियम, 2011 जो 1 अगस्त, 2011 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एफ. संख्या 2-15015/30/2010 में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) खाद्य सुरक्षा और मानक (पैकेजिंग और लेबलिंग) विनियम, 2011 जो 1 अगस्त, 2011 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एफ. संख्या 2-15015/30/2010 में प्रकाशित हुए थे।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5461/15/11]

(चार) भारतीस खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (केन्द्रीय सलाहकार समिति के कार्य के संव्यवहार के लिए पद्धति) विनियम, 2010 जो 10 मार्च, 2011 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एफ संख्या 1-61/ एफएसएसए/2009-डीएफक्यूसी में प्रकाशित हुए थे।

(पांच) भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (वैज्ञानिक समिति और वैज्ञानिक पैनलों के लिए पद्धति) विनियम, 2010 जो 10 मार्च, 2011 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एफ. संख्या 1-61/एफएसएसए/2009-डीएफक्यूसी में प्रकाशित हुए थे।

(2) उपुर्यक्त (16) की मद संख्या (पांच) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारणों को दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5462/15/11]

(3) राष्ट्रीय आरोग्य निधि, नई दिल्ली के वर्ष 2009-2010 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण), तथा लेखापरीक्षित लेखे।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल.टी. 5463/15/11]

अपराह्न 12.03 बजे

राज्य सभा से संदेश और राज्य सभा द्वारा यथापारित विधेयक*

[अनुवाद]

महासचिवः अध्यक्ष महोदया मुझे राज्य सभा के महासचिव से प्राप्त निम्नलिखित संदेश की सूचना सभा को देनी हैं:-

" राज्य सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमों के नियम 111 के उपबंधों के अनुसरण में, मुझे राज्य सभा द्वारा 8 दिसम्बर 2011 को हुई अपनी बैठक में पारित प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) संशोधन विधेयक, 2011 की एक प्रति संलग्न करने का निदेश हुआ है।"

2. अध्यक्ष महोदया, मैं 8 दिसम्बर 2011 को राज्य सभा द्वारा यथापारित प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) संशोधन विधेयक, 2011 को सभा पटल पर रखता हूं।

अपराह्न $12.03^1/_2$ बजे

कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय संबंधी स्थायी समिति

(एक) 48वां प्रतिवेदन

[अनुवाद]

श्री पिनाकी मिश्रा (पुरी): अध्यक्ष महोदया, मैं लोकपाल विधेयक, 2011 के बारे में कर्नाटक, लोक शिकायत विधि और न्याय संबंधी स्थायी समिति का अड़तालीसवां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखती हूं।

*सभा पटल पर रखा गया।

(दो) साक्ष्य

श्री पिनाकी मिश्राः अध्यक्ष महोदया, मैं लोकपाल विधेयक 2011 के संबंध में कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय संबंधी स्थायी समिति के समक्ष लिए गए साक्ष्य को सभा पटल पर रखती हूं।

अपराह्न 12.03$^{3}/_{4}$ बजे

मंत्री द्वारा वक्तव्य

खान मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2009-2010) के संबध में कोयला और इस्पात संबंधी स्थायी समिति के 9वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यन्वयन की स्थिति*

[अनुवाद]

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दिनशा पटेल): मैं, माननीय अध्यक्ष, लोक सभा के निर्देश के अनुसार खान मंत्रालय से संबंधित कोयला और इस्पात संबंधी स्थायी समिति की 9वीं रिपोर्ट में निहित सिफारिशों के कार्यान्वित पर यह विवरण दे रहा हूं।

कोयला और इस्पात सम्बन्धी स्थायी समिति की 9वीं रिपोर्ट 7.12.2010 को लोक सभा में प्रस्तुत की गई जो वर्ष 2009-10 के लिये खान मंत्रालय की अनुदान मांगों के लिये थी। इस पर की गई कार्यवाई 25.5.2011 को समिति कार्यालय भेज दी गई है। समिति की 9वी रिपोर्ट में पांच सिफरिशें थीं जिन पर सरकार की ओर से कार्रवाई अपेक्षित थी।

कार्यान्वयन की स्थिति मेरे विवरण के अनुलग्नक-1 में दी गई है जो कि सदन के पटल पर रखा गया है अनुलग्नक पढ़ने में सदन का बहुमूल्य समय न लेकर मैं अनुरोध करूंगा इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाए।

अपराह्न 12.04 बजे

सभा का कार्य

[अनुवाद]

संसदीय कार्य मंत्री तथा जल संसाधन मंत्री (श्री पवन कुमार बंसल): महोदय आपकी अनुमति से मैं सोमवार 12 दिसंबर 2011 से आरंभ होने वाले सप्ताह के लिये सरकारी कार्य की घोषणा करता हूं जोकि इस प्रकार हैः-

1. आज की कार्य सूची से अधिशेष सरकारी कार्य मद पर विचार।

2. निम्नलिखित विधेयकों पर विचार और पारित करनाः-

   (क) संविधान एक सौ ग्यारहवां संशोधन विधेयक 2010

   (ख) केबल टेलिविजन नेटवर्क (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2011 और

   (ग) पेशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण विधेयक, 2011।

3. वर्ष 2011-12 के लिये अनुपूरक अनुदानों की मांगों (रेलवे) पर चर्चा और मतदान तथा संबंधित विनियोग विधेयक का पुनःस्थापन विचार और पारित करना।

4. राज्य सभा द्वारा पारित किए जाने के पश्चात निम्नलिखित विधेयकों पर विचार तथा पारित करनाः

   (क) चाटर्ड अकाउण्टेण्ट (संशोधन) विधेयक, 2000;

   (ख) लागत और संकर्म लेखापाल संशोधन विधेयक, 2010; और

   (ग) कंपनी सचिव संशोधक विधेयक, 2011।

5. राज्य सभा द्वारा यथापारित प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) संशोधन विधेयक 2010 पर विचार तथा पारित करना

अध्यक्ष महोदयाः अब सदस्यों द्वारा निवेदन।

श्री पन्ना लाल पुनियाः उपस्थित नहीं।

शेख सैदुल हकर (बर्धमान दुर्गापुर)ः अध्यक्ष महोदया मैं अनुरोध करता हूं कि अगले सप्ताह की कार्य सूची में निम्नलिखित मदों को शामिल किया जाएः

(क) रेल यात्रियों की सुविधा हेतु दुर्गापुर रेलवे स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ी (एस्केलेटर) स्थापित करने की आवश्यकता लाखों दैनिक रेल यात्री दुर्गापुर रेलवे स्टेशन का प्रयोग करते हैं जिसमें बड़ी संख्या में वृद्ध तथा शारीरिक रूप से विकलांग

---

*सभा पटल पर रखा गया और ग्रंथालय में भी रखा गया, देखिए संख्या एलटी 5464/15/11।

व्यक्ति शामिल है। अतः मैं रेलवे से अनुरोध करता हूं कि दुर्गापुर रेलवे स्टेशन पर शीघ्र ही स्वचालित सीढ़ी स्थापित करें।

(ख) वर्धमान रेलवे जंक्शन पर उस स्थान के महत्व के कारण राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव दिये जाने की आवश्यकता। यह न केवल तीन सीमावर्ती जिलों को जोड़ता है बल्कि एक विश्वविद्यालय एक चिकित्सा महाविद्यालय और एक प्रौद्योगिक संस्थान होने के कारण शिक्षण केन्द्र भी है।

[हिन्दी]

श्री जयवंत गंगाराम अवले (लातूर): अध्यक्ष महोदया, निम्नलिखित विषय को अति महत्वपूर्ण कार्यसूची में सम्मिलित करने का कष्ट करें:-

1. कोल्हापुर-पुणे हाई-स्पीड इंटरसिटी एक्सप्रेस प्रातः छः बजे से चलाई जाए।

2. हातकनगले रेलवे स्टेशन पर सर्व सुविधाएं वेटिंग रूम एवं पुरुष-महिला के प्रसाधन गृह की व्यवस्था जरूरी है।

श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर): अध्यक्ष महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषय को सम्मिलित किया जाए:

1. लागत मूल्य के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिलने से बदहाली झेल रहे कपास उत्पादक किसानों को कम से कम छह हजार रुपए न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के लिए सरकार तत्काल घोषणा करे।

2. वन बहुल क्षेत्रों में सिंचाई परियोजनाओं के प्रस्तावों के निवल वर्तमान मूल्य (एनपीवी) तथा पर्यावरण स्वीकृति तत्काल नहीं मिलने से मूल्यवर्धित सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए केन्द्र सरकार विशेष पैकेज के अंतर्गत धनराशि का एकमुश्त आवंटन सुनिश्चित करे।

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): अध्यक्ष महोदया, कृपया अगले सप्ताह की कार्यवाही के दौरान मेरे संसदीय क्षेत्र से संबंधित निम्नलिखित विषय को शामिल करने हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा करें:

1. मेरे संसदीय क्षेत्र साबरकांठा के मोडासा रेलवे स्टेशन पर गुड्स रेक प्वाइंट सुविधा तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

2. अहमदाबाद से उदयपुर के बीच स्वीकृत अमान परिवर्तन (ब्रॉडगेज) की योजनाओं को प्राथमिकता देकर तथा उसमें आवश्यक व्यय राशि को तुरंत जारी करके अमान परिवर्तन का कार्य तत्काल शुरू किया जाए।

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): अध्यक्ष महोदया, लोक सभा की आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषय को जोड़ा जाए

1. पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर अंतर्गत सिमरी बख्तियारपुर-सोनवर्षा कचहरी के बीच रेलवे ढाला संख्या-17 सी, एन.एच.-107 पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए।

2. पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर अंतर्गत खगड़िया-उमेशनगर के बीच रेलवे ढाला संख्या-24 बी. पर रेल ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए।

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): अध्यक्ष महोदया, निम्नलिखित विषयों को अगले सप्ताह की कार्यसूची में शामिल किए जाने की व्यवस्था की जाए

1. मेरे संसदीय क्षेत्र गिरिडीह में स्थित चन्द्रपुरा जंक्शन का समपार धनबाद डी.आर.एम. द्वारा बंद करा दिया गया है। इस पर लगभग तीस वर्षों से आम जनता का आवागमन था एवं इससे करीब 40 हजार जनता प्रभावित है। अतः इसे अतिशीघ्र चालू कराने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।

2. मेरे संसदीय गिरिडीह में स्थित पूर्व मध्य रेलवे के फुसरो रेलवे क्रॉसिंग को बंद कर दिया गया है, जिससे आम जनता को काफी परेशानी हो रही है एवं धनबाद रेलवे स्टेशन की वी.आई.पी. पार्किंग बंद है। इन दोनों को अतिशीघ्र चालू कराने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। धन्यवाद।

श्री मकनसिंह सोलंकी (खरगौन): महोदया, कृपया आगामी सप्ताह की कार्य-सूची में निम्न विषयों को सम्मिलित किया जाये:

1. मेरे संसदीय क्षेत्र खरगौन (बड़वानी): जो कि एक आदिवासी क्षेत्र है, मैं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनने वाली सड़कों में हो रहे भारी भ्रष्टाचार की उच्च-स्तरीय जांच कराने तथा इस आदिवासी क्षेत्र की अधूरी एवं टूटी सड़कों के पुनः निर्माण के लिए शीघ्र आवश्यक धनराशि आबंटित किए जाने की आवश्यकता।

2. मेरे संसदीय क्षेत्र खरगौन-बड़वानी जिलों में खाद की भारी कमी के कारण किसानों में व्याप्त भारी रोष को देखते हुए केन्द्र द्वारा उक्त जिलों के लिए तुरंत 3500 टन खाद की आपूर्ति किए जाने तथा उन जिलों में मिल रही नकली खाद पर रोक लगाये जाने तथा उसकी जांच कराये जाने की आवश्यकता।

डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम): महोदया, कृपया लोक सभा की आगामी सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नलिखित विषय को शामिल करने की कृपा करें:

भारत-रत्न बाबासाहेब अम्बेडकर ने जहां अन्तिम सांस ली, उस 26 अलीपुर रोड, नई दिल्ली को एन.डी.ए. सरकार ने राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया था। मैं वर्तमान केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस पवित्र स्थल को राष्ट्रीय स्मारक मानते हुए उसके निर्माण हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करे। धन्यवाद।

अपराह्न 12.12 बजे

नियम 193 के अधीन चर्चा

भारत में मुद्रास्फीति की स्थिति-*जारी*

अध्यक्ष महोदया: अब सभा मद संख्या 15 पर चर्चा करेगी।

***श्री प्रहलाद जोशी** (धारवाड़): आज हम चर्चा की कड़ी में महंगाई और खाद्य मुद्रास्फीति पर एक और चर्चा करने जा रहे है। हर राज में कार्यवाही-वृतान्त में चर्चा ही चर्चा हुई है। यह सरकार प्रतिपक्ष के भाषण सुन रही है और इस मामले पर दिखाया गया गुस्सा और उनकी भावना तथा उपेक्षा और निराशा इस सरकार को जगाने में पूरी तरह असफल रही है। जोकि लगातार घोर चिंता में या तो है या होने का बहाना कर रही है। इस सरकार ने ऐसे ज्वलंत मुद्दे पर अपनी समस्त संवेदनशीलता खो दी है जिससे प्रत्येक आम आदमी पीड़ित है।

यह पहली बार नहीं है कि भारतीय जनसाधारण खाद्यान्नों और अन्य अनिवार्य वस्तुओं की महंगाई की मार झेल रहा है पिछले वर्ष के दौरान लगभग इसी समय खाद्यान्नों के मूल्य आसमान छू रहे थे और खाद्य मुद्रा स्फीति दोहरे अंक अर्थात 18% से 20% तक पहुंच गई और चावल का मूल्य 40 रुपए प्रति किलो तथा दाल का मूल्य 100 रुपए प्रति किलो हो गई। यहां तक कि मेरे राज्य में गरीब आदमी के खाद्यान्न अर्थात ज्वार और रागी पहुंच से बाहर हो गया यहां तक गरीब आदमी का भोजन चावल और दाल उनके लिए विलासिता की वस्तु बन गये है।

सरकार इस ज्वलंत मुद्दे से निपटने के लिए इस तर्क का सहारा ले रही है कि मुद्रास्फीति और महंगाई में वृद्धि अंतर्राष्ट्रीय हालात और वैश्विक मंदी आदि है हमारे अर्थशास्त्रों प्रधान मंत्री यह कहते रहते है कि ऐसा देश जो तेजी से विकसित हो रहा है और वर्ष दर वर्ष आर्थिक विकास हासिल कर रहा है महंगाई की मार झेलने को तैयार है और मुद्रास्फीति झेलने को तैयार है और मुद्रास्फीति बढ़ती अर्थव्यवस्था की अवश्यंभावी विशेषता हो उनके ये शब्द केवल सात्वना देने वाला है। वे किस प्रकार के विकास की बात कर रहे हैं क्या वे उस विकास की बात कर रहे हैं जो हमारे देश में विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग को और अधिक विशेषाधिकार दे रहे हैं जो इस बात का आवश्वासन देकर वंचित तथा विशेषाधिकार रहित वर्ग को उनके भाग्य के भरोसे छोड़ दे रहे है कि वे शीघ्र ही विकास की कहानी का हिस्सा होंगे जिसे सरकार केवल महसूस करने के लिए खाका खीच कर रही है कि यह केवल विकास की कहानी नहीं है बल्कि यह गरीबों जैसी त्रासदी है क्योंकि इस विकास का परिणाम या तथाकथित विकास का लाभ केवल हमारे संपन्न लोगों द्वारा ही उठाया जायेगा।

कल हमारे वित्त मंत्रीजी चर्चा में हमारी प्रतिपक्ष की नेता श्रीमती सुषमाजी के भाषण में हस्तक्षेप करते हुये इस बात पर जोर देकर कहा कि खाद्य की मुद्रास्फीति 9% से घटाकर 6.80% हो गई है तथा कोई खाद्य मुद्रास्फीति नहीं है। लेकिन आप लौटकर उपभोक्ता की समझ में मुद्रास्फीति को समझना एक बात है तथा वस्तुओं की गिरती प्रवृत्ति को समझना इस सरकार की समस्याओं को मैं समझता हूं कि बात यह है कि सांख्यिकी के आधार पर अर्थव्यवस्था को समझती है और सांत्वना देती है तथा शेष लोगों को संतोष हो जाता है कि महंगाई कम हो गई है। मै यह सुझाव देता हूं कि माननीय मंत्रीजी एक ओर खाद्य मुद्रास्फीति के आकड़ो को देखते हुए तथा दूसरी ओर किराने जैसी आवश्यक वस्तुओं की सूची को लेकर एक आम उपभोक्ता के रूप में बाजार जाए और इस बात को समझने का प्रयास करे क्या यह 6.8% मुद्रास्फीति की दर का बाजर में मूल्यों पर कोई प्रभाव है। जैसा कि अनेक वक्ताओं द्वारा इस बात की ओर सही में इंगित किया गया है कि यह साधन व्यस्त अर्थ शास्त्रीय शब्दो में केवल अस्थायी रूप से राहत है।

इसलिए सरकार घटती मुद्रास्फीति पर संतोष न करे तथा व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए महंगाई की समस्या से निपटाने में वास्तव में अधिक ध्यान दें। मेरे अनुसार सरकार को आपदा या विपदा के रूप में महंगाई से निपटने का दृष्टिकोण अपनाना चाहिए क्योंकि मेरी राय में महंगाई वास्तव में किसी अर्थव्यवस्था के लिए आपदा जैसी हो

---

*भाषण सभा पटल पर रखा गया।

सकती है और यह एक बुराई है। इसे बिलकुल आसानी से समझा जा सकता है क्योंकिं यह मांग और आपूर्ति के सिद्धान्त पर आधारित है और यह सरलता से समझी जा सकती है। इस बात को स्वीकार करते हुए कि भारत एक विकासशील अर्थव्यवस्था है और प्रति व्यक्ति आय में प्रतिवर्ष यथोचित रूप से बदलाव आया है और हम 8 या 9% की वृद्धि दर्ज कर रहे हैं यद्यपि कृषि उत्पादन उम्मीद के अनुरूप नहीं है लेकिन हम अभी भी घरेलू खपत के लिए पर्याप्त खाद्यान्न पैदा कर रहे है। देश के कुछ भागों में बाढ़ और सूखे के बावजूद हमारे यहां भारी फसल हुई है। सरकार ने खाद्यान्नों की खरीद कर अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया है हमारे एफ सी आई के गोदाम भरे पड़े हैं हमारा औद्योगिक उत्पादन अपनी वृद्धि बनाए हुए है हमारे पास भूमि और रेलवे दोनों एक सुव्यवस्थित परिवहन प्रणाली है। रेलवे अधिक प्रचालनात्मक अनुपलब्ध तब भी एक बहुत ही सुव्यवस्थित माल माड़ा दर बनाए हुए है। बुनियादों ढांचे का विकास हो रहा है।

अतः समस्या कहां आड़े आती है इस व्यवस्था में हाशिए पर रखना एक आम आदमी एक मामूली प्रश्न पूछता है कि इतनी समृद्धि के बावजूद माल और वस्तुओं खाद्यान्नों और अन्य अनिवार्य वस्तुएं अभी भी उनकी पहुंच से बाहर क्यों है अब यह सरकार का दायित्व है कि वह इस आम आदमी के प्रश्न का जवाब दें।

अब मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह विकास और मुद्रास्फीति की गिरती प्रवृति आदि के इस शब्दजाल से उबरे और राज्य सरकार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए कहने के बजाए पूरे देश में इसे सुचारू बनाए। काला बाजारियों और जमाखारों के कुत्सिन जाल को खत्म करें। किसानों से लेकर उपभोक्ताओं तक खाद्यान्नों के आवागमन में बिचौलिए पर सतकर्ता से अंकुश लगाए। यदि आवश्यक हो तो सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाएं। सभी गलत आयात और निर्यात नीतियों की समीक्षा करें। सभी सुधारवादी उपायों को बंद करे क्योंकि सुधार घरेलु-अर्थ व्यवस्था के हित में नहीं है और हमारे समाज के वंचित तबकों के लिए सुव्यवस्थित और सस्ते घरेलू बाजार की व्यवस्था करने का प्रयास करें।

वित्त मंत्री (श्री प्रणब मुखर्जी): अध्यक्ष महोदया सर्वप्रथम मैं इस चर्चा में भाग लेने के लिए सभी माननीय सदस्यों की सराहना करता हूं।

इस सभा ने सर्वसम्मति से एक संकल्प पारित कर सरकार ने कहा था कि वह मुद्रास्फीतिक दबाव को नियत्रिंत करने के लिए प्रभावी कदम उठाए और निदेशों के अनुसार सदन के शीतकालीन सत की शुरूआत के पहले ही दिन मैने सभा-पटल पर एक वक्तव्य देने के लिए अपने आप को तैयार किया क्योंकि मै यह मानता हूं कि सभा के प्रति मेरी यह जिम्मेदारी है कि मै सभा की सामूहिक राय के प्रति अपना उत्तर प्रस्तुत करू जो इस संकल्प में प्रतिबिम्बित हुआ है। दुर्भाग्यवश आज कल जो चल रहा है, मैं उस कारण से वक्तव्य नहीं दे पाया और मुझे यह सभा पटल पर रखना पड़ा। तत्पश्चात यह निर्णय लिया गया कि इस पर नियम 193 के तहत चर्चा करायी जाए और माननीय सदस्य श्री गुरूदास दासगुप्ता ने चर्चा का आरंभ किया और बड़ी संख्या में सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया।

आरंभ में, मै इस ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं कि किसी भी विकासशील अर्थव्यवस्था में संसदीय मंच पर महंगाई के बारे में चर्चा एक आम बात है क्योंकि महंगाई सभी विकासशील देशों में समान रूप से विद्यमान है मुझे एक भी ऐसे संसदीय सत्र का स्मरण नहीं है जिसमें मुद्रास्फीति दबाव पर चर्चा न की गयी हो।

विभिन्न मुद्दे उभर कर सामने आए हैं और निश्चित रूप से अपनी प्रतिक्रिया के दौरान में इन मुद्दों का उत्तर देने और सरकार का मत प्रकट करने का प्रयास करूगा परंतु इससे पहले महोदया मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्यों से यह अपील करना चाहता हूं कि जब हम मुद्रास्फीतिक दबाव मूल्यवृद्धि पर चर्चा कर रहे होते हैं तो हमे न केवल देश की अर्थव्यवस्था अपितु विश्व अर्थव्यवस्था की स्थिति को भी ध्यान में रखना होगा। कुछ लोग रूढ़िवादी तरीके से यह टिप्पणी कर सकते हैं कि हमें विश्व अर्थव्यवस्था से क्या लेना-देना है। परंतु सच्चाई यह है कि कोई भी देश आज अकेले नहीं रह सकता किसी छोटे देश में भी जो होता है, या किसी देश के किसी हिस्से में कोई छोटी घटना होती है वह एक महत्वपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय संकट में बदल सकती है वर्ष 2008 में वास्तव में क्या हुआ था? संयुक्त राज्य अमेरिका के किसी कोने में कुछ बैंकिंग संस्थाओं ने अतिरिक्त लाभ के लिए आवास क्षेत्र में सब-प्राइम लेंडिंग में निर्णय लेने में गलती की। शीघ्र ही यह एक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संकट में बदल गया जिसे विशेषज्ञों ने गत शताब्दी के 1930 की महान मंदी के समान बताया है। इसलिए इस परिदृश्य में आज जब हम संसद में इस पर चर्चा कर रहे हैं, इस संसद में जो विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो 1.2 बिलियन से अधिक जनसंख्या की संसद है उस देश की संसद में जहां 1.8 ट्रिलियन मूल्य डॉलर की अर्थव्यवस्था है वहां हम विश्व के अन्य हिस्सों में घटित हो रही घटनाओं की ओर से आंख नहीं मूंद सकते। जब विश्व अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे विकास करने लगी तभी अचानक हमने पाया कि एक बार फिर से उथल-पुथल हो गयी है यूरोजोन संकट अभी भी चल ही रहा है निश्चित रूप से हमारा ग्रीस या स्पेन या पुर्तगाल के उच्च सार्वभौमिक ऋण से कोई संबंध नहीं है। यहां तक कि हमारे बैंकों का भी वहां अधिक कारोबार नहीं हैं। परंतु यदि यह पूरे यूरोजोन को हिला देता है जो कि सर्वाधिक

शक्तिशाली अर्थव्यवस्था है, जब उनकी सरकारी बांड कीमत से कम आंकी जा रही है, तो हम इनके प्रतिकूल प्रभाव की अपेक्षा नहीं कर सकते। जब अमेरिकी अर्थव्यवस्था द्वारा किए गए बड़े प्रयासों के बावजूद मोर्गन स्टेनले की नवीनतम भविष्यवाणी के अनुसार इस कैलेंडर वर्ष के पहले तीन तिमाहियों के लिए भी न तो यूरोपीय अर्थव्यवस्था और न ही अमेरिकी अर्थव्यवस्था के ठीक होने की कोई संभावना नजर आ रही है। इसलिए इस परिदृश्य में हमे समग्र स्थिति की चर्चा करनी पड़ेगी। मैं यह केवल मुद्रास्फीति को नियत्रिंत करने के संदर्भ में नहीं परंतु सभी देश जो मुख्य आर्थिक संकटों का सामना कर रहे हैं उस संदर्भ में कह रहा हूं और हमें इस सभा की सामूहिक समझदारी से उन चुनौतियों से निपटना पड़ेगा। इस सभा को राजनीतिक दलों की सीमाओं से परे जाकर संगठित प्रयास करने होंगे । हम जहां भी बैठे हो चाहे सत्ता पक्ष में या विपक्ष में यह बहुत मायने नहीं रखता देश का हित और लोक हित सर्वोपरि हां जिसकी रक्षा की जानी चाहिए। हां विभिन्न स्त्रोतों की राय में भिन्नता हो सकती है: दृष्टिकोण में भिन्नता हो सकती है परंतु सामूहिक इच्छा समस्या के समाधान की है और इस देश की गरीबी, अशिक्षा, अभाव और बीमारियों से दूर ले जाना है। इसमें कोई दो राय नहीं है और इस पर कोई मत भिन्नता नहीं है।

अब मैं विनिर्दिष्ट पर आता हूं। जब हम अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों की बात करते हैं तो हमारी बात को गलत कहकर खारिज कर दिया जाता है यहां तक कि नेता प्रतिपक्ष ने भी यह किया है। मैं उनके वक्तव्य और भाषा के उपचार पर अधिकार की हमेशा प्रशंसा करता हूं। और कई बार मैं उसका लाभ उठाता हूं हालांकि मुझे उतनी अच्छी हिन्दी नहीं आती है। परंतु उन्होंने भी कहा "हमारे लिए इसका क्या महत्व है? तेल के मूल्यों को छोड़कर अन्य किन अंतर्राष्ट्रीय वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हुई है जिससे हम संबंधित हैं? मै उन्हें बस कुछ वस्तुओं के नाम बताउंगा जिससे हमारा हित महत्वपूर्ण रूप से जुड़ा हुआ है यदि अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों में वृद्धि होती है तो इससे हमारी अर्थव्यस्था प्रभावित होगी। इसका स्फीतिक दबाव पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। डी ए पी के मामले को ले। हम डी ए पी का उत्पादन नहीं करते है। लगभग 100 प्रतिशत डी ए पी का आयात किया जाता है। यह एक वर्ष में 525 मिलियन डॉलर प्रति टन से बढ़कर 642 मिलियन डॉलर प्रति टन हो गया है। शत-प्रतिशत डीएपी के आयात के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका कोई प्रभाव नहीं है यूरिया के मामले में यह 315 मिलियन डॉलर से बढ़कर 503 मिलियन डॉलर प्रति टन तक बढ़ गया है परंतु कोई प्रभाव नहीं है ....*(व्यवधान)*

श्री हरिन पाठक (अहमदाबाद पूर्व): यह निश्चित रूप से मीट्रिक टन में होगा।

श्री प्रणब मुखर्जी: मुझे खेद है। मिलियन टन में नहीं यह मीट्रिक टन में है।

हमने पॉम ऑयल में पर्याप्त सुधार किया है पॉम ऑयल की कीमतें 912 डालर के मुकाबले बढ़कर 1068 डॉलर प्रति टन हो गयी है। इस्पात जैसी महत्वपूर्ण धातुएं यह 235 डॉलर प्रतिटन से बढ़कर 271 डॉलर प्रति टन हो गयी है स्टील के रीबार की कीमत 530 डॉलर प्रतिटन से बढ़कर 640 डॉलर प्रति टन हो गयी है और स्टील वायर रॉड 670 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 790 डॉलर प्रति टन हो गया है। मैं कच्चे तेल की कीमत की बात नहीं कर रहा है।

कई बार मुझे श्री यशवंत सिन्हा से इर्ष्या होती है क्योंकि जब वे वित्त मंत्री थे तब तेल 24 और 25 डॉलर प्रति बैरल था और उनके कार्यकाल की समाप्ति के समय यह 36 से 37 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। कोई भी भारतीय वित्त मंत्री राहत महसूस करेगा यदि तेलों के अंतर्राष्ट्रीय दाम में कमी आती है क्योंकि तेल का एक बहुत बड़ा बिल भरना पड़ता है जोकि उभरती हुई तेल कंपनी की लागत से या राज्यसहायता देकर भरा जा सकता है। इसलिए इस पर अन्तर्राष्ट्रीय घटनाक्रम का भी प्रभाव पड़ता है।

अब मैं इस प्रश्न पर आता हूं कि हमने क्या कदम उठाए हैं। मांग और आपूर्ति में असंतुलन के अतिरिक्त अन्य कई कारणों से भी मुद्रास्फीतिक दबाव बढ़ा है है। कृषि उत्पादों की आपूर्ति श्रृखंला में बाधा के कारण वर्तमान मुद्रास्फीतिक दबाव काफी बढ़ गया है। इसलिए यह देखना अधिक महत्वपूर्ण है कि कृषि उत्पादों के उत्पादन में सुधार के लिए हमने क्या कदम उठाए हैं और यह सुनिश्चित करें कि इसका का परिणाम निकला है।

यह बताया गया है कि कृषि के विकास दर में कमी आ रही है। जी हां यह सही है। पिछले कुछ दिनों से कृषि क्षेत्र में विकास बीमा था। परंतु अब इसमें सुधार हो रहा है दसवीं योजना में यह 2.5 प्रतिशत था ग्यारहवीं योजना में यह कम होकर 2.4 प्रतिशत हो गया। ग्यारहवीं योजना के पहले चार वर्षों में यह सुधार बढ़कर 3.2 प्रतिशत हो गया। 2010-11 में कृषि और अनुषंगी क्षेत्रों में 6.6 प्रतिशत वृद्धि की उपलब्धि हासिल की। यह कम नहीं हो रहा है बल्कि थोड़ा बढ़ ही रहा है।

यह बताया गया कि हरेक व्यक्ति भूखा मर रहा है और खाने के लिए कुछ नहीं है।

[हिन्दी]

नमक लेकर रोटी खाने से भी नमक नहीं है, रोटी नही है, महंगाई हो गई।

[अनुवाद]

मैं इस मुद्दे पर आउंगा कि इसमें कितनी वृद्धि हुई है। परंतु यदि उत्पादन की बात करें यदि कोई विकास नहीं हुआ कोई निवेश नहीं किया गया किसानों को कोई समर्थन मूल्य नहीं दिया गया तो कृषि विकास स्वंयमेव हो गया। हमारे कुल खाद्यान्न का उत्पादन 2004-05

के 198 मिलियन टन यहां यह मीट्रिक टन नहीं मिलियन टन से बढ़कर 241.56 मिलियन टन हो गया। यह बिना किसी प्रयास और बिना किसी कार्य को किए ही हासिल हो गया। इसलिए आप दावा कर सकते है ...*(व्यवधान)* मैंने सभी को चुपचाप सुना है।

मेरा अत्यंत विनम्र निवेदन यह है। आप हमेशा दावा कर सकते है और कह सकते है वित्त मंत्री जी यह पर्याप्त नहीं है। कृषि मंत्री जी और अधिक उपज हासिल करें। हम इसे विनम्रतापूर्वक स्वीकार करेंगे। परंतु कृपया यह नहीं कहे कि कुछ भी नहीं हुआ है। एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा 'सबसे कम'। यह अच्छा है परंतु हम किसी स्कूली वाद-विवाद में सम्मिलित नहीं हो रहे। जब एक वरिष्ठ सांसद सात प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद को 'सबसे कम' बता रहे है तो क्या मै आदरपूर्वक पूछता हूं कि कब भारत ने सकल घरेलू उत्पाद में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी? 1951 से 1979 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 3.5 प्रतिशत था। 1980 के पूरे दशक के दौरान हमने 5 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर हासिल की।

मेरे पास उन तीन वर्षों की अवधि के आंकड़े हैं जब आप सत्ता में थे। बाद में जब आप छह वर्षों तक सत्ता में थे हमारे पास तब कि भी आंकड़े हैं। तत्पश्चात 1990 में यह 5.6 प्रतिशत था।

हां, मैं एक बार फिर मै श्री यशवंत सिन्हा या संभवतः श्री जसवंत सिंह को बधाई देना चाहता हूं कि हम 2003-04 में लगभग नौ प्रतिशत के विकास दर तक पहुंचे जो 2007-08 के वित्तीय संकट तक बना रहा। इसलिए यदि आप यह कहते है कि सात प्रतिशत विकास दर खराब है, मैं इसे स्वीकार करूगां। परंतु यदि आप यह कहते हुए शुरू करते हैं कि यह सबसे कम है वास्तविकता यह नहीं है। यह मेरा अत्यन्त आदरपूर्वक निवेदन है।

यह कहा गया था कि "आप मुद्रा स्फीति के लिए कार्य करते हो" जी हां मेरी आलोचना की गयी। अजीबो-गरीब टिप्पणियां की गयी जैसे कि

[हिन्दी]

फाइनेंस मिनिस्टर के पास जादू की छड़ी नहीं है बिल्कुल

[अनुवाद]

मेरे पास कोई जादू की छड़ी नही है परंतु उसी समय यदि में अत्यन्त आदरपूर्वक निवेदन करूं कि फरवरी 2010 से जब खाद्य मुद्रा स्फीति 22 प्रतिशत के उच्चतम स्तर तक पहुंच गयी वही 25 नवम्बर, 2011 करे घटकर 6.6 प्रशित पर आ गयी। जी हां, इसमें लगभग 2 वर्षो का समय लग गया। परंतु इसे 6.6 प्रतिशत तक लाना संभव हुआ। मै केवल खाद्य मुद्रा स्फीति की बात कर रहा हूं मैं समग्र मुद्रा स्फीति की बात नहीं कर रहा हूं। समग्र मुद्रा स्फीति खतरनाक ढंग से दो अंकों के करीब है जिसे हमें कम करना होगा। परंतु मै खुश नहीं हूं हमें इसे और काफी कम स्तर पर लाना होगा और हमे इसे निरंतर आधार पर पांच से छह प्रतिशत के लगभग स्तर पर स्थिर रखना होगा आप इस तरह से बोल रहे है कि हमने उच्च मुद्रा स्फीतिकारी युग नहीं देखा हो पहले के एक वाद-विवाद में मुझे सलाह दी गयी थी-"वित्त मंत्री जी आपकी समस्या यह है कि आप विकास के प्रति बहुत अधिक सम्मोहित हैं आप मुद्रास्फीतिक दबाव को टाल रहे हैं विकास का हम क्या करेंगे? हम विकास को खाने नहीं जा रहे है"। ठीक है हम विकास को नहीं खा सकते।

[हिन्दी]

श्री शरद यादव (मधेपुरा)**:** यह जो 6.6 परसेंट महंगाई दर आयी है, उसके पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि इस समय फसल आयी हुई है और डिस्ट्रैस सेल इतने बड़े पैमाने पर हो रहा है कि महंगाई दर जो नीचे आयी है, वह केवल मौसमी है। यह दर फिर से बढ़ेगी। अभी खेत में फसल आयी है, इसलिए सस्ता है। यही हमारा दुर्भाग्य है और इसी के चलते देश भर में ...*(व्यवधान)*

[अनुवाद]

श्री प्रणव मुखर्जी:- मैं स्वीकार करता हूं कि यह एक मौसमी कारक है परंतु इसके समान ही एक मौसमी प्रतिकूल कारक भी है आप दोनों ही चीजे अपने पक्ष में नहीं रख सकते। मौसमी कारकों से ही कीमतें कम होती है तो मौसमी कारणों से कीमते बढ़ भी जाती है इसलिए आपको उक समग्र दृष्टिकोण अपनाना पड़ेगा। मैं जो छोटी सी बात बताना चाहता हूं वह यह है कि विकास और मुद्रा स्फीति के बीच कोई समन्वय नहीं है। यही कारण है कि कम विकास दर में भी हमने उच्च मुद्रा स्फीति को देखा है। 1974-75 के मामले को देखें, उस समय मुद्रास्फीति की दर 25.6 प्रतिशत और सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 1.2 प्रतिशत भी। 1979-80 के दौरान पहली बार 1977 से 1980 तक पहली गैर-कांग्रेसी सरकार भी मुद्रा स्फीति की दर 17 प्रतिशत थी और सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर (-)5.2 प्रतिशत थी। जी हां, यह तीन वर्षो के लिए मेरी सरकार का कार्य-निष्पादन था। जब जनता पार्टी 1976-77 में सत्ता में आयी-भारत में न्यूनतम मुद्रास्फीति का युग आया जो 2.5 प्रतिशत था। हमें 16 प्रतिशत में 17 प्रतिशत मुद्रास्फीति विरासत में मिली। 1981-82 में जब श्री वेंकटरमण वित्त मंत्री थे तो मुद्रास्फीति की दर 2.5 प्रतिशत तक आ गयी थी।

[अनुवाद]

श्री हरिन पाठक: उस समय मुद्रा स्फीति की दर बहुत कम थी।

श्री प्रणब मुखर्जी: निःसन्देह वह इतना कम था जितना होना चाहिए यह उससे अधिक होना चाहिए था। यही कारण है कि मेरा यह कहना है कि इसे आपस में मिलाएं नहीं। हम विकास को छोड़ रहे हैं। हम मुद्रा-स्फीति को छोड़ रहे है। हम मुद्रा स्फीति की कीमत

पर विकास में रत है, यह ऐसा नही है। एक जो छोटी सी बात मैं कहना चाहता हूं कि हमे मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करना होगा। हमें उच्च विकास दर के लिए जाना होगा। मैं यही मुद्दा सामने रखना चाहता हूं। यदि आप लम्बी अवधि को लेते हैं तो आप पायेंगे कि 2010-11 में मुद्रा स्फीति 9.6 प्रतिशत थी परंतु विकास दर 8.5 प्रतिशत थी

अब मै इस प्रश्न पर आ रहा हूं आप कृषि के लिए क्या कर रहे हैं? यह सुझाव दिया गया कि हमारे पास खाद्यान्न का बड़ा अतिरिक्त भंडार हैं। आप इसे वितरित क्यों नहीं कर रहे हैं?

अब आप देखे कि हम क्या वितरित कर रहे हैं। हमे अक्टूबर 2011 से सितम्बर, 2012 की अवधि के दौरान ओ एम एन एस ए के अंतर्गत 25 लाख तक गेहूं और 10 लाख टन चावल पहले ही वितरित कर चुके हैं। यदि सामान्य के आवंटन से अधिक है। महोदया महंगाई रोधी उपायों के रूप में 30 सितम्बर तक वितरण हेतु बी पी एस मूल्यों पर बीपीएल परिवारों हेतु सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को 6.1.2011 को 25 लाख टन खाद्यान्नें का आवंटन किया जा चुका है क्यों कि यदि हम मुद्रास्फीति नहीं रोक सकते तो कम से कम हम समाज के वंचित तबकों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से राज सहायता प्राप्त खाद्यान्न प्रदान कर उनकी रक्षा और बचाव कर सकते है। और सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दा सार्वजनिक वितरण प्रणाली का है, जिसके माध्यम से हम आज भी सर्वाधिक वंचित तबको को अनिवार्य वस्तु पहुंचा सकते हैं।

जब मैं आपसे अभी बात कर रहा हूं तो मैं बीपीएल परिवारों की संख्या के बारे में बात नहीं कर रहा हूं कि तेंदुलकर समिति सही है या 'क' सही है या 'ख' सही है लेकिन जिस संख्या के आधार पर हम खाद्यान्न वितरित कर रहे हैं; वह 1993-99 के गरीबी अनुमान के अनुसरण 2000 की आबादी को मानते हुए है, मौजूदा बीपीएल परिवार 6.52 करोड़ है इसमें से 2.44 परिवार स्थाई हैं। वे कुल 35 किलोग्राम अनाज 2 रूपए प्रति किलो ग्राम की दर से गेहूं और 3 रुपए किलोग्राम की दर से चावल के पात्र हैं। लेकिन आप इस बात को कैसे सुनिश्चित करेंगे कि ये वस्तुए 6,00,000 से अधिक गांवों और 8,000 नगरों तक पहुंचे? इस प्रयोजनार्थ सार्वजनिक वितरण प्रणाली के व्यापक नेटवर्क की आवश्यकता है इस बात पर बल दे रहे हैं हम अपनी जिम्मेदारी से नही भा रहे है।

मैंने उनसे कहा है कि हां आप इसका निर्माण करने का प्रयास करेंगे और आप हमे बताएं कि आप क्या चाहते है। एपी एम सी के अंतर्गत किसान खुदरा विक्रेताओं को सीधे बेच सकते हैं। एपीएमसी अधिनियम को कौन संशोधित कर सकता है? क्या संसद इस अधिनियम को पारित कर सकती है? यदि राज्य सरकारें पहल नहीं करती हैं तो क्या हम कर सकते हैं? मैं बुनियादी ढाचे के बारे में जानता हूं। जिसे सृजित किया जाना है। लेकिन जब मैं मूक्तभोगी हूं, तो मैं इस दर्द को सही में समझता हूं कि सरकार ने गोदामों को किराए पर लेने को बंद कर दिया है सरकार के पास भण्डारण क्षमता है। सरकार के पास गोदाम है, लेकिन उन्होंने इसे किराये पर लेना बंद कर दिया है और इसके बाद में हमे भंडारण क्षमता के निर्माण के लिए गंभीरता से प्रायास करता पड़ा और इसमें समय लगा है। यह रातोरात नहीं बन सकता है। 1.4.2002 की स्थिति के अनुसार भारतीय खाद्य निगम की क्षमता 279 लाख टन थी। यह 1-4-2004 को घटकर 236 लाख दो गयी क्योंकि 33 लाख टन भंडारण की क्षमता वाले गोदाम स्थानों की किराए पर लेना बंद कर गया। तत्पश्चात, हमें पुनः इसका निर्माण करना है। हमने ऐसा करना शुरू कर दिया है। 1/4/2004 से एफ सी आई ने 47.85 लाख टन की भंडारण क्षमता वाले ढके गोदामों का इजाफा किया है और 01/01/2011 को कुल भंडारण क्षमता 298. 38 लाख टन की हो गयी है यह अति महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम किसानों के उत्पादों को बर्बाद होने से बचाने के लिए भंडारण सुविधा चाहते हैं।

[हिन्दी]

एक माननीय सदस्यः यह गांव में जाकर बोलिए।

श्री प्रणब मुखर्जीः मैं गांव से ही आता हूं। मेरा संसदीय क्षेत्र भी गांव ही है। मैं आपको इन्वाइट करता हूं कि मेरे गांव आइए।

[अनुवाद]

पांच से छह वर्षो तक, मैं उच्च विधानसभा जाने हेतु खेतों में पांच किलोमीटर तक पैदल चला। मुझे मत बताइए कि गांव क्या होता है जब बहुत सारे बिलकुल अलग माहौल में रहते वाले लोग बोलते हैं, तो मैं केवल हंस देता हूं ऐसा इसलिए है कि मैं जानता हूं कि गांव क्या होता है। मैं गांव से आता हूं। मैं गांव का लड़का हूं। स्तर तक मैं गांव में रहा, न कि कनाट प्लेस में। इसलिए मै जानता हूं... *(व्यवधान)* हां, वैश्विक गांव (ग्लोबल विलेज) क्योंकि पूरा विश्व एक गांव में तब्दील होने जा रहा है। मुझे विश्वास है कि समृद्धि और विकास साथ-साथ चलते है न कि अलग-अलग मै रबीन्द्रनाथ की रचनाओं को पढ़ता हूं, कृपया एक पंक्ति का स्मरण कीजिए .... *(व्यवधान)।* यह गीतांजली से नहीं है। आपने केवल गींताजलि के बारे में सुना है। अस्पृश्यता पर बात करते हुए यदि आप किसी को कम स्तर आंकते हैं तो आप यह न भूले कि वह आपको अपने स्तर पर ले जाएगा। आप ऊंचाई को नहीं छू सकते है जब आप किसी को

कमजोर आंकते हैं इसलिए मेरा मानना है कि हमे साथ-साथ तरक्की करनी चाहिए साथ-साथ विकास करना चाहिए साथ-साथ चलना चाहिए और इसके लिए मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि एकजुट हों क्योंकि अन्यथा मुझे नहीं लगता है कि इस महत्वपूर्ण आर्थिक संकट से उबरा जा सकता है। आज क्या आ रहा है?

आपने कहा कि यदि आप ऐसा नहीं कर सकते, तो आप इसे छोड़ दें तो में इसे छोड़ने वाला हूं और न ही मैं इसे स्वीकार करता हूं। यह इस देश के लोगों के लिए है। मै जानता हूं कि आप उतावले हैं लेकिन आप ढाई वर्ष और इंतजार क्यों नहीं कर लेते? आपको कौन रोकता है? हम यहां स्वयं नहीं आए हैं। मेरे लगभग 40 वर्षों के संसदीय जीवन में, मैने आधे से अधिक समय विपक्ष में बैठा हूं। इसलिए किसी संसदीय प्रणाली में इन बातों को कहने की आवश्यकता नहीं होती है। यदि हम संसद शीर्ष और संप्रभु विधानमंडल को प्रदर्शनकारी मंच में बदल देते हैं, तो आपको क्या लगता है कि किसी भी व्यक्ति को इस देश की प्रणाली में विश्वास होगा? आप मुझे 14वीं लोक सभा में इस सत्र तक एक भी सत्र बदला है जो बिना किसी बाधा के चला हो? इसलिए आप हताश है इसलिए अब हमने न केवल चर्चा करने की रणनीति बनाई है, बल्कि हम किसी विषय पर चर्चा करना चाहते हैं जो किसी विशेष नियम, किसी विशेष प्रस्ताव के अधीन चाहते हैं यहां चर्चा महत्वपूर्ण नहीं है चाहे वह स्थगन प्रस्ताव हो या नहीं। इसका बिलकुल स्पष्ट कारण है कि स्थगत के अपने नियम हैं। ये नियम किसी और के द्वारा नहीं बल्कि हमने स्वंय बनाए हैं। अनगिनत बार, मैंने आपको कहा कि इन नियमों को बदल दीजिए। आप मालिक हैं नियम समिति के सदस्य बनिये और नियम को बदल दीजिए। यदि यह एक जीवंत मुद्दा है, जिसे स्थगन प्रस्ताव के अंतर्गत लाया जा सकता है सभा इसी तरह संचालित होगी। सरकार स्थगन प्रस्ताव के संबंध में सदैव अनिच्छुक होती है इसलिए आप न केवल इस लोक सभा के कार्यवादी वृतान्त में पाएगे, बल्कि पंद्रहवीं लोक सभा में भी एक भी स्थगन प्रस्ताव पर आगे चर्चा नहीं की गयी है, जबकि अनगिनत संख्या में स्थगन प्रस्ताव लाए गए हैं। ऐसा नहीं है कि हमेशा बहुमत वाली सरकार रही है लेकिन स्थगन बहुमत वाली सरकार रही है लेकिन स्थगन प्रस्ताव नहीं लाया गया है क्योंकि सदस्यों ने निर्णय लिया है कि यदि हम सरकार को हठाना चाहते है तो हमे सीधे तौर अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से लाना चाहिए न कि स्थगन प्रस्ताव लाकर गोपनीय तरीके से, जब लोग तैयार न हो या सरकार के सामने निदंसा प्रस्ताव लाना चाहते हो। यह नियमों के अनुसार किया जाना चाहिए। यदि नियम इसकी अनुमति प्रदान करता है तो इसमें कोई समस्या नहीं है। इसलिए मेरा यह कहना है कि इम इन मामलें को समझाने का प्रयास कर रहे हैं।

तेल की कीमतों के बारे में किसी ने यह सुझाव दिया कि हम कराधान को क्यों नहीं छोड़ देते हैं। हम तेल क्षेत्र से कितना कर इकट्ठा करते हैं। विभिन्न पेट्रोलियम उत्पादों पर केन्द्र सरकार द्वारा लगाया कर एक साथ लिया गया, हालांकि मैने 5 प्रतिशत उत्पाद शुल्क छोड़ दिया और सीमा शुल्क को घटाकर शुन्य कर दिया तथा जून से लगभग 24,000 करोड़ रुपए का घाटा हुआ और यदि हम वर्ष 2011-12 का उदाहरण ले तो हमने 1,36,000 करोड़ रुपए इकट्ठे किए हैं। सभी 28 राज्य सरकारों ने एक साथ तेल क्षेत्र पर 89.000 करोड रुपए के कर लगाए हैं परंतु 13वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार इस 1,36,000 करोड़ रुपये में से एक तिहाई अर्थात 32 प्रतिशत जो कि लगभग 31,000 करोड़ रूपये की राशि बैठती है उसे राज्यों की अंतरित किया जाएगा और नियम परिणाम यह होगा कि तेल क्षेत्र पर कुल कराधान-1.36.000 करोड़ जमा 89.000 करोड़ रुपये जो 2,25,000, करोड़ रुपए बैठता है उसमें से राज्यों को 1,21,000 करोड़ रुपये मिलेगे और केंद्र को 1,04,000 करोड़ रुपये मिलेगे। क्या आप राज्यों को इसे छोड़ने की अनुमति दे सकते है? हम सब के राज्यों से ही आए है तथा राज्यों से आ रहे हैं।

किसी ने मुझसे पूछा कि हम राज्यों को सलाह क्यो नहीं देते हैं ताकि तेल के मूल्यों में कमी आए। मैं राज्यों को सलाह कैसे दे सकता हूं? राज्यों को समस्त कसे मिलेगा? क्या मैं उन्हे इस 121,000 करोड़ रुपये की राशि की क्षतिपूर्ति करने की स्थिति में हूं। यदि नहीं तो मैं उन्हे सलाह कैसे दे सकता हूं। मुझे बताइए कि तेल के मूल्यों में कमी कैसे लाई जा सकती है। मुझे बताइए कि इस स्थिति से कैसे निपटा जा सकता है। मैं आपके सुझाव स्वीकार करने के लिए तैयार हूं। क्या हमें आप सरकारी क्षेत्र की तेल कंपनियों को बंद कर देना चाहिए? सम्मिलित कच्चे तेल के मूल्यों की वर्तमान दर के साथ 1,32,000 करोड़ रुपये कम रुपए प्रति वर्ष की होगी। 107 डॉलर प्रति बैरल की दर पर 132,000 करोड़ रुपये कर-वसूली होगी। इसलिए आशिंक रूप से इसे राजसहायता के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। राजसहायता देने की आवश्यकता पड़ेगी। परंतु हमने कई बार कहा है कि इस सभा में चर्चा और वाद-विवाद करने और ठोस सुझाव देने चाहिए।

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): कालेधन को वापस लाइए।

श्री प्रणब मुखर्जीः जब हम काले धन के मुद्दे पर चर्चा करेगे तो मैं उत्तर दूंगा? चिंता मत कीजिए।

इसलिए, यदि हम वास्तव में राजसहायता की समस्या का निवारण करना चाहते है तो हम एकजुट होकर यह क्यों नहीं पता लगाते हैं कि राजसहायता किन कतिपय क्षेत्रों को दी जा सकती है। हम राज सहायता की मांग क्यों कर रहे हैं। कुछ अन्य भी ब्याज माफी की मांग करेंगे हम कहीं राजसहायता की मांग करेंगे? तब विकास संसाधन कहां से आयेंगे? अन्य महत्वपूर्ण कार्यों हेतु खर्च की राशि कहां से आएगी? कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन पर मैं चाहता हूं कि संसद सामूहिक

रूप से निर्णय ले हमारे पास मंच है। स्थायी समिति सिफारिशों कर सकती है और सुझाव दे सकती है अन्य मंच भी हैं।

अब मैं इस मुद्दे पर आ रहा हूं कि आज उभर रही अंतिम तस्वीर क्या होगी। यदि अंतर्राष्ट्रीय स्थिति अनुकूल हो तो शायद हम अधिक विश्वास के साथ कह सकते थे कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम और राजसहायता उपलब्ध कर सकते हैं और हम मुद्रास्फीति के दबाव के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने हेतु अधिक सहायता प्रदान कर सकते हैं। परंतु मुझे अब आशा है कि यह प्रवृत्ति जारी रहती है और यदि यह वास्तव में सभी न लेकर और उतार-चढ़ाव न होकर खाद्य मुद्रास्फीति कम हो जाएगी। मैं ऐसा किसलिए कह रहा हूं, इसका कारण यह है क्योंकि मैने निरंतर सात सप्ताहों के आंकड़ों पर ध्यान दिया है और इसमें थोड़ी गिरावट आई है।

ऐसे प्रश्न उठा रहे हैं कि सरकार का राजस्व घट रहा है आज, लोक सभा में प्रश्न पूछा गया था और इसके अन्तर में आप पाएंगे कि यह कहा गया है कि अब तक धीमे में विकास के बावजूद सरकार का राजस्व नहीं घट रहा है मुझे नहीं मालूम कि नवंबर, दिसंबर और जनवरी में क्या होगा मैं कोई ज्योतिषी नहीं हूं परंतु अब तक प्रत्यक्ष कर राजस्व वृद्धि लगभग 22 प्रतिशत है और अप्रत्यक्ष कर इससे थोड़ा कम है। परंतु प्रत्यक्ष कर के संबंध में मेरा विचार है कि हमने सही निर्णय लिए हैं।

हमारी निवल राशि कम हो गई है, क्योंकि हमने पहले ही प्रतिदान आरम्भ कर दिया है। विभिन्न संसदीय समितियों ने यह कहा है और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने भी सिफारिशें की है किः

> आयकर कर्मचारी अजीब है। आप हमसे कर वसूल करते हैं परंतु जो आपको देय नहीं है उसे लौटाया जाना चाहिए, अन्य उसे अनावश्यक रूप से रोक रहे हैं और मुझे मेरी धन राशि से वंचित कर रहे हैं जिसे मैने आयकर के रूप में आपको पूरे विश्वास के साथ दिया है। परंतु यह आपको देय नहीं है। क्योंकि मेरा कर बहुत कम है।

इसलिए मैने निर्णय किया है कि हम प्रतिदान पहले देंगे। इसके परिणामस्वरूप स्वंय गत वर्ष हमनें इस अवधि के दौरान लगभग 27,000 करोड़ रुपये अप्रत्यक्ष करों का प्रतिदान दिया। इस वर्ष हमने 68,000 करोड़ रुपये देना और हमने इस पहले ही देने का निर्णय लिया है इससे मेरे लिए नकदी प्रबंधन की थोड़ी समस्या उत्पन्न हुई और मुझे कुछ धनराशि उधार लेनी पड़ी।

श्रीमती सुषमा स्वराज ने यह प्रश्न पूछा था आज आपने बाजार से 53000 करोड़ रुपये क्यों उधार किए हैं? इसका बड़ा कारण यह है कि यदि मैंने बड़ी मात्रा में दाताओं की अनदेखी कर के धनराशि रखी होती तो मुझे बाजार में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। परंतु मैं यह करना चाहता था और यह चुकता हो जाएगा परंतु आपने जिस समस्या की आशंका व्यक्त की है यह समस्या उत्पन्न हो सकती है यदि विनिर्माण क्षेत्र में विकास 8 प्रतिशत से 10 प्रतिशत क्षमता 10 से 12 प्रतिशत नहीं होती है। अब यह कम है विनिर्माण क्षेत्र में विकास की आवश्यकता है। यह इससे काफी कम है और इसके लिए हमें आत्मविश्वास जगाना होगा। मेरे विचार से संस्थाओं को कार्य करने और ऐसा अनुकूल महौल बनाना जहां निवेश आ सकें उसके लिए हमें सामूहिक रूप से आत्मविश्वास लाना होगा?

मैं कुछ दोहरा रहा हूं जो मैने पिछले वाद-विवाद में भी कहा था परंतु मेरा विचार है कि इसे दोहराना उचित है श्री यशवंत सिन्हा ने मुझे इंडिया टुडे के मुखपृष्ठ की तस्वीर दिखाई कि कुछ शीर्ष उद्योगपति "गुडबाय इंडिया हेलो वर्ल्ड" कर रहे हैं। अतः मैंने मजाक में कहा कि हम तस्वीर को बदल सकते हैं यदि आप और हम मेरा अर्थ है सभी राजनीतिक दल न कि व्यक्तिगत लोग सामूहिक रूप से कार्य करे और आत्मविश्वास जगायें कि हमारे प्रमुख आर्थिक मामलों पर चाहे हमारे विचारों में कितने ही मतभेद हों जिससे देश को लाभ होगा हम एक साथ कार्य करेंगे और आप देखेंगे कि आत्म विश्वास वापस आएगा और वही कहेंगे "टाटा वर्ल्ड होम स्वीट होगा" और वे भारत वापस आएंगे।

जी हां, मुद्रास्फीति का दबाव है। हम 25 प्रतिशत की मुद्रा स्फीति दर से निपट पाए थे। जब डाक्टर साहब ने वर्ष 1919 में पहली बार वित्तमंत्री के रूप में कार्यभर संभाला तो उन्हें पता था कि उस समय कितनी खराब स्थिति थी। तथापि हम राष्ट्र के सामूहिक दृढ़ निश्चय और सभी के सहयोग से इस से निकल सके। हां 1.2 बिलियन जनता का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं जो निर्वाचित नेता है द्वारा ज्यादा इस पर बात पर निर्भर रहता है कि हम इस स्थिति से तथा उत्पन्न संकट से निपटने के लिये क्या करेंगे और देश को इस स्थिति से बाहर कैसे निकाल पायेंगे।

अध्यक्ष महोदया इन शब्दों के साथ मैं समाप्त करता हूं और सभी माननीय सदस्यों का धन्यवाद देता हूं।

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदयाः अब हम शून्यकाल शुरू करेंगे।

[हिन्दी]

श्रीमती सुषमा स्वराज (विदिशा): अध्यक्ष महोदया, मैंने कल डिबेट शुरू की थी। आप मुझे बोलने दें, मंत्री यहां बैठे हैं।

अध्यक्ष महोदया: हां, आप बोलिये।

श्रीमती सुषमा स्वराज: मैं यह कह रही थी कि कल जिस समय मैं बोल रही थी तो ...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया: आप लोग बैंठ जाइये, लीडर ऑफ अपोजीशन बोल रही हैं।

श्रीमती सुषमा स्वराज: कल जिस समय मैं बोल रही थी तो प्रणव ने कहा कि मैं यही भाषण बार-बार सुन चुका हूं। ... *(व्यवधान)*

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): हम वित्त मंत्री जी के उत्तर से सन्तुष्ट नही हैं, इसलिए हम सदन वाक-आउट कर रहे हैं।

अपराह्न 12.56 बजे

तत्पश्चात श्री शैलेन्द्र कुमार और कुछ अन्य माननीय सदस्य सभा से बाहर चले गए।

[अनुवाद]

श्री बसुदेव आचार्य (बांकुरा): सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सार्वभौमिकरण मामले पर विरोध दर्ज करते हुये हम सभा से वहिगर्मन करते हैं।

अपराह्न $12.56^1/_2$ बजे

इस समय श्री बसुदवे आचार्य, श्री गुरूदास दासगुप्त और कुछ अन्य माननीय सदस्य सभा भवन से बाहर चले गए।

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया: कृपया अपना स्थान ग्रहण कर लें। नेता प्रतिपक्ष बोल रही हैं।

...*(व्यवधान)*

डॉ. प्रसन्न कुमार पाटसाणी (भुवनेश्वर): महोदया हम विरोध में सभा से बहिर्गमन कर रहे हैं।

अपराह्न 12.57 बजे

इस समय डॉ. प्रसन्न कुमार पाटसाणी और कुछ अन्य माननीय सदस्य सभा भवन से बाहर चले गए।

...*(व्यवधान)*

[हिन्दी]

श्रीमती सुषमा स्वराज: कल जिस समय मैं बोल रही थी तो प्रणव दा ने कहा कि मैं यही भाषण बार-बार सुन चुका हूं तो हमें आज यह उम्मीद थी कि प्रणव दा अपने उत्तर में कुछ नई बात कहेंगे, तरोताजा बात कहेंगे और आम आदमी को राहत देने वाली बात कहेंगे। लेकिन मुझे इस बात का दुख है कि उन्होंने अपना वही बासी, ऊबाऊ और पुराना भाषण दे डाला, वही घिसे-पिटे तर्क दिये, ग्रोथ और इंफ्लेशन की वही उलझी हुई कहानी दोबारा कह दी। आम आदमी को उनके आज के भाषण से कोई राहत नही मिली, इसलिए असन्तुष्ट होकर हम सदन का बहिष्कार करते हैं।

अपराह्न 12.58 बजे

तत्पश्चात् श्रीमती सुषमा स्वराज और कुछ अन्य माननीय सदस्य सभा से बाहर चले गये।

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदयाः श्री मिथिलेश कुमार-उपस्थित नहीं

डॉ. संजीव गणेश नाईक उपस्थित नहीं

श्री एस. एस. रामा सुब्बू

...*(व्यवधान)*

श्री एस. एस. रामासुब्बू (तिरूनेलवेली): मै शून्य काल के दौरान अवलिम्बनीय लोक महत्व का निम्नलिखित मामला उठाना चाहता हूं .... *(व्यवधान)*

[हिन्दी]

अध्यक्ष महोदया: अभी शून्य प्रहर शुरू हो गया है।

....*(व्यवधान)*

श्री मिथिलेश कुमार (शाहजहांपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं शून्य काल में अपनी संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर की महत्वपूर्ण बात उठाना चाहता हूं। ...*(व्यवधान)* मैं बोल रहा हूं। मैं अपनी सीट पर हूं। ...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया: कृपया बैठ जाइये।

...*(व्यवधान)*

[अनुवाद]

श्री अनंत कुमार (बंगलौर दक्षिण): महोदया, हमने श्री एस.एम. कृष्णा के मुद्दे को उठाया है। श्री एस.एस कृष्णा के विरुद्ध एक प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है ...*(व्यवधान)* हमने मूल्य वृद्धि के मामले पर सभा से बहिर्गमन किया। माननीय प्रधानमंत्री यहां हैं। हम मांग करते है कि विदेश मंत्री ....*(व्यवधान)*

[हिन्दी]

अध्यक्ष महोदया: कृपया बैठ जाइये।

...*(व्यवधान)*

अपराह्न $12.58^1/_2$ बजे

इस समय श्री शिवकुमार उदासी और कुछ अन्य माननीय सदस्य आगे आए और सभा-पटल के पास आकर खड़े हो गए।

...*(व्यवधान)*

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: कार्यवाही वृत्तांत में कुछ भी सम्मिलित नहीं किया जाएगा और केवल श्री एस.एस. रामासुब्बू का वक्तव्य कार्यवाही वृतांत में सम्मिलित किया जाएगा।

...*(व्यवधान)**

[हिन्दी]

अध्यक्ष महोदया: आप जीरो ऑवर चलने दीजिए।

....*(व्यवधान)*

[अनुवाद]

श्री एस.एस. रामासुब्बू: महोदया, किसानों तक पहुंचते-पहुंचते डीएपी और एम ओ पी का मूल्य पिछले दो तिमाहियों में लगभग 50 प्रतिशत बढ़ गया क्योंकि रुपए के मूल्य में कमी के कारण फास्फोरिक एपिड जो एक मुख्य कच्चा माल है की कीमतों में वृद्धि हो गयी है। इसकी कीमत जो पहली तिमाही में 12500 रुपए प्रति टन थी अब तेजी से बढ़कर 18000 रुपए से 19000 रुपए प्रति टन हो गया है फॉस्फारिक एपिड की कीमतें जो चालू वित्त वर्ष में 980 मूल्य डॉलर प्रति टन थी बढ़कर 1080 यू एस डॉलर प्रति टन हो गयी। सामान्यतः डी ए पी, एम ओ पी और मिश्रित उर्वरकों की कीमत पिछले वर्ष की कीमतों की तुलना में दुगुनी हो गयी है।कार्यवाही वृत्तांत में सम्मिलित नहीं किया गया।

*कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।

अपराह्न 1.00 बजे

तथापि अधिक कीमतों से मांग में कोई कमी नहीं आयी है और किसनों के पास उच्च कीमतों पर खरीद के अलावा कोई विकल्प नहीं रहता। मांग में यह तेजी जारी रहेगी परंतु आपूर्ति कम ही रहेगी। यद्यपि गैर-यूरिया उर्वरकों के बिक्री की मात्रा में कमी आयी है इसका कारण मुख्यतः आपूर्ति की कमी बतायी गयी है। किसानों की मुख्य चिंता यह है कि इन बढ़ी हुई कीमतों पर भी उर्वरक आसानी से उपलब्ध नहीं है। इस वर्ष के दौरान पर्याप्त मानसून भी किसानों को खुशी नहीं दे पाया क्योंकि उन्हें डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डी ए पी), पोटाश (एम ओ पी) और अन्य मिश्रित उर्वरकों के लिए अधिक कीमत अदा करने के लिए बाध्य होना पड़ा है. ...*(व्यवधान)*

[हिन्दी]

अध्यक्ष महोदया: बैठ जाइए।

....*(व्यवधान)*

[अनुवाद]

श्री एस.एस. रामासुब्बू: मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि वह डीएपी तथा अन्य उर्वरकों की कीमतों में तेजी से वृद्धि को रोकना और किसान समुदाय जो खाद्य सामग्री का उत्पाद करने में हमारे देश की बुनियाद है के संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाए ...*(व्यवधान)*

[हिन्दी]

अध्यक्ष महोदया: आपकी बात पूरी हो गई है, अब बैठ जाइए।

....*(व्यवधान)*

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: श्री पी. टी. थॉमस को श्री एस.एस. रामासुब्बू द्वारा उठाए गए मुद्दे के साथ संबद्ध होने की अनुमति दी जाती है।

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया: सभा सोमवार 12 दिसम्बर, 2011 को पूर्वाह्न 11 बजे पुनः समवेत होने के लिए स्थगित की होती है।

अपराह्न 01.01 बजे

तत्पश्चात लोक सभा सोमवार, 12 दिसम्बर, 2011/21 अग्रहायण, 1933 (शक) को पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित हुई।

अनुबंध I

तारांकित प्रश्नों की सदस्य-वार अनुक्रमणिका

क्र.सं.	सदस्य का नाम	तारांकित प्रश्न संख्या
1	2	3
1.	श्री एन. चेलुवरया स्वामी	221
2.	श्री गोरखनाथ पाण्डेय श्री वैजयंत पांडा	222
3.	श्री अधलराव पाटील शिवाजी श्री धमेन्द्र यादव	223
4.	श्री अंजनकुमार एम. यादव श्री पी.आर. नटराजन	224
5.	डॉ. मुरली मनोहर जोशी श्री अर्जुन राय	225
6.	श्रीमती मेनका गांधी श्री हरिन पाठक	226
7.	श्री लालूभाई बाबूभाई पटेल	227
8.	डॉ. राजन सुशान्त	228
9.	श्री रूद्रमाधव राय श्री बृजभूषण शरण सिंह	229
10.	श्रीमती सुमित्रा महाजन	230
11.	श्री के. सुगुमार	231
12.	श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी	232
13.	श्री जोसेफ टोप्पो	233
14.	श्रीमती अन्नू टन्डन	234
15.	श्री पी. कुमार श्री अशोक तंवर	235
16.	श्री विलास मुत्तेमवार	236
17.	श्री हंसराज गं. अहीर श्री रमेश बैस	237
18.	श्री मनीष तिवारी	238
19.	श्री आनंदराव अडसुल श्री गजानन ध. बाबर	239
20.	श्री संजय सिंह चौहान श्री विजय बहादुर सिंह	240

आतारांकित प्रश्नों की सदस्य-वार अनुक्रमणिका

क्र.सं.	सदस्य का नाम	प्रश्न संख्या
1	2	3
1.	श्री ए.के.एन. विजयन	2564
2.	श्री अधलराव पाटील शिवाजी	2694, 2760
3.	श्री आधि शंकर	2552
4.	श्री आनंदराव अडसुल	2694, 2760
5.	श्री जय प्रकाश अग्रवाल	2537, 2711, 2730
6.	श्री हंसराज गं. अहीर	2702
7.	श्री बदरूद्दीन अजमल	2569
8.	डॉ. रतन सिंह अजनाला	2711
9.	श्री अनंत कुमार हेगड़े	2696
10.	श्री सुरेश अंगड़ी	2641
11.	श्री घनश्याम अनुरागी	2586, 2645
12.	श्री अशोक अर्गल	2616
13.	श्री जयवंत गंगाराम आवले	2598
14.	श्री गजानन ध. बाबर	2694, 2760
15.	श्रीमती हरसिमरत कौर बादल	2572, 2588, 2628
16.	श्री रमेश बैस	2686
17.	श्री कामेश्वर बैठा	2600, 2716
18.	श्री प्रताप सिंह बाजवा	2539, 2695, 2731, 2755

1	2	3
19.	श्री अम्बिका बनर्जी	2610
20.	डॉ. शफीुर्रहमान बर्क	2715
21.	श्री कुंवरजीभाई मोहनभाई बावलिया	2661, 2708, 2714
22.	श्री अवतार सिंह भडाना	2646, 2695
23.	श्री ताराचन्द्र भगोरा	2583, 2751
24.	श्री संजय भोई	2696, 2699, 2700, 2701
25.	श्री उदयनराजे भोंसले	2697
26.	श्री समीर भुजवल	2574
27.	श्री पी.के बिजू	2714, 2722, 2736
28.	श्री भजन लाल	2580
29.	श्रीमती बोचा झांसी लक्ष्मी	2595, 2695
30.	श्री सी. शिवारामी	2550, 2690, 2697
31.	श्री हरीश चौधरी	2608
32.	श्री महेन्द्रसिंह पी.चौहाण	2694, 2708, 2714
33.	श्री दारा सिंह चौहान	2555
34.	श्री हरिश्चंद्र चव्हाण	2581
35.	श्री भूदेव चौधरी	2702
36.	श्रीमती श्रुति चौधरी	2575, 2609
37.	श्री अधीर चौधरी	2604
38.	श्री खगेन दास	2619, 2621
39.	श्री गुरूदास दासगुप्त	2616, 2696
40.	श्रीमती जे. हेलेन डेविडसन	2622
41.	श्री कालीकेश नारायण सिंह देव	2717
42.	श्रीमती रमा देवी	2659, 2679, 2696, 2703
43.	श्री के.पी. धनपालन	2599, 2655, 2759

1	2	3
44.	श्री सजय धोत्रे	2612, 2703
45.	श्री आर. ध्रुवनारायण	2573, 2694, 2707, 2746, 2754
46.	श्रीमती ज्योति धुर्वे	2558, 2658, 2740
47.	श्री निशिकांत दुबे	2653
48.	श्री गणेशराव नागोराव दूधगांवकर	2588, 2620
49.	श्री निनोंग ईरिंग	2668
50.	श्री पी.सी. गद्दीगौदर	2655, 2713
51.	श्री एकनाथ महोदव गायकवाड	2696, 2699, 2700, 2701
52.	श्रीमती मेनका गांधी	2735
53.	श्री वरूण गांधी	2594, 2610
54.	श्री दिलीप कुमार मनसुखलाल गांधी	2631, 2696
55.	श्री ए. गणेशमूर्ति	2635
56.	श्री माणिकराव होडल्या गावित	2628, 2636, 2715
57.	श्री एल. राज गोपाल	2607, 2644
58.	श्री शिवराम गौडा	2680, 2712
59.	श्री डी. बी. चन्द्रे गौडा	2640, 2683
60.	श्री महेश्वर हजारी	2537, 2705, 2709
61.	श्री सैयद शाहनवाज हुसैन	2560
62.	श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव	2659, 2679, 2704
63.	श्री बलीराम जाधव	2567, 2691, 2700
64.	श्री गोरख प्रसाद जायसवाल	2588, 2605, 2723
65.	श्री बद्रीराम जाखड़	2719
66.	श्रीमती दर्शना जरदोश	2694, 2708
67.	श्री हरिभाऊ जावले	2676

1	2	3
68.	श्रीमती जयाप्रदा	2596
69.	श्री नवीन जिन्दल	2559, 2597, 2612, 2697
70.	श्री महेश जोशी	2605, 2726
71.	श्री प्रहलाद जोशी	2570, 2713
72.	श्री दिलीप सिंह जूदेव	2571
73.	श्री पी. करूणाकरन	2601, 2709, 2710
74.	श्री कपिल मुनि करवारिया	2660
75.	श्री वीरेन्द्र कश्यप	2547
76.	श्री लाल चंद्र करवारिया	2611, 2696
77.	श्री नलिन कुमार कटील	2609
78.	श्री रमेश विश्वनाथ	2607
79.	श्री कौशलेन्द्र कुमार	2649
80.	श्री चंद्रकांत खैरे	2678, 2696
81.	डॉ. क्रुपारानी किल्ली	2585, 2707
82.	डॉ. किरोड़ी लाल मीणा	2623, 2633
83.	श्री कमल किशोर 'कमांडो'	2634
84.	श्री मातोरराव सैनुजी कोवासे	2542, 2671, 2732
85.	श्री मिथिलेस कुमार	2667
86.	श्री विश्व मोहन कुमार	2656
87.	श्री पी. कुमार	2696
88.	श्री यशंवत लागुरी	2643
89.	श्री विक्रमभाई अर्जनभाई मादम	2576, 2694, 2707, 2708, 2748
90.	श्रीमती सुमित्रा महाजन	2724
91.	श्री सतपाल महाराज	2633
92.	श्री नरहरि महतो	2718

1	2	3
93.	श्री प्रदीप माझी	2602, 2610, 2630
94.	श्री प्रशान्त कुमार मजूमदार	2609, 2710
95.	श्री मंगनी लाल मंडल	2703, 2711
96.	श्री जोस के. मणि	2687
97.	श्री हरि मांझी	2617
98.	श्रीमती इन्ग्रिड मैक्लोड	2681, 2725
99.	श्री रघुवीर सिंह मीणा	2662
100.	श्री दत्ता मेघे	2589, 2611
101.	श्री अर्जुन राम मेघवाल	2553, 2611, 2617, 2696, 2720
102.	श्री महाबल मिश्रा	2663, 2718
103.	श्री गोविन्द प्रसाद मिश्रा	2642
104.	श्री पिनाकी मिश्र	2655, 2717
105.	श्री पी.सी. मोहन	2647
106.	श्री गोपीनाथ मुंडे	2686
107.	श्री विलास मुत्तेमवार	2696
108.	श्री सुरेन्द्र सिंह नागर	2712
109.	श्री श्रीपाद येसो नाईक	2610
110.	डॉ. संजीव गणेश नाईक	2654, 2706, 2669
111.	श्री जफर अली नकवी	2628
112.	श्री नारनभाई कछाड़िया	2554, 2708, 2737
113.	श्री सोनवणे प्रताप नारायणराव	2613
114.	कुमारी मीनाक्षी नटराजन	2626, 2628, 2666
115.	श्री संजय निरूपम	2671
116.	श्री असादूदीन ओवेसी	2548, 2658, 2695, 2697
117.	श्री पी. आर. नटराजन	2754

1	2	3
118.	श्री वैजयंत पांडा	2693, 2705
119.	श्री प्रबोध पांडा	2616, 2658, 2696
120.	श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय	2650, 2716,
121.	कुमारी सरोज पाण्डेय	2565, 2742
122.	श्री गोरखनाथ पाण्डेय	2744
123.	डॉ. विनय कुमार पाण्डेय	2632
124.	श्री आनंद प्रकाश परांजपे	2696, 2699, 2700, 2701
125.	श्री देवराज सिंह पटेल	2639
126.	श्री देवजी एम. पटेल	2549
127.	श्रीमती जयश्रीबेन पटेल	2563
128.	श्री बाल कुमार पटेल	2674
129.	श्री किसनभाई वी. पटेल	2602, 2610, 2630
130.	श्री संजय दिना पाटील	2614, 2706, 2669
131.	श्री ए.टी. नाना पाटील	2557, 2739
132.	श्रीमती भावना पाटील गवली	2588
133.	श्री सी.आर.पाटिल	2652, 2695, 2714
134.	श्री भास्करराव बापूराव पाटील खतगांवकर	2696, 2699, 2700, 2701
135.	डा. पद्मसिंह बाजीराव पाटील	2691
136.	श्रीमती कमला देवी पटले	2719
137.	श्री पोन्नम प्रभाकर	2533, 2729
138.	श्री नित्यानंद प्रधान	2693, 2705
139.	श्री प्रेमदास	2597
140.	श्री पन्ना लाल पुनिया	2541, 2705
141.	श्री एम.के. राघवन	2611
142.	श्री बी. वाई. राघवेन्द्र	2712

1	2	3
143.	श्री अब्दुल रहमान	2640, 2670, 2683, 2720
144.	श्री रमाशंकर राजभर	2645
145.	श्री सी. राजेन्द्रन	2625
146.	श्री एम.बी. राजेश	2593
147.	श्री पूर्णमासी राम	2590, 2756
148.	श्री रामकिशुन	2649
149.	श्री जगदीश सिंह राणा	2545, 2610
150.	श्री रायापति सांबासिवा राव	2556, 2694, 2697
151.	श्री जे.एम.आरून रशीद	2616, 2695
152.	श्री रामसिंह राठवा	2688
153.	श्री अशोक कुमार रावत	2544, 2733
154.	श्री अर्जुन राय	2692, 2696
155.	श्री विष्णु पद राय	2579, 2749
156.	श्री रूद्र माधव राय	2694, 2696, 2755
157.	श्री गुथा सुखेन्द्र रेड्डी	2683
158.	श्री एम. श्रीनिवासुलु रेड्डी	2536, 2707, 2728
159.	श्री के.जे.एस.पी. रेड्डी	2531, 2704, 2727
160.	श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी	2674, 2694, 2745
161.	श्री नृपेन्द्र नाथ राय	2718
162.	श्री एस. अलागिरी	2926, 2703, 2721
163.	श्री एस. सेम्मलई	2592
164.	श्री एस. पक्कीरप्पा	2578
165.	श्री एस.आर. जेयदुरई	2627, 2697,
166.	श्री एस.एस. रामासुब्बू	2551, 2758
167.	श्री चन्दू लाल साहू	2720
168.	श्री ए. संपत	2657

1	2	3
169.	श्रीमती सुशीला सरोज	2537, 2709
170.	श्री हमदुल्लाह सईद	2566
171.	श्री अर्जुन चरण सेठी	2624
172.	श्री एम. आई. शानवास	2664
173.	श्रीमती जे. शांता	2534, 2553, 2753
174.	डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा	2696, 2712
175.	श्री नीरज शेखर	2596, 2629, 2694
176.	श्री सुरेश कुमार शेटकर	2540, 2704
177.	श्री जे.एम. सिद्देश्वर	2532, 2587, 2712
178.	डा. भोला सिंह	2618
179.	श्री भूपेन्द्र सिंह	2582, 2709, 2719, 2724, 2750
180.	श्री दुष्यंत सिंह	2615, 2760
181.	श्री जगदानंद सिंह	2600, 2694
182.	श्री के.सी. सिंह 'बाबा'	2689
183.	श्रीमती मीना सिंह	2704
184.	श्री पशुपति नाथ सिंह	2605, 2684, 2726
185.	श्री राधा मोहन सिंह	2651, 2712
186.	डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह	2682
187.	श्री यशवीर सिंह	2546, 2611
188.	श्री सुशील कुमार सिंह	2543, 2605, 2757
189.	श्री उदय सिंह	2584, 2656, 2752
190.	श्री यशवीर सिंह	2596, 2629, 2694
191.	श्री धनंजय सिंह	2698
192.	श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह	2637
193.	राजकुमारी रत्ना सिंह	2675, 2721
194.	श्री उदय प्रताप सिंह	2696
195.	डॉ. संजय सिंह	2608, 2638
196.	श्री राजय्या सिरिसिल्ला	2697, 2704
197.	डा. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी	2619, 2628, 2708
198.	श्री मकनसिंह सोलंकी	2603, 2610, 2702, 2709
199.	श्री के. सुधाकरण	2658
200.	श्री ई.जी. सुगावनम	2532, 2747
201.	श्री के. सुगुमार	2695, 2700, 2738
202.	श्रीमती सुप्रिया सुले	2654, 2669, 2706
203.	श्री कोडिकुन्नील सुरेश	2535
204.	श्री एन. चेलुवरया स्वामी	2741
205.	श्री मानिक टैगोर	2591, 2635, 2655, 2724
206.	श्रीमती अन्नू टन्डन	2734
207.	श्री मनीष तिवारी	2697
208.	श्री जगदीश ठाकोर	2538, 2611, 2707
209.	श्री अनुराग सिंह ठाकोर	2547, 2677, 2697
210.	श्री आर. थामराई सेलवन	2562, 2672
211.	डॉ. एम. तम्बिदुरई	2697
212.	श्री पी.टी. थॉमस	2606, 2681
213.	श्री मनोहर तिरकी	2609, 2698
214.	श्री नरेन्द्र सिंह तोमर	2707
215.	श्री लक्ष्मण टुडु	2577, 2638
216.	श्रीमती सीमा उपाध्याय	2537, 2705, 2709
217.	श्री मनसुखभाई	2588, 2605, 2643, 2704

1	2	3
218.	डॉ. पी. वेणुगोपाल	2672, 2694
219.	श्री सज्जन वर्मा	2561, 2719
220.	श्रीमती ऊषा वर्मा	2537, 2705, 2709
221.	श्री वीरेन्द्र कुमार	2685
222.	श्री अदगुरू एच विश्वनाथ	2673
223.	श्री पी. विश्वनाथन	2665
224.	श्री भाउसाहेब राजाराम वाकचौरे	2648
225.	श्री सुभाष बापूराव वानखेड़े	2711

1	2	3
226.	श्री अजंन कुमार एम. यादव	2723
227.	श्री धर्मेन्द्र यादव	2553, 2694, 2760
228.	श्री दिनेश चन्द्र यादव	2637, 2692
229.	श्री ओम प्रकाश यादव	2722
230.	प्रो.रंजन प्रसाद यादव	2626
231.	श्री अरूण यादव	2690
232.	श्री हुक्मदेव नारायण यादव	2568, 2723, 2743
233.	योगी आदित्यनाथ	2629, 2654, 2679

अनुबंध II

तारांकित प्रश्नों की मंत्रालय-वार अनुक्रमणिका

वित्त	:	224, 228, 229, 232
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण	:	222, 231, 235, 236, 237, 238, 239, 240
खान	:	
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा	:	
पंचायती राज	:	
विद्युत	:	221, 230
पर्यटन	:	226, 227, 233
जनजातीय कार्य	:	234
महिला और बाल विकास	:	223, 225

अतारांकित प्रश्नों की मंत्रालय-वार अनुक्रमणिका

वित्त	:	2537, 2539, 2540, 2544, 2547, 2548, 2550, 2551, 2552, 2555, 2561, 2568, 2569, 2572, 2573, 2575, 2580, 2584, 2587, 2593, 2595, 2597, 2602, 2604, 2605, 2607, 2608, 2616, 2617, 2620, 2625, 2629, 2631, 2636, 2637, 2641, 2651, 2658, 2659, 2662, 2671, 2675, 2680, 2683, 2684, 2685, 2686, 2689, 2691, 2692, 2693, 2695, 2696, 2697, 2698, 2700, 2701, 2702, 2704, 2709, 2710, 2711, 2712, 2717, 2718, 2720, 2722, 2723, 2726, 2727, 2740, 2741, 2745, 2746, 2751, 2753, 2757,
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण	:	2532, 2533, 2538, 2543, 2557, 2559, 2561, 2562, 2563, 2566, 2574, 2578, 2582, 2586, 2588, 2589, 2590, 2596, 2598, 2599, 2606, 2610, 2611, 2612, 2613, 2618, 2619, 2621, 2626, 2628, 2632, 2633, 2634, 2638, 2640, 2645, 2649, 2650, 2654, 2657, 2660, 2661, 2665, 2666, 2667, 2669, 2672, 2674, 2676, 2679, 2690, 2694, 2713, 2714, 2715, 2721, 2725, 2730, 2731, 2735, 2737, 2738, 2739, 2743, 2747, 2750, 2755, 2756, 2758, 2759, 2760
खान	:	2591, 2592, 2630, 2639, 2681,2733,
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा	:	2531, 2546, 2549, 2623, 2647, 2652, 2706, 2707, 2716, 2728, 2732, 2734
पंचायती राज	:	2541, 2568
विद्युत	:	2553, 2556, 2564, 2583, 2603, 2614, 2624, 2642, 2646, 2653, 2668, 2682, 2687, 2699, 2703, 2705, 2729, 2752
पर्यटन	:	2535, 2545, 2565, 2609, 2615, 2663, 2677, 2708
जनजातीय कार्य	:	2536, 2554, 2558, 2571, 2577, 2579, 2581, 2600, 2622, 2643, 2644, 2648, 2664, 2673, 2688, 2719, 2736, 2744, 2748, 2749,
महिला और बाल विकास	:	2534, 2542, 2570, 2576, 2585, 2594, 2601, 2627, 2635, 2655, 2656, 2670, 2678, 2724, 2742, 2754

इंटरनेट

लोक सभा की सत्रावधि के प्रत्येक दिन के वाद-विवाद का मूल संस्करण भारतीय संसद की निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध है:

http://www.parliamentofindia.nic.in

लोक सभा की कार्यवाही का सीधा प्रसारण

लोक सभा की संपूर्ण कार्यवाही का लोक सभा टी.वी. चैनल पर सीधा प्रसारण किया जाता है। यह प्रसारण सत्रावधि में प्रतिदिन प्रात: 11.00 बजे लोक सभा की कार्यवाही शुरू होने से लेकर उस दिन की सभा समाप्त होने तक होता है।

लोक सभा वाद-विवाद बिक्री के लिए उपलब्ध

लोक सभा वाद-विवाद के मूल संस्करण, हिन्दी संस्करण और अंग्रेजी संस्करण की प्रतियां तथा संसद के अन्य प्रकाशन, विक्रय फलक, संसद भवन, नई दिल्ली-110001 पर बिक्री हेतु उपलब्ध हैं।

पी.एल.एस.–48/21/12/2011 (एन.)
230

© 2011 प्रतिलिप्याधिकार लोक सभा सचिवालय

लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमों (तेरहवां संस्करण) के नियम 379 और 382 के अंतर्गत प्रकाशित और अनुपम आर्ट प्रिंटर्स, नई दिल्ली द्वारा मुद्रित।